जिस नामके आदिमें संयुक्त अक्षर हो उसका आदि वर्ण ग्रहण करके ही राशि विचार करना चाहिये जैसेः ज्ञानचन्द नाम के आदि 'ज्ञ' शब्दकी उत्पत्ति पाणिनी व्याकरण भाषासूत्र के अनुसार (ज ञ क्षः) ज+ञ से यह अक्षर बना है, इसलिये ज्ञान का नक्षत्र उ.षा. तृतीय चरण व मकर राशि होती है। इसी प्रकार क्ष (क,ष संयोगवाद् क्षः) होने से क्षेमचन्द की राशि मिथुन व मृग. का तीसरा चरण होगा। (त+र र्क्षः) बराबर 'त्र' अक्षर है, इसलिये त्रिलोकचन्द की राशि तुला और नक्षत्र विशाखा होगा। (द व् इ का) द्वारिक में दकार ही प्रधान है अतः राशि कुम्भ और नक्षत्र पू.भा. होगा। द्रौपती, प्रियकान्त, प्रेमदत्त क्षेत्रपाल आदि में व्यवहितमध्य अक्षर को छोड़कर स्वर सहित आद्याक्षर से ही नक्षत्र माननीय होगा। इनमें क्रमशः द, पी, प, क की प्रधानता है। द्रुपदकुमारका उभा. नक्षत्र चरण १और मीन राशि है। **नोट-** अ,व,क,ह, डा चक्रमें कुछ और भी अक्षर ऐसे है, जिन पर नाम नहीं रखा जा सकता। जैसे (थ) पर लड़कीका नाम क्या रक्खें? इस परिस्थितिमें ज्योतिषी स्वतन्त्र चिन्तनकर नाम आगे पीछे के अक्षर पर रख सकता है, ध्यान रहे नक्षत्र व राशि पृथक् न हो जाय।

अवकहडाचक्र		राशिस्वामिवर्णवश्यादिज्ञानायचक्रम्									मासतिथ्यादिघातज्ञानायचक्रम्										नक्षत्राणांस्वामिस्वरूपादिज्ञानम्				
नक्षत्र	चरणाक्षर	राशि	स्वामी	वर्ण	वश्य	योनि	गण	नाड़ी	युञ्जा	हंसक	मा.	ति.	वार	नक्षत्र	योग	करण	प्र.	पुरुष	स्त्री	लग्न	स्वामि	स्वरूप	संज्ञा	मुखं	घ उ
अश्विनी	चू चे चो ला					अश्व	देव	आदि		तत्व		१						घात	घात		अश्विनीकु.	घोड़ा	क्षिप्र लघु	तिर्यक्	५०
भरणी	ली लू ले लो	मेष	मंगल	क्षत्रिय	चतुष्पद	गज	मनुष्य	मध्य	पूर्व		कार्तिक	६	रवि	मघा	विष्कुंभ	बव	१	चन्द्र	चन्द्र	१	यम	भग	उग्र क्रूर	अध:	२४
कृत्तिका	अ ० ० ०					मेष	राक्षस	अन्त्य		अग्नि		११						मेष	मेष		अग्नि	छुरी	मिश्र साधा	अध:	३०
कृत्तिका	० इ उ ए					मेष	राक्षस	अन्त्य				५									अग्नि	छुरी	मिश्र साधा	अध:	३०
रोहिणी	ओ वा वि वु	वृष	शुक्र	वैश्य	चतुष्पद	सर्प	मनुष्य	अन्त्य	पूर्व	पृथ्वी.	मार्गशीर्ष	१०	शनि	हस्त	शुक्ल	शकुनि	४	कन्या	धनु	२	ब्रह्मा	गाड़ी	ध्रुव स्थिर	ऊर्ध्व	४०
मृगशिरा	वे वो ० ०					सर्प	देव	मध्य				१५									चन्द्र	हरिण	मृदु मैत्र	तिर्यक्	१४
मृगशिरा	० ० क की					सर्प	देव	मध्य				२									चन्द्र	हरिण	मृदु मैत्र	तिर्यक्	१४
आर्द्रा	कू घ ङ. छ	मिथुन	बुध	शूद्र	मानव	श्वान	मनुष्य	आदि	पूर्व	वायु	आषाढ़	७	सोम	स्वाती	परिघ	कौलव	३	कुम्भ	धनु	४	शिव	मणि	तीक्ष्णदारुण	ऊर्ध्व	२१
पुनर्वसु	के को हा ०					मार्जार	देव	आदि	मध्या			१२									अदिति	मकान	चर चलं	तिर्यक्	३०
पुनर्वसु	० ० ० ही					मार्जार	देव	आदि				२									अदिति	मकान	चर चलं	तिर्यक्	३०
पुष्य	हू हे हो डा	कर्क	चन्द्रमा	विप्र	जलचर	मेष	देव	मध्य	मध्या	जल	पौष	७	बुध	अनुराधा	व्याघात	नाग	१	सिंह	मीन	७	गुरु	बाण	छिप्र लघु	ऊर्ध्व	२०
आश्लेषा	डी डू डे डो					मार्जार	राक्षस	अन्त्य				१२									सर्प	चक्र	तीक्ष दारु	अध:	३२
मघा	मा मी मू मे					मूषक	राक्षस	अन्त्य				३									पितर	घर	उग्र क्रूर	अध:	३०
पूर्वाफाल्गुनी	मो टा टी टू	सिंह	सूर्य	क्षत्रिय	वनचर	मूषक	मनुष्य	मध्य	मध्या	अग्नि	ज्येष्ठ	८	शनि	मूल	धृति	बव	१	मकर	वृश्चिक	१०	भग	मचान	उग्र क्रूर	अध:	२०
उत्तराफाल्गुनी	टे ० ० ०					गौ	मनुष्य	आदि				१३									अर्यमा	शय्या	ध्रुव स्थिर	ऊर्ध्व	१८
उत्तराफाल्गुनी	० टो पा पी					गौ	मनुष्य	आदि				५									अर्यमा	शय्या	ध्रुव स्थिर	ऊर्ध्व	२८
हस्त	पू ष ण ठ	कन्या	बुध	वैश्य	मानव	महिष	देव	आदि	मध्या	पृथ्वी	भाद्रपद	१०	शनि	श्रवण	शूल	कौलव	१	मिथुन	वृश्चिक	१२	रवि	हाथ	क्षिप्र लघु	तिर्यक्	२१
चित्रा	पे पो ० ०					व्याघ्र	राक्षस	मध्य				१५									त्वष्टा	मोती	मृदु मैत्र	तिर्यक्	२०
चित्रा	० ० रा री					व्याघ्र	राक्षस	मध्य				४									त्वष्टा	मोती	मृदु मैत्र	तिर्यक्	२०
स्वाती	रु रे रो ता	तुला	शुक्र	शूद्र	मानव	महिष	देव	अन्त्य	मध्या	वायु	माघ	९	गुरु	शतभिषा	शुक्ल	तैतिल	४	धनु	मीन	६	वायु	मूंगा	चर चल	तिर्यक्	१४
विशाखा	ती तू ते ० ०					व्याघ्र	राक्षस	अन्त्य				१४									इन्द्राग्नि	तोरण	मिश्र साधा	अध:	१४
विशाखा	० ० ० तो					व्याघ्र	राक्षस	अन्त्य	मध्या /			१									इन्द्राग्नि	तोरण	मिश्र साधा	अध:	१४
अनुराधा	ना नी नू ने	वृश्चि.	मंगल	विप्र	कीट	मृग	देव	मध्य		जल	आश्विन	६	शुक्र	रेवती	व्यतिपात	गर	१	वृष	धनु	८	मित्र	भात	मृदु मैत्र	तिर्यक्	१०
ज्येष्ठा	नो या यी यू					मृग	राक्षस	आदि	अन्त्या			११									इन्द्र	कुण्डल	तीक्ष दारु	तिर्यक्	१४
मूल	ये यो भा भी				मानव /	श्वान	राक्षस	आदि				३									राक्षस	सिंहपु.	तीक्ष्णं दारु	अध:	५६
पूर्वाषाढ़ा	धू धा फा ढा	धनु	गुरु	क्षत्रिय		वानर	मनुष्य	मध्य	अन्त्या	अग्नि	श्रावण	८	शुक्र	भरणी	वज्र	तैतिल	१	मीन	कन्या	९	जल	हाथीदां	उग्र क्रूर	अध:	२४
उत्तराषाढ़ा	धे ० ० ०				चतुष्पद	नकुल	मनुष्य	अन्त्य				१३									विश्वेदेव	मचान	ध्रुव स्थिर	ऊर्ध्व	१०
उत्तराषाढ़ा	० भो ज जी				चतुष्पद /	नकुल	मनुष्य	अन्त्य				४									विश्वेदेव	मचान	ध्रुव स्थिर	ऊर्ध्व	१०
श्रवण	खी खू खे खो	मकर	शनि	वैश्य		वानर	देव	अन्त्य	अन्त्या	पृथ्वी	वैशाख	९	मंगल	रोहिणी	वैधृति	शकुनि	४	सिंह	वृश्चिक	११	विष्णु	वामन	चर चल	ऊर्ध्व	१०
धनिष्ठा	गा गी ० ०				जलचर	सिंह	राक्षस	मध्य				१४									वसु	मृदंग	चर चल	ऊर्ध्व	१०
धनिष्ठा	० ० गु गे					सिंह	राक्षस	मध्य				३									वसु	मृदंग	चर चल	ऊर्ध्व	१०
शतभिषा	गो सा सी सु	कुम्भ	शनि	शूद्र	मानव	अश्व	राक्षस	आदि	अन्त्या	वायु	चैत्र	८	गुरु	आर्द्रा	गंड	किंस्तुघ्न	३	धनु	मिथुन	३	वरुण	वृत्त	चर चल	ऊर्ध्व	१८
पूर्वाभाद्रपदा	से सो द ०					सिंह	मनुष्य	आदि				१३									अजपाद	मंच	उग्र क्रूर	अध:	१६
पूर्वाभाद्रपदा	० ० ० दी					सिंह	मनुष्य	आदि	अन्त्या /			५									अजपाद	मंच	उग्र क्रूर	अध:	१६
उत्तराभाद्रपदा	दू थ झ ञ	मीन	गुरु	विप्र	जलचर	गौ	मनुष्य	मध्य		जल	फाल्गुन	१०	शुक्र	आश्ले.	वज्र	चतुष्पाद	४	कुम्भ	कुम्भ	५	अहिर्बुध्न्य	यमल	ध्रुव स्थिर	ऊर्ध्व	२४
रेवती	दे दो चा ची					गज	देव	अन्त्य	पूर्व			१५									पूषा	मृदंग	मृदु मैत्र	तिर्यक्	१०

नामाक्षर तुल्य वर्ग कोष्टक - अपने वर्ग से पंचम शत्रु, चौथा मित्र और तीसरा उदासीन (सम) होता है।

अ इ उ ए ओ १	क ख ग घ ङ २	च छ ज झ ञ ३	ट ठ ड ढ ण ४	त थ द ध न ५	प फ ब भ म ६	य र ल व ७	श ष स ह ८
गरूड़ दिशा पूर्व	मार्जार दि. अग्नेय	सिंह दि. दक्षिण	श्वान दि. नैऋ	सर्प दि. पश्चिम	मूषक दि वायव्य	मृग दि उत्तर	मेढ़ा दि ईशान

कांकिणी-परित्वेन विचार- सर्वप्रथम साधक व साध्यके नाम के प्रथमाक्षर तुल्य वर्ग कोष्टक से वर्ग संख्या स्वामी व दिशा ज्ञातकरलें। प्रत्येक वर्गसे पाँचवां वर्ग उसका बैरी और उस पांचवे वर्गकी दिशाभी उसके लिए नेष्ट होती है। अत: उस (पांचवे) वर्गके अक्षरों से जिसकानाम शुरू होता है, उस नगर ग्राम, व्यक्ति, वस्तु, या दिशासे उसका सम्बन्ध सुखद नहीं रहता; उनकी ओरसे इसको झगड़ा झन्झट अथवा नुकसान या कुछ न कुछ परेशानियाँ उपस्थित होती ही रहती है। अतएव उनसे सम्बंध होनेपर साधकको बहुत सावधानी बर्तनी चाहिए। विस्तारसहित विवरण फलितसे सम्बन्धित ग्रंथोंमे देखें।

जातक प्रकरण

प्राणीमात्र के सभी क्रियाकलाप आयु पर ही निर्भर करते हैं, इसलिए ज्योतिषियोंको सर्वप्रथम आयु का विचारकर लेने के बाद ही अन्य विषयों पर दृष्टि डालनी चाहिए, यद्यपि फलितज्योतिष में आयु निर्धारण की अनेक रीतियां वर्णित हैं, उन सबमें महर्षिजैमिनी प्रोक्त आयुर्दाय गणित पद्धति की सर्वोपरीय मान्यता है।

अथ आयुर्दाय निर्णायक चक्र

दीर्घायु	मध्यमायु	अल्पायु
एक चर राशि में दूसरा चर राशि में	एक द्विस्वभाव राशिमें दूसरा द्विस्वभाव राशिमें	एक स्थिर राशि में दूसरा स्थिर राशि में
एक स्थिर राशि में दूसरा द्विस्वभाव राशिमें	एक चर राशि में दूसरा स्थिर राशि में	एक चर राशि में दूसरा द्विस्वभाव राशिमें

महर्षि जैमिनी के मत से आयुर्दाय के तीन भेद होते हैं। १.दीर्घायु २. मध्यमायु ३.अल्पायु। प्रत्येक का निर्णय भी तीन प्रकार से किया जाता है और प्रत्येक प्रकार में दो-दो अधिनायकों का विचार होता है। यथा-①लग्नेश अष्टमेश②शनि और शशि③लग्न और होरालग्न। प्रत्येक प्रकार के दो-दो अधिनायकों में से दोनों चरराशि में हों, या कोई एक द्विस्वभाव में, दूसरा स्थिर में हो तो जातक की दीर्घायु होती है। यदि दोनों द्विस्वभाव राशि में हो अथवा कोई एक स्थिर राशि में दूसरा चर में हो तो मध्यमायु समझना। यदि दोनों स्थिर राशि अथवा एक चर दूसरा द्विस्वभाव में हो तो जातकी की अल्पायु जाननी चाहिए।

नाम रखने की विधि

प्रथम परिस्थिति- इष्ट दिन पंचांग में दैनिक चान्द्रनक्षत्र का मान इष्ट काल से अधिक हो तो उसी (वर्तमान) नक्षत्र में शिशु का जन्म हुआ है। इस परिस्थिति में प्रथम दिन गत नक्षत्र के घट्यादिमान को ६०घटी में घटा दें। शेष में इष्टकाल जोड़ने पर भयात् (गतर्क्षः) होगा। घटाये हुए अंकों में इष्ट दिन नक्षत्र का घट्यादि मान जोड़ने पर भभोग (सर्वक्षः) यानि नक्षत्र का कुलमान होगा।

दूसरी परिस्थिति- इष्टकाल से नक्षत्र का मान कम हो तो अग्रिम नक्षत्र में जन्म हुआ है, ऐसा जानना। इस परिस्थितिमें इष्टकालमें से नक्षत्रका मान घटा दें, शेष भयात् (गतर्क्षः) होगा। इष्ट दिन नक्षत्रमान को ६०घटीमें घटाकर शेषमें अग्रिम दिनके नक्षत्रमान को जोड़ देने पर भभोग (सर्वक्षः) होगा। सम्पूर्ण (भभोग) मान के चार भाग कर देख लें। भयात् किस चरण तुल्य बना है। उसी नक्षत्र चरणाद्याक्षर तुल्य बच्चे का सुन्दरसा नाम रख दें। टिप्पणी- इष्ट बनाने की विधि लग्नसारणी के नीचे देखें और नक्षत्र चरणाक्षरों का विवरण अ,व,क,हा,डा चक्र में मिलेगा।

★ मूल जनने वृक्ष विभाग फलम् ★

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्ते	पुष्प	फल	शिखा
घटी ७	८	१०	११	१२	५	४	३
मूल नाशः	वंश क्षयः	भ्रात क्लेशः	मातुल मामाकष्ट	राज्य लाभ	राज्य मन्त्री	अधिक धनला	अल्प जीवी

★ आश्लेषा जनने अङ्ग विभाग फलम् ★

फलम्	मूल	स्कन्ध	त्वचा	शाखा	दल	पुष्प	फल
	अल्पायु	पिता हानि	मातृः नाश	हानिः	राज्य भयं	धन लाभ	धन लाभ
घटिकाः	४	१२	१३	७	९	५	१०

★ अथ् मूलनिवास चक्रम् ★

जन्ममासानुसारेण	वै.ज्ये.मार्ग.फा.	चै.श्रा.का.पौ.	आषा.आ.माघ.भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

☆ अथ गण्डमूल नक्षत्र और उनके फल ☆

अश्विनी ४ चरण फल	आश्लेषा ४ चरण फल	मघा ४ चरण फल
१. पिता को अशुभ	१. शान्ति से शुभ फल	१. माता को नेष्ट
२. धनैश्वर्यवान	२. धनैश्वरीय हानि	२. पितृभय कारक
३. मन्त्री पद प्राप्ति	३. माता को अशुभ	३. सुख समृद्धि
४. राज्यसम्मान	४. पिता को अशुभ	४. धनायु सुख समृद्धि

ज्येष्ठा ४ चरण फल	मूल नक्षत्र ४ चरण फल	रेवती ४ चरण फल
१.ज्येष्ठभ्राता को नेष्ट	१.पिता को नेष्ट	१.राज्यकार्य रत
२.लघुभ्राता को नेष्ट	२.जननी को नेष्ट	२.मंत्रित्व प्राप्ति
३.जननी को नेष्ट	३.धनायु अभिवृद्धि	३.धन-धान्य वृद्धि
४.स्वयं को नेष्ट	४.शान्ति से शुभदायक	४.कष्टसाध्य जीवन

नक्षत्र	समय और दान वस्तुएं	होम द्रव्य	जप के लिए वेदोक्त मन्त्राः
अश्विनी स्वामी अश्विनीकुमार	घृत,स्वर्ण, तुला दान प्रातःकाल	खांड यव घृत,मेवा	ॐअश्विना तेजसा चक्षुः प्राणेन सरस्वती वीर्यम्। वाचेन्द्रो बले नेन्द्राय दधुरिन्द्रियम्।। ॐअश्विनीकुमाराभ्यां नमः।। जप सं.५०००
आश्लेषा स्वामी सर्प	बछड़ा युक्त श्यामा गौ छाया दान सांयकाले	शर्करा युक्त घृत दूध	ॐ नमोऽस्तु सर्पेभ्यो ये के च पृथिवीमनु। येऽअन्तरिक्षे ये दिवि तेभ्यःसर्पेभ्यो नमः।। ॐसर्पेभ्योनमः।। जप संख्या १०००० नोटःकलयुगमें मन्त्रजप चारगुणी होनी चाहिए।
मघा स्वामी पितरः	काले वस्त्र काले तिल माषान्न मध्याह्न	तिल घृत तण्डुल	ॐ पितृभ्यःस्वधायिभ्यःस्वधा नमःपितामहेभ्यः स्वधायिभ्यःस्वधा नमः। प्रपितामहेभ्यःस्वधायिभ्यः स्वधा नमः अक्षन्पितरोऽमीमदन्त पितरोऽतीतृपन्त पितरः पितरःशुन्धध्वम्। ॐपितरभ्योनमः। जपसं.१००००
ज्येष्ठा स्वामी इन्द्रः	स्वर्ण और नीलमणि वस्त्रदान प्रातःकाल	तिल घृत तण्डुल	ॐ त्रातारमिन्द्रमवितारमिन्द्रꣳहवे हवे सुहवꣳ शूरमिन्द्रम। ह्वयामि शक्रं पुरुहूतमिन्द्रꣳ स्वस्ति नो मघवा धात्विन्द्रः।। ॐ शक्राय नमः।। जप संख्या ५०००
मूल स्वामी राक्षस	गो,छायादान वस्त्र दान कुमारीपूजन प्रदोषकाले	कन्द मूल गोघृत	ॐ मातेव पुत्रं पृथिवी पुरीष्यमग्निꣳस्वे योनावभारुखा। तां विश्वैर्देवैर्ऋतुभिः संविदानः प्रजापतिर्विश्वकर्मा वि मुञ्चतु।। ॐ निऋत्ये नमः।। जप संख्या ५०००
रेवती स्वामी पूषाः	चांदीवस्त्रबैल पीतलछायादान प्रातःकाल	तिल,घी आज्य तण्डुल	ॐ पूषन्तव व्रते वयं न रिष्येम कदा चन। स्तोतारस्त इह स्मसि ।। ॐ पूष्णो नमः।। जप संख्या ५०००

अथ अभुक्त मूल विचार- ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम ५घटी किसी के मत से ४ घटी, किसी के मत से १घटी और किसी के मत से आधी घटी का समय अभुक्तमूल कहलाता है। इसीतरह मूलके आदि की आठ घटी, चार, दो अथवा किसी के मत से आधी घटी का समय अभुक्त मूल होता है। उक्त समय में जो बच्चा जन्म ले उसका पिता उस बच्चेका ८ वर्ष तक मुंह न देखे, शान्तिविधान कराने पर शास्त्रीय बाधा नहीं होती है।

अथ कृष्ण चतुर्दशी विभाग फलम्- त्रयोदशी की घटियों को ६०में से घटाकर चतुर्दशी की घटियाँ युक्तकर ६ का भाग दें, जो प्रथम भाग में होगा, उसके द्विगुणित दूसरा ऐसे ही क्रम से जानें। जिस भाग में जन्म हुआ हो उसके अनुसार फल कहें, प्रथम भाग में शुभ। द्वितीय में पिता के लिए अशुभ। तृतीय में माता को कष्ट। चतुर्थ में मातुल (मामापक्ष)को नेष्ट। पंचम में अपने कुलको हानिकारक और छठे भागमें जन्मे जातक घरमें धन हानिकारक होते है। अरिष्ट समयमें शान्ति विधान परमावश्यकहै।

ज्येष्ठा जनने वृक्ष विभाग फलम्

विभाग	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	१२
घटियाः	५	११	१६	२२	२७	३३	३८	४४	४९	५५	६०
फलम्	मातामह हानि	मातामह हानि	मातुल दादीहानि	मातृ नाशकर	स्वयंकी हानि	गोत्रज की हानि	उभयकुल हानि	ज्येष्ठभ्राता हानि	श्वसुर कुलहानि	सब तरहकी हानि	सुख समृद्धि

अरिष्टयोग

यदि जन्म लग्न वर्षलग्न एक हो और जन्म नक्षत्र भी वर्ष में वही आ जाए तो यह द्विजन्मा वर्ष अशुभ होता है। जिसकी कुण्डली में चन्द्र अशुभ पड़ा हो,तो अवश्य कष्टप्रद होता है।

राशियोंमें विहित नक्षत्र चार चरणाक्षर तुल्य रखिए आप अपने बच्चोंके अत्यन्त सुन्दर नाम

राशि	नक्षत्र	लड़के	लड़कियाँ
राशि- मेष	अश्विनी	चु- चुन्नीलाल, चूड़ामणि	चुनमुन, चुन्नी
		चे- चेतन, चैतन्यस्वरूप, चेतराम	चेतना, चैतन्या, चेताली
		चो- चोखेलाल,	चौमुखी
		ला- लालमणि, ललितकुमार, लक्ष्मण, लक्ष्मीकांत	लता, ललिता, लवली, लक्ष्मी, लाजवंती,
	भरणी	ली- लीलाधर	लीलावती, लिपिका, लीना
		लू- लुकेश	लूसी
		ले- लेखराज	लेखा
		लो- लोकेन्द्र, लोकेश, लोचन	लोपामुद्रा, लोलिता,
	कृत्तिका	अ- अनुराग, अमित, अनिल, अवनीश, आमोद अंकज, अभिषेक, अजय, अतुल, अनुज	आशु, अन्नपूर्णा, अमृता, अनुपमा, अलका अंकिता, अंगूरी, आरती, आशारानी, अंजली
राशि- वृष		इ- इन्दुकान्त, इन्दुशेखर, ईश्वरदत्त, इन्द्रजीत	इन्दुप्रभा, इन्दिरा, इन्दुकांता, ईला, इन्दुमती
		उ- उमेश, उमाकुमार, उर्मिलकुमार, उत्तम, उमाशंकर,	उर्मिला, उमा, उल्का, उत्प्रेक्षा, उषा, उर्वशी
		ए- ऐश्वर्य कुमार, एटल सिंह	ऐश्वर्यप्रभा, ऐनी, एकतारानी
	रोहिणी	ओ- ओमवीर, ओमप्रकाश, ओंकार	ओमवती, ओमजा, ओजस्विनी
		वा- वालेन्दु, व्रजेश, बालमुकुन्द, बहुलकान्त, वकुलेश, वरुण, वंशीलाल, व्रजमोहन	वन्दना, बबीता, वसुधा, बाला, वर्षारानी
		वि- विनयप्रकाश, विदुमार, विवेक, विमल विपिनकुमार, वीरबल, विनोद	वीना, विन्देश्वरि, विन्नी, विमला, विनीता विभा, विद्या
		वु- बुधेन्द्र, बुधसैन, बुधराज	बुधेन्दी, बुलबुल
	मृगशिर	वे- वेदप्रकाश, वेदवीर, वेदराम	वेबी, वैजयन्ती, वेला, वैदेही
		वो- बोधराज, बोधासिंह,	बोधवती
राशि- मिथुन		क- कमल, कान्तीप्रसाद, कलानिधि, कन्हैया, कनिष्क, कपिल, क्षेमचन्द, कृष्णकांत	कविता, कल्पना, कामिनी, करूणारानी, कृति कमलेश, कमला, कांती
		की- कीर्तिप्रिय, किंशुक, किसलय, किशोरीलाल	कीर्तिलता, कीर्ति, किरणप्रभा, किमी
	आर्द्रा	कु- कुमुदकांत कुलानन्द, कुलदीप, कुलश्रेष्ठ, कुशाग्र, कुन्दनलाल	कुमकुम, कुसुमलता, कुसुम
		घ- घनश्याम, घनानन्द	घनाक्षरी, घनश्यामा
		ङ- (घ) घनश्याम, घनानन्द	घनाक्षरी, घनश्यामा
		छ- छयांक, छविकान्त, छत्रपति, छत्रपाल	छाया, छवि, छटा, छत्रेश्वरी, छिप्रा
	पुनर्वसु	के- केतनशंकर, कैलाशचन्द, केसरी, केहर	कैरवी, कैलाशी, केतकी
		को- कौशलकिशोर, कोमलप्रसाद, कोविद	कोमिला, कोमलांग, कोविदरानी
		ह- हंसराज, हरकेश, हरीशकुमार, हरीशंकर, हरवीर, हरिप्रसाद, हरिओम	हर्षप्रभा, हनी, हरदेई, हसैन्द्री

राशि	नक्षत्र	लड़के	लड़कियाँ
राशि- कर्क	पुन.	ही- हिमांशु, हीरालाल, हिमकर, हीरामणि	हिमांटेकी, हीपिका, हिमन्द्री, हिमानी,
	पुष्य	हु- हुकमचन्द	हुस्नी,
		हे- हेमन्तकुमार, हेमगिरि, हेमाद्रि	हेमवती, हेमलता, हेमाद्री, हेमन्त
		हो- होरीलाल, होतीलाल	
		डा- डालचन्द, डब्बू	डालिमा, डाली
	आश्लेषा	डी- डिक्सन	डिम्पल, डिम्पाटेडु
		डु- डुगरमल, डुडु	डुरमिलारानी
		डे- डेविड	डेमिला, डेजी
		डो- डोरीलाल, डोनी	डोली, डोलिमा
राशि- सिंह	मघा	मा- मनोज, मधुकर, मधुसूदन, महेन्द्र, मनीष, मणिकांत, मयंक, मंगलेश, मदन	मंजु, मनोरमा, माधुरी, माधवी, मंजुला, मधु, ममता, माया, मृदुला
		मी- मिन्टू, मिश्रीलाल, मिट्ठन	मीना, मीनाक्षी, मीनू, मिथिलेश
		मु- मुकेश, मुदितकुमार, मुकुल, मुन्नालाल मुरलीधर	मुक्ति, मुन्नी, मुनमुन, मुग्धा, मुकुरप्रभा, मुदिता
		मे- मैत्रेय, मेधावी, मेनपाल, मेघराज	मेधा, मैत्रेयी, मेनिका, मेघना
	पूर्वाफाल्गुनी	मो- मोनू, मोहन, मोहनीश, मोहनलाल, मोतीलाल	मोहिनी, मोनिका, मोहनीशा, मोना,
		टा- टारजन, ट्रावेन्द्र	टम्मीरानी
		टी- टिंकू, टीनू, टीकमसिंह	टीना, टिन्नी, टिवंकल, टिवकलिना
		टू- टूकेजकुमार, टूकीराम	टेकी
	उत्तराफाल्गुनी	टे- टेकचन्द	टेकी, टेविका
राशि- कन्या		टो- टोनी	टोनिका
		पा- पंकज, प्रतीक, प्रशान्त, परवीन, प्रदीप, पवन, परवेश, प्रवीणकुमार, प्रणय, प्रमोद	पारूल, प्रभा, प्रमिला, प्रज्ञा, प्राची, प्रतिमा, पामेला, प्रखर, प्रगति, प्रज्ञावती
		पी- प्रियव्रत, प्रियकांत, प्रियांशु, प्रीतमसिंह	प्रियंका, पिंकी, प्रीतिलता
	हस्त	पू- पुनीत, पुष्पेन्द्र, पूर्णेन्दु, पुण्यवीर, पूरनचन्द	पूनम, पूजा, पुष्पा, पुनीता, पूर्णिमा
		ष- पुनीत, पुष्पेन्द्र, पूर्णेन्दु, पुण्यवीर, पूरनचन्द	पूनम, पूजा, पुष्पा, पुनीता, पूर्णिमा
		ण- (ठा) ठाकुरदास	
		ठा- ठाकुरदास, ठाकुरप्रसाद	
	चित्रा	पे- प्रेमपाल, प्रेमसागर, प्रेमशंकर, प्रेमराज	प्रेमलता, प्रेरणा, प्रेमा
		पो- प्रोवेशचन्द	प्रोमिला

नोट: अ व क हा डा चक्र ज्योतिष की वर्णमाला में कुछ अक्षर ऐसे है जिनपर किसी नाम नही या बोलने मे अच्छा नही लगता वहां ज्योतिषी आगे पीछे के अक्षर पर नाम रखन में स्वतन्त्र होता है।

राशि	नक्षत्र	लड़के	लड़कियाँ
राशि- तुला	चित्रा	रा- राकेश, राजीव, राहुल, रमेश, रंजन, रवि रत्नाकर, ऋषिकुमार, ऋतुराज, ऋषिराज	राखी, राधा, रंजना, रतिका, रत्नप्रभा, रमा रश्मि, रजनी, रसना, रत्ना
		री- रीतेश, रिंकू, रिपुदमन, रिशांक	रीता, रीना, रिचा, रीतू, रिद्धिमा
	स्वाती	रू- रूपकिशोर, रुद्रदेव, रुद्रदत्त, रूपेश	रूबी, रूकमणी, रूचिता, रूपशिखा, रूपा
		रे- रेवतीप्रसाद, रैवतसिंह	रेनू, रेखा, रेशमा
		रो- रोहित, रोमेश, रोबिन, रोबट	रोजी, रोहिणी, रोशनी, रोचिता
		ता- तन्मय, तरूणकुमार, तपन, तनु, तपेश	ताप्ती, तृष्णा, तनुप्रिया, तरूलता, त्रैयम्बिका
	विशाखा	ती- त्रिलोकचन्द, त्रिदेवकुमार	तिलोत्तमा, त्रियनयना, तीक्षा, त्रिशला
		तू- तुहिनांशु, तुहिनचन्द, तुलसीराम, तुलाराम	तूलिका
		ते- तेजप्रताप, तेजसिंह, तेजपाल	तेजसी
राशि- वृश्चिक		तो- तोषचन्द, तोताराम	तोयशी
	अनुराधा	ना- नवीन, नवनेन्दु, नवनीत, नागार्जुन, नगेन्द्र	नम्रता, नवमल्लिका, नवनीता, नंदिनी
		नी- नीरज, निर्मल, निवेश, निर्भय, नीलकांत निपुणेश, नितीश, निशान्त	नीलम, नीतू, नीशा, नीरू, निर्मला, निरूपमा
		नू- नूतन	नूतन, नुपूर, नूरी
		ने- नेमिचन्द, नेतराम, नेत्रपाल	नेहा, नेमवती, नेहलिया
	ज्येष्ठा	नो- नोरत्न, नोवेश, नोहतशरण	
		या- यदुवेन्द्र, यज्ञदत्त, यशोमणि, यज्ञसैन यशपाल, यशवंत, यदुवीर	यशोधरा, यशवती, यशोदा, यतिका, यामिनी
		यी	
		यू- यूकेश, युगलकिशोर, यूपेन्द्र	युगेन्द्री, युगलेशकुमारी
राशि- धनु	मूल	ये-	
		यो- योगेन्द्र, योगेश	योगिता, योगेश्वरी, योकिला
		भा- भारतेन्दु, भानुप्रताप, भगवत, भद्रसैन, भागीरथ, भास्कर, भगवती प्रसाद	भावना, भानुप्रिया, भास्वती, भानुमती, भानवी भानुरेखा
		भी- भीमसैन, भीष्म, भीकमसिंह	भीनूरानी
	पूर्वाषाढ़ा	भू- भूपेन्द्र, भुवनेश, भूषण, भुजवीर	भूदेवी, भूषिता, भूमिजा, भूमिका
		धा- धर्मेन्द्र, धर्मांशु, धरणेश्वर, धीरज, धर्मदत्त धवलकांत, धर्मेश, ध्रुव	धनवती, धनेन्द्री, धनेश्वरि, धवली, धात्री धृति
		फा- फणीन्द्र, फतेहचन्द, फनीशकुमार	फनी, फरहा, फूलन, फूलवती
		ढा- ढिल्लोराम	ढिल्लोरानी
	उषा.	भे- भेटिव्यांश	भेव्यारानी

राशि	नक्षत्र	लड़के	लड़कियाँ
राशि- मकर	उषा.	भो- भोजराज,	भोजवती
		जा- जानकीदास, जगप्रवेश, जतिन, जयपाल, जसवन्त, जयवीर	ज्योति, जयप्रभा, जागृती, ज्योत्सना, ज्योतिबाला
		जी- जीवाराम, जीवेश, जितेन्द्र, जीयालाल, ज्वाला प्रसाद	जीनिया, जिष्णु, जिज्ञासा
	अभि.	जू जे- जुगलकिशोर, जुग्यादेव, जैपालभारती	जूली,
		जो खा- जोगेन्द्र, खगेश, खगेन्द्र, जोगिन्दर	खुशरानी, खुबानी, ख्याति
	श्रवण	खी- खिलाड़ीराम,	खिलादेवी
		खू- खूबीराम	खुमानीदेवी
		खे- खेरातीलाल, खेमचन्द	खेलप्रिया
		खो-	
	धनिष्ठा	गा- गवनीश, ग्यारसीलाल, गंगाशरन	गार्गी, गतिका, गरिमा, गायत्री, गायारानी
		गी- गीतम, गिरधर, गिरीशकुमार, गिरिराज	गीता, गीतांजली, गीतिका, गिरिनन्दिनी
राशि- कुम्भ		गु- गुणवर्धन, गुट्लू, गुल्लू, गुरूप्रीति	गुड्डी, गुरमीत, गुंजन, गुंजिता, गुणवती
		गे- गेंदालाल, गेग्रीयलाल	
	शतभिषा	गो- गौरव, गोविन्द, गौरीशंकर, गोविल, गोरेशचन्द	गौरांगना, गौरी
		सा- संजय, सचिन, सतेन्द्र, सर्वेश, शरदचन्द शशिकांत, शशिभूषण, संदीप, सत्यव्रत	साधना, सरोज, सरिता, सारिका, सविता, सन्ध्या, शशी, साक्षी, स्वाती, संगीता
		सी- श्रीकांत, श्रीधर, शीतांशु, शीतलचन्द, सर्वेश शिवराज, शिवेन्दु, सिद्धार्थ, श्रीयांशु, श्रीचन्द्र	सीमा, श्रीप्रभा, शिक्षा, शिविका, शीला शिखा, शीला
		सु- सुकेश, सुधाकर, सुमित, सुरेश, सुरेन्द्र	सुभद्रा, शुचि, शुचिप्रभा, श्रुतिकीर्ति, सुमित्रा, सुधा
	पूर्वाभाद्रपद	से- शैलेन्द्र, सेवाराम, सेवकराम	शैलजा, शैलेन्द्री, सेवावती,
		सो- सौरभ, सोमेश, सोमदत्त, सोरनसिंह, शोभन	सोनिया, शोभा, शोभना, श्रोतिमा, शोभांगना
		दा- दामोदर, द्रुपद, द्वारिकाप्रसाद, दलवीर, दयानिधि, दयानन्द, दयाराम	दयावती, दुग्धिसुता
राशि- मीन		दी- दिनेश, दिनकर, दीपक, दीपेश, दीपांशु दीपेन्द्र, दिवस्पति, दिवेन्दु, दिलीप	दिव्यावती, दीपिका, दीप्ति, दीपशिखा
	उत्तराभाद्रपद	दु- दुलीचन्द, दुष्यन्त	दुलारी, दुर्गादेवी
		थ- थानसिंह	थानेश्वरी
		झ- झम्पनलाल	झिलमिली, झुनझुन
		ञ- झम्पनलाल	झिलमिली, झुनझुन
	रेवती	दे- देवेन्द्र, देवस्वरूप, देवराज, देवकीनन्दन, देवमणि, देवदास, देवीलाल, देवव्रत	देवप्रभा, देवकी, देवप्रिया, देवांगना, देवज्योति
		दो- दौलतराम	द्रौपदीद्युति
		च- चन्द्रकान्त, चन्द्रेश, चन्द्रमणि, चन्द्रभूषण	चन्द्रकान्ता, चंचल, चन्द्रिका, चारू, चन्द्रकला,
		ची- चीनू, चिन्टू, चित्रेश, चित्रक	चित्रलेखा, चित्रप्रभा, चित्रांगदा, चित्रा

पाया विचार- जन्मकुण्डली के १,६,११ वे स्थान में चन्द्रमा हो तो स्वर्णपाद, इसी प्रकार २,५,९ मे चांदी, ३,७,१० में तांबा ४,८,१२ वे भावमे चन्द्रमाहो तो लोहेके पाया से जन्म हुआ है ऐसा जानना चाहिए।

जन्मनक्षत्र से- आर्द्रादिदशकंरूपं विशाखादि युगलोहकम्।
पूर्वादि सप्तताम्रश्च रेवती षष्ठ स्वर्णकम्॥

आर्द्रा से दस नक्षत्र आ. पुन. पु. श्ले. म. पूफा. उफा. ह. चि. और स्वा. तक चांदीके पाया, विशा. अनु. ज्ये. मूल मे लोहपाद, पूषा. उषा. श्रव. धनि. शत. पूभा. उभा. तक ताम्रपाद और रेव. अश्वि. भ. कृ. रो. मृ. पर्यन्त नक्षत्रोमे जन्मलेने से स्वर्णपाद जानना। तांबा, चांदी श्रेष्ठ, लोहा और स्वर्णपाद फल नेष्ट होता है।

मंगली विचार

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे।
कन्याभर्तुर्विनाशाय भर्तुः कन्याविनाशदः॥

जन्मकुण्डली के १।४।७।८।१२ वे भाव मे मंगल हो तो मंगली योग बनता है, जोकि दाम्पत्य जीवनमें व्यवधान कारक होता है। इसका शुक्र व चन्द्रमा से भी विचार करना चाहिए।

परिहार वाक्य-

भौमेन सदृशोभौमः पापो वा तादृशो भवेत्।
विवाहः शुभदः प्रोक्तश्चिरायुः पुत्रपौत्रदः॥
शनिर्भौमोऽथवा कश्चित्पापो वा तादृशोभवेत्।
तेष्वेव भवनेष्वेव भौमदोषविनाशकृत्॥
जामित्रे च यदा सौरिर्लग्ने वा हिबुकेऽथवा।
अष्टमे द्वादशे चैव भौमदोषो न विद्यते॥
गुरूमंगलसंयोगे भौम दोषो न विद्यते।
चन्द्रमंगल संयोगे भौमदोषो न विद्यते॥
राशि मैत्रं यदायाति गणैक्यं वा यदा भवेत्।
अथवा गुण बाहुल्यै भौमदोषो न विद्यते॥
अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके स्थिते।
वृषे जाये घटे रन्ध्रे भौमदोषो न विद्यते॥
सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्युनेऽपिवाऽथवा भौमे।
वक्रणी नीचारिगृहे वार्कस्थेऽपि वा न कुज दोषः॥
केन्द्रे कोणे शुभाढ्यश्चेत् त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः।
तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा॥

कन्या की जन्मकुण्डली में-

वाचस्पतौ नव-पंचम-केन्द्र-सस्थेजाताङ्गना भवति पूर्णविभूति युक्ता।
साध्वी सुपुत्र जननी सुखिवनी गुणाढ्या सप्ताष्ट यदि भवेदेश भग्रहोऽपि॥

॥शुभाशुभ योग॥

षष्ठाष्टेऽपि चन्द्रः सद्यो मरणाय पाप संदृष्टः।अष्टाभिः शुभ संदृष्टेर्वर्षमिश्रेस्वतद्र्धेन॥
शुक्लपक्षे निशायां च कृष्णजातो दिवा यदाषष्ठाष्टमगतश्चंद्रो न शिशुंहन्ति तातवत्॥

❋ नक्षत्र कष्टावली-ज्वरादिरोगोत्पातौशान्त्यर्थदानोपायज्ञानार्थ चक्रम् ❋

नक्षत्रनाम	कष्ट दिन	नक्षत्र चरणानुसार कष्ट दिन संख्या				शान्त्यर्थ धारणकरे	होम द्रव्य	बलि द्रव्य	दानादि	जपार्थ मंत्राः	जप संख्या
१ अश्विनी	९ दिन	९	११	१०	२०	अपामार्गमूल	खांड, यव, घृत, मेवा	गुडोदन,तिल	भोजनदानम्	मृत्युञ्जय मंत्रजपः	५ सहस्र
२ भरणी	११ दिन	०	८०	४०	११	अगस्तमूल	घृत, मधु, तिलाक्षत	मिष्ठान्न(खिचडी)	गोन्नादिदानम्	यमायत्वेति मन्त्रः	१० सहस्र
३ कृत्तिका	९ दिन	९	११	१६	२८	कर्पासमूल	तिल, यव, घृत, शर्करा	पायस,घृत,मोदक	स्वर्णदानम्	अग्निर्मूर्धेति मन्त्रः	१० सहस्र
४ रोहिणी	७ दिन	७	९	१८	३०	अपामार्गमूल	तिलाज्य, घृत, यव	मध्वाज्य,क्षौद्र	घृतदानम्	ब्रह्मयज्ञेति मन्त्रः	५ सहस्र
५ मृगशिरा	एक मास	९	५	७	१०	जयन्तीमूल	दधि,मीठा,पायस,घी	दधि,शर्करा,शाल्यान्न	तिलदानम्	इमंदेवेति मन्त्रः	१० सहस्र
६ आर्द्रा	मृत्यु तुल्य	०	१८	०	०	सचन्दनाश्व	घृत,मधु,शर्करा	दध्योदन,मध्वाज्य	गोदानम्	नमस्ते रूद्रेति मन्त्रः	१० सहस्र
७ पुनर्वसु	७ दिन	७	१४	२	२१	अर्कमूल	घृत,दूध,तण्डुल	साज्य,पीततण्डुल	पित्तलदानम्	अदितिर्द्यौरिति मन्त्रः	१० सहस्र
८ पुष्य	७ दिन	६	७	१०	२१	अपामार्गमूल	घृत,बूरा,पायस	समण्डक,मोदक	तैलान्नदानम्	बृहस्पतेति मन्त्रः	१० सहस्र
९ आश्लेषा	मृत्यु तुल्य	०	०	४१	०	पद्मावती	शर्करा,मेवाघृतबड़कादूध	हवि,दध्योदन	गोऽन्नादिदानम्	नमोस्तुसर्पेति मन्त्रः	१० सहस्र
१० मघा	२० दिन	१५	७	१७	२०	भृंगराजमूल	तिल,घृत,तण्डुल	सतिलाज्य,दुग्धान्न	वस्त्राज्यदानम्	पितृभ्य इतिमंत्रः	१० सहस्र
११ पूर्वाफाल्गुनी.	मृत्यु तुल्य	०	१५	०	३०	कटहरीमूल	मालकांगिनी,तिल,घृत	घृतोदन,पायस	भोजनदानम्	भगप्रणेमीति मन्त्रः	१० सहस्र
१२ उत्तराफाल्गुनी	७ दिन	७	१४	७	६०	पद्मावती	मेवा,तिल,घृत,शर्करा	घृत,शर्करा,शाल्यन्न	अन्नदानम्	दध्यावर्द्धेति मन्त्रः	१० सहस्र
१३ हस्त	१५ दिन	१५	१७	१५	०	जातिमूल	दधि,मेवा,घृत,मीठा	मिष्ठान्न,पायस	तिलदानम्	उदुत्यंजातवेदेति मंत्रः	५ सहस्र
१४ चित्रा	११ दिन	११	९	९	१६	मलयजमूल	तिलाज्य,घृत,तण्डुल	विचित्रान्न,घृत	दुग्धदानम्	त्वष्टातुरियेति मन्त्रः	१० सहस्र
१५ स्वाती	मृत्यु तुल्य	६०	१७	३०	०	जातिमूल	तिल,यव,घृत,शक्कर	घृत,पायस	गोघृतदानम्	वायोरग्नेति मन्त्रः	१० सहस्र
१६ विशाखा	१५ दिन	१५	०	४	१३	गुञ्जामूल	आज्य,पायस,इन्द्रजौ,घी	सहवि,चित्रान्न	गोस्वर्णदानम्	इन्द्राग्नी इति मन्त्रः	१० सहस्र
१७ अनुराधा	स्थिर रोग	६०	१२	३६	३०	सुपुष्पमूल	यव,मीठा,घृत,आज्य	मध्वाज्य,गुड,माषान्न	गोघृतदानम्	नमोमित्रेति मन्त्रः	१० सहस्र
१८ ज्येष्ठा	मृत्यु तुल्य	६९	९	६	४	अपामार्गमूल	तिल,घृत,तण्डुल	दध्योदन,सुपुष्प	तिलान्नदानम्	त्रातार मिन्द्रेति मन्त्रः	५ सहस्र
१९ मूल	९ दिन	०	९	१५	६	मदारमूल	कन्दमूल,घृत, आज्य	सहवि,माषान्न	शैय्योपानदानम्	मातापुत्रेति मन्त्रः	५ सहस्र
२० पूर्वाषाढा	मृत्यु तुल्य	०	१५	२४	१०	कर्पासमूल	तिल,घृत,तण्डुल,मीठा	घृत,पायस,मिष्टान्न,हवि	गोमुक्तादानम्	आपोघमेति मन्त्रः	५ सहस्र
२१ उत्तराषाढा	एक मास	३०	२४	२६	१६	कर्पासमूल	तिल,आज्य,यव,मेवा	सहवि,पायस,तिलाज्य	भोजनदानम्	विश्वेदेवेति मन्त्रः	१० सहस्र
२२ श्रवण	११ दिन	६०	२४	६	९	अपामार्गमूल	तिल,आज्य,यव,शर्करा	सहवि,पायस	श्रीफलदानम्	विष्णोरराटेति मन्त्रः	१० सहस्र
२३ धनिष्ठा	१५ दिन	१५	४	२०	२१	भृंगराजमूल	तिल,आज्य,पायस,घी	पायस,मोदकपुष्पतिलपिष्ठ	अश्वान्नदानम्	वसोः पवित्रेति मन्त्रः	१० सहस्र
२४ शतभिषा	११ दिन	४	४५	३	२२	कमलमूल	आज्य,घी,दध्योदन	घृत,गुड़,चित्रान्न	भोजनान्नदानम्	वरूणस्योत्तमिति मंत्रः	१० सहस्र
२५ पूर्वाभाद्रपदा	मृत्यु तुल्य	०	१२	२१	३९	भृङ्गराजमूल	क्षीर,आज्य,शर्करा,घी	दध्योदन,पायस	भोजनदानम्	अजेकचरणोक्त मन्त्रः	१० सहस्र
२६ उत्तराभाद्रपदा	७ दिन	१०	३	९	१५	अश्वत्थमूल	तिल,आज्य,यव,शर्करा	तिल,घृत,मुद्ग,माष	अन्नदानम्	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	१० सहस्र
२७ रेवती	स्थिर रोग	१८	१०	९	२०	अश्वत्थमूल	तिल,आज्य,तण्डुल,घी	सहवि,दध्यान्न	वृषभदानम्	पूषन्तव वर्वेति मन्त्रः	५ सहस्र

उपसूतिकाज्ञानम्- जन्मलग्न से चन्द्रमा तक जितने ग्रह हों, उतनी ही उपसूतिका जानना। उपसूतिकाओ मे स्त्री-पुरूष, वर्ण, जाति, अवस्थादि का विचार ग्रहानुसार करें। चन्द्रमा यदि लग्नसे सप्तम भाव तक हो तो प्रसूताके निकट अन्यथा दूरी पर थी ऐसा जानें। जन्मलग्न या लग्नेशके साथ अथवा द्वितीय एवं द्वादश भावमें जितने ग्रहहो उतनी उपसूतिका जाननी चाहिए। अन्तरिक्षजन्मज्ञानम्-प्रसूतिकाले मिथुन, कन्या, धनु और मीन लग्न हो तो पृथ्वी से ऊपर उच्चस्थान मे जन्म हुआहै ऐसा जानना। शेष लग्नोमे शिशु समतल भूमि पर होता है। शीर्षोदयराशियाँ-३।५।६।७।८।११ इनका नवांश लग्नमे हो तो बच्चेका जन्म सिर से और पृष्ठोदय १।२।४।९।१० राशियोके नवांशमे जन्म पैरो से एवं मीनका नवांश हो तो हाथोके बल जन्म हुआ समझें।

अथ मेषादिजन्मलग्नफलम्

मेषलग्ने समुत्पन्नश्चण्डो मानी सकोपक:।
सुधी: स्वजनहन्ता: च विक्रमी परवत्सल:।।

मेष लग्न में जिसका जन्म होता है वह उग्रस्वभाव, अभिमानी, गुस्सखोर, सुबुद्धिमान अपने बान्धवो का नाश करने वाला, पराक्रमी तथा दूसरोका प्यारा होताहै। नेष्ट वर्ष ४।११।१६।४४।५८ विशेष दान-पुण्य परित्वेन पूर्ण आयु को भोगता है।

वृषलग्न भवोलोके गुण भक्त: प्रियंबद:।
गुणी कृती धनी लुब्ध: शूर: सर्वजन प्रिय:।।

वृष लग्नमे जिसका जन्म होताहै वह जातक लौकिक, गुणोमे प्रेम करने वाला, प्रिय बोलने वाला, गुणी, धनी, लोभी, वीर, समस्त जनसमुदाय का प्यारा होताहै। नेष्ट वर्ष १।२।८।३३।। ४४।६१ अन वस्त्रादि दान विप्रभोज्य महामृत्युञ्जय जपोरान्त आयु ९० वर्ष के निकट होती है।

मिथुनोदयसज्जातो मानी स्वजनवत्सल:।
त्यागी भोगी धनी कामी दीर्घसूत्र्यरिमर्दक:।।

जिसकाजन्म मिथुन लग्नमे होताहै वह व्यक्ति मानी, स्वजनोका प्यारा, अल्पत्यागी, भोगी, धनाढ्य, कामी, दीर्घ सूत्री-चिरक्रिय (बड़ी देर से काम करने वाला) शत्रुओंका मानमर्दन करने वाला होताहै। नेष्ट वर्ष ४।१०।१४।३८।५७ देवार्चन, गौ, दानादि परित्वेन पूर्णायु होती है।

कर्कलग्ने समुत्पन्नो भोगीधर्मीजनप्रिय:।
मिष्टानपानभोगी च सुभाग्य: स्वजनप्रिय:।।

जिस जातकका जन्म कर्कलग्न मे होताहै वह भोगी, धर्मात्मा बहुजन, प्रिय, मिष्टानपान, भोगी, सुयश भाग्य वाला तथा कुटुम्बजनोका प्यारा होता है। नोट-भारत की जनता इस लग्नमे जन्म लेने वालो से बहुत स्नेह करतीहै। नेष्ट वर्ष ५।२५।४०।४८ ।६२ जन्मकुण्डली में शुभाशुभ योगानुसार जप दानोपरान्त पूर्णायु होती है।

सिंहलग्नोदये जातो भोगी शत्रुविमर्दक:।
स्वल्पोदरोऽल्पपुत्रश्च सौत्साही रणविक्रम:।।

सिंह लग्नमे जन्मेजातक भोगी, शत्रुओंका मान मर्दन करनेवाले, कृशोदर, स्वल्पपुत्रवान, उत्साही संग्राम मे पराक्रम दिखाने वाले होते हैं। नेष्ट वर्ष ५।१३।२८।३६।४८ भास्कर पूजन, दुर्गार्चनोपरांत आयु ८३ वर्ष।

कन्यालग्न भवोवालो नानाशास्त्र विशारद:।
सौभाग्यगुणसम्पन्न: सुन्दर: सुरतप्रिय:।।

जिसका कन्या लग्नमे होताहै वह बालक अनेक शास्त्रोमे चतुर, सामान्य गुण वाला, विषयाशक्त होता है। नेष्ट वर्ष ४।१६।२३ ।३६।५५, छायापात्र दान, गौदान, महामृत्युञ्जयजपोपरान्त पूर्णायु।

तुलालग्नोदयेजात: सुधी: सत्कर्मजीवन:।
विद्वान सर्वकलाभिज्ञो धनाढ्यो नर पूजित:।।

तुला लग्नमे जन्मेजातक सुबुद्धिमान, सत्कर्मसे जीवन निर्वाह करने वाले, विद्वान, सर्वकला प्रवीण विद्वानोसे पूजित होतेहै। नेष्ट वर्ष ३।८।१५।३१।३५।४६।६२।६४ नेष्ट वर्षोमे शांति कराने से जातककी पूर्णायु होती है।

वृश्चिकोदयसंजात: शौर्यवानतिदुष्टधी:।
विज्ञानज्ञानसम्पन्न: सुखी सद्विग्रह: सुधी:।।

जिस जातकका जन्म वृश्चिक लग्नमे होताहै वह पराक्रमी, दुष्ट बुद्धि वाला, ज्ञान-विज्ञानसे सम्पन्न सुखी, दिव्य देह वाला सुविज्ञ होताहै। नेष्ट वर्ष ३।११।२८।३८ ।५१।६२ अरिष्टसमय के निवारण हेतु छायादान, महामृत्युञ्जयजाप ब्रह्मभोजनादिसे जातककीदीर्घायुहोती है।

धनुर्लग्नोदये जातो नीतिमान्धर्मवान्सुधी:।
कुलमध्ये प्रधानश्च प्राज्ञ: सर्वस्य पोषक:।।

धनु लग्नमे जिसकी उत्पत्ति होती है। वह नीतिवान धर्मवान तीव्रबुद्धि वाला अपने कुल मे श्रेष्ठ विद्वान सबका पोषण करने वाला होता है। नेष्ट वर्ष२।१०।१८। ३१।३८।४२ इनमे देवार्चन भौम पूजनादि अच्छा होता है। स्वल्पायु होतीहै तथा अन्य श्रेष्ठ ग्रहयोगसे दीर्घजीवी होते है।

मकरोदयसंजातो नीचकर्मा बहुप्रज:।
लुब्धोऽलसो विनष्टश्च स्वकार्येषु कृतोद्यम:।।

जिसका जन्म मकर लग्नमे होताहै, वह जातक नीचकर्म करने वाला, बहुसन्तानवान, लोभी, आलसी होनेसे अपने कार्यको नष्टकरने वाला होताहै। नेष्ट वर्ष ५।१३।२७।३६।५७।६२।८७ छायापात्र, माषान्न, स्वर्ण, तेलादिदान, रूद्राभिषेकोपरान्त पूर्णायुको भोगताहै।

कुम्भलग्नोदये जातश्चलचित्तोऽतिसौहृद:।
परदाररतो नित्यं मृदुकायो महासुखी।।

कुम्भ लग्नमे जन्मेजातक चन्चलचित्त, बहुमित्र, विषयाशक्त, कोपलदेह वाले, महासुखी होते है। नेष्ट वर्ष २।१०।२८।३३।४८।६४ विशेष दान-पुण्य परित्वेन पूर्णायु।

मीनलग्नोदये जातो रत्नकांचनपूरित:।
अल्पकामोऽतिदौर्बल्य: दीर्घकालविचिंतिक:।।

मीन लग्नमे जन्मेजातक रत्नकांचनोंसे परिपूर्ण, स्वल्पकामी क्रशतन, दीर्घकालीन चिंतन करनेवाले होतेहै। नेष्ट वर्ष १।८। १८।२५।४८ गुरूपूजन, देवार्चनादिसे पूर्णायु को प्राप्त होतेहै।

अथ मेषादिजन्मराशिफलम्

मेष- राशि में जन्मे जातक साहसी, वीर, विपत्तियों में न घबराने वाले निडर होते हैं। जो निर्णय लेना होता है उसे वे स्वयंही ले डालतेहैं, अपने लक्ष्यके प्रति सतत जागरूक रहतेहुए अत्यंत खेलप्रिय होतेहैं, प्रेम से अघाते नही, मेष अग्नितत्व राशि होनेके कारण जातक प्रतिभाशाली ओजपूर्ण होतेहै। अन्यव्यक्ति सदैव इनसे प्रभावित होते रहतेहैं।

वृष- राशि मे जन्म लेने वाले अधिकांशत:हृष्ट-पुष्ट होतेहैं। परिश्रमी प्रतिकूल परिस्थितियोको अनुकूल बनाने वाले, सहनशील, धैर्यशाली हृदयंगम गृहस्थजीवन को सफलता पूर्वक चलाने वाले, समराशि होनेके कारण स्वल्पखर्च, समव्यवहार, ईमानदार, ख्याति प्राप्त होते हैं, अनुशासन प्रेमी, मानसिक दृढ़ता स्मरणशक्ति तेज होतीहै।

मिथुन- वायुतत्व प्रधान मिथुनराशिमे जन्मेजातक सौभाग्यशाली, बुद्धिजीवी वाक्यचातुर्य गुणोसे सम्पन्न, अपनेको परिस्थिति अनुसार बदल लेतेहैं।, अर्थात् ये स्थिरबुद्धि के नही होते, विषयाशक्त, वाल्यल्पकाल उत्तम नही कहा जा सकता, ३० वर्ष की आयुके बाद अपने निजी व्यवसाय से धनी बनते है। योजनाबद्ध कार्य करतेहुए सफलता प्राप्त करतेहैं। बेईमानी से धनकमाना इन्हे पसन्द नही, इसी से समाजमे सम्मान प्राप्त करतेहैं।

कर्क-जलतत्व चरराशिमे जन्मेजातक भावुकताप्रिय, बुद्धिजीवी, अपनी बुद्धिकी प्रबलताके कारण कठिन से कठिन कार्यको भी सहज कर लेतेहैं। अपने मित्रोकी राय इन्हे अधिक पसन्द होतीहै। जिसके फलस्वरूप समय-समय पर धोखा भी खाते रहते हैं, इनमे लीडरोके गुण हृदयंगम् होतेहैं और समय पाकर उभर आते हैं।

सिंह-राशिमे जन्मेजातक निडर, साहसी, विघ्नबाधाओ पर विजय प्राप्त करनेवाले, परिस्थितियोंके अनुकूल अपनेको ढालनेवाले १४-१५ घंटे काम करनेपर भी न थकनेवाले होतेहैं। अपनी सिंह रूपी गर्जना व वाक पटुता से दूसरोंको प्रभावित करते रहतेहैं। अल्पभाषी निजीकार्यमे व्यस्त रहतेहैं।

कन्या-राशिमे जन्मेजातक परिश्रमी अत्यंत विषयासक्त विघ्न-बाधाओ पर हसं-हंसकर विजय प्राप्त करनेवाले होतेहैं। व्यक्तित्वपूर्ण इनकी थाह पाना आसान नही, परिवार वालोंकी मदद भरपूर करतेहै, इनका ध्येय होता है पढ़ना, मनन करना और धनोपार्जनकर सुख प्राप्त करना, कुशल प्रशासक मैनेजर, वकील, जज, साहित्यकार और व्यापारमे इनके प्रयल सराहनीय होतेहैं।

तुला-राश्यान्तर्गत जन्मेजातक ईमानदार, कटु सत्य प्रिय, न्यायकारी, प्रलोभन परित्यागी, परिश्रममें विश्वास करनेवाले, शांतिप्रिय प्रेमीजनोंमे घनिष्ठ प्रेम करने वाले, हरएक विषयकी तुलना करने वाले शत्रुओंसे घिरा जीवन अस्त-व्यस्त रहताहै। यह विरोधपूर्ण बातें कटु व्यवहार टालकर अपनी कूटनीतिसे अपने सामूहिक व्यवहारमे रद्दोबदल करतेहुए सफलताकी सीमापर पहुंच जातेहै।

वृश्चिक-राशिमे जन्मेजातक कठोर परिश्रमी, चरित्रवान, ईमानदार अपनी कही हुई बातसे न मुकरने वाले, हठी होते हैं। विपरीत परिस्थितियोंको अनुकूल बनानेमे चतुर, प्रारम्भिक जीवनमे कम सुख लगभग २५ वर्षकी आयुके उपरांत सफलताओंकी ओर अग्रसर होतेहैं। इनमे स्वतन्त्र चिंतनका विशेष गुण होताहै। जिसके फलस्वरूप विशेष शोधपूर्ण कार्यरत डाक्टर, सर्जन इंजीनियर आदि पाए जातेहैं। गम्भीरता पूर्वक सोचविचारकर कदम बढाने वाले राष्ट्रभक्त स्वाभिमानी होते हैं।

धनु-राशिमे जन्मलेने वाले व्यक्ति हृष्ट-पुष्ट सर्वांगसुन्दर आकर्षक होते हैं। ये अपने पास आनेवाले व्यक्तिके भावको तुरंत हृदयंगम् कर समयानुकूल उचित उत्तर देते है। घनिष्ठसम्बंध कायम करनेमे चतुर, नाच गानेमे भी अधिक बढ़-चढ़कर भाग लेतेहैं। शारीरिकश्रम की अपेक्षा बुद्धिजीवी होते है। विपत्तिमे भी हंसना, खाओ मौज उड़ाओ ऐसी भावना के होते हैं।

मकर- राश्यान्तर्गत जन्मे जातकोंमे सामाजिक गुण अधिक पाए जाते है। ये कभी दूसरोका अहित करनेमे हिचकिचाते नही, जिद्दी नम्बर एक के होतेहैं। इनके कहने और करने मे जमीन आसमान का अन्तर होता है। दाम्पत्य सुखोपभोग के साधन इन्हे पूर्णरूपेण प्राप्त होताहै।

कुम्भ- राशि वायुतत्व प्रधान होनेसे वात कफ प्रकृति युक्त जातक होते है मानसिकचिंतन अकब्बपराक्रमी दूरदर्शी, चंचलप्रवृत्ति, ओजपूर्ण, साहसी, अपने लक्ष्य के प्रति निरन्तर बढ़ने वाले, दृढ़निश्चयी, अत्यंतकामी होतेहै। कुम्भ मे जन्मेव्यक्ति अपने कार्यको कलपर छोड़ देते है। आलस्य प्रमादवस काम बिगड़ भी जाते है।

मीन-राश्यान्तर्गत जन्म लेनेवाले जातक जलप्रवासी, स्वच्छ हृदय, एकांकी होते है। नूतन लक्ष्यकी पूर्तिहेतु नितनई योजनाओंमे उलझे रहते है। दाम्पत्य सुख न्यून ही कहा जा सकता है, नेतागिरी के गुण समय पर उभर आते है। समराशि मे जन्मलेनेके कारण जातक आवश्यकतासे अधिक भार नही, उठाते, दोस्तोसे जीवनमे कईबार हानिउठानी पड़तीहै, कईबार तो इतने साहसहीन हो जातेहैं कि दुश्मन इनका सर्वस्व हरण कर लेते हैं।

※ मेषादि राशियों के लिये मास दशा देखने की सारिणी ※

मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
ता. १३ अप्रै. से सूर्य दशा २० दिन तक	ता.१४मई से सूर्य दशा२० दिन तक	ता.३ अप्रैल से शुक्र दशा ७० दिनतक	ता.२२मार्च से राहु दशा ४२ दिनतक	ता.२२अप्रैल से राहु दशा ४२दिन तक	ता. २४मार्च से गुरु दशा ५८ दिनतक	ता. १८मार्च से शनि दशा ३६दिनतक	ता.१७अप्रैल से शनि दशा ३६दिनतक	ता. २२मार्च से बुधदशा ५६ दिनतक	ता. २४मार्च से मंगलदशा २८ दिनतक	ता.२३अप्रै. से मंगलदशा २८ दिनतक	ता. ३ अप्रैल से चन्द्र दशा ५० दिनतक
ता.४मई से चन्द्र दशा५० दिन तक	ता. ४जून से चन्द्र दशा५० दिन तक	ता. १५जून से सूर्य दशा २० दिनतक	ता.४मई से शुक्र दशा७० दिन तक	ता.४जून से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता.२२मई से राहु दशा ४२ दिन तक	ता. २३अप्रै. से गुरु दशा ५८ दिनतक	ता.२५मई से गुरु दशा ५८ दिनतक	ता.१८मई से शनिदशा ३६ दिनतक	ता.२१ अप्रै. से बुध दशा ५६ दिनतक	ता. २२मई से बुधदशा ५६दिन तक	ता. २५ मई से मंगलदशा २८ दिनतक
ता. २५ जून से मंगलदशा २८ दिन तक	ता.२७जौला. सेमंगल दशा २८ दिनतक	ता. ६ जुला. से चन्द्रदशा ५० दिनतक	ता.१६ जुला. से सूर्य दशा २० दिनतक	ता.१६ अग. से सूर्य दशा २० दिन तक	ता. ६ जुला. से शुक्रदशा ७० दिनतक	ता.२४जून से राहु दशा ४२दिनतक	ता.२५जुला. से राहु दशा ४२ दिनतक	ता. २५जून से गुरुदशा ५८दिनतक	ता.१९ जून से शनिदशा ३६ दिनतक	ता.२० जुला से शनिदशा ३६दिनतक	ता. २४जून से बुधदशा ५६ दिनतक
ता.२५ जुला. से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२५अग. से बुध दशा ५६ दिनतक	ता.२७अग.से मंगल दशा २८ दिनतक	ता. ६ अग. से चन्द्रदशा ५० दिन तक	ता. ६ सित. से चन्द्र दशा ५० दिन तक	ता. १७सित. से सूर्य दशा २० दिनतक	ता. ६ अग. से शुक्र दशा ७० दिनतक	ता. ६सित. से शुक्र दशा ७०दिनतक	ता. १५अग. से राहुदशा ४२ दिनतक	ता.२७जुला. से गुरुदशा ५८ दिनतक	ता.२७अग. से गुरुदशा ५८ दिनतक	ता.२१ अग. से शनिदशा ३६ दिनतक
ता.२१ सित. से शनि दशा ३६ दिन तक	ता.२१अक्टू. से शनिदशा ३६दिनतक	ता.२५सित. से बुधदशा ५६दिन तक	ता.२७सित. से मंगलदशा २८ दिनतक	ता.२७अक्टू. से मंगलदशा २८ दिनतक	ता.७अक्टू. से चन्द्र दशा ५० दिनतक	ता.१७अक्टू. से सूर्य दशा २०दिनतक	ता. १६ नव. से सूर्यदशा २० दिनतक	ता. ७अक्टू. से शुक्र दशा ७०दिनतक	ता.२५सित. से राहुदशा ४२ दिनतक	ता.२५अक्टू. से राहुदशा ४२ दिनतक	ता.२७ सित. से गुरूदशा ५८ दिनतक
ता.२७अक्टू. से गुरु दशा ५८दिन तक	ता.२६ नव. से गुरुदशा ५८ दिनतक	ता. २०नव. से शनिदशा ३६दिनतक	ता.२५अक्टू. से बुध दशा ५६ दिन तक	ता.२४ नव. से बुधदशा ५६दिनतक	ता. २६नव. से मंगलदशा २८ दिनतक	ता. ६ नव. से चन्द्र दशा ५० दिनतक	ता. ६ दिस. से चन्द्रदशा ५० दिनतक	ता. १५दिस. से सूर्यदशा २०दिनतक	ता.६नव. से शुक्रदशा ७० दिनतक	ता.६ दिस. से शुक्रदशा ७० दिनतक	ता. २४नव. से राहुदशा ४२ दिनतक
ता.२४ दिस. से राहु दशा ४२ दिन तक	ता. २२जून से राहु दशा ४२दिन तक	ता.२५दिस. से गुरु दशा ५८ दिनतक	ता.१९दिस. से शनिदशा ३६ दिनतक	ता.१८जन. से शनि दशा ३६दिनतक	ता.२३सित. से गुरु दशा ५६ दिनतक	ता. २५दिस. से मंगलदशा २८दिनतक	ता. २४जन. से मंगलदशा २८दिनतक	ता. ४जन. से चन्द्रदशा ५० दिनतक	ता. १४जन. से सूर्यदशा २० दिनतक	ता. १२ फर. से सूर्यदशा २० दिनतक	ता. ४ जन. से शुक्रदशा ७० दिनतक
ता. २ फर. से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता. ४ मार्च से शुक्र दशा ७० दिन तक	ता. २०फर. से राहु दशा ४० दिनतक	ता.२४ जन. से गुरु दशा ५८ दिनतक	ता. २२फर. से गुरुदशा ५८दिनतक	ता. १७फर. से शनि दशा ३६दिनतक	ता. २२जन. से बुध दशा ५६दिनतक	ता. २०फर. से बुध दशा ५६दिनतक	ता. २२फर. से मंगलदशा २८दिनतक	ता. २फर. से चन्द्रदशा ५० दिनतक	ता. ४ मार्च से चन्द्र दशा ५० दिनतक	ता. २४मार्च से सूर्यदशा २० दिनतक

शनि विचरण पादफलज्ञानम्: जिस दिन ग्रह राशि परिवर्तन करे, उस दिन चन्द्रमा जिस राशि में हो वह राशि, जन्मराशि अथवा नामराशि से गिनने पर १।६।११ वी हो तो स्वर्णपाद से ग्रह का भ्रमण हो रहा है ऐसा जानें। इसी प्रकार २।५।९ रजतपाद ३।७।१० ताम्रपाद, ४।८।१२ लोहपाद समझें **फलम्-लोहे धनविनाश: स्यात्सर्वसौख्यं च कांचने। ताम्रे च समताज्ञेया सौभाग्य रजते भवेत्।।** स्मरण रहे- शनि, राहु केतु का लोहपाद, गुरु का स्वर्णपाद, और मंगल का ताम्रपाद शुभद होता है। स्व.स्व. कारकत्वेन पादफल शुभाशुभ जानकर निर्णय करें। रजतपाद फल सभी को श्रेष्ठ होता है। **शनि वाहन-** तिथि, वार, नक्षत्र और नामाक्ष जोड़कर ९ से भाग दें। १ शेष मे गदा, २ घोड़ा, ३ हाथी, ४ भैसा, ५ स्यार, ६ सिंह ७ कौआ, ८ मोर, ९ हंस होता है। वाहनफल- कलह, बुद्धिभ्रम, लाभ, व्याधि, भय, विजय, चिन्ता, सुख और सम्पत्ति दायक होता है। शनि की साढेसाती विचार- जिस राशि मे शनि भ्रमण करता है उससे बारहवी और दूसरी राशि को भी त्रस्त करता है। तीन राशियों का भोगकाल साढेसात वर्ष होता है। शनि की साढेसाती लगने से १०० दिन मुख पर रहता है। उसका फल हानिकारक होता है। ऐसे ही ४०० दिन दक्षिण भुजा मे फल विजय। दिन ६०० चरणों मे यत्र-तत्र भ्रमण दिन ४०० वामभुजा मे दु:ख। दिन ५००उदर मे लाभ। दिन३०० मस्तक पर राज्य लाभ। दिन २०० नेत्रों मे दु:खप्रद। दिन २०० गुदा मे दु:ख प्रद इस प्रकार शनि २७०० दिन साढे साती दशा भोगता है।

अथ शनिफलम्

मुखे दिन	१००	रोगं	उदरेदिन	५००	लाभं
द.करे	४००	लाभं	शिरसि	३००	सौभाग्यं
पादयो:	६००	भ्रमणं	नेत्रयो:	२००	मरणं
वाम करे	४००	निर्धनं	गुदे	२००	मरणं

※ सुयोगकुयोगादिज्ञानायचक्रम् ※

योगा:		सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
सिद्धियोग	तिथि -	+	+	३-८ १३	२-७ १२	५-१० १५-३०	१-६ ११	४-९ १४
क्रकचयोग	-	१२	११	१०	९	८	७	६
मृत्युयोग	-	१-६ ११	२-७ १२	१-६ ११	३-८ १३	४-९ १४	२-७ १२	५-१० १५
दग्ध	-	१२	११	५	३	६	८	९
विषाख्या	-	४	६	७	२	८	९	७
हुताशन	-	१२	६	७	८	९	१०	११
अमृतसिद्धि	नक्षत्र	हस्त	मृग.	अश्वि	अनु	पुष्य	रेवती	रोहि.
सिद्धि योग	-	मूल	श्रवण	उभा	कृत्ति	पुन	पूभा	स्वाति
चरयोग	-	पूषा	आर्द्रा	विशा.	रोहि.	शत	मघा	मूल
उत्पात	-	विशा	पूषा	धनि	रेवती	रोहि.	पुष्य	उषा
मृत्यु	-	अनु	उषा	शत.	अश्वि.	मृग	श्ले	हस्त
काण	-	ज्येष्ठा	अभि	पूभा	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा
कालयोग	-	भरणी	आर्द्रा	मघा	चित्रा	ज्येष्ठा	अभि	पूषा
यमघंट	-	मघा	विशा	आर्द्रा	मूल	कृत्ति.	रोहि.	हस्त
यमदंष्ट्रा	-	मघा धनि	मूल विशा.	कृति. भरणी	पुन. रेवती	उषा अश्वि.	रोहि. अनु.	श्रवण शत
दग्धनक्षत्र	-	भरणी	चित्रा	उषा	धनिष्ठा	उफा	ज्येष्ठा	रेवती
सर्वार्थसिद्धि योग	- - -	मू.३३ हअश्वि पुष्य	अनु. श्र.रो. मृ.पुष्य	उफाह अश्वि श्ले	ह.कृ. रो.अनु मृग.	पुन.पु रे.अनु अश्वि.	अश्वि. रे.अनु पुन.श्र	श्रव. रोहि. स्वाती
वारवेला	याम घटी	४ ३॥।	७ ३॥।	२ ३॥।	५ ३॥।	८ ३॥।	३ ३॥।	६ ३॥।
कुलिक	मुहूर्त	१४	१२	१०	८	६	४	२
कंटक	-	६	४	२	१४	१२	१०	८
काललवेला	-	८	६	४	२	१४	१२	१०
अर्धयाम	-	७	९	३	९	१५	५	१
यमघंट	-	१०	८	६	४	२	१४	१२
विषघटी	-	२०	२	१२	१०	७	५	२५

रवियोग- सूर्याश्रित नक्षत्र से इष्ट दिन दैनिक चान्द्र नक्षत्र तक गिनने पर ४।६।९।१०।१३।२० वां नक्षत्र हो तो रवियोग बनता है, जोकि त्रयोदश कुयोगो का नाश करता है। रविपुष्य एवं गुरुपुष्य योग बनने पर दोषसमूह का नाश होता है।

❀ अथ सूर्यादिग्रहणां विविधविषयोपयोगी गुणधर्मज्ञानार्थचक्रम् ❀

ग्रहाः	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
Planets	Sun	Moon	Mars	Mercu.	Jupiter	Venus	Saturn	Ascen.N	Desce.N
सितारा	आफताब	माहताब	मिरीख	उतारूद	मुस्तरी	झाहार	झाहल	रास	जनव.
एकपाद दृष्टि	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	०	३।१०	३।१०
दोपाद दृष्टि	५।९	५।९	५।९	५।९	०	५।९	५।९	५।९	५।९
तीनपाद दृष्टि	४।८	४।८	०	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८
सम्पूर्ण दृष्टि	७	७	४।७।८	७	५।७।९	७	३।७।१०	७	७
नक्षत्र दृष्टि	५।१५	१५	७।८।१०।१५	९।१२।१५	१०।१५।१९	९।१२।१५	३।५।१५।१९	९।१५	९।१५
भाग्योदय वर्ष	२२	२४	२८	३२	१६	२५	३६	४२	४८
भोग्यकाल	१ मास	२। दिन	१॥ मास	१ मास	१३ मास	१ मास	३० मास	१८ मास	१८ मास
मित्र ग्रहाः	चं.मं.गु.	सू. बु.	सू. चं. गु.	सू.शु.रा.	सू. चं. मं.	बु.श.रा.	बु.शु.रा.	बु.शु.श.	बु
सम ग्रहाः	बु.	मं.गु.शु.श.	शु. श.	मं.श.गु.	श.रा.	मं. गु.	गुरु	गुरु	०
शत्रु ग्रहाः	शु.श.रा	रा.	बु. रा.	चं.	बु. शु.	सू. चं.	सू. चं.मं.	सू.चं.मं.	०
उच्च राशि	मेष	वृष	मकर	कन्या	कर्क	मीन	तुला	मिथुन	धनु
परमोच्चांश	१०	३	२८	१५	५	२७	२०	१५	१५
नीचराशि	तुला	वृश्चिक	कर्क	मीन	मकर	कन्या	मेष	धनु	मिथुन
परमनीचांश	१०	३	२८	१५	५	२७	२०	१५	१५
स्वगृह (राशि)	सिंह	कर्क	मेष वृश्चि.	मिथु. कन्य.	धनु मीन	वृष तुला	मकर कुम्भ	कन्या	मीन
मूलत्रिकोण	सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	कर्क	मकर
अंश तक	२०तक	४से३०तक	१८ तक	१६से२०तक	१३ तक	१० तक	२० तक	-	-
बलवत्तमभाव	दशम	चतुर्थ	दशम	प्रथम	प्रथम	चतुर्थ	सप्तम	-	-
कारकभाव	१।९।१०	४	३।६	४।१०	२।५।९।१०।११	७	६।८।१०।१२	-	-
शुभ-पाप	उग्र	शुभाशुभ	पाप	शुभाशुभ	शुभ	शुभ	पापाति	पाप	पाप
गुण	सत्त्व	सत्त्व	तम	रज	सत्त्व	रज	तम	तम	तम

ग्रहाः	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
Planets	Sun	Moon	Mars	Mercu.	Jupit.	Venus	Saturn	Asc.N	Des.
सितारा	आफताब	माहताब	मिरीख	उतारूद	मुस्तरी	झाहार	झाहल	रास	जनव.
ग्रहो के रत्न	माणिक	मोती	मूंगा	पन्ना	पुखराज	हीरा	नीलम	गोमेद	फिरोजा
स्त्री पुरूष	पुरूष	स्त्री	पुरूष	नपुंसक	पुरूष	स्त्री	नपुंसक	पुरूष	पुरूष
वर्ण	क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	वैश्यशूद्र	ब्राह्मण	ब्राह्मण	अन्त्यज	शूद्र	निषाद
देवता	अग्नि	वरूण	स्कन्द	विष्णु	इंद्र	इंद्राणी	ब्रह्मा	वायु	आकाश
विद्या	वैद्यक	ज्योतिष	शस्त्र	शिल्प	व्याकरण	संगीत	यावनीविद्या	गारुडी	गुप्ततंत्र
काल-पुरूष	आत्मा	मन	सत्वशौर्य	वाणी	ज्ञानसुख	कामसुख	दुःख	[illegible]	[illegible]
आकार	चतुरस्त्र	वर्तुल	चतुष्कोण	वृत्त	वृत्त	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ	[illegible]
समय	मध्यान्ह	अपरान्ह	मध्याह्न	प्रभात	प्रभात	अपराह्न	अपराह्न	अपराह्न	अपराह्न
दिशा	पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैऋत्य	नैऋत्य
धातु	सुवर्ण	चांदी	सुवर्ण	कांस्य	हीरसु	चांदी	लोहा	लोहा	लोहा
पाद	चतुष्पद	बहुपद	चतुष्पद	द्विपद	द्विपद	द्विपद	भुजंग	अपद	अपद
चरादि संज्ञा	स्थिर	चर	चर	द्विस्वभाव	स्थिर	चर	पक्षीस्थिर	चर	[illegible]
रस	तिक्त	क्षार	कटु	सर्वरस	मधुर	अम्ल	कषाय	कषाद	कषाद
स्थान	पशुभूमि	जलभूमि	दग्धभूमि	शमशान	देवस्थान	जलभूमि	उत्कर	ऊषर	ऊषर
प्रकृति	पित्त	श्लेष्म	पित्त	सम	सम	कफ	वात	वात	वात
अवस्था	वृद्ध	युवा	युवा	युवा	वृद्ध	युवा	अतिवृद्ध	वृद्ध	वृद्ध
रंग	पाटल	गौर	रक्त	नील	पीत	श्वेत	नील	धूम्र	धूम्र
धात्वादि	मूल	जीव	धातु	मिश्रित	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु
पदासीन	राजा	राजरानी	सेनापति	युवराज	मन्त्री	गुप्तचर	प्रेष्यदूत	सेवक	[illegible]
वस्त्र	मोटा	नवीन	अग्निदग्ध	आर्द्र	मध्यम	दृढ़	मलिन	चित्रित	[illegible]
स्वभाव	क्रूर	सोम्य	उग्र	शुभ	शुभ	शुभ	पाप	पाप	पाप

ग्रहो के उपग्रह-

अर्थात् अब तक (सन् १९९८ तक) प्राप्त जानकारी के अनुसार किस ग्रह के इर्द गिर्द कितने चन्द्रमा चक्कर लगाते है यथा-पृथ्वी का चन्द्रमा १, इसी प्रकार मंगल के २, बृहस्पति के १६, शनि के २०, हर्शल के १५, नेपच्यून के ८, और प्लूटो का १ चन्द्रमा है। प्लूटो के उपग्रह के विषय मे सभी खगोलविद अभी एकमत नही है।

अनन्त ब्रह्माण्ड में व्याप्त तारों की दूरी- ज्ञात करने के लिये विद्वानो ने जो विधि निकाली है वह है प्रकाशवर्ष अर्थात् सबसे तेज गति प्रकाश की होती है। सूर्य की किरणे ८ मिनट मे करीब १४,९६,००,००० किमी. की दूरी पार करके पृथ्वी तक पहुंच जाती है; इसीलिये कहा जाता है कि पृथ्वी और सूर्य के मध्य की दूरी ८ प्रकाश मिनट दर है। प्रति १ वर्ष मे प्रकाश करीब ९४,६३,००,००,००० किमी. की गति से चलता है।

हर्शल(यूरेनस–वरुण) का भगणकाल ८४ वर्ष ८ दिन है। प्रत्येक राशि मे लगभग ७ वर्ष तक रहता है। प्रकृति खल बलिष्ठ तमोगुणी अशुभ विलक्षण है। जलतत्त्व प्रधान ग्रह हर्शल की राशि कुम्भ है।, जिसमे स्वगृही माना जाता है। यह मिथुन तुला और कुम्भ मे अत्यंत बलवान समझा जाता है। मेष और वृश्चिक राशि मे अत्यंत घातक फल देता है। जन्म कुण्डली के ५।९।१०।११ वे भाव मे शुभ और अन्य स्थानो मे अशुभ फल देता है। हर्शल के कारकत्व समस्त वाहन यातायात, डाक, तार, टेलीफोन तथा बिजली विभाग। उच्च टेक्नोलॉजी, इन्जीनियर्स विभाग एवं भौतिक सुख दुःख संयोग वियोग माने गये है।

नेपच्यून (इन्द्र) का भगणकाल १६४ वर्ष २८५ दिन, प्रत्येक राशि मे लगभग १३ वर्ष २६७ दिन तक रहता है। यह जलतत्त्व प्रधान ग्रह है। नेपच्यून की राशि मीन है। यह अर्थ, धर्म, गुरु चन्द्रमा के समान शुभ है। जन्म कुण्डली के १।५।९ वे भाव मे सत्त्वप्रधान २।४।६।८।१२ वे भाव मे तम प्रधान और ११ वे स्थान मे रजप्रधान समझा जाता है। नेपच्यून को क्रमशः ११।७।३।४।१२ वी राशियाँ प्रिय है। यह ३।४।७।८।१२वी राशि मे बहुत ऊँचा शुभ फल देता है। नेपच्यून के कारकतत्त्व मे फल फूलदार वृक्ष वनस्पति, औषधि, खेती की पैदावार, वर्षण, अवर्षण, भूस्खलन, भूकम्प,झन्झावात,ओलावृष्टि हिमपात, आंधी तूफान।

ग्रहो से सम्बंधित जानकारी- हमारे इस सौर परिवार के मध्यस्थ भुवन भास्करभगवान सूर्य के इर्द-गिर्द परिक्रमा करने वाले ग्रहोमे सबसे नजदीक बुध ग्रह है, द्वितीय कक्षा मे शुक्र,तृतीय मे पृथ्वी, चतुर्थ मे मंगल, पंचम मे बृहस्पति, छठी कक्षा मे शनि, सातवी मे हर्षल (यूरेनस), आठवी मे नेपच्यून, और नवी कक्षा मे प्लूटोयम, निर्बाध गति से प्रदक्षिणा करता रहता है। पृथ्वी के उपग्रह चन्द्रमाको मिलाकर ११ सदस्यो से शोभायमान आकाश गंगा सहित अनेक तारासमूहोसे सुशोभित अंतरिक्ष बहुत ही सुहावना लगता है। **पृथ्वी से ग्रहों की दूरी(किलोमीटर में)-** चन्द्रमा ३८,००००० शुक्र ४,१४,००,००० बुध ९,१७,००, ००० सूर्य १४,९६,००,००० मंगल ७,८३,००,००० गुरु ६२, ८७, ००,००० शनि १,२७,७४,००,००० यूरेनस २,७२,०४,००,००० नेपच्यून ४,४४,४४,००,००० प्लूटो ५,७५,०४,००,०००.

ग्रहो का परिभ्रमण काल- पृथ्वी २३.५६, चन्द्रमा २७.३२, बुध ५८.६५ शुक्र २४.३ मंगल १.०२, गुरु ०.४१, शनि ०.४४, हर्षल ०.६५, नेपच्यून ०.७७, प्लूटो ६.३८

ग्रहो का परिक्रमा काल- दिवस दशमलव मे पृथ्वी ३६५.२५६३६ चन्द्र २७.२५६३०, बुध ८७.९६२६, शुक्र २२४.७००८, मंगल ६८६.९७९८२, गुरु ४३३२.५८८९६, शनि १०७५९.२२६२०, हर्षल ३०६८८.४४१७५ नेपच्यून ६०१८१.२७९११ और प्लूटो १०७३६.०५६४० है।

॥ मेषादि राशियोंकी संज्ञादि ज्ञानार्थ चक्रम् ॥

राशिनाम	पु.स्त्री	चरादि	तत्त्व	पृष्टकृश	पाद	वर्ण	गुण	धातु	शब्द	स्थान	क्रूरादि
मेष	पुरुष	चर	अग्नि	दृढ़	चतुष्पद	पाटलरक्त	तप्तदेह	पित्त	अतिरव	पर्वत	उग्र
वृष	स्त्री	स्थिर	पृथ्वी	दृढ़	चतुष्पद	श्वेत	शीत	वायु	अतिरव	समभूमि	सौम्य
मिथुन	पुरुष	द्विस्वभाव	वायु	मृदु	द्विपद	हरित	तप्त	समधा	दीर्घशब्द	वनचर	उग्र
कर्क	स्त्री	चर	जल	मृदु	अपद	पाटल	शीत	कफ	शब्दहीन	जलचर	सौम्य
सिंह	पुरुष	स्थिर	अग्नि	दृढ़	चतुष्पद	धूम्र	उष्ण	पित्त	दीर्घशब्द	पर्वत	उग्र
कन्या	स्त्री	द्विस्वभाव	पृथ्वी	कृश	द्विपद	पांडुरंग	शीत	वायु	अर्धशब्द	रामभूमि	सौम्य
तुला	पुरुष	चर	वायु	दृढ़	द्विपद	विचित्र	उष्ण	समधा	शब्दहीन	वनचर	उग्र
वृश्चिक	स्त्री	स्थिर	जल	कृश	बहुपद	श्वेत	शीत	कफ	शब्दहीन	जलचर	सौम्य
धनु	पुरुष	द्विस्वभाव	अग्नि	दृढ़	द्विपद	सुवर्ण	उष्ण	पित्त	अतिशब्द	पर्वत	उग्र
मकर	स्त्री	चर	पृथ्वी	दृढ़	चतुष्पद	पीत	शीत	वायु	अतिशब्द	वनचर	सौम्य
कुम्भ	पुरुष	स्थिर	वायु	दृढ़	अपद	कुर्बर	उष्ण	समधा	खंडशब्द	समभूमि	उग्र
मीन	स्त्री	द्विस्वभाव	जल	दृढ़	अपद	धूम्र	शीत	कफ	शब्दहीन	जलचर	सौम्य

राशिनाम	बलस	विषम-सम	दिशा	स्त्रीसंग	क्रान्ति	जाति	उदय	ऋतु	दुरज	Zodiac	राशिनाम
मेष	दिवा	विषम	पूर्व	अल्प	रूक्ष	क्षत्री	पृष्ठोदय	वसन्त	हमल	Aries	मेष
वृष	रात्रि	सम	दक्षिण	मध्य	रूक्ष	वैश्य	पृष्ठोदय	ग्रीष्म	सूर	Taurus	वृष
मिथुन	दिवा	विषम	पश्चिम	मध्य	स्निग्ध	शूद्र	शीर्षोदय	ग्रीष्म	जौज़ा	Gemini	मिथुन
कर्क	रात्रि	सम	उत्तर	बहु	स्निग्ध	विप्र	पृष्ठोदय	वर्षा	सर्तान्	Cancer	कर्क
सिंह	दिवा	विषम	पूर्व	अल्प	रूक्ष	क्षत्री	शीर्षोदय	वर्षा	असद	Leo	सिंह
कन्या	रात्रि	सम	दक्षिण	अल्प	रूक्ष	वैश्य	शीर्षोदय	शरत्	सुंबुला	Virgo	कन्या
तुला	दिवा	विषम	पश्चिम	अल्प	स्निग्ध	शूद्र	शीर्षोदय	शरत्	मीज़ान	Libra	तुला
वृश्चिक	रात्रि	सम	उत्तर	बहु	स्निग्ध	विप्र	शीर्षोदय	हेमन्त	अकरब	Scorpio	वृश्चिक
धनु	दिवा	विषम	पूर्व	अल्प	रूक्ष	क्षत्री	पृष्ठोदय	हेमन्त	कौस	Sagitta	धनु
मकर	रात्रि	सम	दक्षिण	अल्प	रूक्ष	वैश्य	पृष्ठोदय	शिशिर	जदी	Capricor.	मकर
कुम्भ	दिवा	विषम	पश्चिम	मध्य	स्निग्ध	शूद्र	शीर्षोदय	शिशिर	दलु	Aquarius	कुम्भ
मीन	रात्रि	सम	उत्तर	बहु	स्निग्ध	विप्र	उभयोदय	बसन्त	हूत	Pisces	मीन

॥ तारागुण बोधक चक्र ॥

कन्या ↓ / वर →	१	२	३	४	५	६	७	८	९
१	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
२	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
३	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
४	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
५	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
६	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
७	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
८	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
९	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३

॥ गणगुण चक्र ॥

कन्या ↓ / वर →	देव	म	रा
देव	६	५	१
मज	६	६	०
राक्ष	०	०	६

॥ नाडीगुण चक्र ॥

कन्या ↓ / वर →	आ	म	अं
आ	०	८	८
म	८	०	८
अं	८	८	०

॥ बश्य गुण चक्र॥

कन्या ↓ / वर →	द्वि.	चतु	जल	वन	की.
द्विपद	२	१	॥	०	१
चतुष्पद	१	२	१	०	१
जलचर	॥	१	२	१	१
वनचर	०	०	१	२	०
कीट	१	१	१	०	२

॥ वर्ण गुण चक्र॥

कन्या ↓ / वर →	ब्रा.	क्ष.	वैश.	शू.
ब्रह्माण	१	०	०	०
छत्रिय	१	१	०	०
वैश्य	१	१	१	०
शूद्र	१	१	१	१

तारा ज्ञानम्- वर के नक्षत्र से कन्या के नक्षत्र तक और कन्या के नक्षत्र से वर के नक्षत्र तक गिनकर ९ का भाग देना, शेष बचे उससे तारा चक्र द्वारा गुण लेना। शेष यदि ३।५।७ बचे तो अशुभ जानें।

॥ योनिगुण बोधक चक्र ॥

कन्या ↓ / वर →	अश्व	गज	मेष	सर्प	श्वान	मार्जार	मूषक	गौ	महिष	व्याघ्र	मृग	वानर	नकुल	सिंह
अश्व	४	२	३	२	२	३	३	२	०	१	३	२	२	१
गज	२	४	३	२	२	३	३	३	३	१	३	२	२	०
मेष	३	३	४	२	२	३	३	३	३	१	३	०	१	१
सर्प	२	२	२	४	२	१	१	२	२	२	२	१	०	२
श्वान	२	२	२	२	४	१	१	२	२	२	०	२	२	२
मार्जार	३	३	३	१	१	४	०	३	३	२	३	२	२	२
मूषक	३	२	२	१	२	०	४	३	३	२	३	२	१	२
गो	२	३	३	२	२	३	३	४	३	०	३	२	२	१
महिष	०	३	३	२	२	३	३	३	४	१	३	२	२	१
व्याघ्र	१	१	१	२	२	२	२	०	१	४	१	२	२	३
मृग	३	३	३	२	०	३	३	३	३	१	४	२	२	१
वानर	२	२	०	१	२	२	२	२	२	२	२	४	२	२
नकुल	२	२	२	०	२	२	१	२	२	२	२	२	४	२
सिंह	१	०	१	२	२	२	२	१	१	३	१	२	२	४

॥ ग्रहगुण चक्र ॥

कन्या ↓ / वर →	रवि	चन्द्र	मंग	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
र	५	५	५	४	५	०	०
च	५	५	४	१	४	॥	॥
मं	५	४	५	॥	५	३	॥
बु	४	१	॥	५	॥	५	४
गु	५	४	५	॥	५	॥	३
शु	०	॥	३	५	॥	५	५
श	०	॥	॥	४	३	५	५

भकूट गुण ज्ञानम्- वर-कन्या की परस्पर राशि ३।११ व ४।१० तथा ७।७ हो तो ७ गुण लेना अन्यथा ० गुण लेना। यदि राशि स्वामी एक हो अथवा मैत्री सम्बन्ध हो । तो ६।८ तथा २।१२ एवं ५।९ भी ग्राह्य है अन्यथा नही। राशियों के परस्पर शुभाशुभ योगज्ञानार्थचक्रतीसरेपृष्ठपरदिया गया है।

वर-कन्या गुण गणना उदाहरण-

वर का नाम नीरज अनुराधा नक्षत्र राशि वृश्चिक, कन्याका नाम उर्मिला कृति. का नक्षत्र भाग२ राशि वृष होने के कारण गुण २४॥ मिलते हैं। गण नही मिला जिसके परिहार में एकाधिपत्य है। १८ से अधिक गुण मिलने पर यदि कोई दोष रहे तो उसका परिहार भी उसीमें हो जाताहै। यह धर्मसिन्धु की मान्यतानुसार है।

वर्गा	कन्या	गुण	वर
वर्ण	वैश्य	१	विप्र
वश्य	चतु.	१	कीटक
तारा		१॥	शेष५
योनि	मेष	३	मृग
ग्रहमै	शुक्र	३	भौम
गण	राक्षस	०	देव
भकूट	सात	७	सात
नाडी	अन्त्य	८	मध्या
	कुल २४॥		योग

❁वर कन्या गुण मेलापक सारणी आगेके पृष्ठ नं. (106)पर छपी है।

।। अथ विवाह संस्कार ।।

गर्भाधानादि (जन्मसे मृत्युपर्यन्त) षोडस संस्कारोंमें विवाह संस्कार सर्वश्रेष्ठ संस्कार माना गया है। शास्त्रसम्मत विधिवत् विवाह सम्पन्न होनेपर जीवात्मा मनुष्यजीवनके सर्वोपरीय उद्देश्य (धर्म अर्थ काम) का यथावत पालनकरते हुए मोक्षको प्राप्त कर सकता है।

जीवनकाल चार आश्रमोंमें विभाजित है यथा-**ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ** और **सन्यास**। इन चारों आश्रमोंका मुख्यआधार है 'गृहस्थ' स्त्रीको मुख्यरुप से धर्म,अर्थ,कामकीप्रदात्री माननेकेसाथ ही सन्तानसिद्धिका मुख्यसाधन समझकर विवाह के लिए समय शुद्धिका विशेष विचार किया जाता है यथा-

भार्या त्रिवर्गकणां शुभशीलयुक्ता शीलं शुभं भवति लग्नवशेन तस्या:।
तस्माद्विवाहसमय: परिचिन्त्यते हि तान्नघ्नतामुपगता: सुतशीलधर्मा:।।

सृष्टिके आदिकालसे वसुन्धरा पर अनेक महापुरुष ऋषिमहर्षि विद्वान ज्योतिषाचार्य, विज्ञान वेत्ताओंने इस विषय पर गहन अध्ययन चिन्तनमनन करके ग्रहादिकोंके प्रभावादिका सही आकलन कर कुछ नियम निश्चित कियेहैं **यथा**-विद्याध्ययन काल पूर्ण होनेपर जब लड़की लड़काकी उम्र विवाहके योग्य हो जाय, तब माता-पिता अपने कुलकी परम्परानुसार लड़कीं के अनुरुप सुयोग्य वरको टीका (वाग्दान) करें।

नोट: शादी तय (वाग्दान वाणी द्वारा संकल्प सगाई) करनेसे पहले योग्य ज्योतिर्विदसे वर-कन्याकी जन्मपत्री मिलान करवा लेनी चाहिए। जन्माङ्ग चक्रमें शुभाशुभ योगोंपर ध्यान देना चाहिए और वर्णादि अष्टकूट तथा राशियोंका शुभसंयोग देखकर ही निर्णय लेना चाहिए।

वरवरण मुहूर्त- अश्वि. कृति., रोहि., मृग., मघा., पूफा, उफा, हस्त चित्रा स्वाती, अनु, मूल. पूषा., उषा., श्रव.,धनि., पूभा., उभा., और रेव. नक्षत्र शुभवार लग्न मुहूर्तमें आचार्य-पुरोहित कन्याके पिता, भ्राता, एवं अभिभावकसे गणेशादि देवपूजन कराकर कुमकुम केशर आदिसे वरका तिलक करें, मोली (रक्षासूत्र), बांधें, श्रीफल, मिष्टान्न, पुष्पमाल्यादि वस्त्राभूषणादि से सम्मानित करें। उचित सम्बोधन करते हुए यह मन्त्र पढ़ें

तस्मिन् कालेऽग्निसान्निध्ये स्नात: स्नाते ह्यरो गिणे।
अभ्यगेऽपतितेऽ वग्नीवे पिता (दाता) तुभ्यं प्रदास्यति।।

कन्यावरणमुहूर्त- उपरोक्त नक्षत्र शुभवार लग्न मुहूर्तमें वस्त्राभूषण मिष्टान्नश्रीफल पुष्पमाल्यादिसे ससम्मानित कर कन्याका वरण करें, अर्थात् गोद भरें। उपरान्त गुरु ज्योतिषाचार्य द्विज के सम्मुख फल, फूल, मिष्टान्न, सदक्षिणा भेंट रखकर विवाहकी तारीख निश्चिय करायें।

विवाहके लिए ग्राह्य मास- वैशाख, ज्येष्ठ, त्रिभाग आषाढ़ (मिथुनार्क में) आगे प्रबोधिनी एकादशी के बाद (वृश्चिक के सूर्य में) कार्तिक व मार्गशीर्ष, (मकर के सूर्य में) माघ और (कुम्भ की संक्रान्ति में) फाल्गुन मास विवाहके लिए शुभ माना गया है। देशाचारकी प्रधानतासे चैत्र, पौष को छोड़कर अन्य सभी मासोंमें विवाह होते हैं।

देवशयन चातुर्मास्य- के विवाह मुहूर्त दैवज्ञरंजन ग्रन्थानुसार सिन्ध, पंजाब, कश्मीर हिमाचलादिमें देशाचरसे पण्डित वर्गमें ग्राह्य माने जाते हैं- **प्रमाणं ग्रामवचनं विवाहादौ तथात्यये यत: परम्परायातं धर्म वदन्ति ते खलु।। देशाचारस्तावदादौ विचिन्त्यो देशे देशे या स्थिति सैव कार्या।।**

।। शुभमास ।।

माङ्गल्येषु विवाहेषु कन्यासंवरणेषु चादशमासा: प्रशस्यन्ते चैत्रपौषविवर्जिता।। सभी मांगलिक कार्योंमें विवाह तथा कन्याके वरणमें दशमास उत्तम कहे गये है। केवल चैत्र और पौषको छोड़कर। लेकिन यह सर्वमान्य नहीं है।

वर्जित काल- पातदोष, व्यतीपात, दग्धातिथि, क्षयतिथि, कृष्णा १३।१४।३० शुक्ला १।२ तिथि, संक्रान्ति, ग्रहण दिन नक्षत्र, गुरुशुक्रास्त दोष, मृत्युवान, वेध सूक्ष्म क्रांतिसाम्य, अन्यान्य कुयोग दिन विवाहमें वर्जित है।

शुभ नक्षत्र- **मूलमैत्रमृगरोहिणीकरै: पौष्णमारुतमघोत्तरान्वितै:।** **मूल, अनु.,मृग.,रोहि.,हस्त.,रेवती,स्वाती,मघा.,उफा.,उषा. और उभा.** ये ग्यारह नक्षत्र विवाहके लिए सर्वमान्य शुभ है।

यजुर्वेदियोंके लिए ग्राह्य- कात्यायन सूत्र वाले यजुवैदियोंके लिए ग्रह्यसूत्रोक्त **'त्रिषुत्रिषूत्तरादिषु'** प्रमाणानुसार तीनों उत्तराओंसे परवर्ती तृतीय नक्षत्र-**अश्विनी, चित्रा, श्रवण** और **धनिष्ठा** ये चारोंनक्षत्र विवाहमें ग्राह्यमाने गये हैं। जिन्हें सत्यकृत्य मुक्तावली और धर्मसिन्धु (पृष्ठ ४०९) में आचार्य हरिदत्तके मत से **'चित्राश्रवणधनिष्ठाश्वनी नक्षत्र यजुर्वेदषियम्'** भी शुभ माना गया है। श्रीराजधानी पंचांगमें उपरोक्त सभी नक्षत्रोंमें विवाह मुहूर्त सुनिश्चित किये जाते हैं।अत:विद्वज्जन किसी भ्रममें न पड़कर वेद-सूत्र-शाखानुसार स्वीकार करें।

द्विजातियोंके विवाह मुहूर्तोंमें ८१ दोष धर्म शास्त्रमें कहे गये हैं; किन्तु उनमें १० महादोष **लता पात युति, वेध, जामित्र, बाण, एकार्गल, उपग्रह, क्रान्तिसाम्य महापातऔर दग्धा तिथि** ये मुख्य है। जिनमेंसे **वेध, मृत्युवान, क्रान्तिसाम्य** ये तीन महादोष अपरिहार्य होने से सर्वत्र सर्वथा वर्जनीय है। शेष सात दोषोंमें से चार अल्प दोष रहने पर वे विवाह मुहूर्तकी लग्नशुद्धि से नष्ट हो जाते हैं- **'सर्वेदोषा: विनश्यन्ति लग्नशुद्धिर्यदा भवेत्।'**

जिस विवाह मुहूर्तमें जो दोष होता है उसे (ɔ) वक्र रेखा द्वारा सूचित कर दिया जाता है; और (।) खड़ी रेखा शुद्धता की परिचायक है। कुल दश रेखायें दश दोषोंकी सूचक होती है।

लतादोष- मालवाप्रान्त (उज्जैन) तथा अहमदाबादसे सोमनाथ तक एवं सूरतके आसन्न माना जाता है। **पातदोष-** कुरुक्षेत्र बांगर (फिरोजपुर भटिण्डा प्रान्त) के ईट-गिर्ट क्षेत्रोंमें माना जाता है। **युतिदोष-** बंगालसे ढाका मुर्शिदाबाद मालवाके आसन्न तथा उड़ीसासे दक्षिण, मद्राससे उत्तर तीरवर्ती कलिंग (भुवनेश्वर) में माना जाता है। सू.मं.शु.श.रा.के की युति दरिद्र मृत्यु आदि भयप्रद मानी गई है। विशेषत: शुक्रकी युति वर्जित है।

वेधदोष- सभी जगह वर्जित है। वास्तवमें निम्नचक्राकित एक नक्षत्रके प्रथम चरणमें ग्रह हो तो दूसरेका चतुर्थ चरण और चतुर्थ चरणमें ग्रह हो तो दूसरेका प्रथम चरण विद्ध होता है। एवं द्वितीय और तृतीय चरणमें परस्पर वेध होता है। चरण भेदसे मान्य वेध दोष ही अवश्य वर्जनीय है।

।। विवाह नक्षत्र वेध दोष चक्रम् ।।

अश्वि.	रोहि.	मृग	मघा	उफा.	हस्त	चित्रा	स्वा.	अनु.	मूल.	उषा	श्रव.	धनि.	उभा.	रेव.
पूफा.	अभि.	उषा	श्रव.	रेव.	उभा.	पूभा.	शत	भर.	पुन.	मृग	मघा.	श्ले.	हस्त	उफा.

जामित्रदोष- मथुरा प्रान्तासन्न माना जाता है। लग्न तथा चन्द्रमासे ५५ वें नवांश यानी सातवीं राशीके उतने ही अंशोंमें समान ग्रह हो तो सूक्ष्म जामित्र अधिक दोषावह होता है।

।। बाणदोष ज्ञानाय चक्रम् ।।

बाणनाम	सूर्य के गतांश	वर्ज्य ५ कर्म	वर्ज्य वार	वर्ज्य काल
रोग	८।१७।२६	उपनयन में	रविवार	रात्रि में वर्ज्य
अग्नि	२।११।२०।२९	गृहारम्भ में	भौमवार	सदैव वर्ज्य
राज	४।१३।२२	राजकाज में	शनिवार	दिन में वर्ज्य
चोर	६।१५।२४	यात्रा में	भौमवार	रात्रि में वर्ज्य
मृत्यु	१।१०।१९।२८	विवाह में	बुधवार	सान्ध्काल व०

मृत्युवाणदोषका कहीं कोई परिहार नहीं मिलता अत: विवाहमें अवश्य वर्जनीय है। वर्ज्य वार, वर्ज्य समयमें बनने वाला कोई भी वाणदोष अधिक भयावह हो जाता है। **एकार्गलदोष-** कश्मीरके आसन्न क्षेत्रोंमें माना जाता है। **उपग्रह दोष-** कश्मीरसे पश्चिम हिमालय तक तथा हिमाचलप्रदेश एवं पंजाब तक और आगराप्रान्त बलखबुखारा तक मान्य है। **क्रांतिसाम्य दोष-** युक्त विवाह मुहूर्त सभी स्थानोंके लिए वर्जित है। पंचांग में गाणितांगत सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य दोष ही लिया जाता है। **दग्धातिथि-** दोष मध्यदेश (उज्जैन,भोपाल,नरसिंहपुर,जबलपुर) के आसन्न क्षेत्रोंमें ही माना जाता है।

नक्षत्रभेद से दोषपरिहार-

चित्रां गते पातविचित्रदेशे, मैत्रे मघा मालवके निषिद्धा:।
पौष्णाश्रुतिश्चोत्तरदेशजात: सर्वत्र वर्ज्यश्च भुजङ्गपात:।।
भुजंगक्रान्तिसाम्यं च बाणवेधं तथैव च।
लग्नहीनं विवाहं तु कलौ पंच विवर्जयेत्।।

भुजंग क्रान्तिसाम्य, बाण और वेध दोषपूर्ण (विवाह मुहूर्त) बलहीन लग्नका विवाह कलियुगमें वर्जित है। नीचे युति वेध और जामित्रदोष परिहारार्थ ऋषि-महर्षियोंके वचन प्रस्तुत है-

स्वक्षेत्रग: स्वेच्चगो वा मित्रक्षेत्रगतो विधु:।
युतिदोषाय न भवेद्दम्पत्यो: श्रेयसे सदा।।

विवाहकालमें चन्द्रमा स्वक्षेत्रीय हो, उच्च का हो अथवा मित्र क्षेत्री हो तो युति दोषका नाश करता है। दाम्पत्य जीवन सुखी बनता है। सदा अच्छा श्रेय मिलता है। वेध के विषय में नारद व वशिष्ठजी का मत

पादमेव शुभैर्विद्धम् शुभैर्नेव कृत्स्नत:।
अतोऽन्यपादमादिगो द्वितीयकस्तृतीयकम्।।
तृतीयगो द्वितीयकं चतुर्थगस्तु चादिमम्।
भिनत्तिवेधकृद्ग्रहो न चान्यपादमादरात्।।

वास्तवमें एक नक्षत्रके प्रथम चरणमें ग्रह हो तो दूसरेका चतुर्थ चरण और चतुर्थ चरणमें ग्रह हो तो दूसरेका प्रथम चरण विद्ध होता है एवं द्वितीय और तृतीय चरणमें परस्पर वेध होता है; जोकि अवश्य वर्जनीय है।

भुक्तं भोग्यं तथाक्रान्तं विद्धं पापग्रहेण च।
शुभाशुभेषु कार्येषु वर्जनीयं प्रयत्नत:।।

अस्यापवादमुहूर्त्तचिन्तामणौ-

ऋक्षाणि क्रूरविद्धानि क्रूरयुक्तादिकानि च।
भुक्त्वा चन्द्रेण मुक्तानि शुभऋक्षाणि प्रचक्षते।।

क्रूर ग्रहसे विद्ध और क्रूर ग्रहसे भुक्त या भोग्य नक्षत्र और पापग्रह युक्त एवं पापाक्रान्त होने वाले नक्षत्रोंको यदि चन्द्रमा भोगकर अग्रिम नक्षत्रपर पहुंच गया हो तो वह नक्षत्र शुभ होते है।

स्वोच्चे सौम्यालये चन्द्रे स्ववर्गे मित्रवर्गगे।
हन्त्या जामित्रकृद्दोषं करोति विपुलं सुखम्।। -व्यवहारसमुच्चय

चन्द्रमा उच्चका हो, शुभग्रहकी राशिमें हो, अपने वर्ग या मित्रके वर्गमें हो तो जामित्र दोषका हरणकर अत्यन्त सुख देता है पति-पत्नी सुखोपभोग करते है।

अन्य मत-

एकार्गलोपग्रहपातलता जामित्रकर्तर्युदयास्तदोषा:।
नश्यन्ति चन्द्रार्कबलोपपन्ने लग्ने यथार्काभ्युदये तु दोषा।।

ज्योतिषशास्त्रके आविष्कारकर्ता पूर्वाचार्योंने जहां दोषोंका वर्णन किया है वहां यह भी बतलाया है कि कौन-सा दोष कहां मान्य होता है और किस दोषका क्या परिहार्य है। विवरणविगत पृष्ठ पर देखें

पंचांग किसी एक प्रान्त-प्रदेश या एक देशके लिये अथवा एक सम्प्रदाय एवं वर्ग विशेषके लिये नहीं बनता बल्कि वह सार्वभौम होता है। अनन्त शास्त्रोंका सार अनन्त विज्ञानका भण्डार रहस्मय अंकोंसे ओत-प्रोत, पांचों अंगों से परिपूर्ण होता है। अपने अपने प्रयोगमें आने वाले विशुद्ध ज्ञानको ग्रहण करना चाहिए।

अनन्तशास्त्रं बहुलाश्चविद्या अल्पश्च कालो बहुविघ्नता च।
यत्सारभूतं तदुपासनीयं हंसो यथा क्षीर मिवाम्बुमध्यात्।।

त्याज्यदोषा:- कुलिकं क्रान्तिसाम्यं च लग्ने षष्ठेऽष्टमे शशी। तदा गोधूलिकस्त्याज्य: पंचदोषैस्तु दूषित:।। अष्टमे जीवभौमौ च बुधो वा भार्गवोऽष्टमे। लग्ने षष्ठेऽष्टमे चन्द्रस्तदा गोधूलिनाशक:।। 'अस्तं याते गुरुदिवसे सौरे सार्के।' अर्थात् वृहस्पतिवारको सूर्य अस्त होनेके पीछे (क्योंकि सूर्यास्त से पहले वारवेला होगी) और शनिवार को सूर्यास्तसे पहले (क्योंकि सूर्यास्त हो जाने से कुलिक मुहूर्त होगा) गोधूलि समझना।

कन्या रजस्वला दोष शान्ति-

विवाह लग्न समयादि कन्या रजस्वला हो तो फेरे कराने से पहले स्नान कराकर युंजानी (नकचोटनी) की आहुति निम्नलिखित शास्त्र वाक्यानुसार दिलवाकर विवाह करनेमें दोषनहीं यथा- स्नापयित्वा तु तां कन्या मर्चयित्वा यथा विधि। युंजानामनाहुति हुत्वा ततस्तन्त्रं प्रवर्तयेत्।। आहुतिमन्त्र:-युञ्जान: प्रथमं मनसस्तत्वाय सविता धिय:। अग्नि ज्योतिर्निचाय्य पृथिव्या अध्याऽभरत्। ।। तैत्तरीय सं. ४।१।१।१ नि.सि.पृ.६२१

वरस्य भास्करबलम् कन्यायाश्च गुरोर्बलम्।
द्वयोश्चन्द्रबलं ग्राह्य विवाहो नान्यथा भवेत्।।

वरके लिए सूर्यबल, कन्याके लिये गुरुबल तथा दोनोंके लिए चन्द्रबल देखना चाहिए। उपनयनमें लड़केकी राशिमें गुरु और चन्द्रबलका विचार करना चाहिए। अन्य सभी शुभ कार्योंमें चन्द्रबल देखा जाता है।

त्रिबल शुद्धि ज्ञानार्थ चक्रम्

	श्रेष्ठ	पूजा से शुभ	नेष्ट
राशि से सूर्य	३।६।१०।११	१।२।५।७।९	४।८।१२ वां गुरु नेष्ट उच्च, मित्र स्वग्रही
राशि से गुरू	२।५।७।९।११	१।३।६।१०	गुरु नेष्ट, श्रेष्ठमाना गयाहै
राशि में चन्द्र	३।६।७।१०।११ वां श्रेष्ठ	१।२।५।९।१२ वां	नोट: शुक्लपक्षमें २।५।९ वां तथा कृष्ण पक्ष में १२वां चन्द्र ग्राह्य माना है।

विशेष गुरु सूर्य स्वोच्च, स्वमित्र, स्वराशिस्थ, स्वनवांश वर्गोत्तम में ४।८।१२वें नेष्ट स्थानमें होने पर भी शुभ माने जाते है।

स्वोच्चे स्वभे स्वमैत्रे वा स्वांशे वर्गोत्तमे गुरु:।
रिष्फाष्टतुर्यगोऽपीष्टो नीचराशिस्थ: शुभोऽप्यसन।। रामदैवज्ञ

गुरु-सूर्य नीच या शत्रु राशिस्थहो तो शुभ होने पर भी अशुभ फलप्रद होते हैं। सूर्यके लिए परिहार वाक्य 'दैवज्ञ कल्पद्रुम'

स्वोच्चे स्वमित्र सबने स्वगृहे स्ववर्गे। स्वांशे ततश्च निधनंयचतुर्यगोऽपि। श्रेयस्तनीति अरिनीचगतोऽप्यनिष्टम्। तुल्यं फलं निगदितं रविजीवयोश्च।

तुला राशिवालोंके लिए २,५,९वें सूर्य शुभफलप्रद होते है, पूजाकी आवश्यकता नहीं, यथा प्रमाण-

धर्मधीधनगतो दिवाकरस्तौलिराशि जनितस्यशोभन:।

अन्य राशि वालोंके लिए २,५,९वें, सूर्य १३अंश बीतने पर शुभ होते है। अर्थात् पूज्य नहीं होते है, यथा प्रमाण-

गर्ग्यांगिऽरोवत्सवशिष्ठ गौतमपराशराद्या मुनयोवदन्ति।
द्वितीयपंचाङ्कगतो दिवाकरस्त्रयोदशाहात्परत:-शुभावहा:।।

जन्मराशि नामराशे: प्रधानता- विवाहे सर्वमांगल्ये-यात्रादौ ग्रहगोचरे। जन्मराशे: प्रधानत्वं नामराशि न चिंतयेत्।। देशे ग्रामेगृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके नामराशे: प्रधानत्वं जन्मराशि न चिंतयेत्। कुर्यात्तोडशकर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानिकर्माणि नामराशौ बलान्विते। विवाह घटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम्। नामभाचिन्तुयेत्सर्व: जन्मन ज्ञायते यदा।

स्त्रीणांचन्द्रबले विशेष- स्त्रीणांविधोर्बलमुशंति विवाह गर्भसंस्कारयोरितर कर्मसुभर्तुरेव। द्वादशचन्द्रे ग्राह्यकर्म- उत्सवे चाभिषेके च जनने व्रतबंधने पाणिग्रहेण चन्द्रोद्वादशग: शुभ:। पाणिग्रहे स्त्रीसुरतेऽभिषेके यात्रात्रमाशे व्रतबंधने च। व्रतोपवासादिषु गर्गपूर्वे: शुभोद्वादशगो हिमांशु:।।

तारा देखना- जन्म नक्षत्रसे विवाह मुहुर्त नक्षत्र तक गिननेसे जो संख्या आये उसमें ९ का भाग दें। ३ शेष में विपत, ५ में प्रत्यरि और ७ शेष में वध तारा दूषित समझें। इससे अन्य संख्या शेष रहे तो नक्षत्र (तारा) बलवान समझें। अत्यावश्यकता में दानादि व्यवस्था।

प्रत्यरौ लवणं दद्यात् शाकंदद्यात् त्रिजन्मसु।
गुड़ं विपतितारायां वधे च तिलकांचनम्।।

।। अथ तारा (कूट) विचार ।।

कन्याके नक्षत्रसे वरके नक्षत्र तक और वरके नक्षत्र से कन्याके नक्षत्र तक गिनकर पृथक-पृथक ९ का भाग देनेसे १,२,४,६,८ और ० शेष शुभ जानना चाहिए, ३ शेषमें विपत, ५ शेषमें प्रत्यरि और ७ शेषमें वध (अशुभ) तारा (कूट) होता है जो विवाहमें वर्जित है।

ज्येष्ठविचार- प्रथम गर्भ वाले वर-कन्याका विवाह ज्येष्ठ मासमें नही करना चाहिए। दोनोंमें से एक ज्येष्ठा हो तो विवाह करने में दोष नही। अतः तीन ज्येष्ठ नही मिलने चाहिए। **अशौच निर्णय-** वाग्दान (टीका चढ़ने) के बाद वर-कन्याकी तीन पीढ़ीमें से किसी की मृत्युहो जाए तो एक मासके बाद अथवा सूतक निवृत्ति होने पर शान्ति कराके विवाह कराने में हानि नहीं। **विवाहकेपूर्व** नान्दीमुख श्राद्धके बाद एवं विनायक (गणेश) स्थापनाके बाद तीन पीढ़ी तक किसीकी मृत्यु हो जाए तो माता-पिताको अशौच नहीं लगता, निश्चित समय पर विवाह कर देना चाहिए।

दोषपरिहारवाक्य

न वर्गवर्णो न गणो न यौनिर्द्विर्द्विशे नैव षडष्टके वा।
तारा विरुद्धे नव पंचमे वा राशीश मैत्रीशुभदो विवाहे।।

अर्थ- वर्ग, वर्ण, गण, योनि अथवा अशुभ द्विर्द्वादश और षडष्टक,तारा विरुद्ध व अशुभ नवीं पांचवी राशियोंके विवाह भी शुभ होते है। अगर राशियोंके स्वामी परस्पर एक-दूसरे के मित्र हों।

राश्यैक्ये चेद्भिन्नमृक्षं द्वयोः स्यान्नक्षत्रैक्ये राशियुग्म तथैव।
नाड़ीदोषो न गणानाम न दोषोनक्षत्रैक्यो पादभेदे शुभंस्यात्।।

अर्थ- वर-कन्या की एक राशि हो और नक्षत्र भिन्न-भिन्न हो, अथवा एक नक्षत्र और भिन्न-भिन्न राशि हो तो नाड़ी दोष और गण दोष नहीं होता है तथा एक नक्षत्रमें चरण भेद होने से शुभ होता है।

गण- अपने गणमें उत्तम प्रीति, देव मनुष्यमें मध्यम प्रीति, देव राक्षस गणमें **कलह** और नर राक्षस से मृत्यु होती है। **नाड़ी-**वर-कन्या दोनोंकी एक **ही नाड़ीहो तो एककी मृत्युहोती है।** नाड़ी भिन्न होने से सुख-समृद्धि होती है।

गणादि दोष परिहार-

राशीशयोः सुहृद्भावे मित्रत्वेवांशनाथयोः।
गणादिदौष्टयेऽप्युद्वाहः पुत्र-पौत्रप्रवर्धनः।।

राशीशों में मैत्री हो अथवा नवांशके स्वामियों में मैत्री हो तो गणादि दुष्ट रहने पर भी विवाह पुत्र-पौत्रों को बढ़ाने वाला होता है।

अथ राशिकूट-

मृत्युःषट्काष्टकेज्ञेयोऽपत्यहानिर्नवात्मजे।द्विर्द्वादशेदरिद्रत्वंद्वयोरन्यत्र सौख्यकृत्।।
वर-कन्या की राशियाँ परस्पर गिनने से ६।८ हों तो दोनों की मृत्यु, ९।५ हो तो सन्तान हानि, २।१२ हों तो दरिद्रता होती है। **दुष्टभकूट परिहार-** दोनोंकी राशि स्वामी ग्रह एक ही हो अथवा राशीश ग्रहों में मैत्री हो और नाड़ी नक्षत्र शुद्ध रहे तो दुष्ट भकूट में भी विवाह शुभ होता है।
एकाधिपत्ये राशिशमैत्र्यांदुष्टभकूटकेनाड़ीनक्षत्रशुद्धिश्चेद्विवाहः शुभदस्तदा।।

।। विशेष वर्जनीय दोष।।

नाड़ी दोशोऽस्ति विप्राणं वर्ण दोषोऽस्ति भूमुजाम्।
वैश्यानां गणदोषःस्यात शद्राणां योनि दषणम्।।

नाड़ीदोष विप्रवर्ण, वर्णदोष क्षत्रियवर्ण, गणदोष वैश्यवर्ण, योनीदोष शूद्र वर्ण की राशियोंपर लागू होता है। **नाड़ी परिहार- रोहिण्यार्द्रामृगेन्द्राणां पुष्यश्रवण रेवती। अहिर्बुध्न्यक्षमेतेषां नाडीदोषो न विद्यते।। शुक्रेजीवे तथा** सौम्ये एकराशीशयो यदि। नाड़ीदोषो न वक्तव्य सर्वथा यत्नतो बुधैः। **वर्णपरिहार- हीनवर्ण यदाराशीराशीशो वर्ण उत्तमः। तदाराशीश्वरे ग्राह्यन्तद्राशिमेच चिन्तयेत्।। योनिपरिहार- सति सद्राशिकेऽपि योनिवैरं न दोषकृत। यदि स्यादचला योनिः पुंसो योनिर्वलो। गणपरिहार- सद्भकूटयोनि शुद्धिः ग्रहसंख्यं गुणत्रयम्। एकेकतमसदम वे नारीवागण शुभा।। ज्येष्ठत्वक्षणास्यवाद- एकराशौ पृथकधिष्ण्ये एकर्क्षे भिन्नराशिगः। एकाधिपत्ये मैत्र्या द्वितीयं स्वामिशुभम्। एकराशौ पृथग्धिष्ण्ये अन्त्यांत्यौ चरणौ यदा। अतीव शेभनः प्रोक्तो द्वितीयस्थो न दोषकृत्।।**

राशि पर से तेलादि लेपन के दिन

राशि नाम	मेष	वृष	मिथु	कर्क	सिंह	कन	तुला	वृश्चि	धनु	मक	कुंभ	मीन
तेल संख्या	७	५	५	५	५	७	७	५	५	५	५	७

नोटः- अब लड़का-लड़कियोंके विवाह बड़ी उम्र में होने लगे है, इसलिए तेलोंकी संख्या कम करके लिखनी चाहिए। कन्या की राशि से तेल संख्या जानकर वर के दो तेलबान बढ़ाकर लिख दें। तैल लेपन- सोम, बुध और शनि से करें। रवि को पुष्प, गुरु को दूर्वा, भौम को गंगारज और शुक्र को गौ का गोबरडालनेसे तेलके दोष दूर हो जाते है।

टिप्पणीः राशियोंके परस्पर शुभ योग निम्न चक्रांकित एक-दूसरी राशिके अनुकूल हीशुभ होती है,अशुभ राशियां चक्रमें सीधे हाथको ओर अंकित है।

राशियों के परस्पर शुभाशुभ योग

शुभ नव-पंचम		मध्यम नव-पंचम		श्रेष्ठ द्विर्द्वादश		अशुभ द्विर्द्वादश		प्रीति षडाष्टक		शत्रु-षडाष्टक		अशुभ केन्द्र	
९	५	९	५	२	१२	२	१२	६	८	६	८	४	१०
मेष	सिंह	कुम्भ	मिथुन	मेष	मीन	तुला	वृश्चिक	मेष	वृश्चिक	वृष	धनु	मेष	कर्क
वृष	कन्या	मीन	कर्क	वृष	मिथुन	धनु	मकर	मिथुन	मकर	कर्क	कुम्भ	वृष	सिंह
मिथुन	तुला	कर्क	वृश्चिक	कर्क	सिंह	कुम्भ	मीन	सिंह	मीन	मेष	कन्या	कर्क	तुला
सिंह	धनु	कन्या	मकर	कन्या	तुला	मेष	वृष	तुला	वृष	मिथुन	वृश्चिक	कन्या	धनु
तुला	कुम्भ	अशुभ सम-सप्तक		वृश्चिक	धनु	मिथुन	कर्क	धनु	कर्क	सिंह	मकर	वृश्चिक	कुम्भ
वृश्चिक	मीन			मकर	कुम्भ							कर्क	मकर
धनु	मेष	कर्क	मकर	अपवाद				कन्या	कुम्भ	तुला	मीन	मिथुन	मीन
मकर	वृष	सिंह	कुम्भ	सिंह	कन्या								

टिप्पणीः तृतीय- एकादश सम्बन्ध किन्हीं भी राशियों का शुभ ही होता है, किन्तु सम-सप्तक (राशि-प्रतियोग) तथा केन्द्र (चतुर्थ-दशम) सम्बन्ध उपर्युक्त अशुभ सम-सप्तक अशुभ केन्द्र की राशियों के अलावा शेष राशियों का ही शुभ होता है।

वर-वधू गुण मेलापक सारणी

ऊर्ध्वाधरस्थाम्यपि भानि पुंसां पार्श्वद्वयस्थानि तथा वधूनाम्।। संपातकोष्ठे शुभयोर्गुणैक्यं सर्वे शुभं तत्सस्मृतितोऽधिकं यत्।।

कन्या ↓	वर →		मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या			तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन			
	चरण → ↓		४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	
		नक्षत्र	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन	पुन	पुष्य	श्ले	मघा	पूफा	उफा	उफा	ह.	चि.	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा	उषा	उषा	श्रव	धनि	धनि	शत	पूभा	पूभा	उभा	रेव.	
मेष	४	अ.	२८ ३	३३ ०	२८॥	१८॥ ४	२१॥ −४	२२॥ −४	२६	१७ ३	१९ ३	२३॥ ३	३१॥	२८	२१ +५	२५ +५	१५॥ ३५	११ ३६	९ २३६	१३ ६	२२॥	२६॥ −२	२२॥	१८॥ −६	२५॥ −६	१४ ३६	१३॥ ३५	२५ +५	२३॥ +५	२५	२६	२०	२०	१५ ३	१६ ३	१४॥ ३४	२४॥ +४	२६॥ +४	अ.
	४	भ.	३४	२८ ३	२९ ०१	१९ ०४१	२१॥ −४	१४॥ ३४	१८ ३	२६	२७	३१॥	२३॥ ३	२५॥ १	२० १५−	१८ ३५	२६ +५	२१॥ ६	२० ६	४ १३६	१३॥ १३	२९॥	२१॥ −१	१७॥ −१६	१७॥ ३६	१९॥ −१६	२० −१५	१८ ३५	२६ +५	२७॥	२६	१० १३२	१० १३२	२० −१	२४ −२	२२॥ २४+	१७॥ +३४	२६॥ +४	भ.
	१	कृ.	२७॥	२९ १	२८ ३	१८ ३४	१० १३४०	१६॥ ४	२०	२० १	२१	२५॥	२६॥	२३॥ ३	१६॥ ३५	२० १५	२० १५	१५॥ १६	१५॥ ६	१८ ६	२७॥	१५॥ ३	१९॥ ३	१५॥ ३६	१९॥ −६	२५॥ −६	२४॥ +५	१८ १२५	१२ ३१५	१३॥ १३	११॥ २३	२५	२५	२७	१९ १	१७॥ १४	१९॥ १४	११॥ ३४	कृ.
वृष	३	कृ.	१८॥ −४	२० १४	१९ ३४	२८ ३	२० ०१३	२६॥	१७॥ +४	१७॥ १४	१८॥ +४	२२	२३	२० ३	१८॥ ३	२२ १	२२ १	२१ १५	२१ +५	२३॥ +५	२२॥ −६	१०॥ ३६	१४॥ ३६	२०॥ ३	२४॥	३०॥	२० ६	१३॥ १२६	७॥ १३६	१२ १३५	१० ३५२	२३॥ +५	२९॥	३१॥	२३॥ १	२० १	२२ १	१४ ३	कृ.
	४	रो.	२३॥ −४	२३॥ ४	११ ३४१	२० ३१	२८ ३	३६ ०	२५॥ ०४	२३॥ +४	२२॥ +४	२६	२७	१२ ३१	१०॥ ३१	२४॥	२७	२६ +५	२६ +५	२० १५−	१९ १६	१५॥ ३६	९॥ ३१६	१५॥ ३१	२९॥	२३॥ १	१४ १६	१९॥ ६	११॥ ३६२	१६ ३५२	१७ ३५	२० १५−	२४॥ −१	२४॥ −१	३०॥	२७	२७	१९ ३	रो.
	२	मृ.	२३॥ −४	१४॥ ३४	१८॥ −४	२७॥	३५	२८ ३	१९ ३४	२४ ०४	२२॥ +४	२६	१९ १	२१	१९॥	१५॥ ३	२४॥	२३॥ +५	२६ +५	१३ ३५	१२ ३६	२५ −६	१८॥ −६	२४॥	२१॥ ३	२४॥	१५ ६	१० ३६	१७ २६	२१॥ +२५	२५ +५	१३ ३५	१९ ३	२७	२९॥	२६	१८ ३	२७	मृ.
मिथुन	२	मृ.	२७	१८ ३	२२	१९॥ +४	२७ +४	२० ३४	२८ ३	३३ ०	३१॥	१९ −४	१२ ३४	१४ ४	२३॥	१९॥ ३	२८॥	३१॥	३४	२१ ३	१४ ३५	२७ +५	२०॥ +५	१४ ६	११ ३६	१४ ६	२३	१८ ३	२५ +२	२० −२६	२३॥ −६	११॥ ३६	१३ ३५	२१ +५	२३॥ +५	२५॥	१७॥ ३	२६॥	मृ.
	४	आ.	१९ ३	२७	२१ १	१८॥ १४+	२४॥ +४	२६ +४	३४	२८ ३	२५ ०३	१२॥ ०३४	२० −४	१३ १४	२३॥ १	२९॥	२१॥ ३	२४॥ ३	२४॥ ३	२७ १	२७ −१५	२७ +५	२० १५+	१३॥ १६	१७ २६	५ १३६२	१६ १३	२८	२८	२३ −६	२३ −६	१७॥ −१६	१९ +१५	१२ १३५	१७ ३५	१९ ३	२६॥	२६॥	आ.
	३	पुन.	२० ३	२७	२३	२०॥ +४	२२॥ +४	२३॥ +४	३१॥	२४ ३	२८ ३	१५॥ ३४−	२२॥ ०४	१७ −४	२२॥ +२	२६॥ +२	२१॥ ३	२४॥ ३	२५॥ ३	२७॥	२०॥ +५	२८ +५	२२ +५	१५॥ ६	२१॥ ६	७ ३६	१४ ३	२७	२७	२२ −६	२३ −६	१७॥ −६	१८॥ +५	१४ ३५	१६ ३५	१८ ३	२८	२७॥	पुन.
कर्क	१	पुन	२२॥ ३	२९॥	२५॥	२२	२४	२५	१८ ४	१०॥ ३४	१४॥ ३४	२८ ३	३५ ०	२९॥	१६॥ २४	२०॥ २४	१५॥ ३४	१८ ३	१९ ३	२१	२०॥	२८	२२	२०॥ +५	२६ +५	११॥ ३५	८ ३६	२१ −६	२१ −६	२६	२७	२१	१२॥ ६	८ ३६	१० ३६	१६ ३५	२६ +५	२५॥ +५	पुन
	४	पुष्य	३०॥	२१॥ ३	२६॥	२३	२५	१८ ३	११ ३४	१८ ४	२१॥ ४	३५	२८ ३	३० ०	१९॥ +४	१५॥ ३४	२३॥ +४	२६	२७	१२ ३	११॥ ३	२६॥	२१	१९ −५	१८ ३५	२१ −५	१७	११ २३६	२१ ६	२६	२५ −२	१३ ३	४॥ ३६	१४॥ ६	१८ ६	२४ +५	१८ ३५	२७ +५	पुष्य
	४	श्ले.	२६	२४॥ १	२२॥ ३	१९ ३	११ ३१	१९	१२ ४	१२ १४	१५ ४	२८॥	२९	२८ ३	१५ ३४२	१५॥ १४२	१८॥ १४	२१ १	२१	२६	२५॥	१२॥ ३	१७॥ ३	१५॥ ३५	२० −५	२६ −५	२२॥ ६	१६ १६	८ ३१६	१३ १३	१३ ३	२६	१७॥ ६	१९॥ ६	११॥ १६	१७॥ १५−	२१ १५	१३ ३५	श्ले.
सिंह	४	मघा	२० +५	२० १५	१६॥ ३५	१७॥ ३	९॥ ३१	१७॥	२१॥	२२॥ १	२०॥ −२	१६॥ २४+	१९॥ +४	१६ ३४२	२८ ३	३० ०१	२७॥ १	१६॥ १४	१६॥ +४	२१॥ ४	२४॥	११॥ ३	१६॥ ३	२२॥ ३	२५॥	३३	२५ +५	१९ १५	८॥ १३५	३॥ ३१६	४॥ ३६	१८॥ ६	२४॥	२५॥	१८॥ १	१८॥ १६−	१९॥ १६−	१३ ३६	मघा
	४	पूफा	२६ +५	१८ ३५	२० १५−	२१ १	२३॥	१५॥ ३	१९॥ ३	२८॥	२६॥ −२	२२॥ २४+	१७॥ +३४	१६॥ १२४	३० −१	२८ ३	३५ ०	२४ ०४	२२ +४	७॥ १३४	१०॥ १३	२५॥	१८॥ १	२४॥ −१	२३॥ ३	२५॥ −१	१९ १५+	१७ ३५	२४ +५	१७॥ ६	१८॥ ६	४॥ १३६	१०॥ १३	१९॥ १	२४॥	२४॥ −६	१७॥ ३६	२५॥ −६	पूफा
	१	उफा	१६॥ ३५	२६ +५	२० १५−	२१ १	२६	२४॥	२८॥	२०॥ ३	२१॥ ३	१७॥ ३४	२५॥ +४	१९॥ १४−	२७॥ −१	३५	२८ ३	१७ ३४	१६ ०३४	१३॥ १४२	१६॥ १२	२५॥	१६॥ १२	२२॥ −१२	३१॥	१७॥ १३	९॥ १३५	२५ +५	२५ +५	२० ६	२० ६	११॥ १६	१७॥ १	११॥ १३	१५॥ ३	१५॥ ३६	२६॥ −६	२५॥ −६	उफा
कन्या	३	उफा	१३ ३६	२२॥ ६	१६॥ १६	२१ १५+	२६ +५	२४॥ +५	३१॥	२३॥ ३	२४॥ ३	२० ३	२८	२२ १	१७॥ १४	२५ +४	१८ ३४	२८ ३	२७ ०३	२४॥ १२+	१६॥ १२४−	२५॥ +४	१६॥ १२४	१८ १२	२७	१३ १३	१४ १३	२१॥	२१॥	२४॥ +५	२४॥ +५	१६ १५+	१६॥ −६	१०॥ ३१६	१४॥ ३६	१७॥ ३	२८॥	२७॥	उफा
	४	हस्त	१० २३६	२० ६	१७॥ ६	२२ +५	२५ +५	२६ +५	३३	२२॥ ३	२४॥ ३	२० ३	२८	२३	१८॥ +४	२२॥ +४	१६ ३४	२६ ३	२८ ३	२८ ०	२० ०४	२६॥ +४	१८॥ +४	२०	२६	१३ ३	१५ ३	२७	२८॥	२३॥ +५	२४॥ +५	१८॥ +५	१९ ६	८॥ ३६२	१३॥ ३६	१६॥ ३	२६॥	२७॥	हस्त
	२	चि.	१३ ६	५ १३६	१९ ६	२३॥ +५	२० १५	१२ ३५	१९ ३	२६ १	२५॥	२१	१२ ३	२७	२२॥ +४	८॥ १३४	१४॥ १२४	२४॥ १२	२७	२८ ३	२० ३४	१९ ०४	२६॥ +४	२८	११ ३	२५	२७	१४ १३	२२ १	१७ १५	१८॥ +५	१५॥ ३५	१६ ३६	२४ −६	१६॥ १६	१९॥ १	१०॥ १३२	१९॥	चि.

वर्णवश्य आदि के संयोगसे निर्मित यह गुण-दोष मेलापक सारणी है। जिसमे ऊपरकी पंक्तिमे वर के नक्षत्र, तिरछीपंक्ति खडी लाइनमे कन्याके नक्षत्र लिखे है, सम्पात कोष्ठकोके ऊपरी भागमे गुण, संख्या तथा नीचे महादोषोके चिन्ह दिए है। चिन्होका अभिप्राय है, एकनाड़ी दोषकी जगह (३) गण महादोष (मनुष्य राक्षस)के स्थानमे (१), भकूट महादोष (षडाष्टक) मे (६), नवपंचममे (५), द्विर्द्वादशमे (४), वैर योनिमे (२), लिखे है

प्रस्तुत है संशोधित परिवर्धित गुण मेलापक सारणी

✿ वर-वधू गुण मेलापक सारणी ✿

ऊर्ध्वाधरस्थाम्यपि भानि पुंसां पार्श्वद्वयस्थानि तथा वधूनाम्।। संपातकोष्ठे शुभयोर्गुणैक्यं सर्वे शुभं तत्सस्मृतितोऽधिकं यत्।।

कन्या ↓		वर →	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
	↓	चरण →	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२
		नक्षत्र	अ.	भ.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन	पुन	पुष्य	श्ले	मघा	पूफा	उफा	उफा	ह.	चि.
तुला	२	चि.	२२॥	१४॥ १३	२८॥	२३॥ +६	२० १६	१२ ३६	१३ ३५	२१ १५	१९॥ +५	२०॥	११॥	२६॥	२५॥	११॥ १३	१७॥ १२	१७॥ १२४	२० +४	२१ ३४
	४	स्वा.	२७॥ +२	२९॥	१७॥ ३	१२॥ ३६	१५॥ ३६	२६ −६	२७ +५	२६ +५	२८ +५	२९	२७॥	१४॥ ३	१३॥ ३	२५॥	२५॥	२५॥ +४	२७॥ +४	२१ +४
	३	वि.	२२॥	२२॥ १	२०॥ ३	१५॥ ३६	१०॥ १३६	१८॥ −६	१९॥ +५	२० १५	२१ +५	२२	२१	१८॥ ३	१७॥ ३	१९॥ १	१७॥ १२	१७॥ १४२	१८॥ +४	२७॥ +४
वृश्चिक	१	वि.	१६॥ +६	१६॥ १६	१४॥ ३६	१९॥ ३	१४॥ १३	२२॥	१२ ६	१२॥ १६	१३॥ ६	१९ −५	१८ −५	१५॥ −५	२१॥ ३	२३॥ १	२१॥ १२	१७ १२	१८	२७
	४	अनु.	२४॥ −६	१५॥ ३६	१९॥ −६	२४॥	२७॥	२०॥ ३	१० ३६	१५ २६	२०॥ ६	२६ −५	१८ ३५	२१ −५	२४॥	२०॥ ३	२९॥	२५	२६	११ ३
	४	ज्ये.	१२ ३६	१८॥ १६	२४॥ −६	२९॥	२२॥ १	२२॥	१२ ६	२ ३९६२	५ ६३	१०॥ ५३	२० +५	२६ −५	३१	२३॥ १	१६॥ १३	१२ १३	१२ ३	२४
धनु	४	मूल.	१२ ३५	२० १५	२४॥ +५	१९ ६	१३ १६	१३ ६	२१	१५ १३	१२ ३	८ ३६	१७ ६	२३॥ ६	२५ +५	१९ १५	९॥ १५३	१३ ३१	१३ ३	२७
	४	पूषा.	२६ +५	१८ ३५	१८ −१२५	१२॥ १६२	१८ ६	१० ३६	१८ ३	२७	२७	२३ ६	१३ २३६	१७ १६	१९ −१५	१७ ३५	२५ +५	२८॥	२७	१३ १३
	१	उषा.	२४॥ +५	२६ +५	१२ १३५	६॥ १३६	१०॥ २३६	१७ २६	२५ +२	२७	२८	२३ ६	२३ ६	९ १६३	८॥ १५३	२४ +५	२५ +५	२८॥	२८॥	२१ १
मकर	३	उषा.	२७	२८॥	१४॥ १३	१२ १३५	१६ २३५	२२॥ २५+	२० २६+	२२ −६	२२ −६	२८	२८	१४ १३	४॥ १३६	२० ६	२१ ६	२४॥ +५	२४॥ ११	१७ १५
	४	श्र.	२७	२६	१३॥ ३२	११ ३५२	१६ ३५	२५ +५	२२॥ −६	२१ −६	२२ −६	२८	२६ +२	१५ ३	६॥ ३६	१८॥ ६	२० ६	२३॥ +५	२४॥ +५	१९॥ ५
	२	ध.	२०	११ १३२	२६	२३॥ +५	२० १५	१२ ३५	९॥ ३६	१६॥ १६	१५ −६	२१	१३ ३	२७	११॥ ६	५॥ १३६	१२॥ १६	१५॥ १५	१७॥ +५	१५॥ ३५
कुम्भ	२	ध.	२०	११ १३२	२६	३०॥	२७ १	१९ ३	१२ ३५	१९ १५	१७॥ +५	१२॥ ६	४॥ ३६	१८॥ ६	२५॥	११॥ १३	१८॥ १	१७॥ १६	१९ +६	१७ ३६
	४	शत	१५ ३	२१ १	२८	३२॥	२५॥ १	२७	२० +५	१२ १३५	१३ ३५	६॥ ३६	१४॥ ६	२०॥ ६	२६॥	२०॥ १	१२॥ १३	११॥ १३६	८॥ २३६	२५ ६
	३	पूभा.	१८ ३	२५ +२	२० −१	२४॥ −१	३१॥	३१॥	२४ +५	१७ ३५	१८ ३५	१२ ३६	२० ६	१२॥ १६	१९॥ १	२५॥	१६॥ ३	१५॥ ३६	१५॥ ३६+	१७॥ १६
मीन	१	पूभा.	१४॥ ३४	२१॥ +२४	१६॥ −१४	१९ १	२६	२६	२५॥	१८ ३	१८ ३	१७ ३५	२५ ५	१७॥ १५	१७॥ −१६	२३॥ +६	१४॥ ३६	१६॥ ३	१६॥ ३	१८॥ +१
	४	उभा.	२४॥ +४	१६॥ ३४	१८॥ −१४	२१ १	२६	१८ ३	१७॥ ३	२५॥	२८	२७ ५	१९ ३५	२१ १५	१८॥ −१६	१६॥ ३६	२५॥ +६	२७॥	२६॥	९॥ १३२
	४	रेव.	२५ +४	२४॥ +४	११॥ ३४	१४ ३	१७ ३	२६	२५॥	२४॥	२६॥	२५॥ ५	२७ ५	१४ ३५	१३ ३६	२३॥ +६	२३॥ +६	२५॥	२६॥	१९॥

कन्या ↓		वर →	तुला			वृश्चिक			धनु			मकर			कुम्भ			मीन			
	↓	चरण →	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	
		नक्षत्र	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा	उषा	उषा	श्रव	धनि	धनि	शत	पूभा	पूभा	उभा	रेव.	
तुला	२	चि.	२८ ३	२७ ०	३४॥	२३॥ ४	६॥ ३४	२०॥ ४	२७	१४ १३	२२ १	२५ ०१	२६॥	२३॥ ३	१८ ३५	२६ +५	१८॥ १५	१२॥ १६	३॥ १३६२	१२॥ ६	चि.
	४	स्वा.	२८	२८	२० ०३	९ ०३४	२१॥ ४	१६॥ ४	२३	२७	१९ ३	२२ ३	२३ ३	२६॥	२१ +५	२० ५२+	२५ +५	१९ ६	१९॥ ६	१२॥ ३६	स्वा.
	३	वि.	३४॥	१९ ३	२८ ३	१७ ३४	१६ ०४	२०॥ ४	२७	२२ १	१४ १३	१७ १३	१७ ३	३०	२४॥ +५	२६ +५	२० १५	१४ १६	१३ १६२	४॥ ३६	वि.
वृश्चिक	१	वि.	२२॥ ४	७ ३४	१६ ३४	२८ ३	२७ ०	३१॥	२१॥ +४	१६॥ ४१	८॥ १३४	१२ १३	१२ ३	२५	२४	२५॥	१९॥ १	१९ १५	१८ १५	९॥ ३२५	वि.
	४	अनु.	६॥ ३४	२१॥ ४	१६ ४	२८	२८ ३	३१ ०	१५॥ २४+	१३॥ ३४	२१॥ +४	२५	२६	१२ ३	११ ३	२१	२४॥	२४ +५	१८ ३५	२७ +५	अनु.
	४	ज्ये.	१९॥ ४	१४॥	१९॥ ४	३१॥	३०	२८ ३	१४ ०२३४	१६॥ १४	१६॥ १४	२० १	२०	२५	२४	१८ ३	१० १३	९॥ १३५	२१ १५	२१ +५	ज्ये.
धनु	४	मूल.	२६	२१	२६	२२॥ +४	१५॥ २४+	१५ ३४२	२८ ३	२८ ०१	२६॥ १	१५ १४	१५ ४	२० ४	२८॥	२१॥ ३	१४॥ १३	१६ १३	२५ १	२६॥	मूल.
	४	पूषा.	१३ १३	२७	२१ १	१७॥ १४−	१५॥ ३४	१७॥ १४−	२८ +१	२८ ३	३४ ०	२२॥ ०४	२३ ४	६ १३४	१४॥ १३	२३॥ १	२८॥	३०	२३ ३	३१	पूषा.
	१	उषा.	२१ १	१९ ३	१३ १३	९॥ १३४	२३॥ +४	१७॥ −१४	२६॥ −१	३४	२८ ३	१६॥ ३४	१४॥ ३४०	१५ १४	२३॥ १	२३॥ १	२९॥	३१	३१	२३ ३	उषा.
मकर	३	उषा.	२४ −१	२२ ३	१६ १३	१३ ३१	२७	२१ १	१६ १४	२३॥ ४	१७॥ ३४	२८ ३	२६ ३०	२६॥ +१	१७ १४+	१७ १४+	२३ ४+	३०॥	३०॥	२२॥ ३	उषा.
	४	श्र.	२६॥	२२ ३	१७ ३	१४ ३	२७	२२	१७ ४	२३ ४	१४॥ ३४	२५ ३	२८ ३	२८ ०	१८॥ ०४	१८ +४	२१ +४	२८॥	२९॥	२२॥ ३	श्र.
	२	ध.	२२॥ ३	२४॥	२९	२६	१२ ३	२६	२१ ४	७ ३४१	१६ ४१	२६॥ १	२७	२८ ३	१८॥ ३४	२३॥ ४०	१९ १४	२६॥ १	१५॥ १३	२२॥ +२	ध.
कुम्भ	२	ध.	१८ ३५	२० −५	२४॥ −५	२५	११ ३	२५	२९॥	१५॥ १३	२४॥ १	१८ १४	१८॥ +४	१९॥ ३४	२८ ३	३३ ०	२८॥ १	१८ १४	७ १३४	१४ ४२	ध.
	४	शत	२६ +५	१९ +५	२६ +५	२६॥	२१	१९ ३	२२॥ ३	२४॥ १	२४॥ १	१८ १४	१८ +४	२४॥ +४	३३	२८ ३	१९ ०	८॥ ०	१७ १४	१६ ४	शत
	३	पूभा.	१८॥ १५+	२६ +५	२० −१५	२०॥ १	२६॥	११ १३	१५॥ १३	२९॥	३०॥	२४ +४	२३॥ +४	२० −१४	२८॥ −१	१९ १३	२८ ३	१७॥ ३४	२२॥ ०४	२० ४२	पूभा.
मीन	१	पूभा.	११॥ १६	१९ ६	१३ १६	११ १५−	२५ +५	९॥ १३५	१५ १३	२९	३०	२९॥	२८॥	२५॥ १	१७ १४	७॥ १३४	१६॥ ३४	२८॥ ३	३३ ०	३०॥ +२	पूभा.
	४	उभा.	२॥ १३६२	१९॥ ६	१२ १६२	१८ १५२	१९ ३५	२१ −१५	२४ −१	२२ ३	३०	२९॥	२९॥	१४॥ १३	६ १३४	१६ १४	२१॥ ४	३३	२८ ३	३५ ०	उभा.
	४	रेव.	१२॥ ६	११॥ ३६	४॥ ३६	१०॥ ३५	२७ +५	२२ +५	२६॥	२९	२१ ३	२०॥ ३	२१॥ ३	२२॥ −२	१४ ४२	१६ ४	१८ ४२	२९॥ +२	३४	२८ ३	रेव.

और जहां थोड़ा दोष समझा गया वहाँ (-) चिन्ह है, जहां (स्वामी मैत्री आदि के) दोष का पूरा निर्वाह है वहां (+), ऐसा चिन्ह बता दिया है, और जिस जगह वरके नक्षत्रसे पूर्व वधू का नक्षत्र है (इसका भी महादोष है) वहां ० शून्य का चिन्ह है और जहां कोई भी महादोष नही मिलता वहां केवल गुण ही लिखे है। जैसे अश्विनी वर का नक्षत्र और भरणी वधू नक्षत्र के सामने सम्पात कोष्ठक मे केवल ३४ गुण ही लिखे है।

॥ शान्ति प्रकरण ॥

गुरु गायत्रीमंत्र : ओउम् भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं
भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्॥

अशुभ ग्रहोंकी शांति हेतु ऋषि महर्षियोंने मंत्र जप, अनुष्ठान, दान, ग्रह दोष, शमन यंत्र, रत्न-उपरत्न धारणका विधान बतलाया है। जिसके करने से अशुभ ग्रहोंकी पीड़ा शांत होती है। इस सन्दर्भमें पाठकोंकी सुविधा हेतु ग्रहों से सम्बन्धित जपनीय मंत्र, तथा उनकी संख्या, ग्रह यंत्र, स्वरूप, रत्नादि और दान द्रव्य एवं दान करनेके समयादि की जानकारी दी गई है। नियत समय पर दान करने से दानका पूर्ण फल शीघ्र मिलता है।

सूर्यकाध्यान: पद्मासनः पद्मकरः पद्मगर्भः समद्युतिः।
सप्ताश्वःसप्तरज्जुश्च द्विभुजःस्यात् सदारविः॥

सूर्य यन्त्र

६	१	८
७	५	३
२	९	४

वैदिकमंत्र: ॐ आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च। हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्॥

एकाक्षरीबीजमन्त्र: ॐ घृणिः सूर्याय नमः। तान्त्रिकमन्त्र ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः। जप संख्या ७००० हजार।

प्रार्थना करें: ग्रहाणामादिरादित्यो लोकलक्षणकारकः।
विषमस्थानसम्भूतां पीडां दहतु मे रविः॥

सूर्य गायत्री: आदित्याय विद्महे प्रभाकराय धीमहि तन्नः सूर्य प्रचोदयात्॥

हवन हेतु समिधा: मदार। **दानद्रव्य:** माणिक, सोना, ताँबा, गेंहू, गुड़, घी, लालवस्त्र, फूल, केसर, मूंगा, लालगऊ, लालचन्दन, **दानका समय**-अरूणोदय। **रत्न:** मणिक्य (मानिक, चुन्नी Ruby, याकूत) ५ या ३ रत्ती सोनेकी अंगूठीमें रविपुष्य योगमें धारण करें। साधारण जन १५ चावल वजनका मानिक भी पहन सकते है॥ **उपरत्न:** विद्रुम सूर्यमणी (लालड़ी, जिसे फारसीमें लाल कहते है) कंटकिज Spinal तामड़ा या चुनड़ी Garnet जड़ी बिल्वमूल लेनी चाहिए।

चन्द्रकाध्यान: श्वेतः श्वेताम्बरधरः श्वेताश्वः श्वेतवाहनः।
गदापाणिर्द्विबाहुश्च कर्तव्यो वरदः शशी॥

चन्द्र यन्त्र

७	२	९
८	६	४
३	१०	५

वैदिकमंत्र: ॐ इमन्देवाऽअसपत्नं ᳲ सुवध्वंमहते क्षत्राय महते ज्यैष्ठ्याय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय। इममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रस्यै विशऽएष वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणाना ᳲ राजा॥

एकाक्षरीबीजमंत्र: ॐ सों सोमाय नमः। **तान्त्रिकमंत्र:** ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः। जप संख्या ११००० हजार

प्रार्थना करें: रोहिणीशः सुधामूर्तिः सुधागात्रो सुधाशनः।
विषमस्थानसम्भूतां पीड़ां दहतु मे विधुः॥

चन्द्रगायत्री- ॐ अमृताङ्गाय विद्महे कलारूपाय धीमहि तन्नः सोमः प्रचोदयात्।

हवन हेतु समिधा- पलास। **दानद्रव्य**-मोती, सोना, चांदी, चावल, मिश्री, दही, सफेदवस्त्र, सफेदपुष्प, शंख, कपूर, सफेदबैल, सफेद चन्दन, **दानका समय**-सन्ध्याकाल। **रत्न** मुक्ता (मोती Pearl मुखारीद) २।४।६ अथवा ११ रत्तीका धारण करें। ७ या ८ रत्ती वजन का न लें। चांदी या सोनेकी अंगूठीमें शुक्लपक्ष सोमवार, रोहिणी नक्षत्रके योगमें पहनें। उपरत्न-चन्द्रकांत moon stone निमरु-मोतीकी सीपकी पूछ (जड़) में मोती की सी आभा होती है; यह भी मोतीकी तरह खूब काम करती है। जड़ी-क्षीरणी (खिरनी) मूल लें

मंगलका ध्यान: रक्तमाल्याम्बरधरः शक्तिशूल गदाधरः।
चतुर्भुजः रक्तरोमा वरदः स्यात् धरासुतः॥

भौम यन्त्र

८	३	१०
९	७	५
४	११	६

वैदिकमन्त्र: ॐ अग्निर्मूर्द्धादिवः ककुत्पतिः पृथिव्याऽअयम्। अपा ᳲ रेता ᳲ सिजिन्वति॥ **एकाक्षरी बीजमंत्र-** ॐ अं अंगारकाय नमः।

तान्त्रिक मन्त्र: ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः। जपसंख्या १०००० हजार

प्रार्थना करें: भूमिपुत्रो महातेजा जगतो भयकृत्सदा।
वृष्टिकृद्-वृष्टिहर्ता च पीडां दहतु मे कुजः॥

भौमगायत्री मंत्र: ॐ अङ्गारकाय विद्महे शक्ति हस्ताय धीमहि तन्नो भौमः प्रचोदयात्॥

हवन हेतु समिधा: खादिर। **दानद्रव्य-** मूंगा, सोना, तांबा, मसूर, गुड़, घी, लालकपड़ा, लालकनेर का फूल, केसर, कस्तूरी, लालबैल, लालचन्दन। **दानका समय:** सूर्योदय के बाद ४८ मिनट तक। **रत्न** विद्रुम मणि- या प्रवाल (मूंगा coral मिरजान) ८ रत्ती का सोने की अँगूठी में मंगलवार को अनुराधा नक्षत्र में धारण करें। ५ या १४ रत्ती का कभी न पहनें। **उपरत्न** विद्रुम-मूल या संगमूंगी, ज्योतिरस (Blood Stone) जड़ी-नाग जिह्वा (अनन्त) मूल।

बुधकाध्यान- पीतमाल्याम्बरधरः कर्णिकारसमद्युतिः।
खड्गचर्मगदापाणि सिंहस्थो वरदो बुधः॥

बुध यन्त्र

९	४	११
१०	८	६
५	१२	७

वैदिक मन्त्र- ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्ते स ᳲ सृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थे। अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत॥ **एकाक्षरीबीजमन्त्र-** ॐ बुं बुधाय नमः।

तान्त्रिक मन्त्र: ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः। जपसंख्या ९००० हजार

प्रार्थना करें- उत्पातरूपी जगतां चन्द्रपुत्रो महाद्युतिः।
सूर्यप्रियकरो विद्वान् पीडां दहतु मे बुधः॥

बुधगायत्री मंत्र: ॐ सौम्यरूपाय विद्महे बाणेशाय धीमहि तन्नोबुधः प्रचोदयात्।

हवन के लिए समिधा: अपामार्ग (ओंगा) **दानद्रव्य**-पन्ना, सोना, कांसी, मूंग, खांड, घी, हरावस्त्र, सबफूल, हाथीदांत, कपूर, शस्त्र, फल, **दान कासमय-** सूर्योदयके बाद २ घंटे तक। **रत्न:** मणि (पन्ना Emeare जमरुद) ६ अथवा ३ रत्ती का सोने की अँगूठी में बुधवार को उफा नक्षत्र में धारण करें। **उपरत्न** हरित नील मणि (Aquamarine) शिलामणि Agate (सुलेमानी पत्थर) टोडा और बेरुज संग जड़ी-वृद्धदारु मूल (विधारा की जड़)।

गुरुकाध्यान- देवदैत्यगुरु तद्वत् पीतश्वेतौ चतुर्भुजौ।
दण्डिनौ वरदौ कार्यौ साक्षसूत्रकमण्डलु॥

गुरु यन्त्र

१०	५	१२
११	९	७
६	१३	८

वैदिकमन्त्र- ॐ बृहस्पते अति यदर्योऽअर्हाद्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवसऽऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्। उपयामगृहीतोऽसि बृहस्पतये त्वैष ते योनिर्बृहस्पतये त्वा॥ **एकाक्षरी बीजमन्त्र:** ॐ बृं बृहस्पते नमः। **तान्त्रिक मन्त्र-** ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः। जपसं. १९००० हजार

प्रार्थना करें: देवमन्त्री विशालाक्षः सदा लोकहितेरतः।
अनेकशिष्यैः सम्पूर्णः पीडां दहतु मे गुरुः॥

गुरु गायत्रीमन्त्र- ॐ आङ्गिरसाय विद्महे दण्डायुधाय धीमहि तन्नो जीवः प्रचोदयात्।

हवन हेतु समिधा- पीपल। **दानद्रव्य-** सोना, पुखराज, कांसी, चने की दाल, खांड, घी, पीलावस्त्र, पीलाफूल, फल, हल्दी, पुस्तक, घोड़ा, हाथी। **दान का समय-** सायंकाल। **रत्न-पुष्पराग** (पुखराज Topaz) ? रत्ती का गुरुपुष्यामृत योग में धारण करें। इसके अभाव में १२ चावल अथवा ११ रत्ती का भी धारण कर सकते है। ध्यान रहे ६।१०।१४ रत्ती वजन का न पहने। उपरत्न Emerald संग सोनेला संग सोना मारवी आदि। जड़ी-भारंगी या केले का मूल लेना चाहिए।

शुक्रकाध्यान- श्वेतवर्णादण्डायुधा दानवादि पुरोहिता।
अग्निवर्णाष्टम्वयुत रथारूढ़ सुशोभिता॥

शुक्र यन्त्र

११	६	१३
१२	१०	८
७	१४	९

वैदिक मन्त्र- ॐ अन्नात् परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिबत्क्षत्रम्पयः सोमं प्रजापतिः। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपान ᳲ शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतम्मधु॥ **एकाक्षरीबीजमन्त्र-** ॐ शुं शुक्राय नमः। **तान्त्रिक मन्त्र:** ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः। जपसंख्या १६००० हजार

प्रार्थना करें: दैत्यमन्त्री गुरुस्तेषां प्राणदश्च महाद्युतिः।
प्रभुस्ताराग्रहाणां च पीड़ां दहतु मे भृगुः॥

शुक्र गायत्री मन्त्र- ॐ भृगुसुताय विद्महे दिव्यदेहाय धीमहि तन्नो शुक्रः प्रचोदयात्।

हवनहेतु समिधा- उदम्बर। **दानद्रव्य-** हीरा, सोना, चांदी, दूध, दही, चावल, मिश्री, चित्रितवस्त्र, सफेद फल फूल, घोड़ा, चन्दन। **दान का समय-** अरुणोदयकाल (सूर्योदय से पहले) **रत्न** वज्रमणि (हीरा Diamond अल्मास) ७ रत्ती का शुक्रवार को मृगशिर नक्षत्र में धारण करना चाहिये। ७ रत्ती की सामर्थ्य न हो तो दो रत्ती का पहनें। **उपरत्न**-संगदल्ला, संगतुरमूली Amethyst या Zircon या चांदी में जड़ी हुई मोती। जड़ी-सिंहपुच्छ का मूल।

शनिकाध्यान- इन्द्रनीलद्युतिः शूली वरदो गृध्रवाहनः।
बाणबाणासनधरः कर्तव्योऽर्कसुतस्तथा॥

शनि यन्त्र

१२	७	१४
१३	११	९
८	१५	१०

वैदिक मन्त्र- ॐ शन्नोदेवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंयोरभिस्रवन्तु नः॥ **एकाक्षरी बीजमन्त्र-** ॐ शं शनैश्चराय नमः।

तान्त्रिक मन्त्र- ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः। जपसंख्या २३००० हजार

प्रार्थना करें: सूर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः।
मन्दचारः प्रसन्नात्मा पीडां दहतु मे शनिः॥

शनि गायत्री मन्त्र: ॐ भगभवाय विद्महे मृत्युरूपाय धीमहि तन्नो शनिः प्रचोदयात्।

हवनहेतु समिधा: शमी। **दानद्रव्य** नीलम, सोना, लोहा, उड़द, कुलथी, तेलसरसों, कालावस्त्र, कम्बलादि, कालेफल, फूल, कालीगौ, कस्तूरी, कालीभैंस, खड़ाऊँ, **दान का समय** मध्याह्नकाल। **रत्न नीलमणि** (नीलम Saphire याकूत कबूद) १० रत्ती का अथवा ७, ६, ३ रत्ती का शनिवार को श्रवण नक्षत्र में धारण करें। कम से कम ११ चावल के वजन का भी पहना जा सकता है। उपरत्न-पन्ना Crysolite संग लीली, संग जमुनियां जड़ी-बिच्छोल की जड़।

राहु का ध्यान- करालवदनः खड्गचर्मशूली वरप्रदः।
नीलसिंहासनस्थश्च राहुरत्र प्रशस्यते।।

राहु यन्त्र

१३	८	१५
१४	१२	१०
९	१६	११

वैदिक मन्त्र- ॐ कयानश्चित्र आभुवदूती सदा वृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता।। एकाक्षरी बीजमन्त्र- ॐ रां राहवे नमः।
तान्त्रिक मन्त्रः ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः। जपसंख्या १८००० हजार
प्रार्थना करें: अनेक रूपवर्णश्च शतशोऽथ सहस्रशः।
उत्पातरूपी घोरश्च पीडां दहतुमे शिखी।।
राहुगायत्रीमन्त्र:- शिरोरूपाय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो राहुः प्रचोदयात्।
हवनहेतु समिधाः दूर्वा। दानद्रव्य- गोमेद, सोना, सीसा, तिल, सरसों, तेल, नीलावस्त्र, कम्बल, कालेफल, फूल, तलवार, काला घोड़ा, सूप, दान का समय रात्रि।
रत्न-गोमेदक (गोमेद Zircon जरकूनिया या जारगुन) ६ रत्ती का बुधवार को उ.फा. नक्षत्रमें धारण करें; ७, १० या १६ रत्ती का न होना चाहिए। उपरत्न: लाजवर्त, Sasdony संग तुरसावा, संग साफी। जड़ी श्वेत चन्दन।

केतु का ध्यान: धूम्रा द्विबाहवः सर्वे गदिनो विकृताननाः।
गृध्रासनगताः नित्यं केतवः स्युर्वरप्रदाः।।

केतु यन्त्र

१४	९	१६
१५	१३	११
१०	१७	१२

वैदिक मन्त्र: ॐ केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशोमर्याअपेशसे समुषद्भिरजा यथाः।। एकाक्षरी बीजमन्त्रः ॐ कें केतवे नमः।
तान्त्रिक मन्त्र: ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः। जपसंख्या १७००० हजार
प्रार्थना करें: अनेक रूपवर्णश्च शतशोऽथ सहस्रशः।
उत्पातरूपी घोरश्च पीडां दहतु मे शिखी।।
केतु गायत्रीमन्त्र- ॐ पद्मपुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो केतु प्रचोदयात्।
हवन हेतु समिधा- कुशा। दानद्रव्य- लहसुनियाँ, सोना, लोहा, तिल, सप्तधान्य, तेल, धूमिल कपड़ा, धूमिलफूल, नारियल, कम्बल, उड़द, केसरशस्त्र दानका समय रात्रि में।
रत्न- वैदूर्य (लहसुनियां Catseye फिरोजा) ६ रत्ती का गुरूपुष्य योग में धारण करें। गोमेद और लहसुनिया ३ रत्ती का भी ले सकते है; किन्तु २, ४, ११ या १३ रत्ती का कभी न लें। उपरत्न-लाजवर्त Turqaise संगमूसा, संगोदन्ती आदि। जड़ी-असगंध की जड़।
ग्रहशान्ति मन्त्र- ब्रह्मामुरारिस्त्रिपुरान्तकारी: भानुः शशि भूमिसुतोबुधश्च।
गुरुश्च शुक्रः शनि राहुकेतव:सर्वेग्रहा:शान्तिकरा भवन्तु।।
नोट : कलियुगमें जपसंख्या चतुर्गुणी अभीष्ट सिद्धि प्रदायक होती है। देशकाल परिस्थित्यानुसार ग्रहोंसे सम्बन्धित दानादि करके लाभके भागीदार बनें।

।। सभी ग्रहोंके दोष शान्त्यर्थ सामान्य औषधि स्नान ।।

लाजवन्ती (छुईमुई) कूट, खिल्ला, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारु हल्दी, सर्वोषधि, लोध, इन औषधियोंके जल से स्नान करने से सब ग्रहोंकी पीड़ा शान्त होती है। तथा गुरु के वचन, देव ब्राह्मणार्चन वेद पुराणादि श्रवण साधु सत्संग मन की शुद्धता जप, दान, यज्ञादि करने से दुष्ट स्थानोंमें स्थित ग्रहभी पीड़ा नहीं देते।
तथाः देवधीनं जगत, सर्वम् मंत्राधीनश्च देवता।
ते मंत्र ब्राह्मणाधीनः तस्मात ब्राह्मण देवता भवेत्।। (श्रीपतिः)

।। ग्रह शांतियर्थ रत्नादि धारण नियम ।।

नगमें बाल, रेखा, बिन्दु न हो वह टूटा फूटा न हो, जिस प्रकार मूर्तिकी प्राण प्रतिष्ठा मंत्रों द्वारा की जाती है, उसी प्रकार जिस ग्रहका नग हो उसी वार को उस ग्रहका १००० मंत्र जप, दशांश हवन करके नग धारणा करें। मासान्तर्गत लाभ प्रतीत हो तो ठीक अन्यथा नग बदल देना चाहिए।
नग लेने की सामर्थ्य न हो तो उपरत्न, यंत्र एवं शास्त्रोक्त नियमानुसार जड़ी धारण करना भी कम उपयोगी नहीं है। ग्रह यंत्र पंचांग शुद्धि देखकर तैयार करें। अष्टगंध की स्याही और अनार की कलम से भोजपत्र पर लिखकर यथा शक्ति सोने चाँदी या ताबेके ताबीजमें भरकर ग्रहानुरूप धागेमें पिरोकर पुरुष दाहिनी भुजा तथा स्त्रियाँ गलेमें धारण करें। प्रत्येक ग्रहकी जड़ी पुष्यार्क योगमें ग्रहण करनी चाहिये।

।। पञ्चक मरण शान्ति विधान ।।

पंचक प्रायश्चितके लिए दाहसंस्कार करते समय दाभके पाँच पुतले मृतक विधि से मृतक के साथ जलाने चाहिए। तदोपरान्त सपिण्डी कर्मके बाद पुण्याहवाचन हवन वेदीका निर्माणकर पाँच कलश गंगाजलसे भर कर एक ईशान दिशामें स्थापितकर चार-चारों दिशाओं में रक्खें। सुवर्णादि धातुओंकी धनिष्ठादि नक्षत्रोंके स्वामियोंकी पांच मूर्ति बनाकर कलशोंके ऊपर स्थापित कर, षोडशोपचारसे पूजन करें। धनिष्ठादि नक्षत्रोंके मंत्र ॐवसो पवित्र० ॐ वरुणस्योत्तम्भ०, ॐ उतनोहिर्बुध्र्य ॐ शिवोनामासि०, ॐपूषन्तव्रते० इन मंत्रोंका जप व इन्हीं से हवन करना। ५ ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए। संभव हो तो पंचकों में दाह न करें। शांति विधान के अभावमें मृतक परिवारमें पांच जीवोंकी हानि होना सम्भव है।

।। त्रिखल जन्म शान्ति विधान ।।

तीन पुत्रोंके बाद कन्या या ३ कन्याओंके बाद पुत्र का जन्म हो तो त्रिखल दोष होता है। पुत्र पिता के लिए, पुत्री माता के लिये नेष्ट होती है। शांतिहेतु भूशयन, तीन अन्न, तीन पात्र, तीन वस्त्र, महामृत्युञ्जय मंत्र का जाप यथा शक्ति कराने से शांति होती है।

।। दाँत निकलने का फल ।।

बच्चेके जन्म से ही दाँत निकले हुए हों तो माता-पिता का अरिष्ट हो, ऊपरकी पंक्तिमें दाँत से जन्म हो तो अधिक कष्ट हो। प्रथम ऊपरकी पंक्तिमें दाँत निकले तो मातुल (मामा) पक्षको भय हो। पहले मासमें स्वयं नष्ट, दूसरेमें छोटा भ्राता, तीसरेमें बहिन, चौथेमें कुटुम्बी भाई को कष्ट और पांचवेमें ज्येष्ठ भ्राता को कष्ट होता है। अशुभ फल शांत्यर्थ गंगाकी गोदमें पार्थिव पूजन मातुल पक्ष की ओर से शिशुके लिये वस्त्र, सप्तधान्य देकर मामा पुनः अपने निवास स्थानको चला जाय। ऐसा करनेसे भय नहीं होता।

।। प्रसव दोष शान्त्यर्थ ।।

जिस किसी के घरमें चैत्रमें कुतिया, वैशाखमें ऊंटनी, ज्येष्ठमें बिल्ली श्रावणमें गधी व घोड़ी, भाद्रपदमें गौ, कार्तिकमें स्त्री, मार्गशीर्षमें हथिनी, पौषमें बकरी, माघमें भैंस, बच्चा जन्मे तो पिता अथवा घर धनीकी छः मासमें मृत्यु या मृत्यु तुल्य कष्ट होता है। श्रावण मास के दिनमें घोड़ी माघ मध्ये बुधवार को भैंस प्रसूत हो तो घरधनी को महाभय होता है। इसकी शांति के लिए प्रसूत पशु गौ, भैंस, बकरी, घोड़ी, का दान शान्तिपाठ पुण्याहवाचन श्वेत सर्षपहवन व्याहृतमंत्रों द्वारा करने से शांति होती है।

।। पुष्या ।।

जिस वर्ष वर्षाकालमें बोलनामिणी, देवताओं प्रधान ग्रह पुष्य नक्षत्र में युक्त, दुष्ट या मंगल होकर त्रिक भवनमें स्थित होती है, उन वर्षमें मृत्यु या मृत्युतुल्य कष्ट, उन बातों की वृद्धि होती है। शांत्यर्थ दान-मोती, तन्दुलान्न, सुवर्ण, सम्यग्वस्त्र, घृत, श्वेततुल्य, श्वेतवस्त्र, कपूर, मिश्री, श्वेतचन्दन, गौ दान, वर्ष और दक्षिणा, रत्न- लहसुनिया (वैदूर्यमणि) धारण करना चाहिए। दानका समय- प्रा, मध्य, सन्ध्या और सायंकाल पुष्पोदयकाल। सप्तधान्यों में जौ, उड़द, मूंग, गेहूं, धान्य (चावल) चना और कांगनी है। सर्वोषधि- कूट, जटामांसी, दोनों हल्दी, मुरा, शिलाजीत, चन्दन वच, चम्पक और नागरमोथा। अष्टगंध के द्रव्य- अगर, तगर, केशर, गोरोचन, कस्तूरी कुम्कुम तथा दोनों चन्दन है।

।। छिपकली कोढ़-किरली गिरने का फल ।।

अग्रिम तालिकामें पुरुषोंके दक्षिण अंगमें और स्त्रियोंके वामभाग में विचार करना, पुरुषों के वाम भागमें और स्त्रियोंके दक्षिण भागमें विपरीत भवनकी फल होता है। जो फल तालिकामें कहा है, वही सरट (गिरगिट) के चढ़नेका जाने। सरटके गिरनेका तथा उतरनेके चढ़नेका फल वृथा होता है।

अवाङ्ग-विभागे (छिपकली कोढ़ किरली) पतन फलम्

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भ्रूमध्ये	राजसम्मान	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधि	वामकर्णे	बहुलाभः	वामनेत्रे	ऐश्वर्यबंधन:
वामभुजे	राज्यभय	स्तनयोः	दीर्घायुष्यम्	दक्षिणभुजे	इष्टबन्धन
हृदये	शुभागमनः	हस्तयोः	धनलाभ	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्वलाभः	वामभ्रुवियो	कीर्ति नाशः	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	मरणम्	मुखे	मिष्ठान्नभोजन
ललाटे	बन्धुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	सौभाग्यः
दक्षिणकर्णे	आयुवृद्धि	नेत्रयोः	धनप्राप्तिः	पादान्ते	मृत्यु
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	मरण
जंघयो	शुभम्	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धन लाभः
दःमणिबंधे	मनस्तापः	हृदये	धनलाभः	दक्षांगुष्ठे	धन लाभः

।। मूल शांति ।।

पुनः मूल संज्ञक जन्मनक्षत्र आने पर मूल नक्षत्रमें हो, रिक्तातिथि क्रूरवार, क्षिप्र, मृदु, चर ध्रुव संज्ञक नक्षत्रों में मूल शान्ति करनी चाहिए। मूल, गण्डमूल नक्षत्र शुभाशुभ फल का पूर्ण विवरण श्रीराजधानी पंचांगके जातक प्रकरणमें मिलेगा।
गण्डेऽरिष्टे चन्दनं च कुष्ठं गोरोचनं तथा। स्वर्णेन मिलितं कृत्वा चतुर्भिः कलशैस्तः।।
सहस्र शीर्षामन्त्रेण बालकं स्नापयेत्सुतः। पितापुत्रं दिवा यावं भद्र युक्त च रात्रिकम्।।
स्नापयेत्पितृमातृभ्यां सव्यापो हस्तयोरपि। कांस्य पात्रे घृते: पूर्णे दद्याद्गण्डोपशान्तये।।
कृष्णा धेनु सुवर्ण च ब्रह्मणायां प्रदापयेत्। आश्लेषायां च मूलेऽपि शान्तिरेवविधीयते।।

॥ एक नक्षत्र जन्म दोष ॥

पिता पुत्र, माता-पुत्र व कन्या दो सहोदर भाइयोंका जन्म एक ही नक्षत्रमें हो तो दोनोंमें से एक की मृत्यु या मृत्यु तुल्य कष्ट हो, शान्त्यर्थ गौ, सुवर्ण छायादान हवनादि से अरिष्ट निवारण होता है। जन्म नक्षत्र मन्त्र से आहुति देनी चाहिए।

॥ पल्ली-पतने प्रशस्त वार-तिथ्यर्क्षाणि: ॥

यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।१२।१२।१३। इन तिथियों में गिरे तो श्रेष्ठ फलदायक है। तथा चं बु गु. शु. इन चारोंमें शुभ फल देती है। पु. अश्विनी. रो.मृ.पुनः उफा. ह. चि. स्वा.ध.रे.अनु.श. ये नक्षत्र शुभ फलदायक है। अतोऽन्येषु भेषु निन्द्याः।

॥ पल्ली-पाते कर्तव्य कर्म: ॥

पल्ली (किरली) तथा सरट (गिरगिट) स्पर्श होने पर वस्त्र सहित स्नान करें। जन्मनक्षत्र, मृत्यु योग, दग्धा तिथि भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रह युक्त लग्नमें तथा अष्टम चन्द्रमा से पल्ली आदि के स्पर्श होनेसे अरिष्ट होता है। उसकी शान्ति के लिए जप. होम. मृत्युञ्जय मन्त्र का जप व तिल स्वर्ण दान पञ्चगव्यसे स्नान तथा घृत का छाया पात्रदान कराना भी उत्तम है।

॥ काक-स्पर्शादौ फलम्: ॥

मस्तक पर काक स्पर्श धननाश, मरण तथा कलह करता है। कमर, कन्धे पर अशुभ होता है। स्त्रीके मस्तक पर काक बैठना पति पुत्रका नाश करता है। वृक्ष के नीचे दही आदि के उत्तम भोजनके कारण काक स्पर्श दोषकारक नहीं होता, किन्तु अकस्मात् स्पर्श दोष कारक है। काकमैथुन देखना छः मासमें मृत्यु अथवा मृत्युतुल्य कष्ट व इष्टकार्य नाश करता है। विशेष कर दक्षिण दिशामें कुयोगके समय इसके दोष दूर करनेके लिये उड़दके आटेकी काक प्रतिमा मण्मय पात्रमें स्थापन कर उड़द, चावल, घी, मीठा, नैवेद्य देवे, ग्रामसे दक्षिण कीओर बाहर चौरास्ते पर गन्ध पुष्प, धूप, चतुर्मुखदीप, दक्षिणादिसे पूजन कर मृत्युञ्जय का यथाशक्ति जप करें, (या करादे) घृतच्छायापात्र दान और पञ्चगव्यसे स्नान भी करें इस विधानके करनेसे सम्पूर्ण दोष नाश होते है।

॥ काक विष्ठा विचार: ॥

शिरसि-मृत्युः वा कष्टम्। स्कन्धयोः रोगः भुजयोः प्रियार्तिः। उदरे-शोकः। गुह्येसन्ताय कस्टम्। जंघयोः वाहन पीड़ा। पादयोः। प्रवासः।

कौवा उड़ता हुआ या किसी सूखे पेड़ पर बैठा हुआ, या पूर्व की तरफ बैठा हुआ अथवा दक्षिण दिशा की ओर मुंह किये किसी के ऊपर काली बीट कर देवे तो अशुभ जानो। और किसी हरे भरे या फूले फले या पीपल बड़ आदि श्रेष्ठ पेड़ पर बैठा हुआ सफेद-बीट करदे तो शुभ जानो।

॥ घर में उल्लू आदि: ॥

उल्लू, बगुला, गिद्ध, बाज, चील, चमगादड़, टटाटीगुली और जंगली कबूतर अद्भुत रूप से अचानक किसी के घर पर बैठ जाय तो घरधनी को नेष्ट होता है।

अङ्ग-स्फुरण फलम्

पुरुषोंका दायां अंग और स्त्रियोंका बायां अंग फड़कना शुभ है। मस्तकका स्फुरण (फड़कना) स्त्री पुरुष दोनोंके लिये शुभ है।

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
मस्तक	पृथ्वीलाभ	वक्षःस्थल	विजय	ओष्ठ	प्रियवस्तु
ललाट	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	हनु	महाभाग
स्कन्ध	भोगसमृद्धि	कटि	प्रमाद	कण्ठ	ऐश्वर्यलाभ
भ्रूमध्य	सुखप्राप्ति	कटिपार्श्व	प्रीति	ग्रीवाधः	शत्रुलाभ
भ्रूयुग्म	महत्सौख्य	नाभि	स्त्रीकष्ट	पृष्ठ	पराज्य
कपोल	शुभाप्ति	आंत्रिक	कोषवृद्धि	मुख,	मित्रप्राप्ति
नेत्र	धनाप्ति	भग	पतिप्राप्ति	भुज	मधुरभोजन
नेत्रकोण	लक्ष्मीलाभ	कुक्षि	सुप्रीति	भुजमध्य	धनागम
नेत्रसमीप	प्रियसंगम	उदर	कोषलाभ	वास्तदेश	अभ्युदय
नेत्रपक्ष्म	राज्यलाभ	लिंग	स्त्रीनाश	ऊरु	वस्त्रलाभ
हस्त	सद्द्रव्यला	गुदा	वाहनलाभ	जानु	शत्रुवृद्धि
नेत्रोर्ध्व	विजया	वृषण	पुत्रलाभ	जंघा	स्वामीप्रीति
पादोपरि	स्थानलाभ	पादतल	नृपत्वबुद्धि		

इन्हीं अंगों में तिल, लहसून, मस्सा, हो व खुजली उठे तो भी चक्रोक्त फल जानना। पैर के तलुओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। शासकों के हाथ में तिल या खाज हो तो जय होती हं। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

॥ स्वप्न विचार ॥

सपने के गीत सदा अधूरे नहीं रहते पूरे भी हुआ करते है, जो अपना होता है, वह कभी सपना हो जाता है। जो सपना होता है, वह कभी अपना भी हो जाता है। स्वप्न जिसे हम निरी भावना या कोरी कल्पना कहते है, वह हमारे अन्तर्मनके रहस्यमय संकेत हुआ करते है। आदि काल से ही मानव-मन के लिये स्वप्न बड़े आकर्षण और जिज्ञासा का विषय बना रहा है। रात्रीकी श्यामल छाया में हमारी मुदी पलकोंको न जाने कौन-सी शक्ति अपनी कोमल पाणि-पंखुड़ियों से सहलाकर हमें एक विचित्र लोकमें ले जाती है, जिसे स्वप्न लोक कहते है। जिसमें प्रायः हमारी धरतीकी तरह सुख, दुःख, भय, क्रोध हास-विलासके प्रसंग उपस्थित होते है; परन्तु कभी कभी इस जागृत संसारसे भिन्न और विचित्र रूप में स्वप्न लोक ऐसा है, जहाँ हमें अपनी इच्छाके विरुद्ध भी जाना पड़ता है। स्वप्नोंके विषयमें हमारे प्राचीन ऋषियोंसे लेकर आधुनिक मनीषियोंने गहन विचार और छानबीन की है। इस विषयके पाश्चात्य विचारकोंमें फ्रायडेका स्थान मुख्य माना जाता है। उनके मतानुसार स्वप्न हमारी दबी हुई इच्छाओंका प्रकाशन मात्र है। हमें स्वप्नमें वही दिखाई, देगा जिसका हम कभी कभी विचार कर चुके है। विशेषतया हमारी वह इच्छायें जो किसी विशेष परिस्थितिवश जाग्रत अवस्थामें पूर्ण नही हो पाती स्वप्न में चरितार्थ होकर मानसिक तृप्ति देती है। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा इस श्री राजधानी पंचांग की रचना भी मेरे पूर्व देखे हुए स्वप्न की ही देन है। एक बार सन् १९६८ में रात्रिको सोनेके कुछ ही मिनट बाद मैंने एक स्वप्न देखा था और वह यह कि काशीमें भगवानजी ऊपर से एक पँचांग लिखकर डाल रहे है। इतनेमें ही वह दृश्य अदृश्य हो गया निद्राभी समाप्त हो गई, रात्रिभी इसी संकल्प-विकल्प में व्यतीत हो गई। प्रातःकाल मैंने उठकर कई पंचांगोंको परस्पर मिलान करके देखा तो सब में अन्तर पाया, इससे ओर सोचने के लिए विवश हो गया कि भगवानजी ही पंचांग लिखकर डालते है। तो अन्तर नहीं होना चाहिए नहीं। अखिल ब्राह्माण्ड नायक परमपिता-परमात्माकी आदिशक्ति जगत जननी जगदम्बा जिन जनों पर कृपा करके अन्तःकरणमें ज्योति जलाती है, उन्हींके द्वारा यह रचनायें होती है। स्वप्नके विषयमें कुछ निश्चित नहीं कहा जा सकता, इसके रहस्योद्घाटन के प्रयास अभी तक पूर्णरूपेण सफल नहीं हो सके है; फिर भी ऋषिकल्प महापुरुषोंके अनुभवपूर्ण खास-खास स्वप्नोंकी सूची नीचे दी जाती है; जिससे हर व्यक्ति आशातीत लाभ उठा सकता है। सायं का स्वप्न सात वर्ष में प्रातः कालके स्वप्न का फल सात दिनमें घटता है। इसी अनुपात में शेष रात्रि का फल जान लेना चाहिए।

॥ अनुभव सिद्ध स्वप्न और उनके फल ॥

अनाज भरना	-	धन लाभ	अन्न बेचना	-	नुकसान
मरण होना	-	दीर्घायु	आग उठाना	-	कष्ट पाना
आँधी देखना	-	सकटचिंता	आग देखना	-	धन लाभ
इमारत देखना	-	लाभ	ऊँट देखना	-	लाभ
ऊँचाई से गिरना	-	मानहानि	बिल्ली देखना	-	तरक्की पाना
कुत्ते का काटना	-	शत्रु भय	कुँएमें गिरना	-	परेशानी
नाव देखना	-	परेशानी	खून करना	-	सेहत पाना
चित्र देखना	-	राज्यलाभ	चीख मारना	-	संकट
जहान देखना	-	स्त्रीक्लेश	जहाज पर चढ़ना	-	तबादला
जवाहरात देखना	-	कार्यसफल	तख्त देखना	-	तरक्की पाना
तख्त पर बैठना	-	इज्जत पाना	जुआ देखना	-	धन लाभ
तालाब स्नान	-	इज्जत पाना	श्वेत सर्प काटना	-	लाभ
दरिया में नहाना	-	रोगनाश	दूध पीना	-	खुशी
पर्वत पर चढ़ना	-	तरक्की	पानी में डूबना	-	कष्ट पाना
बर्फ देखना	-	रोग चिन्ता	बन्दर देखना	-	धन लाभ
बारात देखना	-	रोग	बगीचा देखना	-	ऋण निवृत्ति
बादल देखना	-	लाभ	बिच्छू देखना	-	चिन्ता
मदिरा पीना	--	कष्ट पाना	भूषण की चोरी	-	सफर
मकान गिरना	-	तरक्की	मौत देखना	-	हानिकारक
मन्दिरोंमें जाना	-	रोग होना	मुँदरी पाना	-	परेशानी
रोटी खाना	-	खुशखबरी	मुर्दा रोते देखना	-	तरक्की
वृक्ष काटना	-	नुकसान	रीछ देखना	-	खुशी
वर्षा देखना	-	चिन्ता	विषखाना	-	चिन्ता
शरीर में तेल मलना	-	धन लाभ	वृक्ष पर चढ़ना	-	सफलता
इज्जत पाना	-	धन लाभ	शत्रु देखना	-	सफलता
सोना पाना	-	परेशानी	कपड़ा गिरना	-	कष्ट
सांप काटना	-	दुःख पाना	सांप देखना	-	धन लाभ
हाथी संवार	-	लाभ	स्त्री लड़ाई	-	शत्रु नाश
बांसुरी बजाना	-	इज्जत पाना	घोड़ा देखना	-	संकट दूर हो

प्रश्न प्रकरण

❀ नष्ट वस्तु ज्ञानाय चक्र ❀

संज्ञा	अन्धलो.	मन्दलो.	मध्यलो.	सुलोचन
नक्षत्र नाम	रोहि.,पुष्य, उफा.,विशा.पूषा. धनि.रेवती	अश्वि.,मृग.,श्ले. हस्त.अनुराधा उषा.शतभिषा	भर.,आर्द्रा,मघा. चित्रा.ज्येष्ठा अभि.पूभा.	कृति.,पुन.,पूफा. स्वाती.मूल. श्रवण,उभा.
दिशायां फलम्	पूर्वेगतम् शीघ्रलाभम्	दक्षिणो गतम् यत्नेनलाभम्	पश्चिमेगतम् खबरमात्रं	उत्तरेगमनं न खबर न लाभं

नष्टवस्तुज्ञानम्- प्रश्नकालीन तिथि, वार, नक्षत्र और लग्न योगमें ३ जोड़कर ५ का भागदें, यदि १ शेष बचे तो चोरी गई वस्तु पृथ्वीमें, २ बचे जलमें है मिलेनहीं, ३ बचे आकाश (उच्चस्थान) में है मिलेगी नहीं, ४ बचे अग्नि अथवा राज्यखजानेमें विलय हो गई ऐसाजानें और यदि ० शेष रहे तो वस्तु नही मिलेगी, केवल शोकसन्ताप ही रहेगा।

पशु खोने का प्रश्न- सूर्याश्रित नक्षत्रसे पशु (सफेद व लाल) खोने वाले दिन नक्षत्रों तक गिनती करें। ९ तक पशुको जंगलमें जानें। १० से १५ तक स्वस्थानके समीप, १६ से २२ तक शीघ्र घर आ जायेगा, २३ से २४ तक नष्टप्राय नहीं मिले, २५ से २७ तक मृत्यु हो गई ऐसा जानें। **टिप्पणी-** काले रंगके पशु बकरी, भैंस, गाय, कुत्ता आदि का प्रश्न हो तो जिस नक्षत्रमें शनि चल रहा हो उससे गिनती कर फल ऊपर लिखे अनुसार जानना चाहिए।यह मेरा स्वयंका अनुभव है। लगभग सही बैठता है।

॥ मेषादि लग्नोपरि प्रश्न, फल चक्रम् ॥

लग्न	मनश्चिन्ता प्रश्नः	रोगिणाम् प्रश्नः
मेष	मानवीय जीव की चिन्ता	देवी व कुल देव दोषः
वृषभ	चौपाये जीव पशु की चिन्ता	पितर अतृप्ति दोषः
मिथुन	गर्भस्थ संतान की चिन्ता	शांकिनी-डांकिनी दोषः
कर्क	व्यवसाय की चिन्ता	भूत पिशाचादि दोषः
सिंह	नभचर, थलचर जीव चिन्ता	स्वकुलीय मात्र दोषः
कन्या	दाम्पत्य सुखोपभोग की चिन्ता	स्वकुलीय देव दोषः
तुला	गुप्त दिए गए धन की चिन्ता	कुपित चण्डिका दोषः
वृश्चिक	दैहिक और भौतिक क्लेश	मृतवत्सा नारी दोषः
धनु	धनोपार्जन की चिन्ता	यक्षिणी व पिशाचिनी दोषः
मकर	शत्रु पर जय-पराजय चिन्ता	स्थान व ग्राम देव दोषः
कुम्भ	स्वकीय जायदाद की चिन्ता	अपुत्री कुलटा स्त्री दोषः
मीन	देव, भूतपिशाचादि की चिन्ता	आकाशगामी वायु प्रकोपः

स्वरोदय यंत्र राज- प्रश्नकर्त्ताः अभीष्ट प्रश्नके यथार्थ फलज्ञानार्थ मनमें अपने इष्ट का स्मरण कर स्वरोदय प्रश्नयंत्रके किसीभी कोष्टकमें दाहिने हाथकी तर्जनी अंगुली रखे, जिस कोष्टकमें अंगुली रखी जाय उसमें लिखित अंकके अनुसार शुभाशुभ फल ज्ञात करें। **टिप्पणी-** कोई भी सज्जन उपहासके लिए इस यंत्रका उपयोग न करें अन्यथा किसी अनिष्ट का उत्तरदायित्व सम्पादक पर नहीं होगा।

❀ स्वरोदय यंत्र राज ❀

ए ८	अं १२	अ १	ओ १३	ई ६
इ ३		औ ५		ऋ ७
ऊ ४	उ ११	ऐ ९	अः १०	आ २

"अ-१" से विजय मिलेगी, "इ-३" से इच्छा प्रभु की जानि।
"उ-११" से उन्नति ना मिले, "ए-८" से कार्य विहानि॥
"ओ-१३" से आशा पूर्ण हो, "अं-१२" से इच्छित फल हानि।
अंगुली ऋ ७ रि री पै रखी, हुई पूर्ण इच्छा जानि॥
"आ-२" से आशा जानिये, "ई-६" से ईश्वर इच्छा बलवान।
"ऊ-४" से उतरा संकटजानि, "ऐ-९" से हार महान॥
"औ-५" से आशा मत करो, "अः-१०" से शुभ फल मान।
स्वर सारांश फल एहि 'कौशिक' वचन प्रमान॥

१. जिसकार्यका आपविचार कर रहे है उसकार्यमें शत-प्रतिशत विजय होगी। **२.** कार्य सम्पूर्ण होनेकी पूर्ण आशा है। आपको निराश नहीं होना चाहिए। अपने कर्तव्यके प्रति सचेत रहियेगा। **३.** प्रयत्न पूर्ण रखियेगा फल परमपिता-परमात्मा के अधीन है। **४.** अब आपका संकटकाल व्यतीत हो चुका है। पूर्व निर्धारित सभी योजनायें पूर्ण हो जायेंगी। **५.** कार्य विनाशक योग बन रहे है इसलिए किसी विशेष कार्य का शुभारम्भ न करें। **६.** आपके भाग्य परीक्षण का समय चल रहा है। इसीलिए अपने काम में संलग्न रहें। यथा- "मनोइच्छा विनष्ट होकर ईश्वर इच्छानुसार सभी कार्य होंगे। **७.** आपने अपने मनमें जिन विशेष कार्योंको विचार रक्खा है वे लगभग पूरे हो जायेंगे तत्परता कीजिए। भाग्य आपके साथ है। **८.** सावधान रहना चाहिए, समय आपके प्रतिकूल है। शत्रुओ द्वारा बने हुए कार्योंमें व्यवधान उत्पन्न होंगे। **९.** जिस कार्यका इस समय विचार कर रहे हो उसमें आपको विजय प्राप्त होनेकी सम्भावना है, माँ भगवतीका ध्यान करें। **१०.** समय सानुकूल है, अशुभ फलोंकी निवृत्तिके साथ-साथ शुभ फलों की बढ़ोत्तरी होनेसे मनमें नई स्फूर्ति का संचार होगा। **११.** आप अपने काममें संलग्न रहें, अभी उन्नति मिलना असम्भव है। **१२.** इच्छित फलकी हानि होने से मनमें खिन्नता, अंशाति, क्षोभ हो यत्र-तत्र व्यर्थ का ही भ्रमण करना पड़े, सावधान रहें। **१३.** आपकी सभी आशायें पूर्ण होंगी, समयका सदुपयोग करना चाहिए। भाग्य इस समय पूरा साथ दे रहा है।

साझे कारोबारमें किसको लाभ होगा?- मुहूर्त प्रकरणसे दोनोंके नाम वर्ग अक्षरानुसार कांकिणी ज्ञात कर लें। जिसकी कांकिणी अधिक होगी वही फायदे में रहेगा। स्मरण रहे कागेवार व्यक्तिको वही फलता है जिसका अपने वर्ग से तालमेल सही बैठता है।

पुत्र लाभ होगा कि नहीं?- तत्कालीन तिथि संख्याको ४ से गुणाकर, १ जोड़कर तदनन्तर वार तथा योगकी संख्या युक्त करके २ से भाग देना जो लब्धि आये उसको ३ से गुणाकरके ४ से भागदेना, जो शेष बचे उससे फल कहें। १ शेष बचे तो विलम्ब से पुत्र सन्तान होगी। चिरंजीविताके लिए पार्थिव शिवपूजन करना चाहिए। शेष २ बचें तो पूर्व जन्मके पापके कारण सन्तान सुख न होगा, गया यात्रा तथा हरिवंश पुराण सुनने तथा सन्तानगोपाल के सवालक्ष जपसे सम्भव है कि ईश्वर कृपा करें। ३ शेष रहे तो पुत्र लाभ होगा, किसी गरीबकी कन्याका विवाह कर दें, या उस विवाह में गुप्त मदद करें, पुत्र का पूर्णसुख होगा । ० शेषमें सन्तान शीघ्र होगी।

गर्भिणी:- प्रश्नकालीनलग्न कुण्डलीके तृतीय, पंचम, सप्तम, नवम स्थान में पुरुष ग्रह रवि, मंगल, गुरु स्थित हों तो पुत्र हो और अन्य ग्रह पड़े हो तो कन्या उत्पन्न हो। विशेषताः-गर्भिणी ऊर्ध्वमुख प्रश्न करे तो पुत्र, अधोमुख प्रश्न करनेसे कन्याका जन्म जानना चाहिए।

अंक प्रश्न:- प्रश्न कर्तासे १०८ अंकोंमें से कोई अंक कहलवाये वह अंक मुखसे उच्चारणकरें उसमें १२ का भागदें शेष १।७।९ बचे तो देर से कार्य सिद्ध होगा। ४।५।८।१०शेषमें कार्यहानि, ११।३।१२ शेषमें कार्यसिद्ध होगा।

पथिकागमन विचार:- प्रश्नाक्षरोंको द्विगुणित कर १३ जोड़ दें और ८ का भाग दें। जो शेष बचे उसकाफल बताएं- १ आनेकी सोच रहा है। २. चल पड़ा है। ३. रास्तेमें है। ४. शीघ्र आ जाएगा। ५. देर से आएगा। ६. अस्वस्थ है। ७. नहीं आएगा। ८. मृत्यु या कष्टमें है।

देशान्तर से सूचना मिलेगी या नही?- प्रश्नलग्न चर हो और उससे द्वितीय तृतीय स्थान शुभग्रह युक्त अथवा दृष्ट हो तो सूचना जल्दी मिलेगी स्थिर लग्नमें विलम्ब से पत्र मिले। प्रश्न लग्नमें चन्द्र हो और शुभ ग्रह देखता हो तो समाचार आयेगा, विपरीत हो तो उत्तर नहीं मिलेगा।

विवाह होगा या नही?-प्रश्नलग्न से २।३।६।७।१०।११ स्थानोंमें स्थित चन्द्रको गुरु देखे तो विवाह हो जायेगा। यदि चन्द्रमाके साथ पापीग्रह हों या दृष्टि हो तो विवाह नहीं होगा। यदि लग्न से ३।५।६।७।१।११ स्थानमें चन्द्रमाको सूर्य, बुध, गुरु इनमें से कोई देखे अथवा व्ययेश सप्तममें और सप्तमेश लग्नमें हो अथवा २।४।७ इन राशियोंमें से किसी एक राशिमें चन्द्र या शुक्र हो तो विवाह अवश्य हो जायेगा।

जय-पराजय प्रश्न- यदि तीसरे भावसे, लेकर आठवें भाव तक शुभग्रह अधिक बलवान्हों तो प्रतिवादी (मुद्दालह) जीतेगा। यदि नवमभावसे दूसरेभाव तक शुभग्रह अधिक बलवान् हो तो मुद्दई जीतेगा और यदि पापग्रह लग्नमें बैठा हो तो प्रश्नकर्त्ता जीतेगा परन्तु वहां पापग्रह नीच राशि में हो या अस्त हो अथवा शत्रु के घरमें हो तो हार जायेगा।

❀ रोग त्रिनाड़ी चक्र ❀

आर्द्रा.	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	धनि	शत.	भर.	कृति	आदि
पुन.	मघा	हस्त	वि.	मूल	श्रव.	पू.भा	अश्वि.	रोहि	मध्य
पुष्य	अश्ले.	चित्रा	स्वा.	पूषा.	उषा.	उ.भा	रेव.	मृग.	अन्त्य

सूर्य नक्षत्र, दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र या नाम नक्षत्र रोग त्रिनाड़ी चक्रमें एक नाड़ीपर हों तो रोगीकी मृत्यु होती है। प्रतिदिन देखनेसे जिसदिन यह योग मिले, उसदिन रोगीकी मृत्यु या कष्ट जानें। त्रिनाड़ीचक्र यात्रा तथा युद्ध के समय भी वर्जित है।

।। रोगोत्पत्तौ कुयोगाः।।

रोगके शुरु वाले दिनमें रोगीकी राशि, जन्मनक्षत्र एवं जन्मलग्न से आठवें चन्द्रमा या लग्नेश आदि अन्य ग्रह पड़े हों अथवा यमघंट, यमदृष्टा मृत्युदादि कुयोग हों तो रोगका निदान कठिन होता है। यद्यपि प्रतिवर्ष निकृष्ट योगोंका उल्लेख कर देते है। फिर भी पाठकोंकी सुविधा हेतु वार, नक्षत्रादि से बनने वाले कुयोगोंके विषयमें लिख रहे है।

१. रविवारको भरणी, मघा, अनु, धनि, नक्षत्र, द्वादशी तिथि हो।
२. सोम में आर्द्रा, विशा, मूल, उषा नक्षत्र एवं २।७।१२ तिथियां हों।
३. मंगलको भर, कृत्ति., मघा व शत. नक्षत्र, नन्दा तिथि १।६।११ हो।
४. बुधवारमें अश्वि.,पुन.,चि.,वि., मू., पू.षा. नक्षत्र, ३।८।१३ तिथि हो।
५. गुरु. को मृग., मघा, ज्ये., व उषा. नक्षत्र, रिक्ता ४।९।१४ तिथि हो।
६. शुक्र. में रोहि., श्लेषा, श्रव., धनि, नक्षत्र, भद्रा २।७।१२ तिथि हो।
७.शनि. में हस्त, श्रव., शत., पू.भा.नक्षत्र,पूर्णा५।१०।१५ व ३०तिथि हो।
८. **सूर्य मंगल शनिवार में** ४।६।९।१२।१४।३० तिथि, भर., कृत्ति., आर्द्रा आश्ले., पूर्वा ३ विशा.,ज्ये.,धनि.,शत. नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परञ्च जन्मपत्रमें मारकेशका भी विचार कर लेना, क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं हां, ऐसे योगमें कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगोंमें से किसी भी योगमें रोगराम्भ होते ही तुलादान, गोदान तथा मृत्युञ्जय मंत्र का जप करनेसे सुख होता है।

कालस्यमुखदंष्ट्राज्ञानम्- दिन नक्षत्रसे रोगीके नाम नक्षत्र तक गिनने पर ५।१३।२३ संख्या हो तो कालका मुख होता है। इसी प्रकार १०।१८ वां नक्षत्र दृष्ट्रा (दाढ़ा) होता है। काल मुख या दाढ़ में जिस दिन गोचरमे नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त व्यक्तिकी मृत्युतुल्य हालत होती है। रोगोत्पत्ति, सर्पादि दर्शन, गिद्धके स्पर्श, विग्रह युद्धमें जाते समय मुख दष्ट्रा में नक्षत्र हो तो महाअशुभ होता है।

कालांगचक्रशुभाशुभफलम्- व्यक्ति के जिस अंगमें पीड़ा, कष्ट, घाव, फोड़ा, कंसर आदि विकार हो तो तत्काल प्रश्न कुण्डलीमें कालांग चक्रानुसार उस पीड़ित भाव को देखे। अतः जिस भावमें अशुभ ग्रह हो या वह भाव पाप दृष्ट हो या उसमें नीच अशुभग्रह हो तो उसमें अधिक कष्ट सम्भव है। शान्ति-हेतु उस ग्रह से सम्बन्धित विवरण शान्ति प्रकरण में देखें।

भाव	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अंग	सिर	मुख	भुजायें	हृदय	उदर	कटिभाग	मूत्राशय वस्ति	गुप्तांग	जंघायें	घुटने	पिंडलियां	अंगुलियां पाद

नोट- कुछ दैवज्ञ भावोंके स्थान पर मेषादि द्वादश राशियों की कल्पना करके इसी प्रकार विचार करते है। अर्थात फल कहते है।

❀ तिथि कष्टावली चक्रम् ❀

ति. तिथीशाः	कष्ट दिन	बलि	दान
१ अग्नि	१२	शर्कराज्य बलि	घृत अन्न दान
२ ब्रह्मा	५	पायस बलि	भोजन दान
३ गौरी	७	घृतान्न बलि	रक्तवस्त्र दान
४ गणेश	१६	मोदकान्न बलि	मूंगा दान
५ सर्प	२१	पायस बलि	दुग्ध दान
६ स्कन्दकार्तिकेय	१२	मोदकान्न बलि	चित्रवस्त्र दान
७ सूर्य	८	पायस बलि	ताम्रपात्र दान
८ शिव	१३	नानाभक्ष्य बलि	पीतवस्त्र दान
९ दुर्गा	१८	मिष्ठान्न बलि	रक्तवस्त्र दान
१० यम	२५	कृशरान्न बलि	नीलवस्त्र दान
११ विश्वेदेव	७	मोदकान्न बलि	पीतवस्त्र दान
१२ विष्णु	७	मोदकान्न बलि	श्वेतवस्त्र दान
१३ काम	१०	दधिशर्करा बलि	सुवर्ण दान
१४ शिव	६०	मिष्ठान्न बलि	क्षोद्रशाकभो
१५ चन्द्र	३	दर्ध्यादन बलि	चंदी दान
३० पितर	१८	पकान्न बलि	उत्तमान्न भोजन

❀ वार कष्टावली चक्रम् ❀

वार	वारेक	कष्ट दिन	बली एवं दान	दान का समय
सूर्यवार	रुद्र	५	पायसबलि सूर्यदान	अरुणोदय
चंद्र "	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि चन्द्रदान	संध्याकाल
मंगल "	स्कन्द	५	दुग्धबलि भौमदान	सुबह
बुध "	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि बुधदान	सुबह
गुरु "	ब्रह्मा	५	घृतगान्नबलि गुरुदान	संध्याकाल
शुक्र "	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधुबलिशुक्रदान	अरुणोदय
शनि "	यम	१५	माषान्नबलि शनिदान	मध्याह्नकाल

❀ सिद्धि होरा मुहूर्त्त ❀

★**सूर्य की होरा-** टेण्डर देने, नौकरी व राज कार्यके चार्ज लेने-देने तथा चुनाव में फार्म भरनेके लिए अच्छी होती है। ★**चन्द्र की होरा-** सब कार्योंके लिए शुभ मानी गई है। ★**मंगल की होरा-** युद्ध, द्यूत, यात्रा, कर्जदेना, सभा सोसाइटीमें जाना, दावा पेश करना मुकदमाके कार्यामें उत्तम होती है। ★**बुध की होरा-** विद्या कला काव्य का आरंभ कोषसंग्रह नया व्यापार, समझौता शुभ काम के लिए श्रेष्ठ है। ★**गुरु की होरा-** विवाह सम्बन्धी कार्यक्रम, बड़ोंसे मिलन, कोषसंग्रह, नवीन काव्य लेखन प्रकाशन आदि अनेक कार्योंके लिए शुभ है। ★**शुक्र की होरा-** यात्रा भूषण, नवीनवस्त्र धारण, सौभाग्यवर्धक उत्सवादिकार्य, सिनेमा शूटिंग के लिए उत्तम होती है। ★**शनि की होरा-**द्रव्य संग्रह, भूमि मकानकी नींव, नूतन गृहारम्भ, मशीनरी मिल्स कार्यारम्भ, समस्त स्थिर कार्योके लिए शुभ होती है। **उदाहरण-** मंगलवार में आपने कार्य-सिद्धयर्थ किसी बड़े आदमी से मिलने जाना है इसके लिए गुरु की होरा उत्तम होती है- अतः उस दिन गुरु की होरा मालूम करनी है। चक्रमें मंगलवारके सामने देखा तो और २१ वें घण्टेमें गुरु की होरा मिली। अतः मंगलवारको सूर्योदय से ६ व १३ वें अथवा २० घण्टेंके बाद एक-एक घण्टे तक की गुरु होरा में आपको जाना चाहिए।

।। करण वार जानने का चक्र ।।

वा.	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो	हो
→	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४
सू.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.
चं.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.
मं.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.
बु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.
बृ.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.
शु.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.
श.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.	सू.	शु.	बु.	चं.	श.	बृ.	मं.

गो.तुलसीदासजी के 'वचनामृत'

राम लखन कौशिक सहित, सुमिरहु करहु पयान।
लच्छि लाभ लै जगत जसु, मंगल सगुन प्रमान।।
भरत सत्रुसूदन लखन, सहित सुमिरि रघुनाथ।
करहु काज शुभ साज सब, मिलिहि सुमंगल साथ।।

अर्थ-श्रीविश्वामित्रजी सहित श्रीराम लक्ष्मणका स्मरण करके यात्रा करनेसे लक्ष्मी प्राप्तिके साथ-२ जगतमें सुयश प्राप्त होता है यह शकुन सच्चा मंगलमय है। और भरत-शत्रुघ्न एवं लक्ष्मण सहित श्रीरघुनाथजीका स्मरण कर सब शुभ साधनोंके सहित कार्यकरोगे तो साथ ही साथ सुन्दर यशभी मिलता जायेगा। अर्थात् मनोरथ सफलहो जायेंगे।

नकुल सुदरसन, दरसनी, क्षेमकरी चक चाष।
दसदिसि देखत सगुन शुभ, पूजहिं मन-अभिलाष।।
सुधा, साधु, सुरतरू सुमन, सुफल सुहावनि बात।
'तुलसी' सीतापति भगति, सगुन सुमंगल सात।।

अर्थ-नेवला मछली, दर्पण, क्षेमकरीचिड़िया, चकवा और नीलकण्ठ इन्हें दसो दिशाओंमें कहीं भी देखना शुभ शकुन है। और ये मनकी अभिलाषा पूर्ण करते है। गो. तुलसीदासजी कहते है कि अमृत, साधु कल्पवृक्ष, सुन्दर पुष्प, अच्छे फल सुहावनी बात श्रीसीता रामकी भक्ति ये सात सुन्दर शकुन है।

चलतसमयनेउरा मिल जायाबामभागचारा चखु[1] खाय।।
काग दाहिनेखेत सुहायासफल मनोरथ समझहु भाय।।
लोमा[2] फिर-फिरदरस दिखावैबायेंते दहिने मृग आवै।।
मृग बायें ते दाहिने, जो आवै तत्काल।
अनधनलक्ष्मी वहु मिलै, चलतै प्रात:काल।।
भड्डरऋषियहसगुनबतावै। सगरेकाजसिद्धहोइ जावै।।
नारिसुहागिनजलघटलावै। दधिमछलीजोसनमुख आवै।।
सनमुखधेनु पियावै बाछा। यहीसगुन है सब ते आछा।।

१. नीलकंठ २. लोमड़ी

"उष: प्रशस्यते गर्गः शकुनं च बृहस्पति:।
अंगिरा च मनोत्साह: ब्रह्मवाक्यं जनार्दन:।।"

गवन समय जो स्वान। फरफराय दे कान।।
एक सूद्र दो वैस असार। तीन विप्र औ छत्री चार।।
सनमुख आवै जो नौ नार। कहै भड्डरि अशुभ विचार।।
तीनि धेनुगज सात प्रमान। चलत मिलै मत करौ पयान।
स्वान धुनै जो अङ्ग, अथवा लोटे भूमि पर।
तो निज कारज भंग, अतिहि कुसगुन जानियै।।
कलह करके जो चले, विल्ली डगर अगार।
पुष्पवती नारी मिले, होवे बहुत विगार।।
सगुन सुभासुभ निकट हो, अथवा होवै दूर।
दूरिते दूरि निकटते निकट, समझो फल भरपूर।।

छींक विचार

एक नाक दो छींक। काम बनै सब ठीक।।
छीकतखड़ये छीकत नहिये, छीकत पराए घर ना जइये।
सम्मुख छीक लड़ाई भाषे, छीक दाहिनी द्रव्य विनासे।।
ऊंची छीक होय जयकारी, नीची छीक होय भयकारी।
छीकसूंघनी छलकरि लीनी, सज्जन जानो सो फल हीनी।।

यात्रा के लिए शुभ तिथि-२,३,५,७,१०,११,१३,१५ तथा कृष्णा १ भी ग्राह्य है। शुभ नक्षत्र- अश्वि. रोहि. मृग. पुन. पुष्य. पूफा. उफा. हस्त अनु. ज्येष्ठा. पूषा. उषा. श्रव. धनि. पूभा. उभा. रेव. शुभ होरा-चन्द्र बुध गुरु और शुक्र की जानें।

यात्रा समय लग्न विचार

दहिने सम्मुख लग्न जो, होई सिद्ध सब काज।
बायें मध्यम जानिये, पृष्ठे महा अकाज।।
जौन लग्न में रवि तपै, ताको यहै विचार।
पूर्व अग्नि तामे चलै, सो है अतिहि ख्वार।।

लग्नके दाहिने सम्मुखादिका विचार चन्द्रमाकी ही भाँति करना चाहिए अर्थात् जिन राशियोंमें चन्द्रमा जिस दिशामें रहता है, उन्ही राशियोंका लग्नभी उस दिशामें रहता है। लग्नमें सूर्यहो तो पूर्व एवं अग्नि कोणकी यात्रा न करें

दिन के चौघड़िया मुहूर्त्त

वार	पहला	दूसरा	तीसरा	चौथा	पांचवा	छठा	सातवां	आठवां
रवि.	उद्वेग	चर	लाभ	अमृत	काल	शुभ	रोग	उद्वेग
चन्द्र.	अमृत	काल	शुभ	रोग	उद्वेग	चर	लाभ	अमृत
मंग.	रोग	उद्वेग	चर	लाभ	अमृत	काल	शुभ	रोग
बुध.	लाभ	अमृत	काल	शुभ	रोग	उद्वेग	चर	लाभ
गुरू.	शुभ	रोग	उद्वेग	चर	लाभ	अमृत	काल	शुभ
शुक्र.	चर	लाभ	अमृत	काल	शुभ	रोग	उद्वेग	चर
शनि.	काल	शुभ	रोग	उद्वेग	चर	लाभ	अमृत	काल

चौघड़ियाविवरण- चौघड़िया मुहूर्तो के स्वामी उद्वेगके रवि, चर के शुक्र, लाभके बुध, अमृत के चन्द्र, कालके शनि, शुभ के गुरु और रोगकास्वामी भौम है, श्रेष्ठ समय शुभ, चर, अमृत और लाभके चौघड़ियाका होता है। अशुभ उद्वेग, रोग और काल का होता है। यत्न पूर्वक इनका त्याग करना चाहिए। दिनमानको ८ से भाग करने पर लब्ध एक चौघड़िया मुहूर्तका मान होता है, उसके घण्टा-मिनट बनाकर सूर्योदयमें जोड़नेसे उक्त चौघड़िया मुहूर्तोका समय आप सहज ज्ञात कर सकते है। इसी प्रकार रात्रिके चौघड़िया का समय ज्ञात करनेके लिए रात्रिमानको ८ से भागकर शेषको ढाई से गुणाकरनेपर लब्ध घण्टादि फल को सूर्यास्तमें जोड़नेसे रात्रिके प्रथम चौघड़ियाका

।। दिशा ज्ञानम् ।।

उदित सूर्य के सनमुख, खड़े हो जाओ सीना ताने।
कौशिक जी के वचन से, सुगम दिशा पहिचाने।।
सनमुख दिशा सु पूरब, पीठ पीछे पश्चिम।
बाईं ओर दिशा उत्तर की, दाहिनी ओर दक्षिण।।

यह नियम याम्योत्तर ३६ अक्षांश तक ही लागू होता है।

।। हवाई यात्रा मुहूर्त्त ।।

अश्वि., रोहि., मृग., पुन., पुष्य., पूफा., उफा., हस्त., अनु., ज्येष्ठा मूल पूषा., उषा. शत. धनि. पूभा. उभा. रेवती. नक्षत्र तथा कुयोगरहित शुभ मुहूर्तमे यात्रा सफल होती है।

रात के चौघड़िया मुहूर्त्त

वार	पहला	दूसरा	तीसरा	चौथा	पांचवा	छठा	सातवां	आठवां
रवि.	शुभ	अमृत	चर	रोग	काल	लाभ	उद्वेग	शुभ
चन्द्र.	चर	रोग	काल	लाभ	उद्वेग	शुभ	अमृत	चर
मंग.	काल	लाभ	उद्वेग	शुभ	अमृत	चर	रोग	काल
बुध.	उद्वेग	शुभ	अमृत	चर	रोग	काल	लाभ	उद्वेग
गुरू.	अमृत	चर	रोग	काल	लाभ	उद्वेग	शुभ	अमृत
शुक्र.	रोग	काल	लाभ	उद्वेग	शुभ	अमृत	चर	रोग
शनि.	लाभ	उद्वेग	शुभ	अमृत	चर	रोग	काल	लाभ

समाप्तिकालआ जायेगा। सभी आवश्यक कार्योमें चौघड़िया मुहूर्तका अपना विशेष महत्व है। श्रेष्ठ चौघड़ियामें से किसी भी दिशाकी यात्रामें इनके स्वामीका सूक्ष्म विचार कर लेना आवश्यक है। प्राय: सभी लोग उक्त चारों श्रेष्ठ चौघड़ियामें से किसीभी दिशाकी यात्रा कर लेते है, किन्तु फल कभी-कभी उल्टा यानी अशुभ होता है। इसका कारण यह है कि यदि किसीको पूर्वमें जाना है वह 'अमृत' चौघड़ियाके समयमें चला गया तो उस चौघड़ियाका स्वामी चन्द्र होनेके कारण पूर्व दिशाके लिए वह चन्द्रदिशाशूल दोष कारक होगा- **"सौम शनीचर पूरब ना चालू"** के अनुसार तो फल श्रेष्ठकी बजाय अशुभ होना निश्चित प्राय: है।

जन्मराशि- विवाहेसर्वमांगल्ये यात्रादौग्रहगोचरे।
जन्मराशेप्रधानत्वं नामराशि न चिन्तयेत्।।
नामराशि-देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके।
नामराशे: प्रधानत्वंजन्मराशि न चिन्तयेत्।।

जन्मराशि ज्ञात न हो तब

विवाहं घटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम्।
नामभाद विचिन्तयेत् सर्वजन्म न ज्ञायते यदा।।

यात्रामें वर्जित घातचक्र

घाततिथिर्घातवार: घातनक्षत्र मेव च।
यात्रायां वर्जयत्प्राज्ञत्वन्यकर्मसु शोभनम्।।

घात तिथि वारादि का विवरण अवकहडा चक्र में देखें।

❀ गोरख पतरा (यात्रा मुहूर्त्त) ।। श्रीगोरखनाथ जी का वचनामृत ।। ❀

पौष	माघ	फाल्गुन	चैत्र	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ़	श्रावण	भाद्रपद	आश्विन	कार्तिक	मार्गशी.	मासों की तिथियों का फल	प्रहर १	प्रहर २	प्रहर ३	प्रहर ४	पूर्व दिशा	दक्षिण दिशा	पश्चिम दिशा	उत्तर दिशा
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	बहुत सुख और अर्थपूर्ण हो, क्लेश न हो।	अर्थ	सुख	शोक	सुख	सुख	क्लेश	भीति	द्र.लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	महाभय जीवहानि पछतावा हो Z सहित घर आवे	भय	क्लेश	सुख	सुख	शून्य	नेष्ट	दारिद्र	समता
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	कामना सिद्ध व अर्थपूर्ण हो Y सकुशल घर आवे	लाभ	सुख	सुख	हानि	क्लेश	दुःख	इष्टला	धन प्रा.
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	क्लेश व जीव हानि, कुशल से घर न आवे।	क्लेश	लाभ	क्लेश	विना	लाभ	सुख	मंगल	श्री प्रा.
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	वस्तु लाभ हो, व्याधि व संकट कटे, मित्र मिलें।	संकट	क्लेश	भाग्य	सुख	लाभ	द्रव्यप्रा.	धनप्रा.	सुख
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	घर की चिंता, मित्र संकट हो, कदाचित घर आवे।	संकट	क्लेश	भय	अर्थ	भीति	लाभ	मृत्यु	अर्थला.
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	भाग्योदय, मित्र व साधनों की प्राप्ति, रत्नादि Z	बिलम्ब	लाभ	सुख	सुख	लाभ	कष्ट	द्रव्यला	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	बहुत बुरा हो, लेन-देन करना नहीं, जीव नाश हो।	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	कष्ट	सुख	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	कामना व आशा पूर्ण हो, सौभाग्य का उदय हो।	लाभ	भाग्य	मित्र	मित्र	सुख	लाभ	का.सि.	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	सौभाग्य प्राप्त हो, बहुत दिन लगे किन्तु Y	लाभ	सम्पूर्ण	मरण	कुशल	क्लेश	कष्ट	अर्थ	श्री प्रा.
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	क्लेश हो, जीव हानि नहीं, सौभाग्य पावे नहीं।	मरण	अर्थ	कुशल	मरण	मृत्यु	लाभ	द्रव्यला	शून्य
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	मार्ग में सिद्धि, मित्र मिलें, विघ्न मिटे, धन लाभ।	मरण	सुख	सुख	सुख	शून्य	सुख	मृत्यु	अतिक.

श्री गोरखनाथके पूछनेपर गुरू मत्स्येन्द्रनाथने कहा था कि उपरोक्त यात्रा मुहूर्त के अनुसार यात्रा करेगा, वह कुशल पावेगा। यह मुहूर्तराज है। उसे चन्द्रदोष, भद्रा, दिशाशूल, योगिनी, काल, घातवार इत्यादि किसी कुयोगका दोष नहीं लगेगा, यह स्वयं सत्यसिद्धभी है। मैने अपने जीवनकालमें इसी से अनेक मुहूर्त बनाए है। वे लगभग सभी शतप्रतिशत सत्यसिद्ध हुए है। पंचांगप्रेमी पाठकोंकी विशेष जानकारी हेतु पूरे विवरण सहित यह यहाँ प्रकाशित किया जाता है। इससे प्रत्येक माहकी, प्रत्येक तिथि और प्रत्येक प्रहरमें हर एक दिशाकी यात्रा का फल निर्दिष्ट किया गया है। प्रत्येक मासोंके नीचे दी गई तिथियों को उस मासके कृष्ण व शुक्ल पक्ष दोनोंकी समझनी चाहिए। इसमें १३।१४।१५ और ३० तिथियोंका उल्लेख नहीं है। सो १३ तिथिका फल ३ तीज तिथि के समान, १४ का फल ४ तिथि के समान और १५ का फल ५ तिथि के समान समझना चाहिए। ३० (अमावस्या) वर्ज्य है। इसी तरह १ से ४ तक के प्रहरोंको दिन और रात दोनोंके लिए समान समझे।

● ● ●

नोट:- दिनमान का चतुर्थांश दिनके एक प्रहरका मान होता है। तथा रात्रिमान का चतुर्थांश रात्रिके एक प्रहरका मान होता है। प्रत्येक प्रहर लगभग तीन घन्टे का होता है।

❀ यात्रात्पूर्वग्राह्य वस्तुएँ ❀

रवि को पान सोम को दर्पण मंगल को गुड़ करिये अर्पण। बुध धनियाँ बीफे जीरा शुक्र कहै मोहि दही को पीरा। कहै सनी मैं अदरख पावौ सुख-संपति निश्चय घर लावौ।

विशेष

यात्री को एक दिन में यात्रा करके गन्तव्य स्थानमें पहुँचना सम्भव हो अथवा वापस आना हो तो दिशाशूल योगिनी आदि के विचारकी आवश्यकता नहीं।

विदिशा

चन्द्रवास, दिशाशूल समय व नक्षत्र शूल के विचार में आग्नेय कोण कों पूर्वमें, नैर्ऋत्य की दक्षिण में, वायव्य की पश्चिम में और ईशान की गणना उत्तर दिशा में की जाती है।

पञ्चकों में वर्जित

न गच्छे दक्षिण दिशायां षट्के च श्रवणादिके। गृहार्थं तृणकाष्टादेः शायादेः संग्रहं त्यजेत्।। श्रवणादि श्र. ध. श पू. उ. रे. ६ नक्षत्रोंमे दक्षिण दिशा की यात्रा, भवननिर्माण हेतु तृण, काष्ठका संग्रह तथा चारपाई, पलग आदि बनवाना त्याग दें। छत डालना वर्जित है।

❀ चन्द्रवासचक्रम् ❀

पूर्व: मेष सिंह धनु
दक्षिण: वृष कन्या मकर
पश्चिम: मिथुन तुला कुंभ
उत्तर: कर्क वृश्चिक मीन

सम्मुखेचार्थलाभ:स्याद्दक्षिणे सुखसम्पदः। पृष्ठे च शोकसन्तापौ वामे चन्द्रे धनक्षतिः।। सर्वेदोषा लयंयान्ति पूर्णचन्द्रे हि सम्मुखे।।

❀ दिशाशूलदोषचक्रम् ❀

पूर्व: चन्द्र शनि
दक्षिण: गुरुवार
पश्चिम: रवि शुक्र
उत्तर: मंगल बुध

दिशाशूल ले जावो वामे राहु योगिनी पूठ। सम्मुख लेवे चन्द्रमा ल्यावे लक्ष्मी लूट।।

❀ योगिनीवासचक्रम् ❀

पूर्व: १/९
आग्नेय: ३/११
दक्षिण: ५/१३
नैर्ऋत्य: ४/१२
पश्चिम: ६/१४
वायव्य: ७/१५
उत्तर: २/१०
ईशान: ८/३०

योगिनी सुखदा वामे पृष्ठे वांछितदायिनी। दक्षिणे धन हंत्री च सम्मुखे मरणाप्रदा।।

❀ कालराहुचक्रम् ❀

पूर्व: शनि
आग्नेय: शुक्र
दक्षिण: गुरु
नैर्ऋत्य: बुध
पश्चिम: मंगल
वायव्य: चन्द्र
उत्तर: रवि
ईशान: रवि

अर्कोत्तरे वायुदिशांच सोमे भौमेप्रतीच्यां बुधनैर्ऋते च याम्ये गुरौवन्हिदिशां च शुक्रे मंदे च पूर्वे प्रवदंतिकाल:

❀ नक्षत्रशूलचक्रम् ❀

पूर्व: ज्ये. पूषा. उषा.
दक्षिण: अ. पू.भा. उ.भा. रे.
पश्चिम: रो. पुष्य. मू.
उत्तर: पूफा उफा. हस्त विशा.

आग्नेय पूर्वदिग्ज्ञेया दक्षिणदिक् च नैर्ऋती। वायवी पश्चिमादिक् स्यादैशानी च तथोत्तरा।।

❀ समयशूलचक्रम् ❀

पूर्व: उषा:काल
दक्षिण: मध्याह्न
पश्चिम: गोधूलिबेला
उत्तर: मध्यरात्रि

"उषः प्रशस्यतेगर्ग: शकुनं च बृहस्पतिः। अंगिराश मनोत्साहः बह्म वाक्यं जनार्दनः।।"

दिशाओंके स्वामी- पूर्व के सूर्य, आग्नेय के शुक्र, दक्षिण के मंगल, नैर्ऋत्य के राहु, पश्चिम के शनि, वायव्य के चन्द्र, उत्तर के बुध और ईशान के गुरु है।

मुहूर्त्त प्रकरण

कालके प्रमुख पांच अङ्ग :- शुभाशुभ फल देनेमें समर्थ समय के पांचअंग प्रधान माने गये है। यथा- वर्ष, मास, दिन (तिथि) लग्न और मुहूर्त्त किसी काममें यदि सभी शुद्ध मिल जायें तो कार्यकी सफलता सुनिश्चित होती है। उपरोक्त पाँचोंकाल उत्तरोत्तर बली होते है। अर्थात् वर्ष अशुद्ध हो तो, मासकी शुद्धि से शुद्ध हो जाता है। दिन की शुद्धता से मास शुद्ध होता है। लग्नकी शुद्धिसे दिनकी शुद्धि होती है और मुहूर्त्तकी शुद्धिका अपना विशेष महत्व है ही इसीलिए लग्न की शुद्धता सर्वोपरीय मानी गई है - **"सर्वेदोषा: विनश्यन्ति लग्नशुद्धिर्यदा भवेत्"**

भद्रा मुख पुच्छ ज्ञानाय चक्रम्

भद्रा की तिथियाँ	भद्रा के मुख का समय	भद्रा के पुच्छ का समय
शुक्ल ४	१ प्रहरके प्रारंभमें षष्ट्यंश तुल्य	४ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
शुक्ल ८	२ प्रहरके प्रारंभमें षष्ट्यंश तुल्य	१ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
शुक्ल ११	३ प्रहरके प्रारंभमें षष्ट्यंश तुल्य	२ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
शुक्ल १५	४ प्रहरके प्रारंभमें षष्ट्यंश तुल्य	३ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
कृष्ण ३	४ प्रहरके प्रारंभमें षष्ट्यंश तुल्य	३ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
कृष्ण ७	३ प्रहरके प्रारंभमें षष्ट्यंश तुल्य	२ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
कृष्ण १०	२ प्रहरके प्रारंभमें षष्ट्यंश तुल्य	१ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य
कृष्ण १४	१ प्रहरके प्रारंभमें षष्ट्यंश तुल्य	४ प्रहरके अन्तमें दशमांश तुल्य

भद्रा मुख-पुच्छ ज्ञानम्- भद्रा विहित (कुलसमय) को तीन स्थानमें रखकर पृथक-पृथक क्रमशः ४।६।१० से भाग करने पर प्रहर, षष्ट्यंश और दशमांश का मान निकल आता है। उपरोक्त चक्रमें शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथिमें जो भद्रा लिखी गई है उसके प्रथम प्रहर (यानि भद्रा के शुरु में) षष्ट्यंश तुल्य भद्रा का मुख होता है। और चतुर्थ प्रहर के अन्तमें दशमांश तुल्य भद्राका पुच्छकाल माना जाता है। प्रहर का मतलव भाग से है।

उदाहरण- वि.सं. २०५५ फाल्गुन शुक्ल १४ सोमवार १ मार्च १९९९ होलिकादहन के मुख्यकाल प्रदोषमें भद्राकी व्याप्ती व्यवधान कारक है। अतः भद्राके मुखका समय सर्वथा सभी शुभ कृत्योंमें वर्जित है। उक्त दिन १२।२४ से २४।२९ बजे के मध्य कुल समय १२ घं. ५ मि. तक भद्रा व्याप्त रहेगी। १२।५ को ४ से भाग करनेपर ३ घं. १ मि. प्रत्येक प्रहर का मान हुआ। पुनः १२।५ को ६ से भाग दिया तो २ घं. ० मि. ५० से. षष्ट्यंश हुआ। पूर्णिमाके ४ ये प्रहरके प्रारंभमें षष्ट्यंश तुल्य भद्रा का मुख होता है सो भद्रारम्भ घं. १२ मि. २४ में तीन प्रहरका मान ९ घं. ३ मि. जोड़दिया १२।२४ + ९।३ बराबर २१ घं. २७ मि. से भद्रामुख प्रारम्भ होने का समय निकल आया। जिसमें षष्ट्यंश २ घं.५०से. जोड़ने पर २३ घ.२८मि. भद्रामुख समाप्तिकाल सुनिश्चित हो गया। **भद्रा अशुभ ही नही शुभ भी होती है। पुच्छकाल की प्रशंसा-**

पृथिव्यां यानि कर्माणि शुभान्यशुभानि च।
तानि सर्वाणि सिद्ध्यन्ति विष्टि पुच्छे न संशय॥

❀ साढ़ेतीन स्वयंसिद्ध मुहूर्त्त ❀

चैत्र शु. प्रतिपदा, वैशाख शु. अक्षयतृतीया।, आश्विन शु. विजयादशमी और कार्तिक शु. प्रतिपदा ये ४ स्वयंसिद्ध मुहूर्त्त है। इनमें किसी भी कार्यको करनेके लिए पंचांगशुद्धि देखनेकी आवश्यकता नहीं, चौथा अर्धबली होनेसे इन्हें साढेतीन मुहूर्त कहते है। इन्हें **अनबूझा** मुहूर्त भी कहते हैं।

❀ लोक प्रसिद्ध मुहूर्त्त ❀

१आषाढ शु. भड्डरि नवमी, २ कार्तिक शु. देवउठान, ३ माघ शु. वसन्त पंचमी, ४ फाल्गुन शु. फुलैरा दौज ये चारों मुहूर्त्त लौकिक व्यवहारमें प्रसिद्ध अभीष्ट सिद्धिदायक माने जाते है। पूर्वज इन्हें बड़ी ही श्रद्धाके साथ सभी शुभ कार्यो में अपनाते आये है।

❀ अभिजित् मुहूर्त्त ❀

अष्टमे दिवसस्यार्द्धे त्वभिजित् संज्ञक: क्षण:॥ प्रत्येक दिनका आठवाँ मुहूर्त्त अभिजित् मु. कहलाता है। जोकि '**मध्याह्नात्पूर्वापर**' २ घटी बराबर ४८ मिनटका होता है। दिनमानके आध समयको सूर्योदयमें जोड़ने से स्पष्ट मध्याह्नकाल हो जाता है। जिसमें २४ मि. घटाने और २४ मि. जोड़ने पर अभिजित् का मान निकल आता है। जिसमें अनेक दोष निवारणकी क्षमता है। अभिजित् में सभी शुभकार्य किये जा सकते है। बुधवारका दिन त्याज्य है।

❀ दोषसमूह नाशक रवियोग ❀

सूर्याश्रित नक्षत्रसे इष्टदिननक्षत्र ४।६।९।१०।१३।२० वाँ हो तो त्रयोदश कुयोग नाशक रवियोग होता है। हमअपने पंचागोंमें इसका स्पष्ट उल्लेख कर देते है।

❀ होमसमये अग्निवास ज्ञानम् ❀

अभीष्ट तिथि संख्यामें वार संख्या जोड़कर १ और मिलावें ४ से भाग दें ३।० शेष बचे तो अग्नि का वास पृथ्वीपर श्रेष्ठ, १ बचे तो आकाश में प्राणनाशक, २ शेष रहे तो पातालमें धन हानि कारक माना जाता है।

❀ विशेष ❀

विवाहयात्राव्रतगोचेषु चूडोपनीति ग्रहणे युगाद्यैः।
दुर्गाविधाने च सुतप्रसूतौ नेवाग्निचक्रं परिचिन्तनीयम्॥

❀ होमाहुति शुभाशुभ ग्रहे मुखज्ञानम् ❀

रवि आश्रित नक्षत्रसे दैनिक चान्द्र नक्षत्र तक गिने ३ संख्या तक आहुति सूर्य ग्रह के मुखमें जाती है, तदुपरान्त ४ से ६ तक बुधके मुखमें। इसी प्रकार आगे निम्न चक्र से ज्ञान लें।

सू.	बु.	शु.	श.	च.	मं.	गु.	राहु	केतु	ग्रहा:
३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
नेष्ट	श्रेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ट	नेष्ट	फलम्

शुभ ग्रह के मुख में पड़ने से यज्ञाहुति मंगलकारी होती है। नोट- ग्रह दोष शान्त्यर्थ आहुतियों का विचार प्रसंगवश करना चाहिए।

❀ शिव वास ज्ञानम् ❀

अभीष्ट तिथि संख्याको दूना करके ५ और मिलावें। ७ सेभाग करने पर १ शेष बचे तो शिवजीका वास कैलाश पर श्रेष्ठ, २ शेषमें गौरीपार्श्वे श्रेष्ठ, ३ शेषमें वृषारुढ श्रेष्ठ, ४ शेषमें सभायां सन्ताप, ५ शेषमें ज्ञावेलायां पीडा, ६ शेषमें क्रीडायां दुःख और ० शेष रहने पर शिवका वास श्मशान भूमिमें होता है। जो मृत्युतुल्य माना जाता है।

❀ शिववास शुभ तिथि ❀

शुक्ल पक्ष	२	५	६	९	१२	१३
कृष्ण पक्ष	१	४	५	८	११	१२

❀ भवन निर्माण मुहूर्त्त ❀

वैशाख, आषाढ, श्रावण, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ एवं फाल्गुन सौरमास तथा गुरु शुक्रके उदयकालमें शुभ। **शुभनक्षत्र-** अ.रो.मृग.पुन.पुष्य.उफा.ह. चि.स्वा.अनु.मू.उषा.श्र.ध.श.उभा.रे.। **शुभतिथि-** २।३।५।६।७।१०।११। १२।१३।१५ **स्थिर लग्नमें**, रोगमृत्युवान रविभौमवार व पृथ्वीशयनकाल रहित दिनमें मकान बनवानाशुभ है। **भूमिशयन: संक्रांति मितिदिन पञ्चम सप्तमनवमें जोय। दश इक्कीसा चौबीसवें षट्दिन पृथ्वी सोय॥** **द्वितीयमत-** सूर्याश्रितनक्षत्रसे५।७।९।१२।१९।२६ वें नक्षत्रमें भूशयन करती है। मात्र कुछ घटियाँ क्रमशः५।११।७।६।२।१० ही निषेध मानी गई हैं।

❀ निवास हेतु नगर का चयन ❀

जिस गाँव, नगर, महानगरीय स्थान विशेष में स्थायी रुप से रहना हो, फैक्ट्री, कारखाना, उद्योग, लगाना हो, दफ्तर या फर्म खोलनी हो तो उस स्थान की राशि, कर्त्ता (निवास करने वाले) की राशि से २।५।९।१०।११ वी हो तो शुभ जानें। १।७ होने पर शत्रुता, ३।६ होने पर हानि और ४।८।१२ हो तो रोगोपद्रवादि से कष्ट होता है।

❀ काकिणी परित्वेन विचार ❀

वर्ग वर्गसंख्या	अ वर्ग (१)	क वर्ग (२)	च वर्ग (३)	ट वर्ग (४)	त वर्ग (५)	प वर्ग (६)	य वर्ग (७)	श वर्ग (८)
वर्गाक्षर	अ ई उ ए	क ख ग घ ङ	च छ ज झ ञ	ट ठ ड ढ ण	त थ द ध न	प फ ब भ म	य र ल व	श ष स ह
स्वामी	गरुड़	विडाल	सिंह	श्वान	सर्प	मृषक	मृग	मेड़ा
शत्रु	सर्प	मृषक	मृग	मेढ़ा	गरुड़	विडाल	सिंह	श्वान
दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
स्वर संख्या	८	५	६	४	७	१	३	२

❀ काकिणी विचार ❀

निवास करने वालेकी वर्ग संख्याको दूना करके स्थानकी वर्ग संख्या जोड़कर ८ से भाग दें, जो शेष बचे वह प्रवासी की काकिणी होती है। और स्थान की वर्ग संख्या दूनी करके प्रवासीके वर्ग की संख्या जोड़कर ८ का भाग देने पर ग्रामकी काकिणी होती है। बसने वालेकी काकिणी अधिक हो तो उत्तम लाभप्रद जानें।

❀ काकिणी संख्या, लाभालाभ ज्ञानार्थ चक्र ❀

नगर का वर्ग	व्यक्ति का वर्ग: अवर्ग (१)	कवर्ग (२)	चवर्ग (३)	टवर्ग (४)	तवर्ग (५)	पवर्ग (६)	यवर्ग (७)	शवर्ग (८)	काकिणी
अवर्ग (१)	३ / ३ सम	५ / ४ लाभ	७ / ५ लाभ	१ / ६ हानि	३ / ७ हानि	५ / ० लाभ	७ / १ लाभ	१ / २ हानि	व्यक्ति नगर
कवर्ग (२)	४ / ५ हानि	६ / ६ सम	० / ७ हानि	२ / ० लाभ	४ / १ लाभ	६ / २ लाभ	० / ३ हानि	२ / ४ हानि	व्यक्ति नगर
चवर्ग (३)	५ / ७ हानि	७ / ० लाभ	१ / १ सम	३ / २ लाभ	५ / ३ लाभ	७ / ४ लाभ	१ / ५ हानि	३ / ६ हानि	व्यक्ति नगर
टवर्ग (४)	६ / १ लाभ	० / २ हानि	२ / ३ हानि	४ / ४ सम	६ / ५ लाभ	० / ६ हानि	२ / ७ हानि	४ / ० लाभ	व्यक्ति नगर
तवर्ग (५)	७ / ३ लाभ	१ / ४ हानि	३ / ५ हानि	५ / ६ हानि	७ / ७ सम	१ / ० लाभ	३ / १ लाभ	५ / २ लाभ	व्यक्ति नगर
पवर्ग (६)	० / ५ हानि	२ / ६ हानि	४ / ७ हानि	६ / ० लाभ	० / १ हानि	२ / २ सम	४ / ३ लाभ	६ / ४ लाभ	व्यक्ति नगर
यवर्ग (७)	१ / ७ हानि	३ / ० लाभ	५ / १ लाभ	७ / २ लाभ	१ / ३ हानि	३ / ४ हानि	५ / ५ सम	७ / ६ लाभ	व्यक्ति नगर
शवर्ग (८)	२ / १ लाभ	४ / २ लाभ	६ / ३ लाभ	० / ४ हानि	२ / ५ हानि	४ / ६ हानि	६ / ७ हानि	० / ० सम	व्यक्ति नगर

नोट : व्यक्ति और नगर के सामने बाईं ओर लिखी संख्याएं व्यक्ति और नगर की काकिणी संख्याएं है

❀ वास्तु पूजन ❀

जिस भूमि पर मनुष्यादिप्राणी वास करते है, उसे वास्तु कहा जाता है। वास्तु को शुभाशुभ परीक्षा पूजनादि सौख्य समृद्धि हेतु आवश्यक है। मत्स्यपुराण अ. २५१ में लिखा है कि अन्धकासुरके वधके समय भगवान शंकरके ललाटसे पृथ्वी पर जो स्वेदबिन्दु गिरे उनसे एक भंयकराकृतिवाला पुरुष प्रकट हुआ। जिसने अन्धकगणों का रक्तपान किया फिरभी अतृप्त हो त्रिलोकीको भक्षण करनेके लिए उद्यत हो गया। जिसे महादेवादि देवोंने पृथ्वी पर सुलाकर वास्तुदेवताके रुपमें प्रतिष्ठितकिया और उसके शरीरमें सभी देवताओंने वास किया, इसीलिए वह वास्तुपुरुष या वास्तुदेवता कहलाने लगा। देवताओंने वास्तुको गृहनिर्माणादिके वैश्वदेव बलिके तथा पूजन, यज्ञ, यागादिके समय पूजित होनेका वर देकर कहाकि वापी, कूप तड़ाग गृह, मन्दिर, बाग बगीचा जीर्णोद्धार यज्ञ मण्डप निर्माणादि के समय जो तुम्हारी पूजा प्रतिष्ठा अर्चना करेंगे उन्हें सभी प्रकारकी सौख्य समृद्धि मिलेगी। वास्तुदेवताका मूल मन्त्र-

वास्तोष्पते प्रति जानीह्यस्मान्त्स्वावेशो अनमीवो भवान:।
यत् त्वेमहे प्रति तन्नो जुषस्वशंनो भव द्विपदेशं चतुष्पदे।। ऋग्वेद ७।५४।१

❀ चन्द्रमा विचार ❀

मेष-मकर वृष कर्कट सोते, कार्य समय ऐसे शशि होते।
कन्या मिथुन तुला धनु ठाढ़े, कुम्भ मीन सिंह वृश्चिक बैठे।।

गृहारम्भ मुहूर्त शिल्प शास्त्र-

सोते कूप खुदाइऐ, बैठि बसइए ग्राम।
ठाडे कटक सिधारिए, शिल्प शास्त्र प्रमाण।।
चार वेद तिथि दुगुनकरि, नाम के अक्षर जोड़,
शिव के नैना भाग दे, विश्वकर्मा ईंट चहोड़।।
एक बचे लखछैश्वरी,दोय बचे धनवान।
शून्य बचे जीवै नही, शिल्प बचन प्रमान।।

नोट - तिथिकी गणना शु.१से, वार की रविवार से होती है। शिव के नेत्र ३ है। संक्रान्ति तुल्य मासोंमें निम्न चक्रमें देखकर नींम रखनी चाहिए।

❀ अथ खात (खोदना) चक्रम् ❀

सूर्य	विवाहे	देवालये	गृहारम्भे	जलाशये	शुभस्थान
सूर्य	२।३।४	१२।१२	५।६।७	१०।११।१२	अग्नेय दिशा
सूय	११।१२।१	९।१०।११	२।३।४	७।८।९	नैर्ऋत्य दिशा
सूर्य	८।९।१०	६।७।८	११।१२।१	४।५।६	वायव्य दिशा
सूर्य	५।६।७	३।४।५	८।९।१०	१।२।३	ईशान दिशा

❀ गृहारम्भे शेष नाग फलम् ❀

फन दावे त्रिरिया डशे, पूंछ दबै भरतार।
जो कोई दावे मध्य मे, होय कुटुम्ब संहार।।

अर्थ- जो कोई शेष नागके मुख पर से मकान की नीव रखकर चिनाई शुरू कर दे तो उस मकान मालिक की स्त्री नहीं बचती, इसी तरह पूछ से स्वयं गृहकर्त्ता, ओर मध्यसे कुटुम्बकी हानि होती है इसलिए शेष को चाल बचाकर मुहूर्त्त करना चाहिए। खात चक्र से स्पष्ट जान लें।

❀ निवास के लिए अशुभ दिशा विभाग ❀

मेष राशिवालोंको नगर के उत्तरभाग, वृष-मिथुन सिंह और मकर राशिवालोंको मध्यभाग में बसना अशुभ फलप्रद होता है इसी प्रकार अन्य राशियोंका फल निम्नचक्र से जान लें।

दिशाएँ	मध्य	पूर्व	अग्नेय	दक्षिण	नैर्ऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
निषिद्ध राशिया	२।३।५।१०	८	१२	६	४	९	७	१	११

❀ काल की परिभाषा ❀

प्रतिदिन प्रत्येक स्थानका दिनमान न्यूनाधिक होता रहता है। अभीष्ट दिनके दिनमानको पांचसे विभाजित करनेपर प्रत्येक भागको जिस नामसे जाना जाता है उसका विवरण-१ **प्रात:काल** २ **संगवकाल या पूर्वाह्नकाल**, ३ **मध्याह्नकाल**, ४ **अपराह्नकाल** और ५ **सायंकाल कहलाता** है। सूर्योदय से गणनाशुरू होती है। दिनमान के १५ भाग करनेपर ८ वां भाग **अभिजित्** मुहूर्त कहलाता है। और १०वां भाग **विजयमुहूर्तके** नामसे जाना जाता है। **रात्रिमानके** १५ भाग करने पर ३ भागतक **प्रदोषबेला** ८ वांभाग **महानिशीथकाल**, १३ वांभाग **ब्रह्ममुहूर्त**, १४ वांभाग **उष:काल** और १५ वांभाग **अरूणोदयकाल** कहलाता है। **प्रात:सन्ध्या** सूर्योदय उपरान्त ७२मि. तक और **सायंसन्ध्या** सूर्यास्तके पश्चात् ७२ मि.तक होती है।

विशेष जानकारी

६० पल बराबर १ घड़ी, दण्ड व घटी
६० घटी बराबर १ दिन अहोरात्र
३६५ दिन ६ घंटा ९ मिनटका १ सौरवर्ष
२९ दिन १२ घंटा ४४ मिनटका एक चान्द्रमास
३५४ दिन ८ घंटा ४८ मिनटका एक चान्द्रवर्ष
२½ पल बराबर १मिनट १घटी बराबर २४ मि.
२½ घटी बराबर १ घंटा
६० घटी बराबर २४ घंटा

अधिमास सम्वत् में दिन संख्या लगभग ३८४ होती है। संवत् २०२०/२०३९ में क्षय मास हो चुका है आगे २१८० में होगा। क्षयमास वर्ष में दो अधिमास होते है।

आवश्यक मुहूर्त्ता:

मुहूर्त	तिथि	वार	नक्षत्र लग्न मासादि विवरण
रजोदर्शने स्नानम्	सत्	चं. बु. गु. शु.	अ. रो. मृ. पुष्य. उफा. ह. चि. स्वा. अनु. उषा. श्रव. धनि. श. उभा. रेव. नक्षत्र। वैशाख, ज्येष्ठ, श्रावण, आश्विन, मार्गशीर्ष माघ, फाल्गुन मास। शुक्लपक्ष, दिनके समय शुभ है।
गर्भाधान मुहूर्त	सत्	चं. बु. गु. शु.	रो. मृ. उफा. ह. स्वा. अनु. उषा. श्र. ध. श. उभा. रेवती नक्षत्र। कुयोरहितदिन ४ से १६ समरात्रेषु पुत्रेक्षुस्त्रीसमागमः॥
पुंसवनकर्म सीमन्तकर्म	सत्	शुभ दिन	रो. मृ. पुन. पुष्य. उफा. ह. मू. उषा. श्र. उभा. रेवती। नक्षत्र शुभ गर्भमासतः ३।६।८ श्री लक्ष्मी सहित विष्णु पूजन॥
सूतिकास्नान मुहूर्त	शुभ तिथि	र. चं. बु.गु.शु.	अ. रो. मृ. उफा. ह. चि. स्वा. अनु. उषा. उभा. रे. नक्षत्र शुभ। चन्द्रबल लग्नबल यत्नेनचिन्त्येत्बुधः॥
जातककर्म नामकरण	सत्	र. चं. बु.गु.शु.	अ. रो. मृ. पुन. पुष्य उफा. ह. चि. स्वा. अनु. उषा. श्र. ध. श. उभा. रे. नक्षत्र। जन्मतः १०।११।१२वें दिनाः नामकरणशुभः।
मूल. नक्षत्र नामकरण	सत्	शुभ	आश्विन्याश्लेषामघा च मूलरेवत्या। मूलसंज्ञकषट्भानिजन्म। तत् नामकरणम्। पुनरावृत्तिजन्मनक्षत्रः तद्दिनेशुभमभूयात।
जल पूजन (कुँआपूजन)	सत्	चं. बु. गु. शु.	मृग.,पुन.,पुष्य, हस्त, चित्रा, अनु., मूल, श्रवण, और रेवती सद्भानि चैत्र,पौष,मलमास,मासान्त कुयोगदिन एवं गुरु शुक्रास्तकाल वर्ज्य है।
निष्क्रमण मुहूर्त	सत्	चं. बु. गु. शु.	चतुर्थमासे यात्रोक्त तिथि वार नक्षत्रेषु अथवा द्वादशदिने यज्ञोत्सव प्रसूता को बाहर प्रसंगे निष्क्रमणा शुभः।
अन्नप्राशन मुहूर्त	सत्	चं. बु. गु. शु.	शिशुजन्मतः ५।६।७।८।१० मासे शुक्लपक्षे। अ. रो. मृ. पुन. पुष्य उफा.ह.चि. स्वा. अनु. उषा. श्र. ध. शत. उभा. रे. नक्षत्र शुभ
कर्णवेध मुहूर्त	सत् तिथि	चं. बु. गु.शु.	अ. मृ. पुन. पुष्य. ह. चि. अनु. अभि. श्र. ध. रे. नक्षत्र शुभः है। (देवशयन, चैत्र, पौष, मास समवर्षेशु वर्जिताः)
चूड़ाकरण मुण्डन मु.	सत् शुभ	चं. बु. गु.शु.	अ. मृ. पुन. पुष्य. ह. चि. स्वा. अनु. अभि. श्र. ध. श. रे. नक्षत्र., जन्मः ६।७ मासेषु शुभः। देशशयन चैत्र पौष समवर्ष निषेध
यज्ञोपवीत ब्राह्मण वैश्य और क्षत्रियोंके लिए	२।३।५ १०।११।१२ वर्जित पौष ११ माघ १२ ज्येष्ठ२	सू.च.बु. गु.शु. रविपुष्य गुरुपुष्या मृतयोग	अ.रो.मृ.आ.पुन.पु.श्ले.पूफा.उफा.ह.चि.स्वा.अनु.मू.पूषा.उषा.श्र.धनि. शत. पूभा. उभा. रे नक्षत्र ग्राह्यः वैशा. ज्ये. आषा. माघ फाल्गुन मासा शुभः। त्याज्याः-रोगवन्तः मृत्युवन्तः अन्यान्यअशुभ योगाः कष्टकारकाः द्विजमात्रेण यज्ञो पवीतम्। सामवेदीय शाखा वालों के लिए भौमवार शुभः।

मुहूर्त	तिथि	वार	नक्षत्र लग्न मासादि विवरण
वापीनलकूप तड़ागारम्भः	सत्	र.च.बु. गु.शु.श	अ. रो. मृ. आर्द्रा पुन. पुष्य मघा उफा. हस्त चि. स्वा अनु उषा ध. श. उभा. रे. शुभे मासे स्थिरे लग्ने च गुर्वोदये।
दत्तक पुत्र शिशु गोद	सत्	र. म. गु. शु.	अश्वि. पुष्य ह. चि. स्वा. वि. अनु. भ. नक्षत्र सिंह वृष लग्न में, त्याज्यः कुयोगरहित दिन वृश्चिक कुम्भ लग्न।
नौकर रखने का मुहूर्त	सत्	मं. श त्याज्य	अ. मृ पुष्य हस्त वि. स्वा. अनु. अभि. रे. राशीश मैत्री+नक्षत्र योनि मैत्री गण तथा वर्गप्रीति का चिन्तन करना श्रेष्ठ है।
विद्यारम्भः वेदारम्भः मुहूर्त	२।३।५ ६।१० ११।१२	चं. बु. गु. शु. शुभ	३या५वर्षे,अ.रो.मृ.आर्द्रा,पुन.पुष्य,पूफा,उफा.,हस्त स्वा.अनु.मूल,पूषा. उषा श्र. ध.श.पूभा.उभा.रे.सद्भानि अनध्याय वर्जित दिने (उत्तरायणे) तीनों पू० तीनों उ० सर्वमान्य नही श्रीगणेश, सरस्वती,लक्ष्म्यादि पूजनोपरान्त ज्ञानार्जन शुभः।
स्त्रीणं चोटी जूड़ाकरणम्	सत्	र. चं. गु. शु.	अ.रो. मृग. पुन. पुष्य उफा. ह. चि. स्वा. अनु. मूल. उषा. श्र. उभा रे नक्षत्र शुभः। लग्न २।३।४।५।१२।
चूड़ा पहरना	सत्	र. बु. गु. शु	अश्वि. हस्त. चित्रा स्वा. अनु. धनि., रेवती नक्षत्र सूर्यभाद्गणना ८ नेष्ट, ३ श्रेष्ठ, २ ने०, ७ श्रेष्ठ २ ने०, ४ श्रे०, १ नेष्ट।
रोगमुक्त स्नानम्	असत्	र.म.बु. गु. शु.	अश्वि. भ.कृ.मृग.आ.पुष्य पूफा. ह.चि. अनु.ज्ये.मू.पूषा.श्र.ध.श. पूभा. ये नक्षत्र वर लग्न और अशुभ चन्द्र में स्नान करें।
द्विरागमन (मुकलावा)	सत् तिथि	सभी वार	मेष वृश्चिक कुम्भस्थो रवौ, अ.रो.मृ.पुन.पु.उफा.ह.चि.स्वा.अनु. मू. उषा. श्र. ध. श. उभा. रे. सौम्ययुक्ता दृष्टे २।३।४।६।७।१२ लग्नेषु रवीज्य शुद्धियोगे सति। सम्मुखदक्षिणे विवर्जिते। भृगौ सत्।
गन्धर्व विवाह	सत्	रवि मं शनि	अ.कृ. आर्द्रा पुन. श्ले. ज्ये. ध. शत. इन नक्षत्रों में शुभ गुरु शुक्रास्त एवं मासादि दोषेपि नास्ति।
द्वारशाखा	५।७ ८।९	चं. बु. गु.शु.	रविभाद्गणना ४ श्रे.,८ ने., ८ श्रे., ३ ने., ४ श्रे., काष्ठशा. अश्वि. ह.पुष्य,रो.मृ.,उत्तरा३, स्वा. श्र. पाषाणे ध. श. पूभा. रे। लग्न७।१०
चूल्हा भट्टी	सत्	शुभ वार	पूर्वा ३ रोहि. पुष्य, उत्तरा ३, अश्वि. आर्द्रा,रविभाद्गणना ६ श्रे.,४ ने. ,८ श्रे., ५ ने., २ श्रे., २ नेष्ट चन्द्रवलेसति शुभम्।
क्रय नक्षत्र मुहूर्त	सत्	चं.बु.गु. शु. श.	अश्वि ,मृग.,पुन.,पुष्य,हस्त चित्रा स्वा. अनु.,श्रवण,धनि.श.,रे., बुध में द्रव्य देना नहीं, हस्त में द्रव्य लेना नहीं चाहिए।
विक्रय नक्षत्र मुहूर्त	सत्	सभी दिन	भ.कृ.रो.आ.श्ले.म.पूफा.उफा.विशा.मू.पूषा.उषा.पूभा.उभा. नक्षत्र शुभदा, ५ है। रिक्ता व अमावस्थ तिथि एवं कुम्भ लग्ननिषेधः।

नोट : सत् तिथियां १।२।३।५।७।१०।११।१३।१५ असत् तिथियां ४।६।८।९।१२।१४।३० सूर्यभाव भौमयाद् गणना अथवा गुर्वाश्रित अर्थात् सूर्यादि ग्रहाश्रित नक्षत्र से दैनिक चान्द्र तक गणना कर फल प्रसंगानुसार जानना चाहिए।

वारोंमें करने योग्य कर्म

रविवार में राज्याभिषेक, उत्सव (गाना बजाना) नई सवारी (वायुयान आदि) पर चढ़ना, यात्रा, नौकरी पशु क्रय-विक्रय, अग्नि सम्बन्धी कर्म (हवन यज्ञादि), मन्त्रोपदेश, औषधि निर्माण और सेवन, अस्त्र-शस्त्र व्यवहार, सोना, तांबा ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, युद्ध और व्यापार सम्बन्धी सब कार्य रविवार में करने चाहिए।

सोमवार में शंख आदि जलोत्पन्न वस्तु, मुक्ता, चांदी, ऊख्गन्ध में उत्पन्न गुड़ चीनी आदि भोज्य पदार्थ, स्त्री प्रसंग, वृक्ष (बीज) रोपणादि, कृषि कर्म, जल सम्बन्धी कार्य (नहर निकालना, तालाब, कुआं बनाना आदि) वस्त्राभूषण धारण, गीत-नृत्य, यज्ञादि कर्म, दूध, दही, घृत, वर्क सम्बन्धी, पशु सम्बन्धी, पुष्प तथा अध्ययन (विद्याध्ययन) सम्बन्धी सभी कार्य सोमवार में करने चाहिए।

मंगलवार में चुगलखोरी, चोरी, विष सम्बन्धी, अग्नि सम्बन्धी, शस्त्रघात, बन्धन संग्राम (लड़ाई शुरू), शठता, दम्भ-पाखण्ड, सेना सम्बन्धी, लाल धातु सोना तथा मूंगा आदि सम्बन्धी सभी कार्य मंगलवार में करने चाहिए।

बुधवार में ट्रेनिंग, व्यापार, अध्ययन, कला कौशल, खेलकूद, चित्रकारी धातु सम्बन्धी सोना, कांसा, पीतल आदि, सन्धि समझौता, व्यायाम, वाद-विवाद, नौकरी प्रवेशादि कार्य बुधवार में करने चाहिए।

गुरुवार में धर्मानुष्ठादि कर्म, पौष्टिक (स्वास्थ्य), यज्ञ, विद्याध्ययन, मंगलोत्सव, सोना सम्बन्धी गृहकर्म, वस्त्राभूषण, यात्रा, रथ, घोड़ा, गाड़ी, कार, मोटर, वायुयान आदि सवारी सम्बन्धी कार्य, औषधि आभूषण का निर्माण व प्रयोग सभी शुभ काम गुरुवार में करने चाहिए।

शुक्रवार में स्त्री सम्बन्धी, शय्या, मणि, रत्न,सुगन्ध,वस्त्र,उत्सव, आभूषण, भूमि, व्यापार, गोसम्बन्धी, कृषि कर्म, जमीन, जायदाद तथा भण्डार (संग्रह) से सम्बन्धित सभी कार्य शुक्रवार में करने चाहिए।

शनिवार में लोहा, पत्थर, सीसा, रांगा सम्बन्धी कर्म, अस्त्र-शस्त्र, नौकरी या नौकर रखना, पाप कर्म, चोरी, मिथ्यालाप, विषाक्त कर्म, आसव निर्माण व प्रयोग, गृह प्रवेश, हाथी को बांधना, अन्य पशु को सिखाना, दीक्षा (मन्त्रग्रहण) आदि स्थिर कर्म शनिवार में करने चाहिए।

❀ आवश्यक मुहूर्त्ताः ❀

मुहूर्त्त	तिथि	वार	नक्षत्र लग्न मासादि विवरण
ऋण का लेन देन			रवि, मंगल, संक्रान्तिके दिन, वृद्धियोग, द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर, योग व हस्तमें ऋण लें तो मुक्ति न मिले। भौमप्रदोष व्रत से ऋण मुक्त हों।
बिटोरा	सत्		सूर्याश्रित नक्षत्रसे आगेके ६नक्षत्र,बिटोरा रखनेके श्रेष्ठ,आगे के ६ नेष्ट, आगे के ४ श्रेष्ट,आगेके ८नेष्ट और आगेके ४श्रेष्ट, भ.म.वि.कृ.मू.ज्ये.श्ले.मंगल त्याज्य
प्लास्टिक उद्योग	सत्	बु. गु. सोम	पुष्य और हस्त नक्षत्र उत्तम। मिश्र संज्ञकः विशाखा कृतिका मध्यम। अमृतसिद्धि, सर्वार्थसिद्धि योग अति उत्तम।
सौन्दर्य प्रसाधन	सत्	रवि चं. बु. शु.	रो..पुन..उफा..उषा..श्र..धनि..शत..शुभ। तिथि क्षय कुयोग रहित दिन में कार्यारम्भ करें। अमृत व सर्वार्थसिद्धियोग उत्तम।
वस्त्रोद्योग	सत्	चं. बु. गु. शु.	अ.,रो.,पुष्य,उफा,ह.,उषा.,श्र.,उभा,नक्षत्र शुभ है। राशि से चन्द्रमा का विचार अवश्य करें। उद्योग मुहूर्त देखें।
फिल्मनिर्माण व संचालन	२।५।७ १०।१५	बु. गु. शु.	अश्वि.,मृग.,पुष्य,ह.,चि.,अनु.,रे.,नक्षत्र में शुभ। फिल्मप्रसारण हेतु रविवार शुक्रवार सर्वोत्तम है। कर्त्ता के लिए चन्द्रमा शुभ हों।
स्वेटर अन्य बुनाई	भद्रापूर्णा जया	रवि चं. बु. शु.	रो.,मृग.,उफा,चि.,अनु.,उषा,उभा.,रेवती नक्षत्र में कार्यारम्भ अभीष्ट सिद्धिदायक होता है। शुभ योग देख लें।
कल-कारखाना	सत्	सो.मं. बु. शनि	अ.,पुन.,पुष्य,ह.,चि.,अनु.,ज्ये.,धनि., रे. नक्षत्र शुभ है। धातुओं से सम्बन्धित उद्योग में तिथि वारादि का निर्णय स्वयं करें। चर लग्न व पुन.,स्वा., श्र., शत., नक्षत्र भी शुभ है।
ईंट बनाना भट्टालगाना अग्निलगाना	सर्वतिथि ३०वर्ज्य	रवि.गु. शनि	अश्वि.,रो.,पुष्य,ह.,उफा.,उषा.,श्रव.,उभा.,रे. नक्षत्र शुभ अथेष्टि का निर्माण भौमभाद्गणना ५सौख्य,३मृत्यु,३सौख्य,५मृत्यु ७सौख्य,५ मृत्यु। अग्नि लगाना ७ शोक,५लाभ,७ रोग,४ क्षय,५ सुख होता है।
शीशा और चित्रात्मकला	सत्	र.च.बु. गु.शु.	अ.,मृग.,पुष्य,ह.,चित्रा,अनु.,अभि.,रे.नक्षत्र में शीशा उत्पादन चित्रात्मक शैली के सभी कार्य सफल होते है।
औषधि नि. व सेवन मु.	सत् तिथियां	रविसोम बु.गु.शु.	अ.,रोहि.,मृग.,पनु.,पुष्य,ह.,चि.,स्वा.,अनु.,मूल,अभि.,श्रव.,धनि.,शत.,रे. नक्षत्र और शुभ लग्न मुहूर्तमें औषधिनिर्माण तथा सेवन करना शुभ है
भूमि क्रय-विक्रय मु.	सत् तिथियां	सोमबुध गु.शु.	अश्वि.,मृग.,पुन., आश्लेषा,मघा,पूफा.,विशा.,अनु.,मूल,पूषा.पूभा.रे. श्रेष्ठ है। कर्ता की राशि से ४।८।१२वें तथा घात चन्द्रमा वर्जित है।
पशु लेन-देन मुहूर्त्त	४-९ व १४ त्याज्य	भौमवार त्याज्य	अ.पुन.पुष्य. ह.,वि.ज्ये.,ध.श.रे. नक्षत्रमें गौ का लेन-देन शुभ है। अन्य पशु हेतु पुन. पूफा. ह, अनु.,पूषा. ज्ये., पूभा., मू.,ध. और रे.। नौमी **चौदस चौथ चौपाया। हानि करे मंगलघरआया॥**

मुहूर्त्त	तिथि	वार	नक्षत्र लग्न मासादि विवरण
कुम्भकार मु. सीमेन्टउद्यो.	रिक्ता त्याज्य	भौमवार त्याज्य	रोहि.,मृग.,पुन.,पुष्य,ह.,चि.,स्वा.,अनु.,ज्ये.,श्र.,रे.,शुभ है। ईंट, चूना, सुरखी,पत्थर तथा सीमेन्ट उत्पादन में ३ उत्तग, उफा.,उषा.उभा. भी मान्य है।
स्कूटर, ट्रक बसअन्यवाहन क्रय मुहूर्त	सत् तिथियां	भौमवार त्याज्य	अश्वि.,मृग.,पुन.,पुष्य.,ह.,स्वा.,अभि.,श्रव.,धनि.,शत.,रे.,श्रेष्ठ.,कर्ता की राशि से ४।८।१२वां चन्द्रमा नेष्ट जानें।
रामायणादि कथा प्रारम्भ मुहूर्त	रिक्ता त्याज्य	सभी वार	गुर्वाश्रित नक्षत्र से १६ संख्यांक तक अर्थलाभ, कार्यसिद्धि, २४ तक नेष्ट, आगे २७ तक मोक्षप्रद जानें। देवप्रीत्यर्थ शुक्ल पक्षमें, और प्रेतदोषनिवृत्ति हेतु कृष्णपक्ष में शुभ है। ४।८वां चन्द्रमा नेष्ट होता है।
देवता प्रतिष्ठा मुहूर्त	शुभ तिथियां	सभी वार	अश्वि.रोहि.मृग.आर्द्रा.पुन.पुष्य,मघा,उफा.ह.,चि.,स्वा.,अनु.,ज्ये.,मूल, उषा.,श्रव.,धनि.,शत.,उभा.,रे.,गुरु- शुक्र के उदय में स्थिर लग्न, कृष्ण पक्ष में दशमी तक, जलाशय वागादिकी प्रतिष्ठा भी शुभ है। चतुर्दशीमें शिव, चतुर्थीमें गणेश, भाद्रपद में कृष्ण, आश्वि. नवरात्र में देवी, चैत्र पूर्णिमा भौमवारमें बजरंगबली की स्थापना शुभ है। सात्त्विकदेव उत्तरायणे तथा तामसो इच्छित काले।
कृषिकर्म मु. बीजबोवन मुहूर्त्त	सत तिथियां	भौमवार वर्ज्य	अश्वि. रोहि. मृग. पुन. पुष्य, मघा उफा. ह. चि. स्वा. अनु. मूल, उषा., श्रव., धनि., शत. उभा. और रेवती में खेत जोतना शुभ है। सूर्यभात् गणना ३ नेष्ट, ३ श्रेष्ठ, ३ ने० ५ श्रे.३ ने. ५ श्रे. ३ ने. २ श्रे. जानें। पुन. वि. श्रव. और शत. त्यागकर शेष उपरोक्त नक्षत्रों में बीज बोना श्रेष्ठ जानें। राहुभाद्गणनाक्रम ८ नेष्ट, ३ श्रे.१ने.३श्रे.१ने.३श्रे.१ने.३श्रे.४ने. समझें।
कम्प्यूटरनिर्माण व संचालन	सत तिथियां	भौम वर्जित	अश्वि.मृग.पुन.पुष्य,ह.,चि,स्वा.,अनु.,धनि.,शत.,रे.,नक्षत्र, शुभ योग कर्त्ता की राशिसे ग्रह गणना श्रेष्ठ होने पर सफलता सुनिश्चित मिलती है।
प्रक्षेपास्त्र मुहूर्त्त	१।४।५ ८।९।० १३।१५	रवि.मं. शु.श.	भर.आर्द्रा श्ले. मघा ज्ये. पूफा. मूल पूषा. पूभा. नक्षत्र चर, द्विस्वभाव, लग्न तथा चर, लाभ, अमृत और शुभ के चौघड़िया मुहूर्तमें मारक अस्त्र-शस्त्र निर्माण व प्रयोग सफल होता है।
पुल निर्माण मुहूर्त्त	सत तिथियां	भौम श. वर्जित	अश्वि. रोहि. मृग.,पुन.,पुष्य. उफा, ह., चि., अनु., उषा., रे., नक्षत्र स्थिरलग्न तथा सर्वार्थ, अमृत सिद्धि या रवियोगमें निर्माण सफल है।
बही खाता	शुभ	शुभ	मृग. पुन. पुष्य उफा. ह. चि. अनु. उषा. श्र. उभा. रे. लग्न १।३।४।६।७।०।१० खाता पूजन शुभ है।

नक्षत्रोंकी संज्ञा व करने योग्य कर्म

★**ध्रुव-स्थिर नक्षत्र-** रोहि., उफा., उषा., उभा. तथा रविवार ध्रुव और स्थिर संज्ञक है। इनमें स्थिर कार्य बीज बोना, बगीचा लगाना, गीत वाद्योत्सव, विवाह, वस्त्राभूषण धारण तथा निर्माण करना, शान्ति कर्म, गृहारम्भ, नृत्यकला सीखना, मैत्री सन्धिविचार, शपथ ग्रहण करना और खेलकूद काआरम्भ तथा प्रतिष्ठिकर्म शुभ होता है।

★**चर-चल नक्षत्र-** पुन.,स्वाती,श्रवण,धनि.,शत. तथा सोमवार। इनमें स्कूटर, कार, बस, ट्रक आदि वाहनों का लेनदेन एवम् उपयोग करना, लम्बी यात्रा, क्रय-विक्रय, दुकान खोलना, चित्रकारी, शिक्षाज्ञान, रतिक्रीड़ा शुभ है। जलोत्पन्न कर्म भी शुभ है।

★**उग्र-क्रूर नक्षत्र-** भरणी, मघा, पूफा., पूषा., पूभा.तथा मंगलवार। इनमें दुष्ट (घात) कर्म, तस्करी, लाटरी, सट्टा आदि धन्धे विषाग्नि तथा शस्त्र कर्म (बनाना चलाना) और पशु ज्ञानार्जन, पालन पोषण तथा चुगलपन श्रेष्ठ होता है।

★**मिश्र+साधारण नक्षत्र-** कृत्तिका, विशा., तथा बुधवार। इनमें अग्नि सम्बन्धी कर्म, कई वस्तु विशेष के संयोग से बनने वाले कार्य, वृषोत्सर्ग (सांड छोड़ना) घात कर्म, अग्निदाह, शठता, विष सम्बन्धी, एवं शस्त्र सम्बन्धी कर्म शुभ होते है। कई आचार्य मांगलिक कर्म, व्यापार एवम् उद्योग सम्बन्धी कर्म भी शुभ मानते है।

★**क्षिप्र-लघु नक्षत्र-** अश्विनी, पुष्य, हस्त, अभि. तथा गुरूवार। इनमें दुकान, रतिकर्म, ज्ञानार्जन, शिल्प व चित्रकला कर्म, वाहन लेन-देन, दूर-समीप की यात्रा, क्रय-विक्रय शुभ होता है।

★**मृदु-मैत्र नक्षत्र-** मृग., चित्रा, अनु., रेवती तथा शुक्रवार। इनमें गीत विवाहादि मंगलोत्सव तथा क्रीड़ा, मैत्री कार्य, वस्त्राभूषण निर्माण तथा धारण करना, बीज बोना, बाग बगीचा लगाना, शान्ति कर्म, गृहारम्भ, नृत्य सीखना, गोपनीयता की शपथ लेना, खेल खेलना शुभ होता है। जलोत्पन्न कर्म भी शुभ कहे है।

★**तीक्ष्ण-दारूण नक्षत्र-** आर्द्रा, श्लेषा, ज्येष्ठा, मूल तथा शनिवार इनमें अभिचार, घात लगाना, पाप कर्म, चुगलपन, पशुशिक्षा, बन्धन, तस्करी, लाटरी, सट्टा आदि धन्धे, विषाग्नि कर्म तथा अस्त्र-शस्त्र निर्माण और प्रयोग शुभ कहे है।

चौघड़िया मुहूर्तों के प्रारम्भकाल जानने की सारिणी

मास	ता.	दिन: पहला	दूसरा	तीसरा	चौथा	पाँचवाँ	छठा	सातवाँ	आठवाँ	रात्रि: पहला	दूसरा	तीसरा	चौथा	पाचवाँ	छठा	सातवाँ	आठवाँ
		दिन के चौघड़िया मुहूर्त, प्रारम्भकाल घं. मि.								**रात्रि के चौघड़िया मुहूर्त, प्रारम्भकाल घं. मि.**							
जनवरी	१	७।१९	८।३५	९।५२	११।८	१२।२५	१३।४१	१४।५८	१६।१४	१७।३१	१९।१४	२०।५८	२२।४१	०।२५	२।८	३।५२	५।३५
	१०	७।१९	८।३६	९।५३	११।११	१२।२८	१३।४५	१५।३	१६।२०	१७।३८	१९।२०	२१।३	२२।४५	०।२८	२।१०	३।५३	५।३५
	२०	७।१८	८।३६	९।५५	११।१३	१२।३२	१३।५०	१५।९	१६।२७	१७।४६	१९।२७	२१।९	२२।५०	०।३२	२।१३	३।५५	५।३६
	३०	७।१४	८।३४	९।५४	११।१४	१२।३४	१३।५५	१५।१५	१६।३५	१७।५५	१९।३५	२१।१५	२२।५५	०।३५	२।१४	३।५४	५।३[illegible]
फरवरी	९	७।८	८।३०	९।५२	११।१४	१२।३५	१३।५७	१५।१९	१६।४१	१८।३	१९।४१	२१।१९	२२।५७	०।३६	२।१४	३।५२	५।३०
	१८	७।१	८।२४	९।४८	११।११	१२।३५	१३।५८	१५।२२	१६।४५	१८।९	१९।४५	२१।२२	२२।५८	०।३४	२।१०	३।४७	५।२३
	२७	६।५२	८।१७	९।४३	११।८	१२।३४	१३।५९	१५।२५	१६।५०	१८।१६	१९।५०	२१।२४	२२।५९	०।३३	२।७	३।४२	५।१६
मार्च	८	६।४३	८।१०	९।३७	११।४	१२।३२	१३।५९	१५।२६	१६।५३	१८।२१	१९।५३	२१।२६	२२।५८	०।३१	२।३	३।३६	५।८
	१८	६।३२	८।१	९।३०	११।०	१२।२९	१३।५८	१५।२८	१६।५७	१८।२७	१९।५७	२१।२७	२२।५८	०।२८	१।५८	३।२९	४।५९
	२८	६।२०	७।५१	९।२३	१०।५४	१२।२६	१३।५७	१५।२९	१७।०	१८।३३	२०।१	२१।२९	२२।५७	०।२६	१।५४	३।२२	४।५०
अप्रैल	७	६।८	७।४२	९।१५	१०।४९	१२।२२	१३।५६	१५।२९	१७।३	१८।३७	२०।३	२१।२९	२२।५५	०।२२	१।४८	३।१४	४।४०
	१७	५।५७	७।३३	९।९	१०।४५	१२।२०	१३।५६	१५।३२	१७।८	१८।४३	२०।७	२१।३१	२२।५५	०।१९	१।४३	३।८	४।३२
	२७	५।४८	७।२६	९।४	१०।४२	१२।१९	१३।५७	१५।३५	१७।१३	१८।५०	२०।१२	२१।३४	२२।५६	०।१८	१।४१	३।३	४।२५
मई	७	५।४०	७।१९	८।५९	१०।३८	१२।१८	१३।५७	१५।३७	१७।१६	१८।५६	२०।१६	२१।३७	२२।५७	०।१७	१।३८	२।५८	४।१८
	१७	५।३३	७।१४	८।५५	१०।३६	१२।१७	१३।५९	१५।४०	१७।२१	१९।२	२०।२१	२१।४०	२२।५९	०।१८	१।३६	२।५५	४।१४
	२७	५।२९	७।११	८।५३	१०।३५	१२।१७	१४।०	१५।४२	१७।२४	१९।६	२०।२४	२१।४२	२३।०	०।१८	१।३५	२।५३	४।११
जून	६	५।२८	७।११	८।५४	१०।३७	१२।२०	१४।३	१५।४६	१७।२९	१९।१२	२०।२९	२१।४६	२३।३	०।२०	१।३७	२।५४	४।११
	१६	५।२७	७।११	८।५४	१०।३८	१२।२२	१४।५	१५।४९	१७।३३	१९।१६	२०।३२	२१।४८	२३।५	०।२१	१।३७	२।५४	४।११
	२६	५।२९	७।१२	८।५६	१०।३९	१२।२३	१४।६	१५।५०	१७।३३	१९।१७	२०।३४	२१।५१	२३।७	०।२४	१।४१	२।५७	४।१४
जुलाई	६	५।३३	७।१६	८।५९	१०।४२	१२।२५	१४।८	१५।५१	१७।३४	१९।१७	२०।३४	२१।५१	२३।८	०।२५	१।४२	३।०	४।१७
	१६	५।३८	७।२०	९।२	१०।४४	१२।२७	१४।९	१५।५१	१७।३३	१९।१६	२०।३४	२१।५२	२३।१०	०।२८	१।४५	३।३	४।२१
	२६	५।४३	७।२४	९।५	१०।४६	१२।२७	१४।९	१५।५०	१७।३१	१९।१२	२०।३१	२१।५०	२३।९	०।२८	१।४६	३।५	४।२४
जुलाई २०२० में वक्री गुरु केतु के साथ धनु में चलेगा- **धनु राशि गतो जीवो वक्रतामुपयाति चेत्। धनक्षयस्तदा लोके चौराद्राजापि रोषिताः॥** राष्ट्रीय (धन) सम्पदा का क्षरण करायेगा। विश्व में आतंकी असामाजिकतत्त्व, दुराचारी, निरंकुश घूमते, झीना-झपटी करते फिरेंगे। सरकार धार्मिक महोत्सव व खेलों को प्रोत्साहित करेगी। जुलाई के उत्तरार्ध में कहीं अतिवृष्टि, बाढ़ तो कहीं जल प्रवाह, बांध टूटना भारी क्षति कर सकता है।

अगस्त २०२० में गुरु शुक्र आमने-सामने चलकर दो विरोधी वर्गों में जमकर मारपीट करायेंगे। **देवगुरु के सामने जब चलते शुक्राचार। धर्मविरोधी मर मिटें करते पापाचार॥** धार्मिक विवाद उग्ररूप धारण कर सकता है। मास के उत्तरार्ध में प्रादेशिक सरकार बदल सकती है। भावों में भारी घट-बढ़ सम्भव है। मौसम की प्रतिकूलता यान-खांन कुघटना, भूकम्प, भूस्खलन, दिग्दाह से क्षति कर सकती है। चोर,लफंगे, असमाजिकतत्त्व आतंक मचायेंगे। कश्मीर का मामला गरमायेगा। देश-विरोधी आवाजें बुलन्द हो सकती है।

सितम्बर २०२० की ग्रहचाल से पता चलता है कि भावों में रद्दोबदल के बाद स्थिर लाइन बनेगी। शनि शुक्र का प्रतियोग सीमा विवाद तो करायेगा, परन्तु शान्ति परिचर्चा सफल रहेगी। कश्मीर के संदर्भ में दूसरे मध्यस्थता की पेशकश करेंगे। कामयाबी मिलना सम्भव नहीं। जिस वर्ष दो आश्विन होते हैं, उस वर्ष जलाधिक्य, बाढ़ का तांडव तबाही मचाता है। वाहन टकराते हैं। मेघाडम्बर भूकम्प, झन्झावात दुर्दिन होने से जनता कष्ट पाती है। **मकरे च यदा सौरि दुर्भिक्षं तत्र दारुणम्।** असामान्य विषम परिस्थिति से गुजरना पड़ सकता है।

अक्टूबर २०२० में पांच शुक्रवार शुभ हैं- **शुक्रस्य पंचवारास्यु यत्र मासे निरन्तरम्। प्रजावृद्धि सुभिक्षं च सुखं तत्र प्रवर्तते॥** प्रजा में वृद्धि, सौहार्दपूर्ण भावना का उदय, भावों में अभिवृद्धि होगी।

शान्ति परिचर्चा सफल होगी। ता.२३ कन्या का शुक्र मौसम की प्रतिकूलता खेती में क्षति बाजार रुख गरम रहेगा। इस मास साम्प्रदायिक झगड़े-झमेले होते रहेंगे। पश्चिम के किन्हीं देशों में युद्ध का षड्यन्त्र रचा जायेगा। कश्मीर समस्या का निराकरण नहीं हो पायेगा। ग्रहों के त्रिकोणात्मक योग अन्तरिक्ष में असम्भावी घटनाचक्र आतंकी विद्रोह को जन्म दे सकते हैं।

नवम्बर २०२० महालक्ष्मीपूजन चतुर्दशी शनिवार में सर्वत्र भयातंक को बढाने वाला है- **कार्तिकस्य त्वमावस्या रविवारेण संयुता। शनि भौमयुता वापि सर्वलोक भयावहा॥** त्यौहारों के समय सुरक्षा के प्रबन्ध सुदृढ़ कर लेने चाहिए। रूस, चीन, जापान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान की विचारधारा में परिवर्तन होगा। उग्र विचारक देश आतंकवाद को बढ़ावा देने की साजिश रच कर अन्यान्य देशों में अशान्ति फैलाने का प्रयास करेंगे। मीन का मंगल बाजार भावों में तेजी करेगा। मध्य मास से मौसम खराब चलेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात के कारण धीरे-धीरे शीत का प्रकोप बढ़ता जायेगा।

दिसम्बर २०२० भारत की प्रभावराशि मकर में पुनः बनने वाला गुरु शनि का संयुक्त योग पृथ्वी पर चारों तरफ हो हल्ला मचवायेगा- **वक्रस्थिते देवगुरौ दुर्भिक्षं घोर दारुणम्। पूर्वस्यां दक्षिणे चैव राजविग्रहम् च॥** इस योग के चलते कहीं भी स्थिति चिन्ताजनक बन सकती है। असत प्रवृत्ति के राष्ट्रनायक कहीं भी युद्ध जैसे हालात पैदा कर सकते हैं। बाजार का रुख नरम रहेगा। कुछ वस्तुओं के भाव बढ़ेंगे तो कुछ के घट भी सकते हैं।

जनवरी २०२१ में पांच गुरुवार कहीं भारी विद्रोह को बढ़ावा दे सकते हैं। **आगे पीछे बहुत ग्रह, रवि के शनी अगार। राजनीति सह द्विन्द से, होवे बहुत विगार॥** राजनीति के पटेबाज समाज विरोधी वक्तव्य देंगे। दो वर्ग विशेष में झगडे-झमेले करायेंगे। असामाजिक तत्त्व कुकृत्यों में लगे रहेंगे। पश्चिम के किन्हीं देशों में युद्धोत्पाती षड्यन्त्र रचा जायेगा। पड़ौसी देश कुचक्र रचना कर सकता है। कहीं प्राकृतिक प्रकोप जानलेवा होगा। भारी हिमपात, कोहरा, दुर्दिन होने से यातायात बाधित होगा। उत्तरी सम्भागों में **ठिठुरन बढ़ेगी। किंवा धूप के दर्शन दुर्लभ हो सकते हैं।**

फरवरी २०२१ के पूर्वार्ध मौनी मावस स्नान मेला के अवसर पर **'षट्वैग्रहा ध्वन्ति भूपान्'** षट्ग्रही योग समस्त राष्ट्रनायकों में क्षोभ पैदा करेगा, कहीं भी युद्ध के लिये तत्पर हो सकते हैं। यह योग सन् १९६२ तथा १९७१ में बना था, ग्रहों के त्रिकोणात्मक योग बन रहे थे। चीन और पाकिस्तान से युद्ध के समय भी कुछ ऐसे ही विचित्र योग बन रहे थे- **ग्रहा सभी त्रेकादस संयोग बने अब आय। युद्ध कहीं पर होयगा, कालबली भरमाय॥** अतः देश के सुरक्षा प्रहरियों को सचेत रहना चाहिये। मौसम की गड़बड़ी, भावों में तेजी का चक्र, यान-खान कुघटनाचक्र सम्भव है।

मार्च २०२१ वृष राशि में राहु+मंगल का अंगारक योग अन्तरिक्ष उपद्रव, मेघगर्जन, आंधी-तूफान, बवंडर, फसलों में क्षति कर सकता है- **राहु रंगारकश्चैक राशि ऋक्ष गतो तथा। महाभयं च सस्यानां न व वृष्टिः प्रजायते॥** मार्च एवं अप्रैल के पहले सप्ताह चालू बाजारभाव पड़े रह सकते हैं। प्रभावी राजनेता संसार से विदा हो सकता है। किसी प्रादेशिक सरकार को समय सानुकूल नहीं। कश्मीर का मुद्दा गरमायेगा। आतंकवादी नया गुल खिला सकते हैं। पर्वतीय प्रदेशों में मासान्ते हिमपात की सम्भावना तो किंवा अग्निदाह विस्फोट की चिंगारी त्रस्त कर सकती है।

राजनीतिक पार्टियाँऔर देश के हालात

भारतीय जनता पार्टी(सत्तासीन प्रमुख दल)- संवत् २०७७ (सन् २०२०-२१) में पूर्ववत् सभी राज्यों में प्रभावी रहेगी। माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्रमोदी जी की जन्म तिथि १७-९-१९५० रविवार दिन में ११ बजे मेहसाणा गुजरात में जन्म हुआ, वृश्चिक लग्न में।

आम चुनाव २०१९ में भा.ज.पा. पूर्ण बहुमत जीतकर सत्ता में आई है, जिसे ३०३ सीटें मिली हैं। वर्त्तमान प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्रमोदी जी ने दूसरी बार ३० मई २०१९ गुरुवार सायंकाल ७ बजे वृश्चिक लग्न में प्रधान मन्त्री पद पर शपथ ग्रहण करके देश की बागडोर संभाली है। इसी वृश्चिक लग्न में प्रधानमन्त्री जी का जन्म हुआ है। दो वर्ष इनकी जन्मकुण्डली छाप चुके हैं, अब अधिक कुछ न लिखने की आवश्यकता समझी जा रही है। यह पहले लिख चुके हैं कि मोदी जी की नीति **'सर्वजन हितार्थ स्वान्तः सुखाय'** सिद्धि हुई। विदेश कूटनीति में सफलता प्राप्त की। मीन का राहु मोदी जी की जन्मकुण्डली के पंचमभाव तार्किक स्थान पर है सो यह बौद्धिक सम्पदा परित्वेन तर्क-वितर्क को बढ़ाता रहता है, तुरन्त परिस्थिति के अनुसार समयोचित निर्णय लेने की क्षमता पैदा करता रहता है।

शपथग्रहण कुण्डली

प्रधानमन्त्री श्री मोदीजी (द्वितीय) पांच वार्षिक राज्यकाल लग्न वृश्चिक स्थिर संज्ञक हैं, जिसमें ज्ञान का नेतृत्व करने वाला गुरु धनेश होकर मित्रक्षेत्री बैठा है। लग्नेश मंगल उच्च के राहु संग मिलकर आठवें भाव में पूर्व बली है, क्योंकि पुरुषार्थ रक्षक सुख देने वाले ग्रह शनि के प्रभाव में है। मनाधिपति चन्द्रमा मित्रक्षेत्री तार्किक स्थान (पंचम) में बलवान है। ग्रह चाल देखने से पता चलता है कि इन्हें कोई भी ताकत पदच्युत करने में सक्षम नहीं हो पायेगी। विंशोत्तरी मतेन ४ दिसम्बर २०२१ तक चन्द्रमा की महादशा चलेगी। आगे सात वर्ष की समयावधि मंगल की महादशा भी इनके अनुकूल रहेगी। इससे संकेत मिलता है कि तृतीय बार भी चुनावकाल इनके अनुकूल रहेगा, आगे हरिइच्छा। प्रधानमन्त्री के द्वारा कोई इतिहास रचना में संयोए जाने वाला कार्य भी सम्भव है। **तलाक-तलाक-तलाक** पर तो फैसला हो ही चुका है, इस लेख लिखने के बाद अब और क्या होता है यह देखने का विषय है।

बहुजन समाजवादी पार्टी- की राशि वृष बनती है और प्रभावकारी राशि कुम्भ मानी गई है। पार्टी प्रमुख सुप्रीमो सुश्री मायावती जी की राशि सिंह है। वृष का स्वामी शुक्र, कुम्भ का स्वामी शनि और सिंह का स्वामी सूर्य है। ये तीनों ग्रह आपस में विरोधी हैं। परस्पर अच्छे सम्बन्ध नहीं रखते। संवत्२०७६ में आकाशीय कौंसिल के चुनाव में राजा बुध तो मन्त्री सूर्य को बनाया गया था। शनि सूर्य एक दूसरे के कट्टर विरोधी हैं। सन् २०१९ के आम चुनाव में गठजोड़ को बल तो मिलेगा, परन्तु पूर्ण सफलता संदिग्ध रहेगी। यह बात आम चुनाव से पूर्व ही **श्रीराजधानी पंचांग** में छाप दी गई थी। ठीक हुआ भी वैसा ही है। पार्टीबेस पर समाजवादी पार्टी प्रमुख (अध्यक्ष) श्री अखिलेश यादव जी के साथ मिलकर चलना सुश्री मायावती जी को फायदेमंद तो अखिलेश जी को महंगा पड़ा। बुआ-भतीजे की जोड़ी तो बनी लेकिन चल नहीं पाई, क्योंकि पार्टीबेस पर नीतियों में परस्पर टकराव मैं-मेरे की भावना से ओतप्रोत रहने के कारण मुंह की खाई। वर्त्तमान समय में सर्वहारा वर्ग को जो भी राजनीतिक दल एक साथ लेकर चलने की कोशिश करेगा, वह निश्चित सफल होगा।

समाजवादी पार्टी- के जन्मदाता श्री मुलायमसिंह यादव जी की राशि सिंह है। वर्तमान में सर्वेसर्वा पार्टी अध्यक्ष श्री अखिलेश यादवजी की राशि मेष है। इन राशियों में परस्पर विरोधाभास है, क्योंकि सिंह का स्वामी सूर्य, मेष का अधिपति मंगल, कुम्भ का नेतृत्वकर्त्ता शनि है। आम चुनाव सन् २०१९ में बहुजन समाजवादी पार्टी अध्यक्ष सुश्री मायावती से गठबन्धन करने पर फायदा न होकर उल्टे नुकसान उठाना पड़ा था। संवत् २०७७ सन्२०२० में राजा बुध मन्त्री चन्द्र अच्छा फल नहीं-दे पायेंगे। श्री अखिलेश यादव जी को स्वयं की समझ का इस्तेमाल करते हुए पार्टीबेस पर काम करना चाहिए। सर्वहारा वर्ग विकास के संदर्भ में सोचना चाहिए। एक वर्गविशेष की तुष्टीकरण की नीति आगे चलकर घातक बन सकती है। इस वर्ष कुछ सहयोगी पार्टी छोड़कर भी जा सकते हैं। पार्टी भीतरघात महत्वाकांक्षी अपस्वार्थी अवसरवादी नेताओं से बचे रहना चाहिए। अन्ततोगत्वा विकास को बल मिलेगा। वैशाखी परित्वेन बल की आशा त्यागकर चलने में बड़ा फायदा होगा। पांच वर्ष आगे तक की ग्रहचाल आपके लिए शुभता का संकेत करती है।

राष्ट्रीय जनता दल- की प्रभाव राशि तुला है। स्वामी शुक्र है, जिसे आगामी संवत्सर २०७७ के चुनाव में सफलता नहीं मिली है, सो यह सन् २०२० में पार्टी के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। इस दल के नेतृत्व करने वाले पूर्व रेलमन्त्री श्री लालूप्रसाद यादवजी की राशि मेष है। स्वामी मंगल पापग्रह संयोग में शनि से दृष्ट विकल चलेगा। सो यह परेशानी का कारण तो बनेगा ही, पार्टी भीतरघात से मानहानि भी करा सकता है। वर्ष २०२० तथा २०२१ की ग्रहचाल घर-परिवार, राजनीति एवं सामाजिक झगड़े-झमेले, रोगोपद्रव आदि व्याधि में उलझाती रहेगी। रा.ज.दल को किसी दूसरे दल के साथ समझौता करके चलने में लाभ होगा ऐसा कुछ भी नहीं है। इन्हें दलगत राजनीति जातिवाद की संगोष्ठी चाल एवं वर्ग विशेष तुष्टीकरण की विचारधारा का परित्याग करके चलने में फायदा रहेगा। रा.ज.दल के नायक **सबका विकास सबका साथ** मानकर चलेंगे, भीतरघाती घुसपैठियों से बचे रहेंगे तब तो पुनः वर्चस्व कायम करने में कामयाब हो जायेंगे।

जनता दल यू- की राशि मकर है। दल के प्रमुख नेता वर्त्तमान में बिहार के मुख्यमन्त्री श्री नितीशकुमार जी की राशि वृश्चिक है। सन् २०२० तथा २०२१ की ग्रहचाल इनके अनुकूल रहे, इसमें सन्देह है, क्योंकि वृश्चिक राशि का स्वामी मंगल लम्बे समय तक पापग्रह शनि के संयोग में चलेगा, तब शुभ फल प्रदान करने में अक्षम कहा जायेगा। जनता दल यू की राशि मकर है, जिसमें राशीश शनि स्वगृही भ्रमण करता शनि के हृदय के बीच की ढैय्या चिन्ता व्यथा पार्टीबेस पर बिखराव कार्यकर्त्ताओं में अकारण का कारण बनेगी। बिहार में राजनीतिक बदलाव तो आयेगा ही। श्री नितीशकुमार ही को सचेत रहते हुए सर्वहारा वर्ग को साथ लेकर चलना लाभप्रद रहेगा, अन्यथा २०२० की ग्रहचाल बहुत बड़े बदलाव का कारण बनेगी। आमराय से हटकर चलना इस दल को गच्चा देने वाला साबित होगा।

तृणमूल कांग्रेस- की राशि तुला है। पार्टी की कर्णधार प.बंगाल की वर्तमान मुख्यमन्त्री सुश्री ममता बनर्जी की राशि सिंह है। सन् २०२० में मकर राशि में गतिशील ग्रह इनके लिए अनुकूल नहीं रहेगा। राजनीति के चक्रव्यूह में इन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ सकता है। इन्हीं की पार्टी के पदाधिकारी घुसपैठिये मुंह पर ममताजी की प्रसंशा करेंगे, अन्दरूनी भीतरघात नीति का अनुसरण करेंगे। तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष को अपने तीक्ष्ण (सशक्त स्वभाव) में परिवर्तन करना पड़ेगा। सर्वहारा वर्ग को साथ लेकर चलने वाली नीति अपनानी होगी, अन्यथा बहुत बड़े परिवर्तन की मार झेलनी पड़ेगी। कांग्रेस की एकांकी विचारधारा किसी एक वर्गविशेष तुष्टीकरण की जो नीति रही है, उसे आपको यानि ममतादी को त्यागना ही पड़ेगा। अग्रिम समय में होने वाले चुनाव में गठजोड़ करके चलने का मोह छोड़ना ही इनके लिए बेहतर रहेगा।

अन्नाद्रमुक- पार्टी की राशि मेष है। श्री पलानी स्वामी मु.मं. तमिलनाडू की राशि कन्या है। सन् २०२० की ग्रहचाल इस पार्टी के लिए अच्छी रहेगी। इन्हें पार्टी के अन्दरूनी लड़ाई खींचतान से बचे रहना चाहिए। यह वर्ष उलझनपूर्ण उठा-पटक के चलते परेशानी में बीतेगा। सरकारी तौर पर बड़े बदलाव के लिए तैय्यार रहना चाहिए। केन्द्र सरकार से समझौता करके चलना पार्टी के अधिनायकों को फायदा पहुँचायेगा।

आम आदमी पार्टी- के सर्वेसर्वा (वर्त्तमान में दिल्ली के मुख्यमंत्री) श्री अरविन्द केजरीवाल जी और पार्टी नाम दोनों की राशि मेष है। उपमुख्यमन्त्री श्री मनीष सिसोदिया की राशि सिंह है। दोनों राशियाँ अग्नितत्त्व तेजमय तामसवृत्ति उग्र स्वभाव की हैं। सन् २०२० की ग्रहचाल देखने से पता चलता है कि मकर का शनि त्रस्त करेगा। राशीश सूर्य भौम भी शुभता प्रदान नहीं कर पायेंगे। स्वास्थ्यमन्त्री श्री सतेन्द्रजैन जी की राशि कुम्भ है, जिनकी राशि का स्वामी शनि मकर में चलते हुए इन्हें और ख्याति दिलवा सकता है। पार्टीस्तर पर पदाधिकारियों को नकारात्मक सोच एवं एक वर्ग विशेष के प्रति अन्धाप्रेम (तुष्टीकरण की नीति) छोड़कर चलने में लाभ होगा। राजनीति के समीकरण तेजी से बदल रहे हैं और भविष्य में बदलने की पूरी सम्भावना है। भारतीय राजनीति में वह सफल हो पायेगा जो साफ सुथरे विचारवाला होगा। सर्वहारा वर्गविशेष को साथ लेकर चलने में विश्वास कायम कर पायेगा, उसी की विजय पताका फहरायेगी।

कांग्रेस आई- की राशि मिथुन है। सबसे पुरानी पार्टी की वर्त्तमान समय में सर्वेसर्वा एकमात्र सुश्री सोनियागांधी जी की राशि कुम्भ है। श्रीमति प्रियंकागांधी वाड्रा की राशि कन्या है। मिथुन एवं कन्या का स्वामी बुध संवत् २०७७ सन् २०२०-२१ के लिए आकाशीय कौंसिल के चुनाव में बुध राजा बनाया गया है। सो इसे श्रीमति प्रियंका जी के लिए शुभ शकुन कहा जा सकता है। इन्हें पार्टीस्तर पर अधिक महत्त्व दिया जायेगा। प्रियंका का मान-सम्मान भी अधिक होगा। श्रीमति सोनियागांधी जी के लिए सन् २०२० की ग्रहचाल अन्तर्द्विन्द से भरपूर रहेगी। श्री राहुलगांधी जी ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे ही दिया है। विगत वर्ष श्रीराजधानी पंचांग में श्री राहुलजी की जन्म कुण्डली के साथ पृ.१२९-१३० पर जो कुछ लिखा था लगभग वह सब सत्य घटित हुआ, पाठकों से कोई चीज छिपी नहीं है। इस लेख लिखने की अन्तिम ता.३१ जुलाई २०१९ तक आई आंग्रेस के अध्यक्ष पद पर किसी की नियुक्ति नहीं हो पाई है। पुत्र मोह अन्धानुकरण की तलवार लटकी हुई है। ग्रहचाल आगे क्या कराती है यह देखने का विषय है। परन्तु ग्रहयोग पूर्व अध्यक्ष की पुनः प्रतिष्ठा की ओर संकेत कर रहे हैं। आगे दो साल तक का समय ग्रहों के अनुसार श्री सोनियाजी के लिए विशेष उलझनपूर्ण रहेगा। स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। पार्टीबेस पर कांग्रेस आई पदाधिकारियों को समय की नजाकत भांपते हुए वैचारिक परिवर्तन करने के लिए गम्भीरता पूर्वक सोचने के लिए विवश होना पड़ेगा। ध्यान रहे-

सर्वेभवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया।
सर्वेभद्राणि पश्यन्तु माकश्चिद् दुःखभाग भवेत्॥

संपादक-

पं. प्रेमपाल कौशिक ज्यो. दि.३१-७-२०१९

श्री ज्योतिष विद्या से

ज्योतिष प्रकृति की समय सारणी का अध्ययन फल है। प्रकृति आकाशीय ग्रह, नक्षत्र, तारा पिण्डों की तथा प्रकृति पारिवारिक और सामाजिक परिवेश की ओर प्रकृति जातक के संचित कर्मों के कार्य कार्य प्रणाली की। यह सब मिलकर फलादेश ज्योतिष होती है।

जब हम पृथ्वी पर खड़े होकर आकाश की ओर देखते हैं तो चन्द्रमास की पूर्णिमा को दो तेज बिन्दु दृष्टि में आते हैं। पूर्वीक्षितिज पर चन्द्रमा जो दक्षिणायन का श्रीगणेश है तथा पश्चिमी क्षितिज पर सूर्य उत्तरायण का श्रीगणेश है। चन्द्रमा कर्क, चर, जलतत्त्व राशि का प्रतिनिधित्व करता है और सूर्य सिंह, स्थिर, अग्नितत्त्व राशि का। अब कर्क से पीछे मिथुन, वृष, मेष, मीन, कुम्भ एक क्रम, दूसरे क्रम में सूर्य की सिंह से आगे कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, इस तरह हर ग्रह की राशि एक क्रम से ग्रह के सामने हैं। षट्वर्ग देखें-

सूर्य	चन्द्रमा	ग्रह
सिंह	कर्क	
कन्या	मिथुन	बुध
तुला	वृष	शुक्र
वृश्चिक	मेष	मंगल
धनु	मीन	गुरु
मकर	कुम्भ	शनि

मैं आपको स्पष्ट करना चाहता हूँ कि ज्योतिष त्रिकोण पर आधारित है। हमारे शरीर में भी चार त्रिकोण और चार वर्ग हैं। एक त्रिकोण केन्द्र में शामिल है, इसलिए मुख्यत: तीन त्रिकोण और चार केन्द्र शरीर और जातक की जन्मांग कुण्डली में समाहित हैं। इन्हें शुभ भाव माना जाता है।

१. लग्न, पंचम, नवम एक त्रिकोण समूह
२. वृष, कन्या, और मकर दूसरा त्रिकोण
३. मिथुन, तुला और कुम्भ तीसरा त्रिकोण
४. कर्क, वृश्चिक और मीन चौथा त्रिकोण समूह है। आगे लग्न, चतुर्थ, सप्तम और दशम, ये केन्द्र भाव हैं। इसी प्रकार केन्द्र भी चार हैं। विवाह संस्कार में ७वें भाव केन्द्र गणित के डी. एन. ए. में नहीं है।



परमपूज्य महर्षि पाराशरजी ने अपने शाश्वत् ग्रन्थ 'वृहत पाराशर होराशास्त्र' में दूसरे भाव को मारक की संज्ञा दी है। इसका अर्थ यह है कि १. लग्न से दूसरा भाव मारक, २. एक त्रिकोण से दूसरा त्रिकोण भाव मारक, ३. एक केन्द्र से दूसरा केन्द्र भाव मारक सिद्धि होता है। चूंकि जो जातक आत्महत्या करता है, तो यहाँ लग्न स्वयं मारक हुई, अर्थात् उस प्रभावी काल पर द्वादश भाव या दशम केन्द्र भाव या नवम त्रिकोण भाव जागृत अवस्था में था। इसी कारण दशान्तर दशावश व चन्द्रमा की गोचर में अनुपस्थिति द्वारा जातक ने इस मोड़ पर आकर अपनी जीवनी की जीवन प्रक्रिया को विराम दे दिया।

आगे थोड़ा सा संक्षिप्त प्रकाश में बिल्कुल नूतन प्रकरण पर रखने का प्रयास करता हूँ। **प्रकरण**

त्रिकोण की हर भुजा पर नौ नक्षत्र और चार राशियाँ आती हैं। इस प्रकार पूरे चक्र में २७ नक्षत्र और १२ राशियाँ (संक्रांति) अंकित हैं। त्रिकोण के तीनों कोणों का योग १८० अंश यानि भचक्र का अर्ध भाग हुआ। **त्रिकोण** ज्योतिष में मंगल ग्रह का चिह्न है, जो स्वास्थ्य मंत्रालय के परिवार नियोजन विभाग में लाल त्रिकोण के नाम से पहचाना जाता है। इसी मंगल ग्रह के तीनों नक्षत्र तीनों भुजाओं के मध्य में आते हैं और दो-दो राशियों में समान बंट जाते हैं। जिसमें उसका आधा भाग हर वर्ग की राशि के पृथ्वी तत्त्व में आता है और मंगल स्वयं अग्नि तत्त्व का द्योतक है। मंगल ग्रह वृष-मिथुन, कन्या-तुला और मकर-कुम्भ राशियों को अपने नक्षत्रों का बराबर-बराबर भाग का प्रसाद देता है।



त्रिकोण की एक भुजा पर नौ नक्षत्र और चार राशियों को परस्पर गुणा करने पर ९ गुणा ४ बराबर ३६ अर्थात् योगिनी दशा के ३६ वर्ष उजागर होते हैं।

एक राशि चर, स्थिर, द्विस्वभाव और पुन: चर पर समाप्त होती है, अर्थात् मेष, वृष, मिथुन और कर्क और यही क्रम शेष भुजाओं पर स्थिर व द्विस्वभाव द्वारा अपनी आवृत्ति करता है। प्रत्येक जीव के जीवन में दो मोड़ आते हैं- श्वांस आना और श्वांस जाना, इसलिए ३६ गुणा २ बराबर ७२ योगिनी दशा वर्ष पूर्ण।

• एक राशि ३० अंश की और प्रत्येक भुजा पर चार राशियाँ हैं तो परस्पर गुणा करने पर ३० गुणा ४ बराबर १२० विशोत्तरी दशा वर्ष उपलब्ध होते हैं।

पहले ३६ वर्ष बताया था, अत: तीनों भुजाओं का योग करने पर ३६+३६+३६ = १०८ अष्टोत्तरी दशा वर्ष क्रम उपलब्ध हुआ।

त्रिकोण का केन्द्र बिन्दु लेकर डी से डीए या डीबी या डीसी की त्रिज्या से वृत बनायें तो यह सम्पूर्ण त्रिभुज वृत्त के अन्दर समा जाता है। वृत के चार समकोण होते हैं। जिनका प्रति ९०×४ =३६० अंशमान आता है। मेरे विचार से यही ज्योतिष का मूल है। बेशक विधाता भाग्य लिखता है, परन्तु संत सौभाग्य बनाता है।

डा. के. पी. शर्मा मुद्गल फोन नं. ८८२६३६१०००

चन्द्रदर्शन का व्यापार पर प्रभाव

'शशिनि खलु कलंकः कंटक पद्मनालम्'

अर्थात् चन्द्रमा में कलंक है, कमल की नाल में भी कांटे हैं, समुद्र का विस्तार अथाह है, लेकिन जल खारा है। दोष तो रत्नों में भी पाये जाते हैं, यह तो विधाता का नियम है। प्रिय पाठको! ज्योतिष शास्त्र का अर्थकाण्ड बड़ा है, दूरदर्शी विद्वान भी नहीं पार पा सकता, तो मुझ जैसे अल्पज्ञ की बात कहाँ? फिर भी मेरे संकलित लेख से व्यापारी लाभ प्राप्त करते हैं, तो यह जगत् जननी माँ जगदम्बा व गुरु की कृपा है, इससे मैं अपने परिश्रम को सफल मानता हूँ।

चैत्र- इस मास में २५ मार्च २०२० बुधवार को नवीन चन्द्रदर्शन मीन राशि के अन्तर्गत हो रहा है, जो कि ३० मुहूर्ती व रेवती नक्षत्र मीन राशि के अन्तर्गत हो रहा है। उदिय समय इसकी दक्षिण नोक ऊँची होगी, जिससे प्रत्येक वस्तु में तेजी आयेगी। बुधवार को बाजार का जो भाव प्रातः हो वही शनिवार के पहले-पहले एक बार पीछे आ जायेगा। रूई में पहले मन्दी उसके बाद तेजी का रुख रहेगा। गेंहू, जौं, चना, बाजरा, अन्य अनाज के भावों में मन्दी का रुख रहेगा। पहले छः मास व्यापारिक भाव मन्दी की चाल में रहेंगे, उसके बाद तेजी में आयेंगे, तिलहन में तेजी, गुड़, शक्कर, खांड, घी, सोंठ, नारियल व अनाजों में तेजी रहेगी। सोना, चांदी में छः मास तेजी के बाद मन्दी का रुख रहेगा। यदि चन्द्रमा पर कुण्डल सफेद हो तो वर्षा का योग बनता है। लाल रंग का हो तो वर्षा का अभाव रहे, एक कुण्डल निकट और एक कुण्डल दूर ऐसे दो कुण्डल हों तो वर्षा अधिक होगी। राजनैतिक क्षेत्र में माहौल गर्म रहेगा। सोना, चांदी, रूई, सूत, सूती वस्त्र, सन, वारदाना, जूट, गुड़, शक्कर, खांड के भावों में घटा-बढ़ी से मन्दी रहेगी। देश में अराजकता को बल मिलेगा। अग्निकाण्ड, असामयिक प्राकृतिक प्रकोप से जनता को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

वैशाख- २४ अप्रैल २०२० शुक्रवार को वैशाख मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है, जो कि ३० मुहूर्ती व वृष राशि में एवं भरणी नक्षत्र के अन्तर्गत हो रहा है। चन्द्रदर्शन की दक्षिण नोंक ऊंची रहेगी, यह सभी वस्तु में तेजी लायेगी। चन्द्रमण्डल में भरणी नक्षत्र पर रात को कुण्डल (मण्डल) हो तो अन्न का संग्रह करें, आगे चलकर लाभ मिलेगा। शुक्रवार होने से सरसों, तिल, तेल, तिलहन, गेंहू, चावल, उड़द, चना, ऊनीवस्त्र, ऊन में मन्दी, रूई, सोना, चांदी, आयरन, जस्ता, तांबा, पीतल, कांसा में घटा-बढ़ी होकर बाद में तेजी का रुख रहेगा। नक्षत्र के अनुसार मजीठ, नमक, कुमकुम, चन्दन में तेजी, गुड़, चीनी, शक्कर, जूट, हैसियन, शेयर, पाट, कपास के भाव गिरकर पुनः सुधार लेंगे। अलसी, सरसों, मूंगफली, एरण्ड, सोयाबीन, बिनौला, सींगदाना में तेजी। दक्षिण श्रीलंका, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक में परेशानी बढ़ेगी, जनता कष्ट पायेगी। भीष्ण गर्मी का प्रकोप जनमानस को पीड़ा व परेशानी पैदा करेगा।

ज्येष्ठ- २४ मई २०२० रविवार को ज्येष्ठ मास का चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्त्ती मिथुन राशि व रोहिणी नक्षत्र के अन्तर्गत हो रहा है। गेंहू, जौं, चना, रूई, कपास, सूत, सूतीवस्त्रों में तेजी, भांग, अफीम आदि नशीले पदार्थों में तेजी रहेगी। बाजार ऐवरेज में मन्दी की चाल में चलेगा। गुड़, तेल, सोना, चांदी में तेजी, व घटा-बढ़ी से मन्दी को बल मिलेगा, अन्न में आंशिक मन्दी रहेगी। लोहा, तांबा, पीतल, कांसा सूरजमुखी में तेजी का मान करेंगे। अलसी, अरण्डी, सरसों, तिलहन, दलहन के भाव उतार-चढ़ाव के साथ तेजी की लाइन में बने रहेंगे। भीषण गर्मी का प्रकोप जनता में परेशानी देगा। देश की राजनीतिक क्षेत्र में बड़ा बदलाव व उठापटक देखने को मिलेगी। अरुणाचल, असम, कश्मीर में व्यर्थ के झगड़े-फसाद जनमानस को परेशानी में डाल देंगे। उड़द, मूंग, मोठ, अरहर, मसूर में मास के मध्य में तेजी रहेगी। विशेष चांस रिपोर्ट मंगायें।

आषाढ़- ता.२२ जून २०२० सोमवार को आषाढ़ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है, जो ४५ मुहूर्त्ती व मिथुन राशि एवं आर्द्रा नक्षत्र के अन्तर्गत हो रहा है। उदित समय चन्द्रमा का श्रृंग समान सींग वाला होगा, जिससे बाजार में तेजी का माहौल रहेगा। गुड़, खांड, वस्त्र, रंग, रूई, सोना, चांदी, सूत के भावों में घटा-बढ़ी से तेजी, गेंहू जौं, चना, चावल, अरहर, मूंग, मसूर, मोठ, उडद के भाव उठकर गिर जायेंगे। तांबा, गेरू, सोना, घी, तेल, तिलहन, चन्दन के भावों में उतार-चढ़ाव के बाद तेजी, ज्वार, बाजरा, मक्का, मोठ, मटर के भावों में सुधार, अग्नि व सूर्य के तेज में वृद्धि, राजनैतिक माहौल में गर्मी रहेगी। आन्दोलन प्रदर्शन बन्द व हिंसा से जनजीवन प्रभावित रहेगा, आरोप प्रत्यारोपों से भी पड़ौसी देश के साथ सम्बन्धों में कटुता उत्पन्न होगी। असामयिक दुर्घटना में किसी प्रमुख हस्ती का विछोह सम्भव है।

श्रावण- २२ जुलाई २०२० बुधवार को श्रावण मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्त्ती सिंह राशि एवं श्लेषा नक्षत्र के अन्तर्गत हो रहा है। सोना, चांदी, रूई, सूत, सूतीवस्त्र, सन, वारदाना, जूट, गुड़, चीनी, शक्कर में मन्दी देगा। गेंहू, जौं, चना, बाजरा आदि अनाज घी में तेजी देगा। हल्दी, मिर्च अजवाइन, जीरा, कालीमिर्च, नमक, लालरंग, मैथी, नमक अन्य किराना वस्तुओं, अन्न, सोना, चांदी, पीतल, तांबा, जस्ता, लोहा में मन्दी खांड सम रहेगी। चन्द्रमा के दोनों कोने सींग बराबर रहने से प्रत्येक वस्तुओं में उतार-चढ़ाव बना रहे। वायु में तेजी, प्रत्येक जिन्स में रूई, सूत, रेशमी वस्त्र, सूत, धान, सरसों, तिल में तेजी रहेगी, सोना, चांदी, गुड़ के भावों में गिरावट चौतरफा पशुओं को कष्ट मास के मध्य में अनाज, शेयरों में घटा-बढ़ी रहेगी। वर्षा में तेजी, प्राकृतिक दुर्घटना, प्रकोप से आम मानस को परेशानी रहेगी।

प्रथम आश्विन- १८ सितम्बर २०२० शुक्रवार को प्रथम आश्विन मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह ३० मुहूर्त्ती व कन्या राशि के अन्तर्गत उफा. नक्षत्र में हो रहा है जो प्रजा में वृद्धि कारक है। जौं, सरसों, तिल, तेल, गेंहू, चावल, उड़द, चना, ऊनीवस्त्र व ऊन में मन्दी रहेगी। रूई, सोना, चांदी में घटा-बढी होकर बाद में तेजी को बल देगी। अफीम, गुड़, खाण्ड, कपास में तेजी रहेगी। चन्द्रदर्शन उदित समय श्रृंग बराबर सींगवाला होगा, जिससे प्रत्येक वस्तु तेजी का मान करती है। अफीम व नशीली वस्तुओं में तेजी वर्षा की कमी रहेगी। सरसों, मूंगफली, खोपरा, सोयाबीन, तिल, तिलहन, दलहन, शेयर्स, आयरन में घटा-बढ़ी से तेजी को बल मिलेगा। देश में भाईचारे की वृद्धि होगी। पड़ौसी देश से वादविवाद की बढ़ोत्तरी से व्यापार में भी तेजी की चाल निकल सकती है। मित्र देशों के सहयोग से भारत महत्वाकांक्षी लाभकारी परियोजना में लाभ प्राप्त करेगा।

द्वितीय आश्विन- १८ अक्टूबर २०२० रविवार को द्वितीय आश्विन मास का चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह ४५ मुहूर्ती, वृश्चिक राशि व स्वाती नक्षत्र के अन्तर्गत हो रहा है। जिससे मार्कीट में अच्छी तेजी का संकेत है। प्रायः अनाज व वायदा व्यापार में उतार-चढ़ाव तो होगा, परन्तु भाव तेजी का ही मान करेंगे। लवण पदार्थ

क्षार वस्तु, तिल, तेल, सरसों, रूई, चांदी, सोना में तेजी चना, गेंहू, जौं में मन्दी रहेगी। श्रृंग उत्तर की ओर होगी, नौंक ऊँची होने से प्रत्येक व्यापार में मन्दी का रुख बना रहे। चन्द्र मण्डल पड़ने से वर्षा होगी, जिससे पशु, जनमानस को परेशानी कष्ट होगा। सोंठ, पीपल, इलायची, दाल, चीनी, सींगदाना, अरण्डी के भावों में मन्दी के बाद तेजी बनेगी। वर्षा, प्राकृतिक प्रकोप से भय, प्रजा में सुख का संचार रहे। किसी दैवीय आपदा या किसी विशिष्ट जन का क्षय होगा।

कार्तिक- १६ नवम्बर २०२० सोमवार को कार्तिक मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह १५ मुहूर्ती वृश्चिक राशि तथा अनुराध नक्षत्र के अन्तर्गत हो रहा है, जिससे अलसी, सरसों, मूंगफली, घी, तिल, तेल, तिलहन, वेजीटेबल सोयाबीन, सूरजमुखी में तेजी रहेगी। श्रृंग ऊँची रहेगी, जिससे सोना, चांदी, स्टील, पीतल, तांबा, कांसा के भावों में तेजी बनी रहेगी। रूई, सूत, शेयर, पाट, वारदाना, जूट, हैसियन, प्याज, आलू, लहसुन के भाव टूटकर तेजी का मान करेंगे। शेयर के भावों में मन्दी रहेगी। यह भाव इस मास स्थाई नहीं होंगे, उतार-चढ़ाव के कारण बाजार अलग रुख धारण कर परेशानी पैदा कर देगा। पाठक बन्धु बाजार चाल समय देखकर सतर्कता से कार्य कर लाभ लें। शनिवारी अमावस्या से तेल, तिलहन, लोहा में अच्छी तेजी का रुख बनेगा। विशेष जानकारी हेतु तेजी मन्दी की मासिक रिपोर्ट मंगाकर लाभ प्राप्त करें। फोन पर भी आप बाजार रुख की जानकारी प्राप्त कर लाभ कमा सकते हैं।

मार्गशीर्ष- १६ दिसम्बर २०२० बुधवार को इस मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्ती, मकर राशि तथा पूषा नक्षत्र के अन्तर्गत हो रहा है। इसके दोनों श्रृंग बराबर होने से सोना-चांदी के भावों में तेजी बनेगी। रूई, शेयर, पाट, हैसियन, पटसन में सर्पमुखी चाल से तेजी को बल प्राप्त होगा। बुधवार में दर्शन होने से सोना, चांदी, रूई, सूत, वस्त्र, सन्, वारदाना, जूट आदि गुड़, शक्कर, खांड में मन्दी, गेंहू, जौं, चना, घी में तेजी। पूर्वाषाढ़ा में चन्द्रदर्शन होने से नमक, चावल, चांदी, कपास में मन्दी रहेगी। मक्का, मोठ, बाजरा, ज्वार, ग्वार के भावों में मन्दी, धनिया, सोंठ, मिर्च, सोंफ, अजवाइन, हीरा, मोती के भावों में तेजी का मान रहेगा। इस मास वर्षा का अभाव रहेगा। बिहार, बंगाल, गुजरात, उप्र., आन्ध्र व चीन पाकिस्तान में झगड़ा फसाद की वृद्धि, आतंकवाद को बढ़ावा मिलेगा।

पौष- १४ जनवरी २०२१ गुरुवार को इस मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्ती, मकर राशि एवं श्रवण नक्षत्र में हो रहा है। इसके दोनों श्रृंग बराबर होने से सभी वस्तुओं में घटा-बढ़ी होकर बाद में भाव सम हो जायेंगे। चन्द्रदर्शन गुरुवार में होने से रूई, सूत, सूतीवस्त्र, रेशमी, ऊनीवस्त्र, घी, सरसों, तेल में तेजी रहे। सोना, चांदी, तांबा, जस्ता, पीतल, कांसा, खांड, गुड, चीनी, शक्कर के भावों में मन्दी का रुख रहेगा। प्रजा में सहयोग व कल्याणकारी कार्य में बढ़ोत्तरी होगी, आयरन, मेडीसन, रसायन, पेट्रो आदि सभी प्रमुख शेयरों में अधिक बिकवाली से भावों में मन्दी को बल मिलेगा। ओस, कोहरा व पहाड़ी क्षेत्रों में शीतप्रकोप ओला, पाला, बर्फबारी से फसल को हानि यातायात में बाधा उत्पन्न होगी। शीतलहर के कारण जनजीवन प्रभावित रहेगा।

माघ- १३ फरवरी २०२१ शनिवार को माघ मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह चन्द्रदर्शन ३० मुहूर्ती कुम्भ राशि एवं शतभिषा नक्षत्र के अन्तर्गत हो रहा है। अतः सभी चुनिंदा वस्तुओं व्यापारिक जिन्सों में घटा-बढ़ी होगी। वायुवेग के साथ वर्षा की अधिकता रहेगी। चन्द्रदर्शन के समय दोनों श्रृंग बराबर होने से भावों में उतार-चढ़ाव की अधिकता के बाद स्थिरता में आ जायेंगे। रूई, सूत, सूतीवस्त्र, चांदी, सोना, सरसों, मूंगफली, आलू में अच्छी तेजी का रुख रहेगा। गेंहू, जौं, चना, ग्वार, बाजरा, मक्का, चना, ग्वार के भावों में तेजी रहेगी। तांबा, आयरन, पीतल, जिंक, क्रूडआयल, मैडीसन, रसायनिक पदार्थ के भावों में उतार-चढ़ाव मान तेजी का रहेगा। इनसे जुड़े शेयर भी गिरकर तेजी में आयेंगे। प्राकृतिक वर्षा, ओला, वायु आदि से फसल को नुकसान, प्रजा में सुख बढ़ेगा।

फाल्गुन- १४ मार्च २०२१ रविवार को फाल्गुन मास का नवीन चन्द्रदर्शन हो रहा है। यह ४५ मुहूर्ती मेष राशि व उभा. नक्षत्र के अन्तर्गत हो रहा है। उदित समय इसकी दक्षिण नोंक ऊँची होगी जो प्रत्येक वस्तु के भावों को तेजी प्रदान करेगी। रूई, सूतवस्त्र, चांदी, सोना, सरसों, मूंगफली के भाव में तेजी प्रदान करेगी। किसी किसी वस्तु के भावों में अच्छी तेजी आयेगी। रविवार को चन्द्रदर्शन के प्रभाव से ऐवरेज में मन्दी को बल। गुड़, तेल, सोना, चांदी में तेजी बनेगी। अनाज में आंशिक मन्दी रहेगी। रूई, लालमिर्च, सुपारी, गोला, धनिया, मोठ, सोंठ, मजीठ, हल्दी में मन्दी रहेगी। सरसों, गुड़, चीनी, चावल, शक्कर, दालवाना, मूंग, मसूर, मटर, मोठ, अरहर में तेजी, केसर, कस्तूरी, गोरोचन, छुहारा, मुनक्का, बादाम, काजू, किसमिस के भावों में तेजी चलेगी। मौसम में अचानक परिवर्तन से जनता को भय व कष्ट का सामना करना पड़ सकता है।

आप अपने शहर, गाँव, प्रांत आदि में चन्द्रमा का उदयकाल स्वयं देखें और लाभ लें। उदित समय यदि चन्द्रमा के दोनों श्रृंग उच्च हो तो नाविकों को पीड़ा, समुद्री प्राकृतिक प्रकोप का योग, यदि श्रृंग आधा उठा हो तो किसानों को कष्ट, फसलों में प्राकृतिक प्रकोप से नुकसान, भ्रष्टाचारी, चोरी, आतंकी, लूटमार, बलात्कार जैसी घटनाओं में वृद्धि यदि चन्द्र का दक्षिण श्रृंग उच्च हो तो पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मूकश्मीर में प्राकृतिक प्रकोप, सैन्यप्रदर्शन, आन्दोलन, पुलिस व्यवस्था पर सवाल उदित समय यदि दोनों श्रृंग समान हों तो सुभिक्ष वर्षाकारी योग व इसके दोनों श्रृंग दण्ड के समान ऊँचे हों तो वर्षा का अभाव किसानों को कष्ट। यदि चन्द्रमा के दोनों श्रृंग नीचे की ओर हो तो पशुओं को कष्ट, प्राकृतिक प्रकोप से फसल में भारी हानि, पशुचारे का नाश। यदि चन्द्रमा के चारों ओर गोलाकार रेखा हो तो शासन दल में परेशानी, राष्ट्रपति शासन का योग, यदि उत्तरी श्रृंग उच्च हो तो प्रजा को सुख शान्तिप्रदायक, यदि चन्द्रमा श्रृंग रहित हो तो किसी बड़े व्यक्ति की मृत्यु हो। यदि चन्द्रमा छोटा हो तो दुर्भिक्ष मध्यम फलप्रदायक हो, यदि चन्द्रमा का आकार विशाल हो तो फसल उत्तम प्रजा में सुख-सौहार्द, उत्तमपैदावार, नवीन योजनाओं का शुभारम्भ हो। यदि चन्द्रमा के चारों ओर सफेद रंग की गोलाकार आकृति हो तो वर्षाकारक और यदि एक कुण्डल पास में और दूसरा कुण्डल दूर हो तो दूर-दूर तक वर्षा हो।

नोट- चन्द्रदर्शन व श्रृंगों का फल १ महीने के अंदर घटित होता है।

व्यापार भविष्य चन्द्रोदयगत है। बाजार रुख राजनीतिक चाल पर भी निर्भर रहता है, अतः सावधानी भी अति आवश्यक है। विशेष तेजी-मन्दी के लिए प्रत्येक मास की तेजी मन्दी चांस मंगाकर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिसका सेवा शुल्क मासिक चांस ४००/-, छः माह २४००/-, एक वर्ष ४५००/-, एवं डाकखर्च ५०/- प्रत्येक मास ६००/-वार्षिक अलग से देना होगा। प्रत्येक वस्तु की तेजी मन्दी की जानकारी मो. ९७२०६८६३२२ पर भी ले सकते हैं समय शाम ७ से १० बजे रात्रि तक स्पेशल मासिक रिपोर्ट एक वस्तु ५००/-, एक वर्ष ६०००/-व ६००/- पोस्ट व्यय प्रथक लगेगा। मंगाकर व्यापार में उचित लाभ प्राप्त करें, यही हमारी कामना है।

-पं. सुनील कुमार अनिल कुमार व्यास श्री अम्बा ज्योतिष पीठ, राया, मथुरा, उ.प्र. पिन २८१२०४
फोन नं. 09720686322, 09719822007

वर्ष 2020-21 में शेयर बाजार की दशा-दिशा एवं धारणा

बीते कुछ दिनों से बाजार से आ रही सभी खबरें यही बता रही हैं कि बाजार में लिवाल से कहीं ज्यादा बिकवाल है और बाजार के पस्त हौंसले का यही कारण है कि निवेशकों को तत्काल कोई बड़ी उम्मीद नहीं दिख रही है। इस रुझान के आलोक में जाएं तो सबसे ज्यादा गिरावट ऑटोमोबाइल, विद्युत, टेलीकाम, इस्पात और पेट्रोलियम आधारित शेयरों में परिलक्षित हो रही है। यही चिन्ता का सबसे बड़ी वजह भी है तथा भविष्य में रह-रहकर यह सिलसिला बाजार की दशा-दिशा, धारण अस्थिर करता रहेगा। हालांकि इस बाजार का ताल्लुक अफवाहों से होता है, वैसे स्थिति में एक तरफा ऐसी ही धारणा बनी रहे यह भी सच नहीं है। उपरोक्त सेक्टर भी अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा आधार होते हैं, अगर इन्हीं को लेकर निवेशक उत्साहित नहीं हैं तो यह बाजार से संबंधित नकारात्मक खबर सेहतमंद नहीं है। हालांकि इस बाजार से संबंधित एक दूसरा सच यह भी है कि सिर्फ भारत ही नहीं विश्व के विकासशील शेयर बाजार भी अस्थिरता के मायाजाल में घुम फिर रहे हैं, जो शुभ का संकेत नहीं है। हालांकि एशियाई शेयरबाजारों के गोता लगाने की यह गति कुछ ज्यादा ही तेज है। गत दिनों अमेरिका और चीन के बीच जारी व्यापार समझौते की वार्ता भी शुभ का संकेत नहीं है। हालांकि ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है कि विश्व के तमाम झंझावातों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था उनकी चपेट में आने से किसी तरह बचती रही। विकास दर ने हमारी अर्थव्यवस्था के हौंसले पस्त नहीं होने दिये, लेकिन इस बार जो संकट है, उसमें विकासदर के आंकड़े की प्रामाणिकता संदेह के घेरे में आ गई है। यह तमाम बातें बाजार भविष्य को लेकर चिन्ता पैदा करने वाली है। विगत कुछ दिनों में बाजार की दशा-दिशा धारणा की हालात जो दिख रही है, वह इसी चिन्ता का एक सूक्ष्म संकेत है। परन्तु गत दिनों भारत में नई सरकार बनने के बाद क्या भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार की ओर सफल प्रयास कर सकती है। यदि ऐसा होता है तो विश्व के सफलतम राष्ट्रों की श्रेणी में भारत शुमार हो सकता है, ऐसा सम्भव है। निकट भविष्य में भारत विश्व के सबसे विश्वसनीय राष्ट्रों में शुमार हो सकता है, क्योंकि दूरदर्शी परिपक्व भारतीय प्रधानमन्त्री के नेतृत्व में तमाम कठिन परिस्थितियों को झेलते हुए सफल प्रयास की ओर अग्रसर बढ़ सकते हैं। भारत कारोबार, सरकार, एनजियो, और मीडिया के मामले में फिलहाल विश्व के सबसे विश्वसनीय राष्ट्रों में शामिल है, लेकिन देश के कारोबारी ब्राण्डों की विश्वसनीयता इसमें सबसे कम है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है एडलमैन की ट्रस्ट बैरोमीटर २०१९-२० रिपोर्ट यहाँ विश्व आर्थिक मंच के सालाना सम्मेलन के शुरु होने से पहले जारी की गई। इसमें वैश्विक विश्वास सूचकांक ३ अंक के हल्के सुधार के साथ ५२ अंक पर पहुँच गया है। चीन जागरूक जनता और समान आबादी के भरोसे सूचकांक में क्रमश ७९ और ८८ अंकों के साथ शीर्ष पर रहा। भारत इन दोनों श्रेणी में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहा। ब्राण्ड की विश्वसनीयता के मामले में स्विटजरलैण्ड जर्मनी एवं कनाड़ा का स्थान आता है। इसके बाद जापान का स्थान आता है। वहीं भारत मैक्सिको और ब्राजील में स्थित कंपनियाँ भरोसे के मामले में निचले स्थान पर हैं। इसके बाद चीन और दक्षिण कोरिया का स्थान आता है। यदि समय रहते भारत कच्चे तेल, व्यापार समझौता मामलों में चीन अमेरिका के साथ नीतिगत फैसलों में सफल हो जाता है तो निकट भविष्य में भारत जल्द ही ब्रिटेन को पीछे छोड़ देगा। विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की विकासदर पिछले २८ सालों के निचले स्तर पर पहुंची है। हालांकि अनुमान लगाया जा रहा है कि गत दिनों अमेरिका के साथ व्यापार के मोर्चे पर जारी तनाव के चलते यह गिरावट आई है। यदि भारत में सब कुछ सामान्य रहा तो भारतीय शेयर बाजार की सेहत निकट भविष्य में सुधार का पलड़ा भारी पड़ सकता है। यदि ऐसा होता है तो भविष्य में शेयरबाजार का सूचकांक अस्थिरता के बावजूद भी ४२५०० से ४७५०० के स्तर पर किसी भी समय पहुँचने के लिए आतुर रहेगा, परन्तु हाल फिलहाल विश्व की तमाम अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ अमेरिका की गलत नीतियों के चलते शेयर बाजार में यह अस्थिरता का खेल रुक-रुककर जारी रहे तो आने वाले समय में यह नकारात्मक स्थितियाँ बाजार की दशा दिशा धारणा अस्थिर बना सकती हैं। ऐसी स्थिति में भारतीय शेयर बाजार के सूचकांक ३१५०० से ३५५०० के बीच घूमता फिरता रह सकता है। इस स्थिति में विवेकशील धैर्यवान सूझबूझ के धनी निवेशकगण राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय हालातों का परिपूर्ण अवलोकन करते हुए स्वयं विवेक से भी तेजी मन्दी का विचार करें।

अप्रैल- यह मास बुधवार आर्द्रानक्षत्र, शोभनयोग मिथुन राशि में प्रारम्भ हो रहा है। मासारम्भ में सूर्य मीन में मंगल, गुरु शनि मकर में भ्रमणशील रहेंगे। ता.७ को बुध सूर्य के साथ युति करेगा। ता.१३ को सूर्य मेष में और बुध उदित अवस्था में चलते हुए पूर्व में अस्त होगा। ता.२४ को बुध सूर्य के साथ युति करेगा, फलतः मासारम्भ में ता.१ को घट-बढ़, ता.२ से ३ तक नई पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में कुछ समर्थन मिल सकता है। यदि ऐसा हो तो ता.६ से १० तक सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, बैंक तथा ऑटोमोबाइल कंपनियों के शेयरों में कुछ समर्थन सम्भावित है। फिर भी सावधानी अपेक्षित है। ता.१३ से १५ तक घट-बढ़, ता.१६ से १७ तक अचानक बाजार आंधी के आम की तरह गिर सकता है। ता.२० से २४ तक अफवाहों पर आधारित धारणा अस्थिर हो सकती है। मेरी समझ से १६ से २४ तक मन्दी की लम्बी लाइन भी बन सकती है, अतः दशा-दिशा धारणा देखते हुए काम करें। ता.२७ से ३० तक सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा तथा वित्तीय संस्थाओं के शेयर्स में घट-बढ़ परन्तु ऑटोमोबाइल, सीमेन्ट, इस्पात, विद्युत, पावर सेक्टरों में कुछ समर्थन मिल सकता है।

मई- यह मास शुक्रवार आश्लेषा नक्षत्र, सिंह राशि में प्रारम्भ हो रहा है। ता.४ को मंगल कुम्भ राशि में प्रवेश करेगा। ता.९ को बुध वृष राशि में प्रवेश कर शुक्र के साथ युति करेगा। ता.११ को शनि वक्री होगा। ता.१३ को शुक्र भी वक्री होगा, मास के प्रारम्भ में बुध अस्त अवस्था में चलते हुए ता.१४ को पश्चिम में उदय होगा। इसी ता. को गुरु वक्री होगा, फलतः ग्रहीय गणना के अनुसार मास के प्रारम्भ में घट-बढ़ जारी रहेगी। ता.४ से ८ तक स्थितियाँ सामान्य रहीं तो इस्पात, सीमेन्ट, पॉवर, विद्युत, गैस, पेट्रोरसायन, टेक्सटाइल कंपनियों के शेयरों में कुछ समर्थन सम्भावित है। ता.११ से १५ तक राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय हालातों के कारण सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में व्यापक अस्थिरता संभावित है। यदि ऐसा होता है तो ता.१८ से २१ तक अफरा-तफरी की स्थिति बाजार में तबाही का मंजर उत्पन्न कर सकती है। ता.२२ को नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। यदि ऐसा होता है तो ता.२५ से २९ तक साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन संभावित है।

जून- यह मास सोमवार हस्तनक्षत्र, कन्या राशि में प्रारम्भ हो रहा है। मासारम्भ में सूर्य शुक्र वृष में, बुध राहु मिथुन में, गुरु शनि मकर में, मंगल कुम्भ में भ्रमणशील रहेंगे। ता.१४ को सूर्य बुध राहु के साथ प्रतियुति करेगा। ता.१८ को बुध वक्री होगा और मंगल मीन राशि में प्रवेश करेगा। ता.२१ बुध पश्चिम में अस्त होगा। ता.२५ को शुक्र मार्गी होगा। ता.२९ को गुरु धनु राशि में प्रवेश कर केतु के साथ युति करेगा। मासारम्भ में बुध उदित अवस्था में चलेगा, जिससे ता.१ से ५ तक सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में घट-बढ़ पूर्ण अस्थिर सुधार संभावित है। ता.८ से १२ तक गलत अफवाह या अन्तर्राष्ट्रीय हालातों के कारण बाजार में अचानक बिकवाली से अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिससे सूचकांक में गिरावट परिलक्षित हो सकती है। यदि ऐसा होता है तो ता.१५ से १७ तक बिकवाली का दबाव और भी गंभीर स्थिति में पहुँच सकता है, अत: बाजार की दशा दिशा देखते हुए काम करना सफल व्यापार की कुंजी हो सकती है। ता.१८ से १९ तक विद्युत, पावर, पेट्रोरसायन, वित्तीयसंस्थाओं के साथ-साथ ऑटोमोबाइल कंपनियों के शेयरों में कुछ स्थिरता संभावित है। ता.२२ को घट-बढ़, ता.२३ से २६ स्थितियाँ सामान्य रहीं तो इस्पात, सीमेन्ट, पॉवर, विद्युत, रीयल स्टेट, टेक्सटाइल एवं धातुओं के शेयरों में सामान्य समर्थन संभावित प्रतीत हो रहा है। यदि ऐसा होता है तो ता.२९ से ३० तक मिडकैप, स्मॉलकैप या नई पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। हालांकि बाजार की दशा दिशा अफवाहों पर आधारित होती है। यह आंकलन भी ग्रहीय गणना पर आधारित है, कभी-कभी कुछ कारणों से फलाफल में अंतर भी हो सकता है, अत: निवेशक स्वयं विवेक से भी काम करें।

जुलाई- यह मास बुधवार, विशाखानक्षत्र, सिद्धयोग, वृश्चिक राशि में प्रारम्भ हो रहा है। मासारंभ में बुध अस्त अवस्था में चलते हुए ता.१२ को पूर्व में उदय होकर मार्गी होगा। ता.१६ को सूर्य कर्क में प्रवेश करेगा, फलत: मासारम्भ में ता.१ से ३ तक सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में व्यापक घट-बढ़ जारी रहेगी, जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। यदि ऐसा हो तो ता.६ से १० तक बाजार में गलत अफवाह या सरकार के दिशा निर्देश अथवा अन्तर्राष्ट्रीय हालातों के कारण अचानक सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बिकवाली से शेयर बाजार के सूचकांक में व्यापक गिरावट परिलक्षित हो सकती है। ता.१३ से १५ तक व्यापक अस्थिरता संभावित है। ता.१६ से १७ तक इस्पात, सीमेन्ट, पॉवर, विद्युत, धातुओं के साथ-साथ अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में सामान्य समर्थन संभावित है, फिर भी बाजार की दशा देखते हुए काम करें। ता.२० से २४ तक स्थितियाँ सामान्य रहीं तो सॉफ्टवेयर, मीडिया, सूचनाप्रौद्योगिकी, फार्मा, वित्तीय संस्थाओं, इस्पात, सीमेन्ट, रियलस्टेट, पॉवर तथा धातुओं के शेयरों में कुछ समर्थन संभावित है। ता.२७ से २८ तक घट-बढ़, ता.२९ से ३१ तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में घट-बढ़ जारी रह सकती है।

अगस्त- यह मास शनिवार, मूलनक्षत्र, वैधृतियोग, धनुराशि में प्रारम्भ हो रहा है। मासारम्भ में शुक्र मिथुन राशि में प्रवेश कर राहु के साथ युति करेगा और बुध सूर्य के साथ युति करेगा। मासारंभे बुध उदित अवस्था में चलते हुए ता.७ को पूर्व में अस्त होगा। ता.१६ को सूर्य सिंह राशि में और मंगल मेष में, ता.१७ को बुध सूर्य की युति ता.३१ शुक्र कर्क राशि में जायेगा। मासारम्भ में ता.३ से ७ तक ब्लूचिप विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली बनने से बाजार में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यदि ऐसा होता है तो ता.१० से ११ तक अस्थिरता की संभावना ता.१२ से १४ तक इस्पात, सीमेन्ट, रियलस्टेट, पॉवर, विद्युत, धातु, ऑटो मोबाइल में बारी-बारी से सामान्य समर्थन मिल सकता है। यदि ऐसा होता है तो ता.१७ से २१ तक उपरोक्त सेक्टरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है, फिर भी धारणा देखकर काम करें। ता.२४ को कुछ स्थिरता ता.२५ से २८ तक व्यापक घट-बढ़ जारी रह सकती है, अत: सावधानी अपेक्षित है। ता.३१ को पंचक प्रारम्भ तथा कर्क में शुक्र से अचानक बाजार में गलत अफवाह से तेज गिरावट हो सकती है।

सितम्बर- यह मास मंगलवार धनिष्ठानक्षत्र, कुम्भ राशि में प्रारम्भ हो रहा है। मासारंभ में सूर्य बुध सिंह में, गुरु केतु धनु में, शनि मकर में, मंगल मेष में तथा शुक्र कर्क में भ्रमणशील रहेंगे। ता.२ को बुध कन्या में प्रवेश कर पश्चिम में उदय होगा। ता.१० को मंगल वक्री होगा। ता.१३ गुरु मार्गी होगा। ता.१६ सूर्य बुध की युति होगी, फलत: मासारम्भ में बुध अस्त अवस्था में चलने से ता.४ तक गलत अफवाह या अन्य कारणों से सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली बन सकती है, अत: सावधानी अपेक्षित है। ता.७ को घट-बढ ता.८ से ११ तक स्थितियाँ सामान्य रहीं तो उपरोक्त सेक्टरों में सामान्य समर्थन मिल सकता है। ता.१४ से १८ तक ब्लूचिप के विभिन्न सेक्टरों में बारी-बारी से विदेशी निवेशकों के साथ संस्थागत निवेशकों के समर्थन से बाजार में सुधार संभावित है। ता.२१ से २५ तक इस्पात, सीमेन्ट, पॉवर, विद्युत तथा धातुओं के शेयरों में व्यापक घट-बढ़ जारी रह सकती है, जिससे धारणा पकड़ में नहीं आयेगी। ता.२८ से ३० तक गलत अफवाह या अंतर्राष्ट्रीय हालातों के कारण अचानक उपरोक्त सेक्टरों में बारी-बारी से बिकवाली बनने से बाजार आंधी के आम की तरह गिर जाए तो आश्चर्य नहीं। इस संवेदनशील बाजार में कब क्या हो जाए यह बात भविष्य के गर्भ में ही छुपी रहती हैं, इस बाजार में जोखिम होते हैं, अत: निवेशक स्वयं विवेक से भी काम करें।

अक्टूबर- यह मास गुरुवार उ.भा.नक्षत्र, वृद्धियोग मीन राशि में प्रारम्भ हो रहा है। ता.४ मंगल मीन राशि में, बुध मासारंभ में उदित अवस्था में चलते हुए ता.१३ को पश्चिम में अस्त होकर ता.१४ को वक्री होगा। ता.१७ सूर्य तुला में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेगा। ता.२३ शुक्र कन्या में प्रवेश करेगा, ता.३० बुध पूर्व में उदय होगा, फलत: ता.१ से २ तक साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा तथा वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में व्यापक घट-बढ़ जारी रहेगी, अत: सावधानी अपेक्षित है। ता.५ से ९ तक उपरोक्त सेक्टरों में अस्थिर सुधार संभावित है, फिर भी धारणा देखकर ही काम करें। ता.१२ को घट-बढ़, ता.१३ से १६ तक स्थितियाँ सामान्य रहीं तो इस्पात, सीमेन्ट, भारी इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, शुगर, रीयलस्टेट के शेयरों में सामान्य समर्थन संभावित प्रतीत हो रहा है। ता.१९ से २३ तक सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में अस्थिरता, जबकि अन्य सेक्टरों में कुछ समर्थन संभावित है, फिर भी सावधानी से काम करें। ता.२६ को घट-बढ़, ता.२७ से ३० तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में अफवाहों पर आधारित बिकवाली तेज हो सकती है, अत: सावधानी बरतें।

नवम्बर- यह मास रविवार, विशाखानक्षत्र, शोभनयोग, वृश्चिक राशि में प्रारम्भ हो रहा है। मासारंभ में बुध उदित अवस्था में ता.४ को मार्गी हो जायेगा, ता.१४ को मंगल मार्गी होगा, ता.१६ सूर्य वृश्चिक राशि में प्रवेश कर केतु के साथ युति करेगा और शुक्र तुला में प्रवेश कर बुध के साथ युति करेगा। ता.२० गुरु उषा.नक्षत्र मकर राशि में प्रवेश कर शनि के साथ युति करेगा। ता.२८ बुध सूर्य केतु के साथ प्रतियुति करेगा। ता.३० बुध पूर्व में अस्त होगा। मासारम्भ में

सब कुछ सामान्य रहा तो ता.२ से ६ तक सॉफ्टवेयर, मीडिया, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से कुछ समर्थन प्रतीत हो रहा है। यदि ऐसा होता है तो ता.९ से १३ तक उपरोक्त सेक्टरों के शेयरों में बारी-बारी से कुछ समर्थन मिल सकता है, जिससे सूचकांक में सुधार संभावित है। ता.१६ से २० तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ मिडकैप-स्मालकैप के शेयरों में व्यापक घट-बढ़ जारी रहेगी, अतः सावधानी से काम करें। ता.२३ से २७ तक गलत अफवाह या सरकार के दिशा निर्देश अथवा अन्तर्राष्ट्रीय हालातों के कारण ब्लुचिप के विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में बारी-बारी से अचानक बिकवाली बनने से बाजार आंधी के आम की तरह गिर भी सकता है। ता.३० ऑटोमोबाइल, सीमेन्ट, विद्युत, पावर एवं धातुओं के शेयरों में सामान्य समर्थन मिल सकता है।

दिसम्बर- यह मास मंगलवार, रोहिणीनक्षत्र, सिद्धयोग, मिथुन राशि में प्रारम्भ हो रहा है। मासारम्भ में सूर्य बुध केतु वृश्चिक में गुरु शनि मकर में भ्रमणशील रहेंगे। ता.१० को शुक्र सूर्य बुध केतु के साथ प्रतियुति करेगा। ता.१५ को सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेगा। ता.१७ को बुध सूर्य के साथ युति करेगा। ता.२३ को मंगल अश्विनी नक्षत्र मेष राशि में प्रवेश करेगा। मासारम्भ में बुध अस्त अवस्था में विचरण करता रहेगा, जिससे इस माह सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में किसी न किसी कारण से दबाब बना रहेगा। ता.१ से ४ तक स्थितियाँ सामान्य रहीं तो ऑटोमोबाइल, सीमेन्ट, रीयलस्टेट, पावर, विद्युत एवं धातुओं के शेयरों में अस्थिर सुधार सम्भावित है, यदि ऐसा होता है तो ता.७ से ११ तक उपरोक्त सेक्टरों में बारी-बारी से समर्थन न मिलने से सूचकांक में व्यापक सुधार सम्भावित है। ता.१४ से १८ तक सॉफ्टवेयर, मीडिया, सूचनाप्रौद्योगिकी, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में बारी-बारी से बिकवाली का सिलसिला लम्बी लाइन में चल सकता है। ता.२१ से २५ तक अफवाहों पर आधारित बाजार में उपरोक्त सेक्टरों में अफरा-तफरी की स्थिति तबाही का मंजर उत्पन्न कर सकती है, अतः सावधानी अपेक्षित है। ता.२८ से ३१ तक स्थितियाँ सामान्य रहीं तो विद्युत, पॉवर, गैस, पेट्रोरसायन, आटोमोबाइल एवं धातुओं के शेयरों में अस्थिर सुधार संभावित है।

जनवरी २०२१- यह मास शुक्रवार पुष्यनक्षत्र कर्क राशि में प्रारम्भ हो रहा है। ता.३ को शुक्र मूल नक्षत्र धनु राशि में प्रवेशकर सूर्य बुध के साथ प्रतियुति करेगा। ता.४ बुध गुरु शनि के साथ प्रतियुति करेगा। मासारम्भ में बुध अस्त अवस्था में ता.९ को पश्चिम में उदय होगा। ता.१४ सूर्य मकर में प्रवेश कर चतुर्ग्रही योग बनायेगा। ता.१७ गुरु पश्चिम में अस्त होगा। ता.२५ बुध कुम्भ राशि में प्रवेश करेगा। ता.२७ को शुक्र सूर्य गुरु शनि के साथ प्रतियुति करेगा। ता.२९ को बुध उदित अवस्था में ही वक्री हो जाएगा, फलतः मासारंभ में ता.१ घट-बढ़, ता.४ से ८ तक स्थितियाँ सामान्य रहीं तो इस्पात, सीमेन्ट, पॉवर, विद्युत तथा धातुओं के शेयरों में कुछ समर्थन सम्भावित है। फिर भी बाजार की दशा दिशा धारणा देखते हुए काम करें। ता.११ से १५ तक ब्लुचिप के विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में अफवाहों पर आधारित अथवा सरकार के दिशा निर्देश के कारण बाजार में व्यापक घट-बढ़ जारी रह सकती है, जिससे रुखों में परिवर्तन जल्दी-जल्दी होगा। जिससे अधिकतर सौदे अहितकर हो सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो ता.१८ से २२ तक अफवाहों पर आधारित अफरा-तफरी की स्थिति बनी रह सकती है। ता.२५ से २९ तक स्थितियाँ सामान्य रहीं तो सॉफ्टवेयर, मीडिया, सूचनाप्रोद्योगिकी, फार्मा तथा वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में सामान्य समर्थन मिल सकता है।

फरवरी- यह मास सोमवार उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, कन्या राशि में प्रारम्भ हो रहा है। मासारम्भ में बुध उदित अवस्था में वक्री होकर ता.३ को पश्चिम में अस्त व ता.१४ को पूर्व में उदय होकर ता.२० में मार्गी होगा। ता.४ बुध धनिष्ठा नक्षत्र मकर राशि में पंचग्रही योग बनायेगा। ता.११ शुक्र तथा शनि पूर्व में उदय होंगे। ता.२० शुक्र धनिष्ठा नक्षत्र कुम्भ राशि में प्रवेश कर सूर्य के साथ युति करेगा, फलतः मासारम्भ में ता.१ से ४ तक नई-पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ मिडकैप-स्मालकैप श्रेणी के शेयरों में कुछ समर्थन सम्भावित है। ता.५ को साफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में कुछ बिकवाली बन सकती है। यदि ऐसा होता है तो ता.८ से १२ तक उपरोक्त सेक्टरों में दबाब की स्थिति लम्बी लाइन में भी बन सकती है, अतः सावधानी से काम करें। यदि ऐसा हो तो ता.१५ से १८ तक अफरा-तफरी की स्थिति बाजार में तबाही का मंजर उत्पन्न कर सकती है, जिससे अधिकतर सौदे अहितकर हो सकते हैं। ता.१९ में कुछ सुधार, ता.२२ से २६ तक ब्लुचिप के विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में बारी-बारी से कुछ समर्थन मिल सकता है। ऐसे तो इस माह की तेजी मन्दी की गणित में मन्दी का पलड़ा भारी महसूस हो रहा है, फिर भी धारणा देखकर ही काम करें।

मार्च- यह मास सोमवार उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, कन्या राशि में प्रारम्भ हो रहा है। मासारम्भ में बुध उदित अवस्था में मार्गी चाल से चल रहा है, जो ता.२६ को पूर्व में अस्त होगा। मासारम्भ में सूर्य शुक्र कुम्भ में, मंगल राहु वृष में, बुध गुरु शनि मकर राशि में भ्रमणशील रहेंगे। ता.१२ को बुध कुम्भ राशि में प्रवेशकर सूर्य शुक्र के साथ युति करेगा। ता.१४ को सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेंगे। ता.१६ शुक्र सूर्य के साथ युति करेगा। फलतः मासारम्भ में बाजार में अफवाहों पर आधारित घट-बढ़ जारी रहेगी, अतः सावधानी से काम करें। ता.१ से ५ तक नई व पुरानी अर्थव्यवस्थाओं के शेयरों में अस्थिर सुधार संभावित प्रतीत हो रहा है। ता.८ से १२ तक गलत अफवाह या अन्य कारणों से बाजार में बिकवाली से अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अतः दशा दिशा देखकर ही काम करें। यदि ऐसा हो तो ता.१५ से १७ तक अस्थिरता का पलड़ा भारी पड़ सकता है। ता.१८ से १९ तक सॉफ्टवेयर, मीडिया, फार्मा एवं वित्तीय संस्थाओं के शेयरों में कुछ समर्थन मिल सकता है। यदि ऐसा हो तो ता.२२ को घट-बढ़, ता.२३ से २६ तक ब्लुचिप के विभिन्न सेक्टरों के शेयरों में अचानक लिवाली से सूचकांक में आश्चर्यजनक तरीकों से ग्राफ ऊपर जा सकता है। ता.२९ से ३१ तक ऑटोमोबाइल, सीमेन्ट, इस्पात, पॉवर, विद्युत, गैस, पेट्रोरसायन, टेक्सटाइल, भारीइंजीनियरिंग, शुगर तथा धातुओं पर आधारित उद्योगों के शेयरों में बारी-बारी से समर्थन मिल सकता है। यह स्मरण रखें कि यह आंकलन ग्रहीय गणना पर आधारित है, इसमें कभी-कभी जोखिम भी हो सकता है, क्योंकि इस बाजार का ताल्लुक अन्तर्राष्ट्रीय हालातों के साथ-साथ प्राकृतिक वातावरण, सरकार के दिशा-निर्देश या अफवाहों से होता है। अतः अपना निवेश स्वयं विवेक से ही करें। यह दशा दिशा धारणा की कुछ संकेत मात्र है।

यदि आप चाहें तो विस्तार से दैनिक तेजी मन्दी की रिपोर्ट हमारे यहाँ से प्राप्तकर सकते हैं, जिसका सेवाशुल्क वार्षिक होते हैं। साधारण सेवा शुल्क १२ माह २०५००, मध्यम २५५०० स्पेशल ३०५०० सर्वउत्कृष्ट ३५५००, शेयर बाज़ार उत्कृष्ट रिपोर्ट एवं व्यापार कमोडिटी ट्रेडिंग संयुक्त रिपोर्ट विशेष रियायत दर ५५५०० रू निर्धारित है। अचूक चांसों की जानकारी लिखित रिपोर्ट के साथ-साथ मो. नम्बर ९८०१८७३७१९ पर मेम्बरों को जानकारी दी जाती है। जन्मपत्रिका विचार फलादेश दक्षिणा ५५०० से २१५०० निर्धारित है। किसी भी तेजी मन्दी की जानकारी के लिए सेम्पल या ट्रायल की अपेक्षा न करें। साथ ही स्मरण रखें कि २-६ मास की रिपोर्ट भेजने की व्यवस्था भी नहीं है।

प्रख्यात ज्योतिषाचार्य पं. टुनटुन शास्त्री
ग्राम-करौन्दी, पो. सराँव नटवार, रोहतास, बिहार 802218
फोन नं. 09431486216, 09801873719
Email:Tuntunshastri@gmail.com

भाग्य में वृद्धि हेतु ज्योतिष द्वारा छोटे उपाय, जिनसे लाभ मिले भरपूर

भाग्य कितना प्रभावी है, जानने हेतु

शुक्ल पक्ष की प्रथम तिथि को सवा किलो मिट्टी में २५० ग्राम गेंहू मिलाकर एक मिट्टी के चौड़े बर्तन में भर दें, जैसे ज्वारे बोये जाते हैं। इस बर्तन को वहाँ रखें जहाँ धूप न आती हो, इसमें दिन में एक समय जल दें, नवमी तिथि को देखें कि यदि ज्वारे हरे निकलते हैं तो भाग्य आधा फल दे रहा है। यदि सुनहरे निकलें तो भाग्य का पूर्ण फल प्राप्त हो रहा है यदि ज्वारे कम निकलें या खराब हो जाएं तो भाग्य का साथ नहीं मिल रहा है।

दूध गर्म करते समय अक्सर बाहर निकलता हो या तेल बिखर जाता हो या अचानक हानि हो जाए या कोई वस्तु आते ही खंडित या खराब हो जाए तो भाग्य साथ नहीं दे रहा है।

पूजा के समय कुते के भौंकने या जानवर की आवाज सुनाई देने पर भी भाग्य खराब है यह समझना चाहिए।

पूजा के समय बच्चे के रोने या किसी सदस्य को नींद आती हो तो भी भाग्य का साथ नहीं मिलता है।

पूजा के समय अशुभ समाचार मिलने पर भी भाग्य का साथ नहीं है।

घर में अधिक मकड़ी के जाले लगने पर या मंदिर गन्दा होने पर भी भाग्य का साथ नहीं मिलता।

घर की सीवर लाइन में रिसाव व ठीक करवाने पर भी ठीक न हो तो भाग्य का साथ नहीं है। घर का सबसे छोटा सदस्य उठते ही खाने को मांगे तो भी भाग्य का साथ नहीं है।

पूजा स्थल में अगरबत्ती पूरी न जले या ज्योत में घी रहते हुए भी ठण्डा हो जाए तो भाग्य रुष्ट जानें। नया वस्त्र पहनते ही फट् जाए या चादर इत्यादि लाते ही फट् जाए तो भाग्य का साथ नहीं जानें। घर में शुभ कार्य में यदि घर का छोटा सदस्य बच्चा रोता हो तो भाग्य में अवरोध जानें।

खुशी में किसी रिश्तेदार द्वारा क्लेश करने पर भी भाग्य रूठ जाता है, अगर अक्सर ऐसा होता हो।

सपने में खंडहर, पुराना मंदिर, नाग नागिन अथवा वृद्ध या वृद्धा दिखाई दे तो भाग्य का फल प्राप्त नहीं होता।

भाग्य बदलने हेतु उपाय-

१. किसी भी वृद्ध, सफाईकर्मी, हिजड़े का अपमान न करें, न ही अपशब्द बोलें, इनका सम्बन्ध हमारे भाग्य से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से होता है।

२. घर से निकलते समय गुड़ खाकर व ठण्डा जल पीकर जाएं या जल भरे मटके लोटे का दर्शन करके जाएं।

३. सर्वदा भाग्य साथ देता रहे इसके लिए हर गुरु पुष्ययोग में बरगद(वट्) के पत्ते लायें, तीन साफ पत्ते लेकर एक पर हल्दी गंगाजल से 卐, दूसरे पत्ते पर केसर गंगाजल से ॐ, तीसरे पत्ते पर रोली गंगाजल से बनाकर घर के मन्दिर में रखें। धूप, दीप से पूजन करें। सभी जीवन की कठिनाईयों व आर्थिक समृद्धि की कामना करें, फिर जिस पर श्रीं लिखा है उसे चांदी के सिक्के के साथ धन रखने के स्थान पर रख दें। बाकी दोनों पत्ते मन्दिर में ही रखें। अगर और पत्ते हों तो वन्दनवार बनाकर मुख्यद्वार पर लगा दें। इसके प्रभाव से आश्चर्यजनक चमत्कार होगा। निवास स्थान के मुख्यद्वार के अन्दर माँ लक्ष्मी जी की तस्वीर जिसमें माँ के पीछे हाथी स्वर्ण वर्षा कर रहे हो स्थापित करें।

४. सात शुक्रवार पत्नी के हाथ से सात सुहागिनों को सुहाग सामग्री(सिन्दूर नेलपालिश सहित) उपहार में दिलायें इसमें इत्र व अगरबत्ती भी होनी चाहिए। आर्थिक मानसिक परेशानी अवश्य दूर होगी।

५. इक्कीस शुक्रवार निरन्तर सन्ध्याकाल पर माँ दुर्गा को ५ चन्दन अगरबत्ती अर्पित कर व सफेद मिष्ठान्न चढ़ाकर दुर्गा सप्त श्लोकी के दूसरे श्लोक का एक माला का जप स्फटिक की माला से करें।

६. सात शुक्रवार प्रात: स्नान करें, सफेद कढ़ाई वाले वस्त्र पहनकर साबूदाने की खीर बनायें। खीर में मिश्री व केसर के साथ २१ हरी इलायची डालें। खीर को प्रथम लक्ष्मीनारायण मन्दिर में अर्पित करें, फिर थोड़ी गाय को खिलायें शेष बची खीर कन्याओं में या गरीबों में बांटें।

८. सोमवार या बुधवार के दिन १०८ आटे की गोलियाँ बनायें और उनमें रामनाम लिखकर छोटी पर्ची डालें, इसके पश्चात् उन गोलियों पर कड़वे तेल का हल्का सा हाथ लगाकर मछलियों को खिलाने पर सोया भाग्य जग जाता है।

९. रविवार के दिन लाल बैल अथवा लाल गाय को गेंहू गुड के साथ मिलकार खिलायें।

१०. किसी भी पेड़ पर नियमित जल अर्पित करें व शनिवार मीठा जल पीपल पर चढ़ायें।

११. सात रविवार नारियल पर स्वयं की लम्बाई जितना कलावा बांधकर चलते पानी में प्रवाहित करें।

१२. चालीस दिन तक लगातार सुबह उठते ही प्रथम धरती को स्पर्श करें फिर दोनों हाथ ऊपर उठाकर आकाश से मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना करें, बैड के पास अपनी चप्पल न उतारें।

१३. रसोई में ४० दिन तक एक समय भोजन करें। प्रात: उठते ही घर की छोटी कन्या या बूढ़ी माँ, गुरु या अपने इष्ट को नमन करें।

उपरोक्त प्रयोग से न केवल भाग्य बदलनने में मदद मिलेगी अपितु जीवन खुशियों से भर उठेगा।

सन्तान बन्धन दोष दूर करने हेतु उपाय

११ बुधवार व ११ शनिवार लगातार उपाय करें। पहले ११ बुधवार करें, उसके पश्चात् ११ शनिवार करें। उपाय का समय बुधवार व शनिवार सायंकाल का ही हो। विशेष केवल प्रथम बुधवार व प्रथम शनिवार को ६ मीटर काला व ६ मीटर नीला वस्त्र लेना है फिर हर बुधवार व शनिवार सवा-सवा मीटर कपड़ा लेना है। उपाय शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार व शनिवार प्रारम्भ करें।

प्रयोग विधि- काले वस्त्र पर नीला वस्त्र रखें, उसमें ८०० ग्राम साबुत मूंग, ८०० ग्राम लाल मसूर, ५०० ग्राम चना, पान, ८०० ग्राम कच्चा कोयला, ६ कील बड़ी टोपी वाली जिनके ऊपर सफेद चूना लगाना है। सारी सामग्री की पोटली बनाकर पहले पति पत्नी के ऊपर ७ बार उतारे, फिर पत्नी पति के ऊपर से ७ बार उतार कर चलते पानी में प्रवाहित करें।

सन्तान की आयु वृद्धि हेतु उपाय

वंशदोष हो या सन्तान न बचती हो तो बच्चे के जन्म होने वाले दिन पीपल के वृक्ष के नीचे सवा किलो गुड़ व सवा किलो शककर गढ्ढा खोदकर दबा कर बच्चे की दीर्घायु की कामना करें। फिर बच्चा होने पर ७ दिन तक मिठाई न बांटें।

होली में किए जाने वाले उपाय

आर्थिक समृद्धि हेतु

होली दहन की शाम को मुख्यद्वार पर दो मुखी आटे का दीपक बनायें। गुलाल छिडककर ऊपर दीपक रखकर जलायें और अपनी समृद्धि की प्रार्थना करें। दीपक ठंडा होने पर अगले दिन होलिका जलने के स्थान पर रखें और पीछे मुडकर नहीं देखें।

कार्य बाधा निवृत्ति हेतु

११ कौडियाँ घर के बाहर रखकर उस पर होली की राख डाल दें। प्रार्थना करें फिर कौडियों को निकाल कर अलग कपड़े में बांधे और राख को अलग सफेद कपड़े में बांधकर पहले कौडियों को उसके उपरान्त राख को बहते जल में प्रवाहित करें।

होली की रात्रि में गोबर का दीपक बनायें, दहलीज के मध्य में दीपक पर काले तिल, गुड़, सरसों का तेल से जलायें। घर के बाहर ८०० ग्राम साबुत उड़द गिरायें। दरवाजा बन्द कर दें। सुबह दीपक होलिका जलने के स्थान पर रख दें। झाड़ू से दाल इकट्ठी कर पीपल पर छोड़ आयें या जल में प्रवाहित करें।

बीमारी दूर करने के लिए

चार गोमती चक्र अपने दाएं हाथ की मुट्ठी में पकड़कर अपनी अपनी बीमारी के बारे में बोलें, होलिका की ग्यारह परिक्रमा करें, १ जोड़ा लोंग, २ पान के पत्ते, थोड़ी सी मिश्री होलिका में अर्पित करें। गोमती चक्र पीड़ित व्यक्ति के बैड के पाये में चांदी का फ्रेम कराकर बांध दें। अगले दिन स्नान के पानी में होलिका की कुछ राख में चमेली का तेल मिलाकर नहाना है।

धन प्राप्ति हेतु

ग्यारह गोमती चक्र हाथ में लेकर धन वापिसी की कामना लेकर होलिका की ग्यारह परिक्रमा करें, प्रत्येक परिक्रमा में धन वापिसी की प्रार्थना करें, फिर किसी वीरान जगह में सफेद कागज पर उस व्यक्ति का नाम लिखें जिससे धन वापिस प्राप्त करना चाहते हो। उसी कागज में ग्यारह गोमतीचक्र रखकर एक हाथ गहरे गड्ढे में दबा दें।

आ. मेघा शर्मा ज्योतिष भूषण एवं पं. एच. सी. शर्मा
N-562, सैक्टर 23, संजय नगर, गाजियाबाद उप्र.
मो. नं. 9810562705, 7289090688

श्री शिवाज्ञा द्विघटिका मुहूर्त्ता: यात्रादि मंगल कार्य सुशोभन चक्रमिदम्

श्री राजधानी पंचांगम्

माघ, फाल्गुन, चैत्र, वैशाख, श्रावण और भाद्रपद

रवि	दिन	माहेन्द्र २, अमृत ८, वक्र १०, शून्य ८, अमृत २
	रात्रि	शू.२, मा.२, शू.२, अ.४, शू.२, व.६, शू.६,मा.२,अ.४
चन्द्र	दिन	माहेन्द्र ४, वक्र ८, अमृत ६, वक्र ६, अमृत ४, शून्य २
	रात्रि	व.४, मा.४, अ.२, व.८, अ.४, शू.४, व.२, शू.२
मंगल	दिन	अमृत६, शून्य२, वक्र२, अमृत६, शून्य८, अमृत४,शू.२
	रात्रि	व.४, मा.४, अ.२, व.६, अ.४, शू.२, व.२,मा.२,अ.४
बुध	दिन	वक्र ४, अ.४, व.६, अ.४, शू.२, व.४, मा.२, अ.४
	रात्रि	शून्य२, अमृत६, माहेन्द्र४, वक्र ४, शून्य ४, अमृत १०
गुरु	दिन	अमृत ६, शून्य २, वक्र ४, अमृत ६, वक्र ८, अमृत ४
	रात्रि	व.४, मा.४, अ.२, व.८, अ.४, शू.४, अ.४
शुक्र	दिन	शून्य २, अमृत १६, वक्र ८, अमृत २, शून्य २
	रात्रि	व.४, शू.२, अ.६, व.६, मा.६, शू.२, अ.४
शनि	दिन	शू.४, व.२, शू.२, अ.८, शू.२, व.२, शू.४, अ.४,शू.२
	रात्रि	वक्र६, अमृत६, वक्र४, शून्य४, अमृत४, शून्य२, अमृत४

ज्येष्ठ और आषाढ़

रवि	दिन	अमृत ६, वक्र ८, अमृत ८, शून्य २, माहेन्द्र २, शून्य ४
	रात्रि	शून्य २, अमृत ८, वक्र ६, अमृत ६, वक्र ४, माहेन्द्र ४
चन्द्र	दिन	अमृत ४, वक्र ४, अमृत ६, वक्र १६
	रात्रि	वक्र ६, अमृत ८, वक्र ८, माहेन्द्र २, वक्र ६
मंगल	दिन	शून्य४, वक्र६, अमृत४, शून्य४, वक्र६, शून्य२, अमृत४
	रात्रि	शून्य २, अमृत ८, वक्र ६, अमृत ६, वक्र ६, माहेन्द्र २
बुध	दिन	शून्य२, मा.४, अ.४, वक्र६, शू.२, वक्र४, अमृत६, शू.२
	रात्रि	वक्र ४, अमृत ४, वक्र ८, अमृत ६, शून्य ८
गुरु	दिन	अमृत४, वक्र६, अमृत४, शून्य४, वक्र६, शून्य२, अमृत४
	रात्रि	वक्र ८, अमृत६, वक्र ६, अमृत ६, वक्र ४
शुक्र	दिन	अमृत२, वक्र२, अमृत६, वक्र६, अमृत८, शून्य२, वक्र४
	रात्रि	वक्र४, अमृत४, शून्य४, अमृत२, वक्र४, अमृत४, शून्य८
शनि	दिन	माहेन्द्र २, शून्य ६, अमृत ८, वक्र १०, शून्य ४
	रात्रि	शू.२, व.४, मा.२, अ.४, शू.१०, अ.२,व.२, शू.२, अ.२

आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष और पौष

रवि	दिन	शून्य४, अमृत६, वक्र६, अमृत६, वक्र४, अमृत२, शून्य२
	रात्रि	शून्य ४, अमृत ४, वक्र ६, अमृत ६, शून्य ४, वक्र ६
चन्द्र	दिन	अमृत ८, माहेन्द्र ४, शून्य ६, अमृत ६, माहेन्द्र ६
	रात्रि	वक्र ६, अमृत ८, वक्र ६, अमृत ४, शून्य २, वक्र ४
मंगल	दिन	अमृत४, वक्र६, अमृत२, शून्य४, माहेन्द्र६, शून्य६, वक्र२
	रात्रि	वक्र ६, अमृत ८, वक्र ६, अमृत ४, शून्य २, वक्र ४
बुध	दिन	शून्य २, माहेन्द्र ४, अमृत ८, वक्र ६, शून्य ८, वक्र २
	रात्रि	अमृत १०, शून्य २, वक्र ८, अमृत ६, शून्य २, वक्र २
गुरु	दिन	अ.२, शू.४, व.६, अ.४, शू.२, व.४, अ.६, मा.२
	रात्रि	शून्य४, वक्र४, माहेन्द्र२, अमृत६, वक्र६, शून्य२, वक्र६
शुक्र	दिन	वक्र८, अमृत४, शून्य२, अमृत२, वक्र४, अमृत६, माहेन्द्र४
	रात्रि	वक्र४, शून्य२, अमृत६, शून्य६, माहेन्द्र२, शून्य२, वक्र८
शनि	दिन	शू.४, अ.४, शू.४, अ.८, शू.२, व.४, शू.२, मा.२
	रात्रि	शून्य२, वक्र४, अमृत६, वक्र४, अमृत६, वक्र४, अमृत४

न तिथिर्न च नक्षत्रं योगं करणम तथा। शिवस्याज्ञां समादाय देवकार्यं विचिन्तयेत्॥ माहेन्द्रममृतं वक्र शून्यं क्षण चतुष्टयम्। क्रियते मिहिरेणेदं यात्रोद्वाहादि मंगले॥ माहेन्द्रे विजयो नित्यममृते कार्यशोभनम्। वक्रे गतिविलम्ब:स्याच्छून्ये च मरणंभयम्॥ के अनुसार देश के विभिन्न भागों में ज्योतिर्विद पण्डितजन मुहूर्त्त सुनिश्चित किया करते हैं। शिव आज्ञा दुघड़िया मुहूर्त्त के संदर्भ में रात्रि तथा दिन का मान ३०-३० घटी का लिखा गया है। सूक्ष्मता की जिज्ञासा हो तो दिनमान अथवा रात्रिमान की घटा-बढ़ी ततुल्य अनुपात से कम बढ़ती स्वयं कर सकते हैं। माहेन्द्र मुहूर्त्त का (घडीकाल) शुभफलदायक होता है। ऐसे ही अमृत श्रेष्ठ, वक्र कष्टसाध्य, शून्य अशुभ माना गया है। यात्रा अथवा अन्यान्य मांगलिक कार्य सुसम्पादन हेतु समय निर्धारण कर लाभ के भागीदार बन सकते हैं। **'मुहूर्त्तो घटिकाद्वियम'** प्रत्येक मुहूर्त्त २ घटी बराबर ४८ मिनट का होता है। श्रीमिहिराचार्य-जी ने १२-१२ घंटे का समय अहोरात्र के दो भागों में मान रखा है। दुघड़िया मुहूर्त्त का पूर्वी उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखण्ड, बिहार, राजस्थान तथा गुजरात में व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है। मिथिलांचल के राजा जनकजी की यात्रा का वर्णन श्री रामचरितमानस में इस प्रकार किया है- **दुघरी साधि चले तत्काला। किए विश्रामु न मग महिपाला॥**

राशिफल गोचर ग्रहानुसार सं. 2077 (अप्रैल 2020 से मार्च 2021 ई. तक)

मेष चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,

अप्रैल- मास कुछ विशेषताएं लिए आ रहा है। सहयोग से अधूरा काम बनेगा। परिवार में जिम्मेदारी बढ़ेगी। स्थान परिवर्तन सुखद रहेगा। **मई-** में नया कुछ काम बनेगा। बढ़ते जनसम्पर्क का फायदा मिलेगा। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। मंगलोत्सव में जाने का निमन्त्रण मिलेगा। ग्रहशांति फायदेमंद रहेगी। **जून-** ग्रहचाल का प्रभाव मध्यम रहेगा। अपने कर्त्तव्य का सही ढंग से पालन करें। वाणी पर नियन्त्रण बनाये रखें। प्यार-प्रीति का चक्कर चलेगा। **जुलाई-** बढ़ती जिम्मेदारियों को संभालने में आप सक्षम होंगे। मर्यादा रहित व्यवहार से बचे रहें। मेहनत के चलते लाभ होगा। आगम प्राप्ति का नया मार्ग खुल सकता है। **अगस्त-** सूझ-बूझ परित्वेन लाभ का नया रास्ता खुलेगा। देश-विदेश से शुभाशुभ समाचार मिलेगा। गृहस्थी में हास्यरस आमोद-प्रमोद बढ़ेगा। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। **सितम्बर-** अधूरा काम पूरा हो जायेगा। नये मित्रों से फायदा होगा। राज-समाज में जनसम्पर्क बढ़ेगा। लम्बी यात्रा, घर गृहस्थी का विचार बनेगा। **अक्टूबर-** में इच्छित वस्तु खरीदी जायेगी। साझे काम की रूपरेखा बनेगी। अनावश्यक दौड़-धूप से बचे रहें। उच्चाधिकारी की हाँ में हाँ मिलाते रहें। **नवम्बर-** रचनात्मक काम, साहित्य-संगीत में मन रमेगा। मंगलोत्सव मिलन हर्षोल्लास। जमा-खर्च का सन्तुलन बना रहेगा। भूमि, वाहनादि का लेन-देन होगा। **दिसम्बर-** मास कुछ विशेषताएं लिये आ रहा है। मेहनत के चलते भाग्य का सितारा बुलन्द होगा। शनि का उपाय करें। कोई तुम्हें नाहक परेशान करने का प्रयास करेगा। **जनवरी-** आवश्यक वस्तु की खरीद-फरोख्त होगी। पदोन्नति की खबर मन खुश करेगी। गृहस्थी में कटुता-वादिता के बाद सरसता बनेगी। बच्चे प्रसन्न रहेंगे। **फरवरी-** स्वयं की सूझ-बूझ से काम लें, समस्याओं का समाधान मिलेगा। राजनैतिक लाभ का सुयोग है। शौक-मौज की वस्तु खरीदी जायेगी। शुभाशुभ समाचार मिलेगा। **मार्च-** अकर्मण्यता अदृश्य फलों में बाधक जानें। कानूनी विवाद नया मोड़ ले सकता है। योजना पूर्ति में किसी का सहयोग अपेक्षित रहेगा।

वृष इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वु, वे, वो,

अप्रैल- नये काम का सुयोग है। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। घर गृहस्थी में चहल-पहल बढ़ेगी। कानूनी विवाद नया मोड़ लेगा। मर्यादा रहित व्यवहार से बचें। **मई-** प्रतिस्पर्धाओं में चित्ताकर्षण होगा। प्रतियोगिता में नम्बर मिलेगा। लम्बी यात्रा का विचार बनेगा। धार्मिक काम का लाभ होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। **जून-** मास कुछ विशेषताएं लिए आ रहा है। मेहनत के चलते सितारा बुलन्द होगा। रुका हुआ धन आयेगा। अधूरा काम पूरा हो जायेगा। महिलायें इच्छित वस्तु प्राप्त करेंगी। **जुलाई-** असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। इच्छित सामान की खरीद-फरोख्त अच्छी रहेगी। पड़ौसी से आनन्दानुभूति का अनुभव होगा। **अगस्त-** गोचर की अनुकूलता से मन प्रसन्न रहेगा। धार्मिक काम की इच्छा बलवन्ती होगी। मंगलोत्सव की सूचना मिलेगी। मर्यादा रहित व्यवहार से बचे रहें। **सितम्बर-** घर गृहस्थी का विचार पूरा हो जायेगा। देश-देशान्तर से सामाचार आयेगा। साथी उलझन पैदा कर सकता है। अधिकारी की घनिष्ठा से बचे रहें। **अक्टूबर-** साझे कारोबार की रूपरेखा बनेगी। बढ़ते उत्तरदायित्व को संभालने में आप सक्षम होंगे। बच्चों की साहित्य, संगीत, पढ़ाई-लिखाई में रुचि बढ़ेगी। **नवम्बर-** मनोरथ सिद्धि होगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। कानूनी विवाद को मध्यस्थता से सुलझाने की कोशिश करें। नये काम में सावधानी बरतें। **दिसम्बर-** मास कुछ विशेषताएं लिए आ रहा है। साहित्य-संगीत में मन रमा रहेगा। इच्छित सामान खरीदा जायेगा। देश-विदेश से समाचार आयेगा। **जनवरी-** श्रीवृद्धि सौख्य-समृद्धि के लिये अच्छा रहेगा। महत्वपूर्ण योजना अधूरी रह सकती है। स्थान परिवर्तन सुखद नहीं। आश्वासन अधूरे, भाग्य की विडम्बना जानें। **फरवरी-** रोजमर्रा के कामों में वृद्धि होगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। सुख-सुविधा की वस्तु मिलेगी। श्रीवृद्धि से पड़ौसी को ईर्ष्या होगी। कानूनी विवाद से बचें। **मार्च-** प्रतिस्पर्धाओं में मन उलझा रहेगा। अचानक लाभ प्राप्त होगा। मंदिर में दर्शन लाभ होगा। उन्नतिप्रद समाचार से मन खुश होगा। पढ़ाई में मन लगेगा।

मिथुन क, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, हा,

अप्रैल- रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें, आश्चर्यजनक लाभ होगा। दूर-समीप की यात्रा का विचार बनेगा। देवपूजन का लाभ मिलेगा। **मई-** कार्यारम्भ कीजिए, सफलता मिलेगी। बनते-बिगड़ते परिवेशं में नये आयाम मिलेंगे। वाहनादि का सुख मिलेगा। परस्पर अन्तर्विरोध से बचे रहें। **जून-** व्यर्थ के झगड़े-झमेले से बचे रहें। विकास को बल मिलेगा। आगम प्राप्ति का नया रास्ता खुलेगा। राज-समाज में मान सम्मान बढ़ेगा। **जुलाई-** समय का सही उपयोग करने वाले लाभ के भागीदार बनेंगे। राजनीति के क्षेत्र में सितारा बुलन्द होगा। जमीन-जायदाद, वाहनादि का सुख मिलेगा। **अगस्त-** साझे काम में पूंजी का निवेश कम करें। स्थान परिवर्तन से बचे रहें। अधिकारी की हाँ में हाँ मिलाते रहें। आशातीत लाभ का संयोग बनेगा। **सितम्बर-** गोचर का प्रभाव मध्यम रहेगा। साझे में पूंजी का निवेश न करें। बढ़ते जन सम्पर्क का फायदा उठायें। घर गृहस्थी में सरसता बनाये रखें। **अक्टूबर-** जमा-खर्च का सन्तुलन बना रहेगा। इच्छित भूमि वाहनादि का लेन-देन हित में रहेगा। गृहस्थी में नई खुशी सम्भव है। **नवम्बर-** रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। नई जिम्मेदारियों को संभालें। आलस्य प्रमाद से बचे रहें। प्रतियोगिता परिणाम उत्तम निकलेगा। देवताओं को खीर अर्पण से लाभ। **दिसम्बर-** इष्ट मित्र समागम होगा। अचानक लाभालाभ होने का संयोग बना है। बढ़ती उच्चाकांक्षाओं से क्षोभ होगा। मेहनत के चलते सितारा बुलन्द होगा। आगम प्राप्ति का नया रास्ता खुलेगा। **जनवरी-** नित्यानन्द का अनुभव होगा। नये काम का नेतृत्व करना पड़ेगा। परस्पर नोंक-झोंक के योग बन रहे हैं। वाणी पर नियन्त्रण बनाये रखें। दाम्पत्य सुख मिलेगा। **फरवरी-** मास कुछ विशेषताएं लिए आ रहा है। मेहनत के चलते सितारा बुलन्द होगा। नये सम्बन्धों का फायदा मिलेगा। शुभ समाचार आयेगा। कानूनी विवाद सुलझ जायेगा। **मार्च-** की ग्रहचाल भाग्य विकास में सहायक है। मित्र सहयोग से योजना पूरी होगी। परिवार में चहल-पहल बढ़ेगी। शत्रु षडयन्त्र से बचे रहें।

कर्क — ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,

अप्रैल- बढ़ती जिम्मेदारियों को संभालना होगा। असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। सुखोपभोग की वस्तु खरीदी जायेगी। यात्रा छोटी, मगर लाभप्रद रहेगी। **मई-** भाग्यानुकूल विकास को बल मिलेगा। नये सम्पर्क में सावधानी बरतें। पुराने रोग-ऋणादि से छुटकारा होगा। इष्ट मित्र समागम। खरीद-फरोख्त की इच्छा बलवन्ती होगी। **जून-** नित्यानन्द का अनुभव होगा। मेहनत के चलते सितारा बुलन्द होगा। समय को ध्यान में रखते हुए काम करें। दोस्तों के साथ यात्रा का अवसर मिलेगा। **जुलाई-** असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। योजना पूर्ति में मदद मिलेगी। प्रतियोगिता में विजय होगी। स्थानान्तरण सुखद नहीं। मंदिर में दान ग्रहदशा सुधारेगा। **अगस्त-** कुछ समय उलझनपूर्ण रहेगा। सोचा हुआ काम बनेगा। अन्तर्मन के क्षोभ से बचें। वाहनादि का सुख मिलेगा। साहित्य संगीत में रुचि बढ़ेगी। यात्रा लाभप्रद रहेगी। **सितम्बर-** राज समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। पुराने रोग ऋणादि से छुटकारा मिल जायेगा। श्रीवृद्धि से पड़ौसी नाखुश रहेगा। **अक्टूबर-** पुराने परिचित से मिलन, धन लाभ सम्भव है। उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। पदोन्नति का समाचार मन खुश करेगा। लम्बी यात्रा का विचार बनेगा। **नवम्बर-** समय का सही उपयोग करें। वाणी पर नियन्त्रण बनाये रखें। कारोबार में आश्चर्यजनक लाभ होगा। भौतिक सुख का सामान खरीदा जायेगा। **दिसम्बर-** बढ़ते उत्तरदायित्व को संभालें। असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। विकास को नई दिशा मिलेगी। दाम्पत्य सुख मिलेगा। खरीद-फरोख्त की इच्छाशक्ति बढ़ेगी। **जनवरी-** कुछ विशेषतायें लिये आ रहा है। रुका हुआ धन मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ होगा। मेहनत के चलते सितारा बुलन्द होगा। उपयोगी वस्तु खरीदी जायेगी। **फरवरी-** यह महीना हंसी खुशी से बीतेगा। चल-अचल सम्पत्ति से लाभ होगा। समयोचित काम करने पर सितारा चमकेगा। कानूनी विवाद नया मोड़ लेगा। **मार्च-** राजनीतिक जोड़-तोड़ में सफल होंगे। प्रियजन वियोग से क्षोभ सम्भव है। कानूनी विवाद और व्यवसायिक उलझन सुलझ जायेगी। सुखद समाचार मिलेगा।

सिंह — मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,

अप्रैल- मित्र मिलन, मांगलिक अवसर पर सुख का अनुभव होगा। असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। शत्रु षड्यन्त्र में व्यस्त रहेगा। कानूनी विवाद में विजय होगी। **मई-** समय आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। भाग्य के भरोसे न रहें। अपने बल-पौरुष द्वारा परिस्थितियों पर काबू पाने का प्रयास करें। नये सम्पर्क का लाभ होगा। **जून-** मास आपके लिए अति उत्तम है। रुका हुआ धन मिलेगा। योजना किसी के सहयोग से पूर्ण होगी। शत्रुओं को आप मात देने में सक्षम होंगे। **जुलाई-** ग्रहानुसार व्यवसायिक क्षेत्र में पर्याप्त वृद्धि होगी। नये विचारों का उदय होगा। व्यर्थ भ्रमण से बचे रहें। साहित्य, संगीत एवं ललित कलाओं में रुचि बनेगी। **अगस्त-** मास का पूर्वार्ध उत्तम नहीं है। मेहनत के चलते सफलता मिलेगी। चौराग्नि भय व्याप्त रहेगा। उत्तरार्ध में आर्थिक लाभ का सुयोग है। समयोचित आहार व्यवहार का ध्यान रखें। **सितम्बर-** ग्रहस्थिति मनोत्साह में वृद्धिकारक है। अचानक लाभालाभ, हर्ष विषाद। कानूनी-मानसिक परेशानी सम्भव है। प्रतियोगिता परिणाम उत्तम निकलेगा। **अक्टूबर-** पड़ौसियों से सम्बन्धों में सुधार होगा। आशा पर निराशा के योग हावी हो सकते हैं। भजन से मानसिक शान्ति मिलेगी। अचानक लाभ की खुशी होगी। **नवम्बर-** गृहस्थ सुख का अनुभव होगा। राज समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्योन्नति के साथ धन-यश का लाभ भी होगा। पूर्व निर्धारित योजना के परिणाम मिलेंगे। **दिसम्बर-** घूमने की इच्छा बलवन्ती होगी। राजकीय उलझनों से बचें। मंगलोत्सव मिलन, हर्षोल्लास होगा। विरोधियों के कुचक्र से बचें। स्वास्थ्य नरम चलेगा। **जनवरी-** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। चालू कार्यों में रुकावटें आयेंगी। दूर समीप की यात्रा सम्भव है। व्यर्थ भ्रमण विवाद से बचे रहें। प्रतिकूल समाचार से क्षोभ होगा। **फरवरी-** व्यवसायिक क्षेत्र में रद्दोबदल के योग बन रहे हैं। हर्षोल्लास में समय व्यतीत होगा। बिगड़े काम बनने की पूर्ण आशा है। मिले-जुले फल मिलेंगे। **मार्च-** मामूली विवाद को अनावश्यक तूल न दें। व्यवसाय में सोच विचार से काम लें। शिक्षा तथा व्यवसाय के क्षेत्र में व्यय होगा। अनजान व्यक्ति से दोस्ती आपके हित में नहीं रहेगी।

कन्या — टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो,

अप्रैल- बनते बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे। नित्यानन्द का अनुभव होगा। गृहस्थी में सरसता बढ़ेगी। यात्रा छोटी, किन्तु मनोरंजक रहेगी। **मई-** मेहनत के चलते सितारा बुलन्द होगा। इच्छित वस्तु का सुख मिलेगा। दिनचर्या अव्यवस्थित न होने दें। कानूनी विवाद नया मोड़ ले सकता है। **जून-** में बढ़ते उत्तरदायित्व को संभालें। संभव हो तो लम्बी यात्रा टाल दें। साझे काम में लाभ होगा। व्यर्थ विवाद से बचे रहें। सेहत पर मौसम का असर पड़ेगा। **जुलाई-** नौकरी की कठिनाई हल होगी। घर गृहस्थी का विचार पूरा हो जायेगा। परदेश से सुखद समाचार आयेगा। राजकीय आश्वासन अधूरे, भाग्य की विडम्बना जानें। **अगस्त-** सौख्य-समृद्धि, श्रीवृद्धि से साथियों को परेशानी होगी। सम्भव हो तो लम्बी यात्रा को टाल कर दें। स्वास्थ्य सम्बन्धी नियमों का पालन करें। **सितम्बर-** यह मास ग्रहचाल के प्रभाव से लाभदायक रहेगा। बनते-बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे। दीर्घकालीन विवाद सुलझ जायेगा। लम्बी यात्रा सम्भव है। **अक्टूबर-** मास विशेषतायें लिए आ रहा है। अचानक लाभ होगा। बढ़ते उत्तरदायित्व को संभालें। देवदर्शन पुण्यार्जन का लाभ मिलेगा। लम्बी योजना में धन खर्च होगा। **नवम्बर-** लाभ-खर्च समान रहेगा। उन्नतिप्रद समाचार मिलेगा। दीर्घकालीन विवाद सुलझेगा। गृहस्थी की समस्या सुलझ जायेगी। साझे क़ारोबार में सावधानी बरतें। **दिसम्बर-** कर्मोद्योग में शैथिल्यता नुकसानदायक है। नये अवसर को भुनायें। वाणी पर नियन्त्रण बनाये रखें। आशातीत लाभ का संयोग बनेगा। सुखद समाचार मिलेगा। **जनवरी-** चालू कामों में सजग रहें। आगम प्राप्ति का नया रास्ता खुलेगा। राजनीतिक सम्पर्क से फायदा मिलेगा। पड़ौसी, उच्चाधिकारी गतिरोध पैदा करेगा। मर्यादारहित व्यवहार छोडें। **फरवरी-** अधूरा पड़ा काम पूरा हो जायेगा। धन प्राप्ति का नया रास्ता खुलेगा। दोस्त के साथ यात्रा का समय मिलेगा। मंगलोत्सव मिलन हर्षोल्लास। **मार्च-** मित्रों से आर्थिक मदद मिलेगी। अनपेक्षित आवागमन से क्षोभ होगा। इच्छित भूमि वाहनादि का लेन-देन होगा। घर परिवार में मंगलोत्सव, हास्यरस बढ़ेगा।

तुला — रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते,

अप्रैल- व्यर्थ की भागदौड़ से बचें। मित्र मदद करेंगे। कानूनी विवाद का सामना करना पड़ेगा। असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। गृहस्थी में सरसता बढ़ेगी। **मई-** कारोबार में सहयोग मिलेगा। भूमि वाहन की खरीद-फरोख्त होगी। परिवार में खुशियाँ व्यापेंगी। नये मेहमान की खुशी होगी। स्वास्थ्य की परेशानी हो सकती है। **जून-** मास उन्नतिप्रद रहेगा। नये सम्पर्क से लाभ मिलेगा। पारिवारिक समस्या सुलझेगी। व्यर्थ कानूनी उलझन से बचें। शत्रु षड्यन्त्र से बचें। **जुलाई-** जमा-पूंजी में बढ़ोत्तरी होगी। शत्रु षड्यन्त्र में संलग्न रहेगा। घर-परिवार में कोई नई खुशी मिलेगी। बच्चों का मन खेलकूद में लगा रहेगा। **अगस्त-** मेहनत के चलते सेहत का ख्याल रखें। अपेक्षित लाभ संदिग्ध रहेगा। तबादला लाभदायक रहेगा। विरोधी षड्यन्त्र रच सकता है। प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। **सितम्बर-** मास फायदेमन्द रहेगा। नई योजना हाथ में आयेगी। सरकार द्वारा लाभ के योग हैं। धार्मिक कार्यों का सुअवसर मिलेगा। यात्रा छोटी व लाभप्रद रहेगी। **अक्टूबर-** अचानक लाभालाभ के योग बन रहे हैं। सूझबूझ से काम लें। बैंक बैलेन्स बढ़ेगा। उपयोगी वस्तु खरीदी जायेगी। समाजमें मान-सम्मान भी बढ़ेगा। **नवम्बर-** तरक्की के अवसर मिलेंगे। व्यापारी नया काम शुरु कर सकते हैं। आर्थिक मदद मिलेगी। बच्चों को खेलकूद एवं महिलाओं को भ्रमण का अवसर मिलेगा। **दिसम्बर-** साहित्य-संगीत के प्रति रुचि जागृत होगी। नई जिम्मेदारियाँ उठाने में आप सक्षम होंगे। मदद की आशा न करें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। **जनवरी-** आश्वासन अधूरे, भाग्य की विडम्बना जानें। स्थानान्तरण लाभप्रद हो सकता है। कानूनी पचड़ों में उलझ सकते हैं। परिवार में खुशियाँ मिलेंगी। सुख के साधन प्राप्त होंगे। **फरवरी-** व्यवसाय में रुकावट आ सकती है। मित्र सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा वर्ग खुश रहेगा। व्यक्तिगत समस्याएं सुलझेंगी। सपरिवार कहीं घूमने-फिरने का अवसर मिलेगा। **मार्च-** कोई नया काम बनेगा। पदोन्नति का अवसर मिलेगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पक्षियों को चुग्गा डालें।

वृश्चिक — तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू,

अप्रैल- मास ग्रहचाल के अनुसार से अच्छा रहेगा। भाग्य विकास का संयोग बनेगा। कानूनी विवाद सुलझेगा। देश-विदेश से सुखद समाचार आयेगा। **मई-** मास नयापन लिए आ रहा है। अधूरे काम को पूरा करने में सहयोग मिलेगा। घर-गृहस्थी में हास्यरस बढ़ेगा। मित्र सहयोग से नया रास्ता खुलेगा। **जून-** जमीन-जायदाद, वाहन, पशु-पक्षी का लेन-देन फायदे में रहेगा। रुका हुआ धन मिलेगा, मगर देर से। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। **जुलाई-** आगम प्राप्ति का नया रास्ता खुलेगा। नौकरी पेशा लोगों को विशेष लाभ होगा। कानूनी विवाद नया मोड़ लेगा। उच्च अधिकारी से सावधान रहें। **अगस्त-** बनते-बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे। बच्चे नित्यानन्द का अनुभव करेंगे। प्रतियोगिता में जीत होगी। गृहस्थी का सुख मिलेगा। अन्तर्विरोध से बचे रहें। **सितम्बर-** में नया कुछ करने को मिलेगा। साझे कारोबार का विचार बनेगा। तबादले की प्रक्रिया हो सकती है। मेहमान से खर्च की वृद्धि होगी। यात्रा छोटी मगर लाभप्रद रहेगी। **अक्टूबर-** रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। असफलता के मध्य सफलता मिलेगी। दाम्पत्य सुखोपभोग के साधन सुलभ होंगे। आलस्य प्रमाद अवन्नति का कारक है। **नवम्बर-** घर-गृहस्थी, दफ्तर आदि में उत्तरदायित्व बढ़ेगा। राज समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। उच्चाकांक्षाओं पर नियन्त्रण रखें। पड़ौसी के कुचक्र से सावधान रहें। **दिसम्बर-** में नित्यानन्द का अनुभव होगा। साझे कारोबार में नफा मिलेगा। बढ़ती उच्चाकांक्षाओं पर काबू पाना मुश्किल होगा। अनजान से दोस्ती का हाथ न मिलायें। साहित्य-संगीत में रुझान होगा। **जनवरी-** कार्यारम्भ कीजिए, भाग्य आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। खरीद-फरोख्त के धन्धे में मुनाफा होगा। कानूनी विवाद ले-देकर सुलझ जायेगा। **फरवरी-** अतीत के संदर्भ में अनुसंधान का लाभ होगा। आमदनी का नया रास्ता खुलेगा। आमोद-प्रमोद में समय बीतेगा। घर-गृहस्थी का विचार पूरा होगा। **मार्च-** श्रम संघर्ष अधिक, लाभ कम मिलेगा। शत्रुजनित षड्यन्त्र लोकोपवाद से बचे रहें। उन्नतिप्रद समाचारसे खुशी होगी। राज समाज में रुतबा बढ़ेगा।

धनु — ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढ़ा, भे,

अप्रैल- तरक्की से मन प्रसन्न होगा। परस्पर मनोमालिन्य सम्भव है। पुरानी निराशा समाप्त होकर नया प्रगतिपथ मिलेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। **मई-** शारीरिक व व्यापारिक परेशानियाँ बढ़ सकती हैं। कठिन परीक्षा का समय है। देश-विदेश से समाचार मिलेगा। स्थान परिवर्तन, विरोधियों पर विजय मिलेगी। **जून-** विदेश यात्रा का सुयोग है। कार्यपूर्ति में सहयोग मिलेगा। व्यवसाय में कोई नया समझौता हो सकता है। अध्ययन में समय बीतेगा। अत्याधिक श्रम संघर्ष दौड़-धूप रहेगी। **जुलाई-** नये व्यक्ति से लाभ उठाने में आप सफल होंगे। स्थायी सम्पत्तियाँ बनेंगी। व्यापार में किसी प्रकार का जोखिम न उठायें। गाय को हरा चारा खिलायें। **अगस्त-** अधिक कार्य व्यस्तता रहेगी। अच्छे लाभ के आसार हैं। वायु-उदर विकार से मानसिक अशान्ति रहेगी। अभद्र व्यवहार न करें। बच्चों की शिक्षा में प्रगति होगी। **सितम्बर-** सामाजिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। लम्बी यात्रा से क्षोभ, पारितोषिक से खुशी मिलेगी। घर गृहस्थी का विचार पूरा होगा। कामों में कोताही न बरतें। **अक्टूबर-** गोचर ग्रहानुसार धनार्जन के साधन बढ़ेंगे। वाणी एवं क्रिया कलापों पर नियन्त्रण बनाये रखें। स्वास्थ्य कुछ प्रतिकूल चलेगा। छोटी मोटी दिक्कतों से घबरायें नहीं। **नवम्बर-** यह मास कुछ विशेषतायें लिए आ रहा है। नया व्यवसायिक सामंजस्य स्थापित होगा। उतार-चढ़ाव के दौर से गुजरना पड़ेगा। मनोत्साह में वृद्धि होगी। **दिसम्बर-** मास सुखदायक है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्य व्यवसाय में परिजनों के सहयोग से लाभ होगा। परिवारीजनों से व्यर्थ विवाद से बचे रहें। **जनवरी-** धार्मिक कृत्यों से सन्तुष्टि मिलेगी। धोखेबाजों से सावधान रहें। राज समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी से अनायास मिथ्या विवाद झगड़ा भी सम्भव है। **फरवरी-** हर्षोल्लास के साथ क्षणिक विषाद भी होगा। देवदर्शन-यात्रा का विचार बनेगा। नई योजना में सफलता मिलेगी। प्रतियोगिता में नम्बर मिलेगा। **मार्च-** जोड़-तोड़ के काम में सफल होंगे। मानसिक शान्ति मिलेगी। समस्याओं के उचित समाधान होंगे। कर्मोद्योग में तत्परता से भाग्य का सितारा चमकेगा।

मकर भो, ज, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी

अप्रैल- यह मास ग्रहानुसार मध्यम रहेगा। कारोबार में समझौता होगा। प्रतियोगिता परिणाम उत्तम, स्पर्धा से बचें। कानूनी विवाद समझौते के तहत सुलझेगा। **मई-** भौतिक विकास को बल मिलेगा। नया समझौता आपके फायदे में रहेगा। राजनीतिक सम्पर्कों से लाभ मिलेगा। मित्रों संग मटरगस्ती होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। **जून-** कार्यारम्भ कीजिए, सफलता का सुयोग है। अनपेक्षित आगन्तुकों से गृहखर्च में वृद्धि होगी। सहपरिवारियों का सहयोग मिलेगा। भौतिक सुख मिलेगा। **जुलाई-** पारिवारिक बोझ बढ़ेगा। घर गृहस्थी की समस्या सुलझेगी। नये आयाम की प्राप्ति होगी। सामाजिक एवं राजनीतिक सम्पर्कों से लाभ होगा। **अगस्त-** नई खुशी का अवसर आयेगा। व्यापार में नई योजना बनेगी। सामाजिक एवं अध्यात्मिक उन्नति होगी। दाम्पत्य सुख मिलेगा। बच्चों का परिणाम श्रेष्ठ रहेगा। **सितम्बर-** राजनीतिक सम्पर्क से लाभ होगा। विरोधियों को शिकस्त मिलेगी। सामाजिक धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। जमापूंजी में बढ़ोत्तरी होगी। बच्चों का मन खेलकूद में लगेगा। **अक्टूबर-** कार्यारम्भ कीजिए, भाग्य आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। नये सम्बन्धों में सावधानी बरतें। उपयोगी वस्तु खरीदी जायेगी। गृहस्थी का सुख मिलेगा। **नवम्बर-** विचाराधीन योजनापूर्ति में मित्रों का सहयोग मिलेगा। दूर-समीप की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। जमीन-जायदाद, वाहनादि की खरीद-फरोख्त होगी। **दिसम्बर-** पड़ौसियों द्वारा अमर्यादित व्यवहार से क्षोभ होगा। सहयोगियों के साथ मौजमस्ती का मौका मिलेगा। मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। प्यार-प्रीति का चक्कर चलेगा। **जनवरी-** ग्रहानुसार असामान्य परिस्थिति से गुजरना पड़ सकता है। इष्ट मित्रों से सहयोग की आशा व्यर्थ रहेगी। पारिवारिक सुख मिलेगा। यात्रा लम्बी व आनन्ददायक रहेगी। **फरवरी-** इस मास में अपेक्षित सफलता मिलेगी। बैंक बैलेन्स में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य में सफलता मिले। दाम्पत्य एवं पारिवारिक सुखोपभोग का अवसर मिलेगा। **मार्च-** कहीं घूमने फिरने का अवसर मिलेगा। मन आध्यात्मिक सुख पायेगा। उच्चाधिकारियों से मधुर सम्बन्ध बनेंगे। नया प्रोजेक्ट प्रारम्भ होगा।

कुम्भ गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द,

अप्रैल- घर गृहस्थी की खुशी होगी। निराशा आशा में बदल जायेगी। शुभाशुभ खबर आयेगी। इच्छित वस्तु का लाभ मिलेगा। तीव्र लाभ की जिज्ञासा प्रबल होगी। **मई-** कारोबार की नई रूपरेखा सामने आयेगी। साहित्य-संगीत में रुचि बढ़ेगी। मेहनत के चलते सेहत का ख्याल रखें। यात्रा लाभप्रद रहेगी। घर गृहस्थी की समस्या सुलझ जायेगी। **जून-** अचानक धनागमन का संयोग बनेगा। अधिकांश समय हंसी-खुशी से बीतेगा। साझे काम का विचार बनेगा। मंगलोत्सव का समाचार मिलेगा। **जुलाई-** बढ़ते जनसम्पर्क से लाभ उठाने में आप सफल होंगे। देश विदेश से शुभ समाचार मिलेगा। अपने कर्त्तव्य का पालन करें। पदोन्नति हर्षोल्लास का कारण बनेगी। **अगस्त-** आशा निराशा का योग समान है। मित्रों से मदद की अपेक्षा व्यर्थ रहेगी। बड़े अधिकारी की घनिष्ठता से बचे रहें। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। वाणी पर नियन्त्रण बनाये रखें। **सितम्बर-** मास नई खुशी लिए आ रहा है। सोची समझी योजना कारगर रहेगी। नये मेहमान के आने से खुशी होगी। यात्रा छोटी, मगर लाभप्रद रहेगी। **अक्टूबर-** दुविधाजनक परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। लाभ होगा मगर देर से। देश-देशान्तर से समाचार मिलेगा। मित्रों के साथ यात्रा पर जाना होगा। **नवम्बर-** मास कुछ विशेषतायें लिए आ रहा है। अचानक लाभ होगा। बढ़ते उत्तरदायित्व को संभालें। मौसम की प्रतिकूलता से बचे रहें। धार्मिक यात्रा, देवदर्शन का लाभ होगा। **दिसम्बर-** अनावश्यक व्यय, व्यर्थ के झमेलों से बचे रहें। बढ़ती जिम्मेदारी को संभालें। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान से लाभ होगा। रोग-ऋणादि से राहत मिलेगी। **जनवरी-** कर्त्तव्य के प्रति सचेत रहें। पदोन्नति हर्ष का कारण बनेगी। धन प्राप्ति की रूपरेखा बनेगी। गृहस्थी में कटुता-वादिता तदन्तर सरसता बढ़ेगी। **फरवरी-** दौड़धूप के चलते सेहत का ध्यान रखें। सोचीसमझी योजना करगर रहेगी। कानूनी विवाद से राहत मिलेगी। चल-अचल सम्पत्ति में इजाफा होगा। **मार्च-** मास कुछ विशेषताएं लिए आयेगा। उपयोगी वस्तु खरीदी जायेगी। नये काम बनेंगे, यशोपलब्धि का संयोग बनेगा। मेहनत से सितारा बुलन्द होगा।

मीन दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची,

अप्रैल- कार्यारम्भ कीजिए, भाग्य आपकी प्रतीक्षा कर रहा है। भूमि वाहनादि से लाभ मिलेगा। मेहमान से मन प्रसन्न रहेगा। कानूनी विवाद मध्यस्थता से सुलझेगा। **मई-** आगम प्राप्ति का नया रास्ता खुलेगा। शुभाशुभ समाचार मिलेगा। साहित्य, संगीत, पठन-पाठन से प्रेम होगा। दिनचर्या बनाए रखें। दाम्पत्य सुख मिलेगा। **जून-** उधार में गया धन मिलेगा। दीर्घकालीन विवाद सुलझ जायेगा। घर गृहस्थी के अन्तर्विरोध से बचे रहें। वाणी पर नियन्त्रण से लाभ होगा। **जुलाई-** साझे कारोबार से लाभ होगा। बच्चों का समय खेलकूद में बीतेगा। महिलाओं को मनपसन्द वस्तु मिलेगी। उच्चाधिकारी की घनिष्ठता श्रेष्ठ नहीं होगी। **अगस्त-** की ग्रहचाल परिवर्तनकारी है। कारोबार में तरक्की होगी। मित्र सहयोग से काम बन जायेगा। खरीद-फरोख्त में मुनाफा होगा। मर्यादा रहित व्यवहार से बचे रहें। **सितम्बर-** किसी के सहयोग से कारोबार में पर्याप्त उन्नति होगी। इष्ट-मित्रों के साथ यात्रा पर जाना होगा। परिवार में आगंतुकों से खुशी होगी। आत्म शक्ति का विकास होगा। **अक्टूबर-** कर्मोद्योग में शैथिल्यता अन्तर्विरोध को जन्म दे सकती है। आश्वासन अधूरे भाग्य की विडम्बना जानें। सौख्य-समृद्धि, श्रीवृद्धि का संयोग बनेगा। यात्रा का संयोग बनेगा। **नवम्बर-** बनते-बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे। मेहनत के चलते सितारा बुलन्द होगा। साझे काम का विचार बनेगा। उच्चाधिकारी नाखुश रहेगा। **दिसम्बर-** मास नई खुशियाँ लायेगा। भूमि वाहनादि लेन-देन से लाभ होगा। राज समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कानूनी विवाद सुलझेगा। गृहस्थी में सरसता बनाये रखें। **जनवरी-** मेहनत के चलते भाग्य का सितारा बुलन्द होगा। आगम प्राप्ति का नया रास्ता खुलेगा। शुभाशुभ समाचार मिलेगा। भौतिक सुखोपभोग के साधन सुलभ होंगे। **फरवरी-** बनते-बिगड़ते परिवेश में नये आयाम मिलेंगे। साहित्य संगीत में रुचि बढ़ेगी। रोग ऋण विवाद से राहत मिलेगी। घर गृहस्थी में चहल पहल बढ़ेगी। **मार्च-** अच्छा खासा लाभ होगा। मंगलोत्सव का निमन्त्रण मिलेगा। इष्ट-मित्र, घर-गृहस्थी में सामंजस्य बैठाये रखें। प्रतिकूल समाचार मन दुःखायेगा।

(पृष्ठ ३८ का शेष)

हैं। व्यापार में लगाई या बैंकादि में जमा धनराशि उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होती रहती है। मृत्यु आदि होने पर शान्ति करायें।

३१ मार्च	६।१६	से	१८।४३	तक
२३ मई	२८।५१	"	२९।३०	"
२४ "	५।३०	"	२५।००	"
२ जून	१२।०४	"	२२।५३	"
२६ जुला.	१२।३६	"	२९।४३	"
४ अग.	२१।५४	"	२९।४९	"
१९ सित.	६।१२	"	९।१०	"
२७ "	२०।४९	"	३०।१६	"
२१ नव.	९।५२	"	२१।४८	"
१ दिस.	१६।५१	"	३१।०१	"
२४ जन.	२३।५९	"	३१।१७	"
२० मार्च	१६।४४	"	३०।२८	"
२१ "	६।२८	"	७।१०	"
३० "	६।१८	"	१२।२१	"

त्रिपुष्कर योग

१८ अप्रै.	२८।२४	से	२९।५५	तक
१९ "	५।५५	"	२४।४२	"
२५ "	५।४९	"	११।५१	"
२३ जून	५।२८	"	११।२९	"
२७ "	१०।१०	"	२६।५६	"
१६ अग.	७।०२	"	१३।५०	"
२५ "	५।५९	"	१२।२१	"
२९ "	१३।०२	"	३०।०१	"
३० "	६।०१	"	८।२१	"
८ सित.	२४।०२	"	३०।०७	"
१८ अक्टू.	८।५०	"	१७।२७	"
२७ "	१०।४६	"	३०।३५	"
१ नव.	२२।४९	"	३०।३८	"

७ नव.	७।२३	से	८।०४	तक
२० दिस.	२१।००	"	३१।१४	"
२६ "	१०।३४	"	२८।१८	"
५ जन.	७।१९	"	१८।२०	"
१३ फर.	१५।१०	"	२४।५६	"
२३ "	१८।०५	"	३०।५५	"
२८ "	११।१८	"	३०।५१	"
९ मार्च	१५।०२	"	२०।४०	"

ज्वालामुखी योग

३ अप्रै.	१८।४०	से	२४।५८	तक
६ जून	१५।११	"	२२।३२	"
११ अग.	२४।५६	"	२९।५२	"
१२ "	५।५२	"	११।१६	"
१२ "	२७।२५	"	२९।५३	"
१३ "	५।५३	"	१२।५८	"
६ सित.	२९।२३	"	३०।०६	"
७ "	६।०६	"	२१।३८	"
११ अक्टू.	२५।१८	"	३०।२४	"
१२ "	६।२४	"	१६।३८	"
१४ दिस.	२३।२५	"	३१।०९	"
१५ "	७।०९	"	१९।०६	"
१९ फर.	१०।५८	"	२९।५६	"
२० "	१३।३१	"	३०।५८	"
२१ "	६।५८	"	८।४२	"
१७ मार्च	२३।२८	"	३०।३२	"
१८ "	६।३२	"	१०।३३	"

परिवा मूल पंचमी भरनी।
अष्टमी कृत्तिका नवे रोहिणी॥
दसे अश्लेखा तू तो वांच।
ज्वालामुखी नखत यह पांच॥
जन्मे तो जीवे नहिं,
बसे तो ऊजड़ होय।
नारी पहिने भूषणो,
पुरुष विहूनो होय॥
संग्राम चढ़े जीते नहीं,
कृषि निष्फल जांय।
कूंआ पोखर जो खने,
तुरतै वारि पराय॥

कालसर्पयोग का विवरण

ता. मास	घं.मि.	से	ता. मास	घं.मि.	तक
१२ अप्रै.	१७।३०	"	२८ अप्रै.	९।३०	"
९ मई	२४।००	"	२४ मई	१५।३०	"
६ जून	१०।३०	"	२१ जून	५।३०	"
१३ दिस.	५।३०	"	२८ दिस.	५।३०	"
१० जन.	५।३०	"	२५ जन.	१०।३०	"
६ फर.	८।४०	"	२१ फर.	१७।३०	"
६ मार्च	४।००	"	२० मार्च	५।३०	"
१ अप्रै.	५।३०	"	१३ अप्रै.	७।४०	"

राहुकेतु मध्ये ग्रहाःसप्तो विघ्नदा कालसर्प संज्ञकाः। सुतत्रासादि सकलदोषःरोगेन् प्रवासे मरणं ध्रुवम्॥

कालसर्प योग की शान्ति हेतु यज्ञानुष्ठान कराते समय द्विजाचार्योंको ध्यान रखना चाहिए कि यज्ञका आरम्भ या समाप्ति पंचमी, अष्टमी, दशमी, चतुर्दशी, अमावस्या तिथि वार चाहे जो भी हो, भरणी आर्द्रा, पुन., पुष्य, श्ले., उ.षा., अभिजित् और श्रवण नक्षत्र श्रेष्ठ, अन्यान्य मध्यम जानें। कर्त्ता की राशि से ग्रहगणना विचार परमावश्यक है। वर्षमध्ये कालसर्प योग जिस समय बने उस समय अनुष्ठान सर्वश्रेष्ठ रहता है।

साथ के अग्निवास कोष्ठक में शुक्ल और कृष्ण पक्ष की १५-१५ तिथियाँ लिखी हैं। आड़ी पंक्ति में वार अंकित हैं। तिथि व वार के सामने अग्निवास लिखा हुआ है, सो अग्निवास यज्ञादि (हवन) में पृथ्वी पर शुभ होता है। आकाश में प्राण नाशक, पाताल में धनैश्वर्य की हानि करता है। अग्निवास का विचार किन-किन कार्यों में करें-

लक्षकोटि हवने मखे ऽखिले चातिरुद्र करणे महाविद्यौ। देवखात भवने सुराल यादग्नि चक्रमव लोक येत्सुधीः॥ इनमें इसका विचार न करें-**विवाह यात्रा व्रतगोचरेषु चूड़ोपनीति ग्रहणे युगाद्येः। दुर्गा विधाने च सुतप्रसूतौ नेवाग्निचक्रं परिचिन्त नीयम्॥**

✿ अग्निवास ज्ञानाय कोष्ठक ✿

	तिथि	रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
शुक्ल पक्ष	१	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	२	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	३	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	४	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	५	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	६	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	७	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	८	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	९	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	१०	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	११	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	१२	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	१३	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	१४	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	१५	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
कृष्ण पक्ष	१	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	२	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	३	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	४	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	५	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	६	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	७	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	८	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	९	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	१०	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	११	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल
	१२	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी
	१३	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी
	१४	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश
	३०	पृथ्वी	आकाश	पाताल	पृथ्वी	पृथ्वी	आकाश	पाताल

दिनांक 16-07-2019 को गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री राजधानी पंचांग कार्यालय दिल्ली पर आयोजित गुरुपूजन कार्यक्रम का एक छायाचित्र

Rajdhani Institute of Vedic Astrology

E-219, Main Road, Jagjit Nagar, Delhi-110053

संस्थान द्वारा दिनांक 28-04-2019 में आयोजित दीक्षांत समारोह का चित्र

मात्र चार महीनों में ज्योतिष सीखें

सफल ज्योतिषी बनने के लिए

Rajdhani Institute of Vedic Astrology

द्वारा संचालित ज्योतिष की व्यवहारिक शिक्षा के लिए आधुनिक पाठ्यक्रम में प्रवेश लें

जनवरी 2020, मई 2020 से प्रारम्भ होने वाले बैच में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन जारी हैं।

ज्योतिष कला

1. यह ज्योतिष का प्राथमिक (Basic) पाठ्यक्रम है।
2. प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है।
3. कक्षाएं प्रत्येक शनिवार तथा रविवार को आयोजित की जायेंगी।
4. प्रत्येक कोर्स की समाप्ति पर परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।
5. प्रारम्भिक पाठ्यक्रम की फीस मात्र रु.10000/- है।

ज्योतिष प्रवीण

1. यह ज्योतिष का उच्च (Advance) पाठ्यक्रम है। इसमें प्रवेश ज्योतिष कला के सफल परीक्षार्थियों अथवा ज्योतिष का (Basic) ज्ञान रखने वालों का होगा।
2. कक्षाएं प्रत्येक शनिवार तथा रविवार को आयोजित की जायेंगी।
3. कोर्स की समाप्ति पर परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।
4. इस पाठ्यक्रम की फीस मात्र रु.11000/- है।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों को श्री राजधानी पंचांग कार्यालय के प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा ज्योतिष के नवीन विषयों को सम्मिलित करके तैय्यार किया गया है। जिनमें ज्योतिष, कुण्डली निर्माण, कुण्डली विवेचना, मुहूर्त्त, मौसम विज्ञान, फलित-होराशास्त्र आदि विषयों के साथ भारतीय पंचांग को समझना, उसके विषय में विस्तार से जानकारी का एकदम नया और महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शामिल किया है।

यह पाठ्यक्रम पत्राचार तथा नियमित कक्षा दोनों तरह से उपलब्ध हैं।

प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा, सीटें सीमित हैं।

पं. कौशल किशोर कौशिक पंचांगकर्त्ता

mail: rajdhanipanchang@gmail.com

श्री राजधानी पंचांग कार्यालय

कार्यालय : E - 219, मेन रोड़, जगजीत नगर, दिल्ली-110053

09899305151

09868909063

पं. प्रेमपाल कौशिक ज्यो.

द्वारा संपादित बहुरंगी

श्री ब्रजराज कालदर्शक पंचांग

श्री ब्रजराज कालदर्शक पंचांग में मुख्य अंग्रेजी तारीखों के साथ तिथि, वार, नक्षत्र, योग, करण ★ सूर्योदयास्त ★ ग्रह संचार एवं उदय-अस्त ★ गंडमूल, पंचक, भद्रा विचार ★ विवाह, वाहन वास्तु एवं व्यापार मुहूर्त ★ सर्वार्थसिद्धियोग, रवियोग, द्विपुष्कर-त्रिपुष्करयोग, पुष्यामृतयोग ★ दीपावली पूजनमुहूर्त ★ सूर्य-चन्द्र ग्रहण ★ राशिफल ★ ग्रहों के उपाय ★ देवताओं के रंगीन चित्र ★ मौसम ★ तेजीमन्दीविचार ★ राजनीतिक भविष्यफल ★ व्रत-त्यौहार की जानकारी ★ गृहणियों के लिए अनेक उपयोगी विषय प्रस्तुत है।

हमारे अन्य प्रकाशन

- कम्प्यूटर जन्मपत्रिका हेतु फाईल कवर
  (डुपलैक्स बोर्ड white back पर रंगीन छपा हुआ)
- कम्प्यूटर जन्मपत्रिका में प्रयोग हेतु A-4 साईज में
  गणेश फोटो तथा लाल बॉर्डर छपा हुआ पेपर - पीला/सफेद
- सप्तवर्गीय जन्मपत्रिका 40 पृष्ठ (लेमि.)
- षट्वर्गीय जन्मपत्रिका 28 पृष्ठ (लेमि.)
- जन्मांग पत्रिका 12 पृष्ठ (लेमिनेशन)
- लघु जन्म पत्रिका 8 पृष्ठ (लेमिनेशन)
- जन्मअक्षर पत्रिका 16 पृष्ठ (लेमिनेशन)
- जन्मअक्षर पत्रिका 8 पृष्ठ (लेमिनेशन)
- अथ श्री जन्माक्षर 16 पृष्ठ (लेमिनेशन)
- शुभ विवाह लग्न फार्म
- शुभ विवाह लग्न पत्रिका (कवरसहित)
- पीली चिट्ठी
- पीली चिट्ठी (कवर सहित)
- जन्मपत्रिका टेवा फार्म
- जन्मपत्रिका टेवा (कवर सहित)
- All-in-One Red
- All-in-One yellow
- सत्यनारायण व्रत कथा
- सोमवार व्रत कथा
- गुरुवार व्रत कथा
- शुक्रवार व्रत कथा
- आरती संग्रह
- हनुमान चालीसा (गुटका)
- दुर्गा चालीसा (गुटका)
- शिव चालीसा (गुटका)
- सुन्दर काण्ड
- एकादशी माहात्म्य
- भगवद् गीता
- हनुमान चालीसा
- दुर्गाचालीसा
- शिव चालीसा
- वैभव लक्ष्मीव्रतकथा

श्री राजधानी प्रकाशन- E-219, मेन रोड़, जगजीत नगर, दिल्ली-110053
फोन- 09868909063, 09899305151

पृष्ठ सं. 1136
सुन्दर जिल्द
डिब्बे में पैक

अर्द्धशताब्दि श्रीराजधानीपञ्चाङ्गम्

मूल्य ₹1000/-

श्री राजधानी पंचांग के संपादक पं. प्रेमपाल कौशिक ज्यो. द्वारा रचित एक आवश्यक संग्रहणीय पंचांग

संवत् 2041 से 2090 तक

जन्मपत्रिका निर्माण के लिए उपयोगी, चिरस्थाई कागज पर मुद्रित

यह पंचांग सभी शहरों के प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं के पास उपलब्ध है, आज ही अपने विक्रेता से खरीदें। आप पंचांग का मूल्य (डाक व्यय सहित) ₹1000/- D.D./Cheque in favour of Shri Rajdhani Prakashan अथवा मनिआर्डर द्वारा नीचे लिखे पते पर भेजकर घर बैठे भी मंगा सकते हैं। पंचांग रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजा जायेगा, V.P.P. से भेजने की व्यवस्था नहीं है।

प्रमुख विशेषताएं

★ तिथि व नक्षत्र घटी-पलों के साथ घं. मि. तथा योग व करण घटी-पलों में।
★ दैनिक निरयन ग्रह स्पष्ट राशि, अंश, कला, विकला पर्यन्त
★ चन्द्र राशिप्रवेश, ग्रहों का राशिप्रवेश, वक्री-मार्गी, उदय-अस्त घंटा-मिनटों में
★ प्रत्येक अष्टमी, अमावस्या एवं पूर्णिमा की कुण्डलियाँ दी गई है।
★ पूर्ण शुद्ध विवाह मुहूर्त्त प्रत्येक वर्षों के
★ वार्षिक व्रत-पर्व, भद्रा, पंचक व प्रमुख ज्योतिषीय घटनाओं का विवरण
★ संवत् के राजा, मन्त्री आदि दशाधिकारी निर्णय एवं लाभ-खर्च कोष्ठक
★ सूर्य एवं चन्द्र ग्रहणों का विवरण भा.स्टैं.टा. घंटा-मिनट में
★ प्रतिदिन की लग्नारम्भ सारिणी, प्रसिद्ध शहरों की लग्न परिवर्तन तालिका सहित
★ भारत के प्रमुख शहरों के अक्षांश, रेखांश, स्टैण्डर्ड अन्तर, दिल्ली से देशान्तर
★ विश्व के प्रमुख शहरों का अक्षांश, रेखांश, G.M.T.व भा.स्टैं.टा.से स्टैण्डर्डअन्तर
★ लाघवांक कोष्ठक, अवकहडाचक्र, वरवधूगुणमेलापक, आवश्यकमुहूर्त्त विवरण